3 राजधानी
जमीन न बेचने पर मां की कर दी हत्या

6 अभिमत
मिल रहे आर्थिक सुधारों के लाभ

10 स्पोर्ट्स
मुक्केबाज लवलीना क्वार्टरफाइनल में

11 विदेश
उत्तर और दक्षिण कोरिया ने संचार माध्यम बहाल किए

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 275
लखनऊ, बुधवार, 28 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



घबराएं नहीं
करन कुंद्रा
विविध-12

# बसवराज होंगे कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री

- भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए
- बेदाग छवि के लिए चर्चित बसवराज बोम्मई एदियुरप्पा के हैं करीबी
- आज 11 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** भाजपा विधायक दल ने मंगलवार को बसवराज बोम्मई को अपना नया नेता चुन लिया और वह निवर्तमान मुख्यमंत्री बी एस एदियुरपप्पा की जगह लेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक उत्तरी कर्नाटक से आने वाले लिंगायत नेता बोम्मई को कार्यवाहक मुख्यमंत्री एदियुरप्पा का भी समर्थन था। वे 28 जुलाई को 11 बजे शपथ लेंगे। बसवराज बोम्मई पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एस आर बोम्मई के पुत्र हैं। बोम्मई (61) एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार में गृह, कानून, संसदीय एवं विधाई कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सोमवार को एदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।



बेंगलुरू में मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विजयी मुद्रा में बसवराज बोम्मई(मध्य में), निवर्तमान मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा (बाएं)और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (दाएं)

बैठक के बाद भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने नए नेता के नाम का प्रस्ताव रखा और गोविंद करजोल, आर अशोक, के एस ईश्वरप्पा, बी श्रीरामुलु, एस टी सोमशेखर, पूर्णिमा श्रीनिवास ने इसका अनुमोदन किया तथा पार्टी के नवनिर्वाचित नेता व नए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई होंगे।

घोषणा के तुरंत बाद बोम्मई ने एदियुरप्पा से आशीर्वाद मांगा और अन्य पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नया नेता चुनने के लिए विधायक दल की बैठक शहर के एक होटल में हुई और इस दौरान भाजपा संसदीय बोर्ड की तरफ से नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील और राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि समेत कई अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद थे। अपनी बेदाग और गैर-विवादास्पद छवि के लिए चर्चित बोम्मई को एदियुरप्पा का करीबी माना जाता है। बोम्मई के पिता एस आर बोम्मई जनता परिवार के दिग्गज नेता थे और वह कर्नाटक के 11वें मुख्यमंत्री भी थे। हुब्बल्ली में 28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज बोम्मई ने मकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्होंने पुणे में तीन साल तक टाटा मोटर्स में काम किया और फिर उद्यमी बने। उनकी जाति, शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक क्षमताएं और एदियुरप्पा व भाजपा के केंद्रीय नेताओं से करीबी इस पद के लिए उनके चयन की प्रमुख वजहों में बताई जा रही हैं। बोम्मई प्रभावशाली वीराशैव-लिंगायत समुदाय से आते हैं और एदियुरप्पा भी इसी समुदाय से हैं। राज्य की कुल आबादी में समुदाय की हिस्सेदारी 16-17 प्रतिशत है और इसे भाजपा के मजबूत वोटबैंक के तौर पर देखा जाता है। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर जनता दल से शुरू किया था और दो बार (1997 और 2003) में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य रहे।

वह मुख्यमंत्री जे एच पटेल के राजनीतिक सचिव भी रहे और परिषद में विपक्ष के उपनेता भी रहे। बोम्मई ने जनता दल (युनाइटेड) छोड़कर फरवरी 2008 में भाजपा का दामन थाम लिया और उसी साल हुए विधानसभा चुनावों में हावेरी जिले के शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद वह 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में भी इस सीट से निर्वाचित हुए। परिवार की बात करें तो बोम्मई का विवाह चेनम्मा से हुआ है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार में वह जल संसाधन और सहकारिता मंत्री के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। राज्य की सिंचाई परियोजनाओं के बारे में उनकी जानकारी को अक्सर सराहा जाता है। उन्हें हाल में इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री एदियुरप्पा की परछाई माना जाता है, क्योंकि वह 78 वर्षीय मुख्यमंत्री के साथ बैठकों व कार्यक्रमों में जाते थे और प्रेस ब्रीफिंग व अन्य मामलों में भी उनकी सहायता करते थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ पीजीआई पहुंच कर कल्याण सिंह के स्वास्थ्य का हालचाल लिया। पूर्व मुख्यमंत्री की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है और वरिष्ठ चिकित्सक उनके स्वास्थ्य में सुधार को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं

## अमित शाह एक अगस्त को विंध्य कॉरिडोर की रखेंगे आधारशिला

**मीरजापुर (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक अगस्त को मीरजापुर आएंगे और वह विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मीरजापुर नगर क्षेत्र से भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्र ने बताया कि गृह मंत्री एक अगस्त को विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे तथा इसके उपरांत नगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। नगर विधायक ने बताया कि हालांकि गृहमंत्री के सरकारी कार्यक्रम की कोई रूपरेखा नहीं आई है लेकिन पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाह (शेष पेज 9)

# विपक्षी दलों की पोल खोलें भाजपा सांसद

- भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री, संसद में जारी गतिरोध पर विपक्ष को लिया आड़े हाथ

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में लगातार हंगामा करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से विपक्ष के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की अपील की। प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। ज्ञात हो कि विपक्षी दल पेगासस जासूसी विवाद और तीन कृषि कानूनों सहित अन्य मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा कर रहे हैं। इस वजह से मानसून सत्र का पहला सप्ताह पूरी तरह हंगामे की भेंट चढ़ गया।

सोमवार को भी दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल जानबूझकर ऐसा व्यवहार कर रहे है ताकि सरकार गतिरोध दूर करने के अपने प्रयासों में सफल ना हो। इस कड़ी में उन्होंने सरकार की ओर से गतिरोध दूर करने के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री द्वारा कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस द्वारा बहिष्कार किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस खुद तो कर ही रही है, अन्य विपक्षी दलों को भी इसके लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सांसदों से कहा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की आवश्यकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने संसद के दोनों सदनों में अब तक हुए काम काज का ब्योरा दिया। साथ ही यह भी बताया कि सरकार कौन-कौन से विधेयक और अन्य विधाई कार्य प्रमुखता से पूरा कराना चाहती है लेकिन विपक्षी दलों के हंगामे के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी। सूत्रों ने बताया कि बैठक को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सांसदों से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जनता के बीच प्रचार प्रसार करने की अपील की। उन्होंने सांसदों से टीकाकरण केंद्रों का लगातार दौरा करने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने बैठक में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मनाया जाने वाला अमृत महोत्सव का भी जिक्र किया और कहा कि केवल एक सरकारी कार्यक्रम बनकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

उन्होंने पार्टी सांसदों से अपील की कि वह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करे और वहां 75 दिन बिताए तथा जनता के बीच डिजिटल साक्षरता को लेकर जागरूकता अभियान चलाए। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आजादी का अमृत महोत्सव केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह जन आंदोलन के रूप में होना चाहिए...जन भागीदारी के साथ हमें आगे बढ़ना है। मेघवाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सांसदों से उनके संसदीय क्षेत्रों में जोर-शोर से आजादी का अमृत महोत्सव मनाने को कहा और सुझाव दिया (शेष पेज 9)

## अमेरिकी विदेश मंत्री भारत पहुंचे, कई अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली

**अमेरिकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय भारत यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा अफगानिस्तान में तेजी से बदल रही सुरक्षा स्थिति पर विमर्श और क्वाड तंत्र के तहत हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को विस्तारित करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। बुधवार को ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ गहन चर्चा करेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मिलेंगे। दो देशों के अपने दौरे के तहत कुवैत रवाना होने से पहले उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है। भारत रवाना होने से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह हिन्द-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया में अपने साझा हितों के मद्देनजर सहयोग को और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साझेदारों के साथ चर्चा करने को उत्सुक हैं। उन्होंने ट्वीट किया, नई दिल्ली और कुवैत सिटी की अपनी यात्रा पर रवाना हो रहा हूं। हिन्द-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया में अपने साझा हितों (शेष पेज 9)

## उप्र एटीएस ने म्यांमार-बांग्लादेश मूल के तीन मानव तस्कर गिरफ्तार किए

- फर्जी पासपोर्ट पर मलेशिया भेजी जा रहीं दो लड़कियां बरामद
- उत्तर भारत के राज्यों की गरीब महिलाएं व लड़कियां बनती हैं शिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आतंकवाद** रोधी दस्ते (एटीएस) ने म्यांमार व बांग्लादेश से महिलाओं व बच्चों की तस्करी के रैकेट का खुलासा किया है। महिलाओं व बच्चों को कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर भारत लाकर बेचने वाले गिरोह के सरगना सहित म्यांमार और बांग्लादेश के तीन तस्करों को एटीएस ने एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एटीएस ने विदेश भेजी जा रहीं दो लड़कियां भी बरामद की हैं। राज्य के एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि मानव तस्करी के इस गिरोह को पकड़ने के लिए यूपी एटीएस के 30 से अधिक अधिकारियों ने 36 घंटे से अधिक का अनवरत ऑपरेशन चलाया।

एडीजी ने बताया कि रोहिंग्या कनेक्शन की छानबीन के दौरान सूचना हाथ लगी कि एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह बांग्लादेश व म्यांमार के नागरिकों विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूटरचित प्रपत्र तैयार करवाकर उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों एवं एनसीआर क्षेत्र यथा नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली में बसाते है। इस सूचना को विकसित करने पर ज्ञात हुआ कि अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी के इस गिरोह का सरगना सरगना मुहम्मद नूर उर्फ नूरुल इस्लाम है।

जो रोहिंग्या व बांग्लादेशी महिलाओं को शादी, तथा पुरुषों व बच्चो को फैक्ट्रियों में काम करने जैसे प्रलोभन देकर अवैध रूप से भारत में लाकर उन्हें भारत में बसाता है व शादी कराने तथा बेहतर जिंदगी मुहैया कराने का झांसा देकर उन्हें असामाजिक तत्वों के हाथों बेच देता है। इस कार्य के बदले में ये मानव तस्कर ऐसे (शेष पेज 9)

## ममता ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करती पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

- पश्चिम बंगाल को अधिक टीके देने का अनुरोध किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए पीएमओ ने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। तीसरी बार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है। वह सोमवार को दिल्ली पहुंची थीं। प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले ममता बनर्जी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और आनंद शर्मा से मुलाकात की। उनका कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और विपक्षी दलों के कई अन्य नेताओं से मिलने का भी कार्यक्रम है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों की एकता अपने आप आकार ले लेगी। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आई बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनसे पश्चिम बंगाल की आबादी के आधार पर राज्य को कोविड-19 टीकों की और अधिक खुराक देने का अनुरोध किया। केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के खिलाफ विपक्षी एकता के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह अपने आप आकार ले लेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह विपक्षी पार्टियों का नेतृत्व करेंगी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि देश विपक्षी एकता का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को पेगासस जासूसी विवाद पर एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और उच्चतम न्यायालय नीत जांच कराने पर फैसला करना चाहिए। बनर्जी बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगी, जिसे उन्होंने चाय पे चर्चा बताया है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,578 | ↓ 273 | |
| निफ्टी | 15,746 | ↓ 78 | |
| सोना | 46,505 | ↓ 123 | /10g |
| चांदी | 65,710 | ↓ 206 | /kg |

### क्विक न्यूज

**योगी आज कानपुर में करेंगे प्री स्कूल किट का वितरण**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कानपुर में एक केंद्र पर प्री स्कूल किट वितरण करेंगे। प्रदेश के 170896 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा एवं प्रशिक्षण के सुचारू क्रियान्वन के लिए पहल पुस्तिकाएं, प्री स्कूल किट, बाल मूल्याकंन कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा एवं प्रशिक्षण में 44 जनपदों के 106128 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्री स्कूल किटस का वितरण किया गया है। साथ ही खेल और गतिविधी आधारित अधिगम को सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र पर आने वाले 3 से 6 साल के बच्चों के लिए बाल उपयुक्त कहानी की किताबें परियोजना कार्यालय पर उपलब्ध कराने का कार्य नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया है।

# कोविड से 93 फीसद सुरक्षा देता है कोविशील्ड टीका

- मृत्यु दर में 98 फीसदी की कमी लाता है

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप की वजह से तेजी से फैली कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय (एएफएमसी) द्वारा किए गए एक अध्ययन का संदर्भ देते हुए मंगलवार को कहा कि कोविशील्ड महामारी से 93 प्रतिशत सुरक्षा देता है और मृत्युदर को 98 प्रतिशत घटाता है।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल ने अध्ययन के नतीजे पेश किए। यह अध्ययन 15 लाख चिकित्सकों व अग्रिम पंक्ति के कर्मियों पर किया गया। उन्होंने कहा, 93 प्रतिशत सुरक्षा देखी गई (जिन लोगों को कोविशील्ड टीका लगाया गया) और यह दूसरी लहर के दौरान था जोडेल्टा वायरस की वजह से फैली थी (8230) मृत्युदर में भी 98 प्रतिशत की कमी देखी गई। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में टीकों की उपयोगिता पर जोर देते हुए पॉल ने कहा कि टीका लगवाने से संक्रमण कम होता है लेकिन यह पूर्ण गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा, कोई टीका यह गारंटी नहीं देता कि संक्रमण नहीं होगा लेकिन गंभीर बीमारी रोकी जाती है और लगभग खत्म हो जाती है। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि कृपया सजग रहें, सतर्क रहें और हमारे टीकों पर भरोसा रखने के साथ ही आने वाले हफ्तों और महीनों को लेकर सावधान रहें। दूसरी ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश में कोविड-19 रोधी टीके की 44.58 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी जा चुकी हैं। शाम सात बजे तक की अंतरिम रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को 36.87 लाख (36,87,239) खुराकें दी गईं। मंत्रालय ने कहा कि 18-44 आयु वर्ग में 17,71,541 लोगों को पहली खुराक और 2,69,421 लोगों को दूसरी खुराक दी गई। रिपोर्ट के अनुसार टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण के शुरू होने के बाद से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 18-44 आयु वर्ग में कुल 14,43,08,571 (शेष पेज 9)



प्रयागराज में मंगलवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती एक महिला

## बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण जल्द शुरू होने की संभावना: मंडाविया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सांसदों से कहा कि बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण जल्द शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।



भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान मंडाविया ने कहा कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान जोरों पर चल रहा है। वर्तमान में, केवल 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग ही कोरोना वायरस टीकाकरण के लिए पात्र हैं। सूत्रों ने मंत्री के हवाले से बताया कि बहुत जल्द बच्चों के लिए एक टीके की उम्मीद है और उनके लिए टीकाकरण शुरू हो जाएगा। सरकार ने पहले कहा था कि 12-18 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण जुलाई के अंत या अगस्त में शुरू हो सकता है। इससे पहले, एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बताया था कि बच्चों के लिए टीका उपलब्ध कराना एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह स्कूलों को फिर से खोलने और बाहरी गतिविधियों को फिर से शुरू करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# सभी ग्राम पंचायतों का होगा अपना सचिवालय

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए तीन माह में भवनों को पूरा करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से कार्य प्रणाली को एक व्यवस्थित स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि तीन माह में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जरुरतमंद को एम्बुलेंस सेवा समय से प्राप्त हो। यदि ऐसा नहीं होता है, तो सम्बन्धित एम्बुलेंस प्रोवाइडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से आच्छादित नहीं है को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित की जाने का निर्णय लिया गया है। इससे 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मिशन शक्ति के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। महिला स्वयं सहायता समूह व बीसी सखी के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाओं ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को बड़ा सम्बल दिया है। इसके दृष्टिगत मिशन शक्ति को नवीन ऊर्जा के साथ नई दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, गृह, महिला एवं बाल विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ मिशन शक्ति के आगामी चरण की कार्ययोजना तैयार करें। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति से प्रदेश में कोविड संक्रमण के मामलों में आशानुकूल तेजी से कमी आयी है। उन्होंने कोरोना से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.6 प्रतिशत है। अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच, एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा और श्रावस्ती में कोविड का एक भी मरीज नहीं है।

## जेई, एईएस के विरुद्ध लड़ाई में रोटरी इंटरनेशनल ने सराहनीय योगदान किया: योगी

### ● सीएम से संस्था के अध्यक्ष ने की भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर रोटरी इण्टरनेशनल के अध्यक्ष शेखर मेहता ने भेंट की। इस अवसर पर शेखर मेहता ने प्रदेश में रोटरी इण्टरनेशनल द्वारा शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, टेलीमेडिसिन, सिंचाई आदि क्षेत्रों में कार्य करने की इच्छा जतायी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्था विभिन्न क्षेत्रों व सामाजिक कार्यों में सक्रियता से योगदान कर रही है। प्रदेश की चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं तथा शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में रोटरी इण्टरनेशनल की इस पहल और कार्यों से मदद मिलेगी। जेई, एईएस के विरुद्ध लड़ाई में रोटरी इण्टरनेशनल ने सराहनीय योगदान किया है। उन्होंने आशा व्यक्त कि पूर्व की भांति इस संस्था के सामाजिक व रचनात्मक कार्यों से प्रदेश को भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। शेखर मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। अवस्थापना सुविधाओं का विकास हुआ है।

## एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए अल्प व दीर्घकालिक योजनाएं बनाएं: सीएम

### ● सीएम के समक्ष किया गया कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष उनके सरकारी आवास पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार की संस्था इन्वेस्ट इण्डिया द्वारा उप्र को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाए जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन्वेस्ट इण्डिया के साथ समन्वय बनाते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा कार्ययोजना बनायी गई है। राज्य सरकार द्वारा उप्र को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इन्वेस्ट इण्डिया की कार्ययोजना के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यवाही करें। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पूंजी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है। वर्तमान सरकार के पिछले साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इनका लाभ निवेशकों को आकर्षित करने और पूंजी निवेश लाए जाने में निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूंजी निवेश और 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए अल्प व दीर्घकालिक योजनाएं बनायी जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्य में इन्वेस्ट इण्डिया के प्रयासों व सहयोग से मदद मिलेगी। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि इस संस्था ने विभिन्न सेक्टर्स के लिए कार्ययोजनाएं बनायी हैं।

## ब्राह्मण सम्मेलन से विरोधियों की नींद उड़ी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पार्टी के राज्य में चल रहे ब्राह्मण सम्मेलन से विपक्ष की नींद उड़ गई है। इसे रोकने के लिए तरह तरह से हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से इससे सावधान रहने को कहा है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि मेरे निर्देशन में पार्टी महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र द्वारा यूपी में चल रही प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी, जो ब्राह्मण सम्मेलन के नाम से काफी चर्चा में है, के प्रति उत्साहपूर्ण भागीदारी यह प्रमाण है कि इनका बीएसपी पर सजग विश्वास है, जिसके लिए सभी का दिल से आभार। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि अयोध्या से 23 जुलाई को श्रीरामलला के दर्शन से शुरू हुआ यह कारवाँ अम्बेडकरनगर व प्रयागराज जिलों से होता हुआ लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है।

## योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं

### ● प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुना ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजने के निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग डा. नवनीत सहगल ने निर्देश दिए कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाय। प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुनां ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजे जायं। बैंक से समन्वय स्थापित करके समयबद्ध तरीके से आवेदन पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अपर मुख्य सचिव मंगलवार को लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वर्चुअल माध्यम से हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विकास के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर म्रुदा योजना के तहत 5000 बुनकरों को इस योजना का लाभ दिये जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्त समय से हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए बैंक में लम्बित पुराने आवेदन पत्रों का नवीनीकरण कराकर बुनकरों को ऋण उपलब्ध कराया जाय।

## आयुष्मान कार्ड का आच्छादन बढ़ाने को ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए: सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि जिन क्लस्टर्स में आच्छादन औसत से कम है उनको चिन्हित कर वहां पर विशेष कैम्प लगवाकर शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों का भी सहयोग प्राप्त किया जाए। कैम्प आयोजन से पूर्व पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराकर जन सामान्य को इससे होने वाले फायदों के बारे में बताया जाए।

एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन ने बताया कि अब तक एक करोड़ 42 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। 26 जुलाई से प्रारंभ अभियान के पहले दिन 26 हजार से अधिक कार्ड बनवाए गए हैं, जिन्हें आगामी दिवसों में बढ़ाकर 50 हजार कार्ड प्रतिदिन बनाए जाने का प्लान है। मुख्य सचिव ने इन केन्द्रों को पंचायती राज संस्थाओं से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि जन सामान्य इनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। समीक्षा में बताया गया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज की स्थापना लखनऊ में की जा रही है जिसके लिए करीब 207 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उक्त का शिलान्यास 1 अगस्त को प्रस्तावित है। मुख्य सचिव ने शिलान्यास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट के भवन निर्माण के लिए माहवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के लक्ष्य निर्धारित किये जाएं ताकि टाइम लाइन के अनुसार समस्त कार्य निष्पादित किये जा सकें। समीक्षा में बताया गया कि सीजी सिटी लखनऊ योजनान्तर्गत विवि की स्थापना के लिए करीब 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। फाउन्डेशन का कार्य चल रहा है।

## अपर मुख्य सचिव गृह ने 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या रवाना किए



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में कोरोना की भविष्य में आ सकने वाली समस्या से निपटने के अभी से ही प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग प्रदेश सरकार को प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या के लिए रवाना किए गये हैं। यह कन्संट्रेटर्स फेडरेशन आफ इण्डियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एफआईसीसी) द्वारा प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्लू प्लैनेट एनवायर्नमेंटल सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लिमिटेड द्वारा उपरोक्त 30 कन्संट्रेटर्स में से 20-20 लीटर के 10 तथा 10-10 लीटर के 20 आक्सीजन कन्संट्रेटर्स प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

## कल्याण सिंह की हालत नाजुक, सीएम देखने पहुंचे

**लखनऊ।** पीजीआई में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीजीआई पहुंच कर उनके स्वास्थ्य के बारे में डाक्टरों से जानकारी ली। पीजीआई निदेशक डॉ आरके धीमान के मुताबिक कल्याण सिंह की किडनी के सही काम न करने से उनकी लगातार डायलिसिस की जा रही है और उन्हें लाइफ सेविंग सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-05/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2021-22 अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शक्ति भवन विस्तार स्थित भूगर्भ तल में स्थित साइकिल, स्कूटर एवं मोटरसाइकिल स्टैण्ड के रखरखाव का कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 09.08.2021 तक आंमत्रित की जाती हैं, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्ते तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-1595 दिनांक 27.07.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को अनावरण का इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योजना** भवन में लगी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को बस अनावरण का इंतजार है। कई माह से लगी इस मूर्ति के आस-पास के हिस्से को संवारा तो गया है लेकिन कपड़े से ढक दिया गया है। हेमवती नंदन बहुगुणा यूपी के वर्ष 8 नवंबर 1973 से 29 नवंबर 1975 तक मुख्यमंत्री रहे। करीब दो साल और 21 दिन तक उन्होंने यूपी के सीएम का पद संभाला था। पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तराखंड से ताल्लुक रखने की वजह से सरकार ने यह मूर्ति लगवाई है। योजना भवन के कर्मचारियों के अनुसार मूर्ति तो कई माह पहले लग चुकी थी लेकिन अभी तक इसका अनावरण नहीं किया गया है।

## नौकरियां बांटने का तमाशा कर रही सरकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों के बाद नौजवानों के साथ भी बड़ा धोखा किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हर साल 70 लाख नौकरी देने का वादा किया था परन्तु नौकरी किसी को नहीं मिली। कोरोना संक्रमण काल में हुए लॉकडाउन के दौरान लाखों नौजवानों की नौकरियां छूट गईं। खुद सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश, प्रदेश में बेरोजगारी की दर के रिकार्ड टूट चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पांच साल के कार्यकाल में अब चंद महीने ही बचे हैं। तमाम दावों के बावजूद न तो बाहर से पूंजी निवेश हो रहा है न ही उद्योग लग रहे हैं। मध्यम और लघु उद्योगों की हालत खराब है। रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं। बेरोजगारी के इस दौर में लाखों नौकरियां बांटने का तमाशा हो रहा है जबकि आए दिन नौजवान धरना प्रदर्शन कर रहे है और पुलिस उन पर लाठियां बरसा रही है। शासन-प्रशासन उनकी बात सुनना नहीं चाहता। अखिलेश यादव ने कहा कि एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सन् 2018 में बेकारी दर 5.92 प्रतिशत थी जबकि 2019 में यह दर 9.97 प्रतिशत रही। यानी बेरोजगारी दर में दो गुनी से ज्यादा वृद्धि हुई। 2020 लॉकडाउन में निकल गया। 2021 में फिर कैसे बेरोजगारी की दर घट गई, इसका जवाब मुख्यमंत्री जी को देना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि फरवरी 2020 में भाजपा सरकार ने खुद माना था कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या लगभग 34 लाख पहुचं गई है जो कि 2018 के सरकारी आंकड़ों से यह संख्या 54 प्रतिशत अधिक बैठती है। 2020 फरवरी तक ही 12 लाख से अधिक युवाओं ने खुद को बेरोजगार बताकर सरकारी वेबसाइट पर अपने को पंजीकृत कराया था। मुख्यमंत्री जी ने 4 वर्ष की समाप्ति पर 4 लाख रोजगार देने का दावा कर प्रदेश के लाखों नौजवानों को सिर्फ गुमराह किया गया है। वस्तुत: सन् 2022 के चुनावों में अपनी हार निश्चित जानकर हताशा में भाजपा नेतृत्व और मुख्यमंत्री जी सच्चाई छुपाने का अभियान चला रहे हैं पर सच कभी छुपता नहीं और झूठ के पैर टिकते नहीं हैं। यह बात भाजपा को याद रखना चाहिए।

## एम्बुलेंस चालकों की चल रही हड़ताल पर कब संज्ञान लेगी सरकार



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भाजपा सरकार की वादा खिलाफी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी अपने रवैये में कोई सुधार नहीं किया। 2017 के चुनावी घोषणा पत्र में जनता से जितने वादे किये गये थे उन वादों में से कोई भी पूरा नहीं किया गया। लल्लू ने कहा कि इस कोरोना काल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण एम्बुलेंस चालकों की समस्या है। जिसको लेकर एम्बुलेंस चालक हड़ताल पर हैं। उनका नियमतिकरण नहीं हो रहा है, साथ ही उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। ऐसी परिस्थिति में इन चालकों के परिवार की कैसे जीविका चलेगी। इस पर सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। जिसकी वजह से एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के कारण रविवार रात 12 बजे से एम्बुलेंस की सेवाएं ठप कर दी गई हैं। भाजपा सरकार एम्बुलेंस चालको की समस्या का समाधान करने के बजाय उल्टा धमका रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण प्रदेश के जरूरतमंद मरीजों को भी भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है लेकिन सरकार के कान पर तनिक भी जूं नहीं रेंग रही है। यदि समय से एम्बुलेंस सेवाओं को नही शुरू किया गया तो अनेक गंभीर मरीजों की जान पर बन सकती है, अखिर इनकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ज्ञानचन्द्र था। अब मैंने बदलकर ज्ञानचन्द्र केसरी कर लिया है। अब मुझे ज्ञानचन्द्र केसरी के नाम से जाना व पहचाना जाय। ज्ञानचन्द्र केसरी पुत्र – अमरनाथ निवासी – चकपूरेमियां, सरायममरेज प्रयागराज

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र ध्रुव मिश्रा व मंझले पुत्र विशाल मिश्रा व उसकी पत्नी शिवानी मिश्रा के गलत आचरण से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरी पत्नी वीना देवी से कोई वास्ता नहीं होगा। विमलेश कुमार मिश्र पुत्र शिवनारायण मिश्र निवासी ग्राम कृपालपुर थाना ठठिया जनपद कन्नौज

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गणेश शंकर मिश्रा, अपनी सम्पत्ति 4/880 विनय खण्ड-4, गोमती नगर लखनऊ की Laminated Title deed के सापेक्ष भारतीय स्टेट बैंक की ए0पी0 सेन रोड शाखा (Code-11210) से गृह ऋण लेकर सम्पत्ति को बंधक बनाना चाहता हूँ। मैं यह भी उल्लेखित करता हूँ कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति से कोई आपत्ति है तो वह मुझे अथवा उपरोक्त बैंक को आज से 15 दिन के अन्दर सूचित कर सकता है।

**प्रवेश सूचना**

**एस.जे. एजुकेशन सेंटर, रमईपुर, कानपुर नगर - 209214 (अल्पसंख्यक संस्था) बी.एड. - 2021 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 12/08/2021 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 16/08/2021 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित हो कर आवेदन करें। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। - प्राचार्य**

## बेहतर समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश संभव

### महिला व बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय में दो दिवसीय क्षमतावर्धन व समन्वय कार्यशाला का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्य** के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा है यूपी पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सकता है। उन्होंने पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय और बनाए जाने पर बल दिया।

एडीजी मंगलवार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय के सभागार में भारत नपाल सीमावर्ती जिलों की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की दो दिवसीय क्षमता वर्धन व समन्वय कार्यशाला के समापन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में भारत नपाल सीमा पर स्थित यूपी के 7 जिलों में तैनात पुलिस व एसएसबी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशांत कुमार ने इस वैश्विक अपराध से निपटने के लिए शासन, पुलिस व एसएसबी के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने समय समय पर इस प्रकार की और कार्यशालाएं आयोजित किए जाने पर बल दिया । उन्होंने इस कार्याशाला के सफल आयोजन के लिए 1090 के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की तथा सहयोग के लिए प्लान इण्डिया व कारितास इण्डिया श् तथा आमंत्रित विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नीरा रावत ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य उप्र पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की भारत. नेपाल सीमा पर स्थित जिलों में कार्यरत एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मानव दुर्व्यापार विषय पर क्षमतावर्धन, महिलाओं एवं बच्चों पर इसके प्रभाव, रोकथाम व उनके पुनर्वास हेतु समन्वित प्रयास विषय पर प्रभावी जानकारी विकसित करना, इसके द्वारा भारत एवं नेपाल सीमा पर महिलाओं एवं बच्चों के दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए समन्वित सुरक्षा तंत्र का सुदृढीकरण करना, मानव दुर्व्यपार विषय पर विभागीय स्तर पर प्रशिक्षकों की उपलब्धता था। मुख्य विषय विशेषज्ञ रविकान्त, एडवोकेट, सर्वोच्च न्यायालय, अरूण पाण्डेय फाउण्डर अर्ज संस्था , गोवा, विषय विशेषज्ञों द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा मानव तस्करी के क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उनके अनुभव एवं समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए मानव दुर्व्यापार के सम्बन्ध में पावर प्वाइण्ट प्रजेन्टेशन तथा आपसी संवाद के माध्यम से बहुत व्यापक, तथ्यात्मक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया गया।

**शुभम्**

**शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन : 0124-4212530/31/32,
ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे शुभम कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदारों से बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | ऋण सं./कर्जदार, सह-कर्जदार | मांग सूचना राशि | मांग सूचना की तिथि | प्रत्याभूत आस्ति | संबद्ध करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0ALB1907000005021414 किरण माली, विजय कुमार माली | रू. 10,27,218/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 77/9ए, मोहल्ला बख्शी कला, दारागंज परगना एवं तहसील सदर, प्रयागराज इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 2 | 0KAN1703000005004889 शुभांक प्रजापति, उमा शशि प्रजापति | रू. 3,54,026/- | 22-04-2021 | प्लॉट नंबर 3, आराजी नंबर 282 का पार्ट, बिंगावान, कानपुर नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 3 | 0KAN1810000005015607 राकेश रोशन, प्रियंका कुमारी | रू. 21,88,197/- | 22-04-2021 | फ्लैट नंबर एफओ-2, चतुर्थ तल, आवासीय बिल्डिंग, "गोपेश्वर निकुंज अपार्टमेंट", घर सं. 578 खण्ड डब्लू पर स्थित कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 4 | 0KAN1902000005017788 सीता राम, रीना | रू. 7,09,560/- | 22-04-2021 | प्राइवेट प्लॉट अराजी नंबर 962, मौजा अहीरवान, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 5 | 0KAN1906000005021026 संदीप गुप्ता, मिथलेश कुमारी, दिनेश कुमार गुप्ता | रू. 24,88,226/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 103/338-बी, (परिमाप क्षेत्रफल 62.774 वर्ग मीटर) कर्नल गंज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 6 | LKW_1508_044279 ज्ञान चंद्र कौशल, नीलम-कौशल | रू. 10,10,356/- | 22-04-2021 | मकान नंबर ए-7, प्लॉट नंबर 42 एवं 43, पार्ट लैंड, खसरा नंबर 173, भैसोरा, लखनऊ- 226001, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 7 | LKW_1509_045399 अंजनी कुमार, संजू | रू. 8,15,759/- | 22-04-2021 | मकान नंबर ए-13, प्लॉट नंबर 42 एवं 43 पार्ट, भूमि खसरा नंबर 173 मिनजुमला, भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ- 226020, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 8 | 0LKW1702000005004096 सत्यम रस्तोगी, कुसुम लता रस्तोगी | रू. 7,86,214/- | 22-04-2021 | खसरा नंबर 2859/2362, मिन क्यू-397, कानून गोयान घंटाघर, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 9 | 0LKW1702000005004389 गौतम चौधरी, उपमा चौधरी | रू. 3,82,834/- | 22-04-2021 | प्लॉट खसरा नंबर 2406 पर मकान, अमौसी वार्ड, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 10 | 0LKW1703000005004580 शादमा अख्तर आयशा परवीन | रू. 5,36,059/- | 22-04-2021 | प्लॉट नंबर 13 के भाग पर मकान, खसरा नंबर 850, 843/1 तथा 851 का मिनजुमला, न्यू सरदार नगर, वार्ड कन्हैया नगर माधोपुर मारी माता मंदिर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 11 | 0LKW1706000005006618 श्याम कुमार सिंह, बबीता सिंह | रू. 9,79,124/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 4, प्लॉट नंबर 4, खसरा/गाटा नंबर 659/38 का पार्ट/मिनजुमला, परिमाप क्षेत्रफल 530 वर्ग फीट, ग्राम/मोहल्ला मडियांव, परगना माहोना, तहसील बक्शी का तालाब, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 12 | 0LKW1804000005012206 गौतम चौधरी, उपमा चौधरी | रू. 4,46,193/- | 22-04-2021 | प्लॉट खसरा नंबर 2406 के हिस्से पर मकान, अमौसी वार्ड, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 13 | 0VRN1901000005016984 सुनील कुमार मौर्य, मनोरमा मौर्य | रू. 10,91,973/- | 22-04-2021 | अराजी नंबर 125/1, मकान नंबर एसए 17/4ए, मौजा पहाड़िया, परगना शिवपुर, वार्ड सारनाथ, तहसील एवं जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 14 | 0VRN1903000005018967 विनोद कुमार सिंह, आरती सिंह | रू. 16,87,490/- | 22-04-2021 | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल, रूद्र ब्लॉसम, एस एम प्लॉट नंबर 93 एवं मकान नंबर डी 59/235-एस-304, मौजा शिव पुरवा, परगना देहात अमानत, वार्ड दशाश्वमेध, जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 27-07-2021
प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जमीन न बेचने पर मां की कर दी हत्या

## ● घर के बाहर शव फेंक कर फरार हुआ आरोपित बेटा



फाइल फोटो लीलावती

संवाददाता। निगोहां

**थाना** क्षेत्र के कलाशर खेडा गांव में बीती रात एक नशेड़ी कलयुगी बेटे ने जमीन न बेचने पर अपनी मां की पिटाई कर साड़ी के पल्लू से गला कसकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घर के बाहर शव फेक कर फरार हो गया । घर के पास शव पड़ा देख सुबह पड़ोसियों ने घटना की जानकारी निगोहां पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस आरोपित बेटे की पुलिस तलाश कर रही है। घटनाक्रम के अनुसार निगोहां के कलासर खेडा गांव की 50 वर्षीय लीलावती के दो बेटे संजय और संगम व एक बेटी राजरानी है।

पति श्रीकिशन कि चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। बेटी और बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। लीलावती अपने दोनो बेटों से अलग गांव में रहती थी। बड़ा बेटा भी गांव में अलग रहता था। छोटा बेटा लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। ग्रामीणों और परिवारीजनों के मुताबिक बड़ा बेटा संजय नशे का लती है, जो आये दिन अपनी मां लीलावती से जमीन बेचने का दबाव बना रहा था । जिसको लेकर रोजाना शराब के नशे में धुत होकर वह मां से मारपीट करता रहता था। सोमवार रात भी संजय शराब के नशे में धुत होकर मां से जमीन बेचने का दबाव बनाते हुए मां की पिटाई करने लगा। विरोध करने पर साड़ी के पल्लू से मां का गला कसकर उसे मौत के घाट उतार दिया और मौके से भाग निकला।

सुबह घर के बाहर लीलावती का शव पड़ा देख पड़ोसियों ने निगोहां पुलिस को सूचना दी । वहीं सूचना पाकर छोटा बेटा और बेटी भी पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों परिवारीजनों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर निगोहां नंद किशोर ने बताया कि आरोपित बेटे की तलाश की जा रही है।

वहीं चार महीने पहले संजय की पत्नी सीता भी संजय की हरकतों से तंग होकर घर छोड़ कर चली गई थी। बताया यह भी जा रहा है कि संजय अपनी पत्नी और मां के गहने बेच कर शराब पी डाली और पत्नी की भी आए दिन पैसों के लिए पिटाई करता रहता था। संजय अपनी पत्नी पर भी जानलेवा हमला बोल चुका है जिससे बचकर वह घर से अपने मायके चली गई थी और आज तक लौटकर नही आई।

# पूर्व प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व सीएमओ को नोटिस



विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने लापरवाही के कारण मृत्यु कारित करने के एक मामले में पूर्व प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अरविंद कुमार तथा हरदोई के पूर्व सीएमओ डॉ. राम प्रवेश रावत को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

जस्टिस फैज आलम खान की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ. राजेंद्र कुमार सैनी की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसके पिता गंभीर रूप से बीमार थे। उनके इलाज के लिए उन्हें लेकर विदेश जाना था। इसके लिए उसने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की। लेकिन तत्कालीन प्रमुख सचिव व हरदोई के तत्कालीन सीएमओ ने अनापत्ति से संबधित उसकी फाइल को दबा दिया। कहना था कि इस दौरान उनके पिता की मृत्यु हो गई। तर्क दिया गया कि यदि उसे अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया होता, तो वह अपने पिता का इलाज विदेश में करा लेता व उनकी मृत्यु नहीं होती। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसने इस मामले में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने के लिए सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत सीजेएम लखनऊ के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन तीन मार्च 2021 को सीजेएम ने उसे खारिज कर दिया। याचिका में सीजेएम के इसी आदेश को चुनौती दी गई है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी केजीएमयू के फंड की जानकारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने केजीएमयू को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त फंड्स की विस्तृत जानकारी राज्य सरकार से मांगी है। पीठ ने इसके लिए तीन हफ्ते की मोहलत दी है। पीठ के पूर्व के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार को यह भी बताना है कि केजीएमयू को कौन से वित्तीय संसाधन प्रदान किए गए व केजीएमयू की ओर से क्या अतिरिक्त मांग रही। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश लोक न्यायार्थ संस्था के महासचिव विवेक मनीषी की एक विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है। वर्ष 2017 की इस याचिका में केजीएमयू में पैथालॉजिकल टेस्ट के शुल्क में 33 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि का मसला उठाया गया है। कहा गया कि क्वीन मेरी और डेंटल विभाग में शुल्क की इतनी बढोत्तरी की गई कि वहां के तमाम टेस्ट के शुल्क प्राइवेट पैथॉलाजी के बराबर हो चुके हैं। राज्यपाल ने भी इस संदर्भ में केजीएमयू के कुलपति को पत्र लिखा था। यह भी तर्क दिया गया कि अन्य सरकारी अस्पतालों में लगभग डेढ़ सौ टेस्ट नि:शुल्क हैं। जबकि केजीएमयू में ऐसा नहीं है। 27 फरवरी 2017 को पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार व केजीएमयू को फंड के सम्बंध में जानकारी हलफनामे के जरिए दो हफ्ते में देने का आदेश दिया था। बावजूद इसके अब तक राज्य सरकार की ओर से जवाब नहीं आया है।

## अनाज घोटाला मामले में तत्कालीन गोदाम प्रभारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

लखीमपुर खीरी के अनाज घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बिजुआ ब्लाक के तत्कालीन गोदाम प्रभारी रज्जन लाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष जज प्रेम प्रकाश ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। वर्ष 2004 में हुए हुए इस घोटाला मामले की विवेचना सीबीआई को सौंपी गई थी। 31 अक्टूबरए 2010 को सीबीआई ने इस मामले में आईपीसी की धारा 406, 409, 420, 467, 468, 471, 120बी व ईसी एक्ट की धारा 3/7 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (डी) में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की। मुल्जिम पर बिजुआ ब्लाक के बीपीएल तथा अंत्योदय अनाज से संबधित दैनिक निर्गमन रजिस्टर में अपने हस्तलेख में अलग अलग स्याही से हेराफेरी व फर्जी प्रविष्टि कर अनाज की कालाबाजारी करने का इल्जाम है। विवेचना के बाद सीबीआई ने मुल्जिम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

## हाइवे पर खड़े ट्रक से टकराया पिकप डाला, दो की मौत, कई घायल

**निगोहां।** निगोहां क्षेत्र के कांटा करौंदी गांव से पिकअप डाले से अयोध्या दर्शन करने निकले दर्शनार्थियों से भरी पिकअप फैजाबाद रोड पर एक खड़े ट्रक से टक्करा गई। जिसमें दो दर्शनार्थियों की दर्दनाक मौत हो गई व करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया व दोनों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। निगोहा के कांटा करौंदी ग्राम प्रधान अमित जयसवाल समेत गांव के करीब 4 दर्जन लोग अलग अलग पिकअप डाले से अयोध्या दर्शन करने के लिए जा रहे थे। तभी दर्शनार्थियों से भरी एक पिकअप फैजाबाद रोड पर टोल प्लाजा के पांच किलोमीटर आगे एक खड़े ट्रक में जा टकराई डाले में सवार दर्शनार्थियों में कांटा करौंदी गांव निवासी रामखेलावन की पत्नी उर्मिला देवी 53 व संतराम की 15 वर्षीय बेटी जूली की मौत हो गई, जबकि गांव की ही उषा देवी, रामदुलारी, आदर्श, रीशु, सरोज कुमारी, विटाना, राधा व खुशबू समेत दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए। भेज दिया व सभी घायलों को ट्रामा सेंटर भेज दिया।

# ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर आठ किलो चांदी व सोने के जेवर चोरी

## ● फिंगरप्रिन्टस एक्सपर्ट व खोजी कुत्ते को भी बुलाया गया

## ● डाग स्क्वायड पास के ही एक नर्सिंग होम के पास जाकर रुका



संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा थाना** क्षेत्र में सोमवार की रात बेखौफचोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर सोने-चांदी के लाखों रूपये कीमत के जेवर व हजारों की नकदी पार कर गये। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने काफी छानबीन की लेकिन कोई सुराग नही मिला। पुलिस की सूचना पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट व खोची कुत्ते को भी बुलाया गया। डाग स्क्रायड पास में ही स्थित एक नर्सिंगहोम के पास जाकर रूक गया। घटना के खुलासे के लि स्थानीय पुलिस कई टीमें बनाकर चोरो की तलास में जुटी है।

आलमबाग के चंदन नगर निवासी आनंद दीक्षित की बंथरा में हनुमान मंदिर के पास आनंद ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी के गहनों की दुकान है। मंगलवार सुबह उनके मकान मालिक ने उन्हें फोन कर शटर टूटा होने की जानकारी दी। आनंद दुकान पर पहुँचे तो सारा सामान बिखरा हुआ था। उनकी सूचना पर पुलिस पहुँची तो छानबीन में आठ किलो चांदी और 100 ग्राम सोने के जेवर गायब मिले। गल्ले में रखा करीब 12 हजार कैश भी गायब था। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुँचा। फोरेंसिक टीम ने दुकान से फिंगर प्रिंट के सैंपल लिए। खोजी कुत्तों को दुकान के भीतर लाकर छोड़ा गया तो वह बाहर निकलकर आसपास ही घूमते रहे और पास में ही स्थित एक निजी नर्सिंगहोम के पास जाकर रूक गया। दुकान के बाहर टेम्पो खड़ा मिला। लोगों ने बताया कि यह टेम्पो अक्सर रात में इसी दुकान के बाहर खड़ा किया जाता है। पुलिस आशंका जता रही है कि इसी टेम्पो की आड़ लेकर चोरों ने शटर तोड़ा और वारदात करके फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि दुकान के अन्दर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खराब है। लेकिन आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरो की फुटेज लेकर चोरो की तलाश की जाएगी।

# करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के पारा इलाके में स्लैप की ढलाई के दौरान खुले तारों की चपेट में आने से दो मजदूर झुलस गए जिससे उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने वादी की तहरीर पर ठेकेदारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है।

मलिहाबाद निवासी राम बाबू राठौर और नौबस्ता काकोरी निवासी कमलेश मौर्य मजदूर हैं और दोनों ढलाई का काम करते थे। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम ढलाई के दौरान ठेकेदार अनुज चौरसिया और सोनू चौरसिया की लापरवाही से दोनों मजदूर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गएए जिन्हें ट्रामा सेंटर भेजा गया। काफी देर इलाज के बाद दोनों ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। इंस्पेक्टर के मुताबिक मृतक रामबाबू के परिवार में पत्नी सुमन, तीन बेटियां पंछी, रुही, किट्टू व एक वर्ष का लड़का है। उधर कमलेश के घर में पत्नी पूनम व एक बच्ची है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों से पूछताछ की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों मजदूरों ने मकान में खुले तार देखकर कार्य करने से मना कर दिया था, लेकिन ठेकेदारों की जबरदस्ती के कारण दोनों को कार्य करना पड़ा और यह हादसा हो गया। इस संबंध में कमलेश के भाई विमलेश ने ठेकेदार अनूप चौरसिया, सोनू चौरसिया के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

## ट्रक चालक से लूट करने वाला गिरफ्तार

### ● पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने ने कुबूला अपना गुनाह

संवाददाता। लखनऊ

**गोसाईगंज** पुलिस ने ड्राइवर के साथ मारपीट व लूट करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज अमरनाथ वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी कि उसी समय मुखबिर खास से सूचना मिली कि गांधी नगर बस्ती थाना कोतवाली बस्ती जिला बस्ती निवासी सतीश कुमार त्रिपाठी ने जो मुकदमा लिखवाया था कि हैदर गढ़ से सवारी बनकर बैठे तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके ट्रक के चालक राजेंद्र यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी उदयपुर थाना बनवा जनपद चंदौली को राड से मारकर घायल कर दिया था और उसके पास से 48000 रुपए व एक मोबाइल छीन ले गए थे। उसी आधार पर छानबीन चल रही थी। मुखबिर ने बताया कि वही ड्राइवर से हुई लूट के मामले में फरार चल रहा आरोपी ग्राम सेवई के पास खड़ा हुआ है जिसे टीम ने धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हैदरगढ़ चौबेसी जनपद बाराबंकी निवासी रणवीर सिंह उर्फराणा बताया, जिसके पास से मृतक चालक राजेंद्र यादव का ड्राइविंग लाइसेंस मिला। पूछताछ में उसने बताया कि बीते 29 जून को हुई लूट में वह शामिल था।

# लोक मंगल दिवस में आईं 53 शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोक** मंगल दिवस का आयोजन इंदिरानगर स्थित जोनल कार्यालय में किया गया। महापौर के सामने जनता के साथ कर्मचारियों ने पीने का पानी, जेनेरेटर और बैठने के स्थान पर्याप्त न होने की शिकायत की। वहीं महिला कर्मियों ने महिला शौचालय बनाने की मांग की। इस दौरान कुल 53 शिकायतें पंजीकृत की गई।

लोकमंगल दिवस पर महापौर संयुक्ता भाटिया के सामने जनता के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने जोनल कार्यालय परिसर में पीने का पानी, जेनेरेटर और बैठने के स्थान पर्याप्त न होने की शिकायत की। साथ ही महिला कर्मचारियों ने महापौर से जोनल कार्यालय में महिला शौचालय बनाने की मांग की। महापौर ने नगर आयुक्त को सभी जोनल कार्यलयों में आवश्यक व्यवस्थाएं कराने और हर कार्यालय में एक महिला शौचालय अलग से बनाने के लिए निर्देशित किया। पटेल नगर योजना कल्याण समिति के महासचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव ने महापौर से बताया कि अनिल कुमार श्रीवास्तव के घर के सामने सड़क नही होने से आने जाने में बहुत सी समस्याओ का सामना करना पड़ता है जिसपर महापौर में नगर अभियंता को निरीक्षण कर सड़क निर्माण के लिए निर्देशित किया। वहीं रतनखण्ड निवासी एमएल शाहू ने पार्क संख्या 5 में मार्गप्रकाश न होने की बात बताई जिस पर महापौर ने नगर अभियंता मार्गप्रकाश को समस्या निस्तारण के लिए निर्देशित किया। वहीं इंदिरा नगर निवासी इंद्रदेव मिश्रा ने सीवर चोक की समस्या बताई जिसपर महापौर ने महाप्रबंधक जलकल को तत्काल सीवर सफाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुल 53 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमे अभियंत्रण की 28, कर विभाग की 9, स्वास्थ्य की 2, मार्गप्रकाश की 3, उद्यान की 1, जलकल की 5, अतिक्रमण की 1, पार्किंग की 1 एवं पशु चिकित्सा की 2 शिकायत पंजीकृत की गयी।

## एम्बुलेंस संघ के दर्जन भर कर्मचारी बर्खास्त

**लखनऊ।** एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल से मरीजों पर हो रहे असर को देखते हुए मंगलवार को सरकार की सख्ती के बाद कम्पनी ने हड़ताली यूनियन के पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। उधर प्रदेश सरकार की तरफ से बर्खास्त यूनियन के पदाधिकारियों पर एस्मा के तहत कार्रवाई करने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। प्रदेश में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा का संचालन नई कंपनी जिगित्सा को सौंपे जाने के बाद समायोजन को लेकर जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 102, 108 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने सोमवार से हड़ताल कर रखी थी। सोमवार को एम्बुलेंस का संचालन करने वाली कम्पनी के अधिकारियों ने जिला प्रशासन के साथ मिल कर वार्ता भी की, मगर कोई परिणाम नहीं निकला। जिसके बाद आज शासन स्तर पर सख्ती के संदेश दिए जाने के बाद कम्पनी ने यूनियन के दर्जन भर से ऊपर पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है।

# एलयू ने जारी की सूची, 48 केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीए, बीएससी,** बीएचएससी और बीकाम छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। दो अगस्त से प्रस्तावित परीक्षाओं को लेकर 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना के अनुसार जिन्हें परीक्षा केंद्र बनाया गया है उनमें लखनऊ विश्वविद्यालय, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज, अवध गर्ल्स डिग्री कालेज, बीएसएनवी पीजी कालेज, डीएवी पीजी कालेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कालेज, जेएनपीजी कालेज, लखनऊ क्रिश्चयन कालेज, विद्यांत हिन्दू डिग्री कालेज, कालीचरण डिग्री कालेज, सरदार भगत सिंह कालेज आफ एजुकेशन, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कालेज, खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज, मुमताज डिग्री कालेज, शिया डिग्री कालेज, महाराजा बिजली पासी गर्वमेंट कालेज, महिला महाविद्यालय, सीबी गुप्ता एग्रीकल्चर डिग्री कालेज, आइटी गर्ल्स डिग्री कालेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज, नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स डिग्री कालेज, नवयुग कन्या डिग्री कालेज, नेताजी एससी बोस गर्ल्स डिग्री कालेज, लखनऊ डिग्री कालेज, रजत पीजी कालेज, रामा डिग्री कालेज, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, अमीरूद्दौला इस्लामिया डिग्री कालेज, एसकेडी एकेडमी रायबरेली रोड, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज, ग्यानोदय डिग्री कालेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज, बासुदेव डिग्री कालेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज, डीएसएन महिला महाविद्यालय आदि हैं।

## वार्ता के बाद यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने आंदोलन लिया वापस

**लखनऊ।** स्थानांतरण सूची निरस्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। एसोसिएशन की तरफसे यह निर्णय शासन स्तर पर हुई वार्ता के बाद लिया गया है। जिसमें शासन से समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज भी सुबह एसोसिएशन के बैनर तले लिपिकों ने स्वास्थ्य भवन पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान वार्ता पर सहमति बनने के बाद आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव द्वारा उचित आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है।

# एमडी मध्यांचल ने मलिहाबाद उपकेंद्र का किया निरीक्षण

## ● विद्युत चोरी करने पर 20 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एमडी** मध्यांचल एसपी गंगवार ने 33,11 केवी उतरेठिया का रात्रि निरीक्षण किया जिसमें अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि विद्युत उपभोक्ताओं को अनवरत विद्युत आपूर्ति की जाए। उपकेन्द्र में इनकमिंग पैनल में कुछ कमियां भी पायी गयी जिसे ठीक कराने के लिए निर्देश दिये। इसी कम में प्रबन्ध निदेशक द्वारा 33, 11 केवी उपकेन्द्र मलिहाबाद तथा मलिहाबाद तहसील का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता से विद्युत उपभोक्ताओं को अनवतर 24 घन्टे विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। अनवरत विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के दृष्टिगत बागों के बीच से गुजर रही लाइनों को एबी केबल में परिवर्तित करने तथा लम्बे फीडरों की दूरी को कम करने के लिए प्राकलन बनाने के लिए निर्देशित किया। मलिहाबाद जोकि एक आईपीडीएस टाउन है। उसके हाई लॉस फीडर का निरीक्षण भी प्रबन्ध निदेशक द्वारा किया गया। इसी समय स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं से भी प्रबन्ध निदेशक द्वारा संवाद किया गया।

वहां उपस्थित उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें लगभग 24 घन्टे विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो रही है। मुख्य अभियन्ता वितरण ट्रांस-गोमती लेसा ने विभूतिखण्ड के 33,11 केवी उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि कोई भी ट्रिपिंग विगत 24 घन्टे में नहीं हुई। विद्युत नगरीय वितरण खण्ड कानपुर रोड में 33, 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र आशियाना का रात्रि निरीक्षण किया। निरीक्षण में 630 केवीए लोकबन्धु चौराहे तथा 400 केवीए राममनोहर लोहिया के सामने स्थापित परिर्वतक का लोड सामान्य पाया गया। क्षेत्र का विद्युत लोड भी 50 प्रतिशत् कम था। अपट्रॉन खण्ड के अन्तर्गत लाइन हानियों को कम करने के लिए विशेष कॉम्बिंग अभियान चलाया गया जिसमें फासिल नगर, बीबीगंज, हातानूरबेग, सहादतगंज में 108 परिसरों की जांच हुई। जिसमें 5 विद्युत उपभोक्ताओं ने मौके पर ही विद्युत भार बढ़वाया तथा 11 विद्युत उपभोक्ताओं का विद्युत संयोजन विच्छेदित किया गया।

20 उपभोक्ताओं द्वारा सीधे केबल डाल कर, मीटर बाई पास कर चोरी करते हुए पाये जाने पर विद्युत अधिनियम धारा 135 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

# छह दर्जन से अधिक पंचायतों में युवाओं को खेल मैदान का इंतजार

## ● प्रशासन की सख्ती दरकिनार, अधिकारी नहीं ले रही दिलचस्पी

संवाददाता। मोहनलालगंज



**ग्रामीण** क्षेत्र के युवाओं में छिपी खेलकूद प्रतिभाओं को निखारने के लिए सालों से किए जा रहे प्रयास राजधानी की चौखट पर ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि अकेले मोहनलालगंज ब्लाक की छ: दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में युवाओं के लिए खेल मैदान तक का इंतजाम नहीं कराया जा सका है। यहां तक कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी अधिकारी महज पांच पंचायतों में ही खेल मैदान बनवाने का प्रस्ताव तैयार करा सके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गांव गांव खेल मैदान तैयार कराकर ग्रामीण युवाओं की खेलकूद प्रतिभाओं को निखारने की मंशा पर मातहत ही पानी फेर रहे हैं। हकीकत पर गौर करें तो राजधानी से सटे मोहनलालगंज ब्लाक की तकरीबन 74 ग्राम पंचायतों में अब तक युवाओं के लिए खेल मैदान तक उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी कोशिशों पर नजर डालें तो साल दर साल मनरेगा और पंचायत निधि से लाखों रुपये के विकास कार्य कराने का दावा कर रहे अफसर उतरावां और मीरखनगर समेत चार पंचायतों में ही खेल मैदान की योजना को धरातल पर उतार सके हैं। लिहाजा दहियर, शिवढ़रा, परेहटा, रायभानखेड़ा, दाउदनगर, निगोहां , समेसी, सरथुआ, पुरहिया, बलसिंह खेड़ा, देवती, अचलीखेड़ा, हुलासखेड़ा, भद्दीसिर्स, सलेमपुर, छतौनी, भावाखेड़ा, मंगटइया और मस्तीपुर समेत अधिकतर पंचायतों में युवा गली कूचों और उबड़ खाबड़ उसरीली जमीनों पर अपनी खेलकूद प्रतिभाओं को निखारने के लिए जोरआजमाइश करते दिखाई देते हैं। मनरेगा एवं पंचायत निधि से खेल मैदानों का समतलीकरण और वायर फेन्सिंग कराकर शौचालय पेयजल व बेंच निर्माण समेत अन्य विकास कार्य कराने की इजाजत होने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी ब्लाक अधिकारी अब तक भौंदरी खुजौली भसण्डा मदापुर और सिसेण्डी में ही खेल मैदान विकसित कराने का प्रस्ताव तैयार करा सके हैं।

## मिनी स्टेडियम के सहारे नगर पंचायत की आबादी

**मोहनलालगंज** नगर पंचायत की तकरीबन तीस हजार की आबादी में महज मऊ गांव में ही मिनी स्टेडियम मौजूद है। जबकि नगर पंचायत के गौरा, बिन्दौवा, डेहवा, दीवानगंज, छिबऊखेड़ा, शीतलखेड़ा व राजाखेड़ा समेत अन्य गांव में युवाओं के लिए खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहीं नगर निगम में शामिल हरिकंशगढ़ी पुरसेनी और गोपालखेड़ा में भी युवाओं के लिए खेल मैदान का अभाव है।

# पौधरोपण, पेयजल, स्कूलों की बाउंड्री के कामों पर करें फोकस

● वर्ष 2021-22 के लिए कुल 43696 लाख के खर्च का प्रस्ताव रखा गया

## प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने जिला योजना की बैठक में दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रभारी** मंत्री द्वारा मंगलवार को जिला योजना की बैठक की गई। बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए कुल 43696 लाख के खर्च का प्रस्ताव रखा गया। प्रभारी मंत्री ने पौधरोपण, पेयजल व स्कूलों की बाउंड्री से सम्बंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को सप्ताह में दो दिन ग्रामीण भ्रमण करने का आदेश दिया। वहीं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का लोकार्पण किया।

मंगलवार को वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा, प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में जिला योजना की बैठक की गई। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारी को निर्देश दिया कि पौधरोपण, पेयजल व स्कूलों की बाउंड्री से सम्बन्धित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही निर्देश दिया गया कि व्यक्तिगत रूप से जो भी समस्याएं जनप्रतिनिधियों द्वारा बैठक में उठाई गई है, उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 1 सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग की भूमि पर जो भी अतिक्रमण है उन्हे अविलम्ब हटाकर वृक्षारोपण हेतु लोगों में जागरूकता लायी जाये जो भी वृक्ष लगायें जाये उनकी सुरक्षा की जाये वृक्षारोपण के लिय ट्री गार्ड की व्यवस्था की जाये, उन्होंने लखनऊ कानपुर रोड़ की सर्विस लाइन के अन्तर्गत जो वन विभाग की भूमि है उस पर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि जब ग्रामीण भ्रमण पर जायें तो सामुदायिक शौचालयों का अवश्य निरीक्षण कर ले। विकास कार्यों में जनसहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि प्रत्येक सप्ताह में कम से कम दो दिन ग्रामीण भ्रमण किया जाये ग्रामीण भवन की जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायें।

**एक सप्ताह में जांच के दिए निर्देश:** बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रभारी मंत्री को बताया गया कि सफाई कर्मी स्वंय कार्य पर न जा कर अपने स्थान पर दूसरे व्यक्तियों द्वारा सफाई कार्य कराते हैं। इस प्रकरण की जांच के लिए, जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच कर एक सप्ताह में निर्देश दिये। साथ ही कड़े निर्देश दिए कि जो भी सफाई कर्मचारी अपने स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति से कार्य कराते हुए पाए जाएगे उनको तत्काल सस्पेंड किया जाएगा।

**जर्जर विद्यालय की दें रिपोर्ट:** समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समस्या के अन्तिम छोर पर किया जाये इससे जनता में विश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि जो भी जर्जर विद्यालय है उनका निरीक्षण कर रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करें, यदि कोई नई पीएचसी, सीएचसी बने तो उसमें पहले पदों का सर्जन किया जायें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व कार्यालय आकर अपने अपने पटल की साफ-सफाई अवश्य करें।

### कृषि क्षेत्र पर खर्च होगा 5048.54 लाख

**कृषि** क्षेत्र के लिए 5048.54 लाख के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है। वहीं वनीकरण के लिए 1252.60 लाख के व्यय का प्रस्ताव किया गया है। जिसमे शहरी समाजिक वानिकी के लिए विभिन्न मार्गो के किनारे 5000 ब्रिक गार्ड मय पौधरोपण, 200 वृक्षारोपण प्रथम संवर्धन, 355 द्वितीय संवर्धन, 5000 एचडीपीई बैग में बड़ी पौध उगान के लिए 167.67 लाख व ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक वानिकी के तहत 1084.93 लाख के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है।

### रोजगार सृजन पर खर्च होंगे 6544.97 लाख

**प्रभारी** द्वारा बताया गया कि रोजगार सृजन के लिए 6544.97 लाख के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत 21.81 लाख मानव दिवस रोजगार सृजित करने के लिए कुल 6544.97 लाख का व्यय प्रस्तावित है, जिसमे केन्द्रश के रूप में 5890.47 लाख का प्रस्ताव है। शिक्षा के लिए 12196.85 लाख के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है।

# दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर बनेगी वेटिंग लिस्ट

● राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती को लेकर राजभवन ने जारी किए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती में पारदर्शिता लाने के लिए अब दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी। इस प्रतीक्षा सूची की वैधता परिणाम जारी होने से एक साल तक रहेगी। इस आशय का निर्देश राजभवन की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयो को जारी कर दिया है। कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को जारी निर्देश में कहा गया है कि सहायक आचार्य के पद पर चयन हेतु प्रक्रिया के दो चरण होंगे। जिनमें पहला चरण शॉर्ट लिस्टिंग का होगा और दूसरा चरण साक्षात्कार का होगा। अपने आदेश में उन्होंने कहा है कि पूर्व में अभ्यर्थियों के विषय की जानकारी के लिए 20 अंकों की आब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा की व्यवस्था रखी गई थी। जिसमें अब ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा 40 अंकों की होगी। बेसिक अकादमिक स्कोर की गणना से प्राप्त अंक तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर एक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। तैयार मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों की शॉर्ट लिस्टिंग कर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्ट लिस्टिंग से साक्षात्कार के लिए आए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दी गई व्यवस्था के अंतर्गत दो भागों में कराई जाएगी। पहले भाग में शिक्षण कौशल की जानकारी का परीक्षण किया जाएगा तथा द्वितीय भाग में साक्षात्कार संपन्न कराया जाएगा।

# निराश्रित महिला पेंशन को लेकर तहसील व ब्लाक स्तर पर लगाएं कैम्पः स्वाति सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह ने निराश्रित महिला पेंशन में अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु प्रत्येक 15 दिन में तहसील, ब्लाक स्तर पर कैम्प लगाकर पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्रों को पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने इस कार्य मे मीडिया एवं अन्य माध्यमों से कैम्प लगाने के संबंध में प्रचार प्रसार करने तथा जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने को कहा है।

मंगलवार को ऑनलाइन समीक्षा के दौरान स्वाति सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना खराब प्रदर्शन वाले 10 जनपदों से स्पस्टीकरण की मांग करते हुये उन्हें आगामी 1 माह में प्रगति में सुधार हेतु निर्देशित किया। बैठक में विभाग की तरफ से बताया गया कि वन स्टाप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य 52 जनपदों में प्रारम्भ हो गया है। जिस पर स्वाति सिंह द्वारा समस्त जिला प्रोबेशन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त जनपदों में वन स्टाप सेन्टर के भवन का निर्माण कार्य 3 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करा दिया जाये। उनके द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि वन स्टाप सेन्टर पर आवासित किये जाने वाले 112.यूपी के पीआरवी पर महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं यथा.181 महिला हेल्पलाइनए बेटी बचाओ बेटी पढाओ आदि की ब्रान्डिंग की जाये। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिये समाज के सभी वर्गो यथा ग्रामप्रधान व अन्य जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विभिन्न धर्मो के प्रमुख व्यक्तियों व छात्रों के साथ संवाद स्थापित किया जाये। इस हेतु आनलाइन कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया जाये।

प्रत्येक माह जनपद में इस योजना के अन्तर्गत एक बडा आयोजन कराना सुनिष्चित किया जाये।उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना योजनान्तर्गत कोविड.19 से पीडित ऐसे बालकध्बालिका जिनकी माता या पिता की कोरोना से मृत्यु हो गयी है ऐसे पात्र 4484 लार्भार्थियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत धनराशि वितरण कराने से अवगत कराया गया। जिस पर स्वाति सिंह द्वारा निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत प्राप्त लम्बित आवेदन पत्रों का 15 दिन के अन्दर जिला टास्क फोर्स द्वारा अनुमोदित कराकर तत्काल धनराषि लाभार्थियों के खाते में भेजी जाये।

## अल्पसंख्यक आयोग के हर सदस्य को दो-दो मण्डलों का कार्य आवंटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यों के मध्य दो-दो मण्डलों के भ्रमण एवं निरीक्षण का कार्य आवंटित कर दिये गये हैं। यह जानकारी अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक़ सैफी ने दी। श्री सैफी ने बताया कि हर सदस्य को जिन दो-दो मंडलों का आवंटन किया गया है उनमें परविन्दर सिंह अयोध्या और बरेली, रूमाना सिद्दीक़ी को सहारनपुर और प्रयागराज, सुरेश जैन ऋतुराज को मेरठ और झांसी, सम्मान अफरोज़ खान को देवीपाटन और चित्रकूट, बक्शीस अहमद वारसी को गोरखपुर और बस्ती, नवेन्दु सिंह इजिकेल को विंध्याचल और मुरादाबाद, हैदर अब्बास चाँद को वाराणसी और आजमगढ़, अनीता जैन को अलीगढ़ और कानपुर मंडल का कार्य आवंटित किया गया है। इसके अलावा आयोग के अध्यक्ष प्रदेश के समस्त जनपदों का कार्य देखेंगे और आयोग के अध्यक्ष किसी भी सदस्य को प्रदेश के किसी भी जनपद में भ्रमण, निरीक्षण हेतु नामित किया जा सकता है।

# ग्रुप केंद्र लखनऊ में मनाया गया सीआरपीएफ का 82वां स्थापना दिवस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** रिजर्व पुलिस बल के लखनऊ ग्रुप केंद्र में मंगलवार को सीआरपीएफ का 82 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस के नाम से हुई । तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने 28 दिसम्बर 1949 को इस बल का नाम बदलकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल किया। उस समय इस बल की मात्र एक बटालियन थी, जो आज विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 82 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजीव रंजन उपमहानिरीक्षक, रेन्ज मुख्यालय द्वारा शहीद स्मारक पर शहीद कार्मिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके पश्चात् मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र पुलिस महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर लखनऊ ने जवानों को सम्बोधित किया एवं जवानों के साथ बड़ा खाना में सम्मिलित हुए। राकेश कुमार कमाण्डेंट गुप केन्द्र लखनऊ, श्याम होईचिंग मेहरा, कमाण्डेन्ट 233 महिला बटालियन, अमिताभ कुमार, कमाण्डेन्ट, 91 आरएएफ समेत स्टेशन के समस्त अधिकारी एवं जवान कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## एकेटीयू में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में मंगलवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के निर्देशन में पूर्व राष्ट्रपति एवं भारतरत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विवि परिसर स्थित मिसाइलमैन कलाम साहब प्रतिमा पर विवि के प्रतिकुलपति प्रो विनीत कंसल, कुलसचिव नंद लाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिकुलपति प्रो कंसल ने कहा कि हमें कलाम साहब के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है। कोविड महामारी से निपटने के लिए देश ही नहीं विश्व को कलाम साहब सरीखे वैज्ञानिकों की आवश्यकता है। विवि के कुलसचिव नंद लाल सिंह ने कहा कि विवि, कुलपति प्रो पाठक के नेतृत्व में कलाम साहब के मिशन एवं विजन को साकार करने के लिए सफल प्रयास कर रहा है। वर्तमान में विवि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा की सुनिश्चितता के साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कर रहा है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईगंज पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसके खिलाफछेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज अमरनाथ वर्मा ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी। उस टीम में शामिल उप निरीक्षक ललित कुमार, सिपाही मोहम्मद अकबर व राम सिंगार दुबे ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खजुआ तिराहे के पास से रसूलपुर टिकवा मऊ थाना गोसाईगंज निवासी आरोपी आलोक को गिरफ्तार कर लिया।

## बसपा नेता अपने सहयोगियों के साथ सपा में शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बसपा छोड़कर आए बरेली के वरिष्ठ बसपा नेता एवं पूर्व डीएफओ डॉ नसीम अहमद और उनके तमाम साथियों को आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। समाजवादी नीतियों तथा अखिलेश यादव के नेतृत्व से प्रभावित होकर डॉ नसीम अहमद, फैजुल्लनसीम, चेयरमैन नगर पालिका बहेड़ी के साथ मुख्यरूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तनवीर अहमद कादरी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरदार सुच्चा सिंह, हीरा सिंह औलखा के अलावा तमाम ग्राम प्रधान, सभासद आदि भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चैधरी भी मौजूद थे। डॉ नसीम अहमद और उनके साथियों ने कहा है कि वे अखिलेश यादव के नेतृत्व में बहुमत की समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वे जनता के बीच समाजवादी पार्टी की सरकार के समय हुए कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बहेड़ीए बरेली के इन बसपा नेताओं के शामिल होने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## सपा ने तेज किया व्यापारी जोड़ो-भाजपा की पोल खोलो अभियान

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश व्यापारी जोड़ो और भाजपा की पोल खोलो अभियान के तहत लगातार व्यापारियों के बीच चौपाल व जिला स्तरीय सम्मेलनों को आयोजित करके हर जिले में सैकड़ों की तादाद में व्यापारी वर्ग को जोड़ रही है। सभी जिलों में व्यापारी 2022 में अखिलेश यादव की सरकार बने इसका संकल्प ले रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग और महासचिव अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में सहारनपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा, शाहजहांपुर, कानपुर, फतेहपुर, कानपुर ग्रामीण, झांसी जनपद में, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी जनपद में, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मनोचा के नेतृत्व में हरदोई व रायबरेली जनपद में तथा अजय सूद के नेतृत्व में मथुरा व झांसी जनपद में चौपालों व सम्मेलनों के आयोजन किए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया कि भाजपा की व्यापारी विरोधी नीतियों, नोटबंदी, जीएसटी और महंगाई, अपराध, इंस्पेक्टर राज की वजह से व्यापारी त्राहि त्राहि कर रहा है। प्रदेश महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि व्यापारी अब कह रहा है कि व्यापारी समाज का सम्मान व स्वाभिमान केवल समाजवादी पार्टी में ही सुरक्षित है।

## देशी गोवंश के पेट की टीबी रोकने के लिए बनाएंगे परियोजनाः श्याम नंदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग देशी गोवंश की पेट की टीबी रोकने के लिए परियोजना बनाएगा। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो श्याम नन्दन सिंह ने कहा कि आयोग मुख्यमंत्री के समक्ष गोवंश के पेट की टीबी को रोकने के लिये एक परियोजना प्रस्तुत करेगाए जिससे देश में उत्तर प्रदेश राज्य ऐसा करने वाला पहला प्रदेश बन जायेगा। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग ने देशी गोवंश में होने वाली आंत की टीबी (पैराट्यूबर क्लोसिस) के उन्मूलन के लिये पहल की है। इस बीमारी से ग्रसित होने पर गोवंश तेजी से कमजोर होता जाता है, उसका विकास रूक जाता है, दुधारू गोवंश अनुत्पादक हो जाता है। अन्ततः इस अनुत्पादक गोवंश को वेसहारा छोड़ दिया जाता है। इस गंभीर संक्रामक रोग की रोकथाम एवं उपचार के लिये स्वदेशी रूप से भारत के वैज्ञानिक डा शूरवीर सिंह ने 16 वर्षों के शोध के बाद वैक्सीन तैयार की है। जीवाणु जनित वैक्सीन संक्रमण को रोकने के साथ संक्रमण से प्रभावित गोवंश के शरीर में मौजूद बैक्टीरिया को भी खत्म कर देगी। डा शूरवीर सिंह और डा एचबी सिंह ने उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग में वैक्सीन के विकास और डीसीजीआई से मिले अनुमोदन की जानकारी दी। यह भी बताया कि देश में आधे से अधिक गोवंश आंत की टीबी से ग्रस्त हैं। आयोग के अध्यक्ष प्रो श्याम नन्दन सिंह ने कहा कि आयोग मुख्यमंत्री के समक्ष गोवंश के पेट की टीबी को रोकने के लिये एक परियोजना प्रस्तुत करेगा, जिससे देश में उत्तर प्रदेश राज्य ऐसा करने वाला पहला प्रदेश बन जायेगा।

## भाषा यूनिवर्सिटी में तीन पालियों में कराई गई अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को विश्वविद्यालय की स्नातकए परास्नातक एवं डिप्लोमा की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 बजे, 12 बजे एवं 3 बजे की तीन पालियों में विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुईं। परीक्षा नियंत्रक एवं विश्वविद्यालय कुलसचिव संजय कुमार ने बताया कि परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित रही एवं विद्यार्थियों को उतर पुस्तिका के रूप में ओएमआर शीट उपलब्ध कराई गई। परीक्षा में 814 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 805 सम्मिलित हुए। विवि के कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने सभी कक्षों का स्वयं निरीक्षण किया एवं यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित की जाए।

## भारत रत्न डा. अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि पर अर्पित की श्रद्धान्जलि

**लखनऊ।** प्रख्यात साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' ने आज भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि (27 जुलाई) पर उन्हें भावभरी श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया एवं डा. कलाम के साथ अपनी यादों को साझा किया। पं. शर्मा ने डा. कलाम को अपना प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि मेरे लेखन को प्रोत्साहित करने में डा. कलाम का खास योगदान है। राजभवन में डा. कलाम से अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए पं. शर्मा ने कहा कि जब मैंने अपनी पुस्तक 'अवेक, ,राइज, असेन्ड' की प्रति डा. कलाम को भेंट की तो उन्होंने कहा था 'बहुत अच्छा लिखते हो , हमेशा ऐसे ही प्रेरणादायी लेखन करते रहो'।

## व्यापारी समाज ने महापौर के घर जाकर दिया धन्यवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तालकटोरा रोड और चौराहे का नाम पं. श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग करने के लिए महापौर संयुक्ता भाटिया के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया और धन्यवाद अर्पित किया। उनकी श्रद्धांजलि सभा में व्यापारियों ने महापौर के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था कि उनके नाम से तालकटोरा रोड और एक चौराहे के नाम पं श्याम बिहारी मिश्रा के नाम रखा जाए। मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने तालकटोरा रोड और चौराहे का नाम पं. श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग करने की घोषणा की। विगत दिनों में हुई सदन में यह प्रस्ताव महापौर ने सदन में रखा था जो सर्वसम्मति से पास हो गया था।

## प्रशिक्षण की मांग को लेकर सत्याग्रह शुरू

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नियुक्त एमपीडब्ल्यू का अधूरा प्रशिक्षण पूरा कराने की मांग को लेकर मंगलवार से एमपीडब्ल्यू एसोसिएशन का परिवार कल्याण महानिदेशालय पर बेमियादी सत्याग्रह शुरू हो गया। कोरोना महामारी के मद्देनजर सत्याग्रह आंदोलन के तहत मांग पर निर्णय होने तक प्रतिदिन संगठन के 10-10 लोग सत्याग्रह आंदोलन को आगे बढ़ाते रहेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी सैयद मुर्तजा ने बताया कि 2011-12 में नियुक्त एमपीडब्ल्यू को मात्र 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जबकि भारत सरकार की गाइडलाइन में 1 वर्ष का प्रशिक्षण प्रविधानित था।

# बैंक को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए उच्चतम ग्राहक सेवा आवश्यकः साहा

● पीएनबी के कार्यपालक निदेशक का लखनऊ दौरा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सर्वांगीण विकास में पंजाब नैशनल बैंक की भूमिका एवं योगदान की समीक्षा हेतु बैंक के कार्यपालक निदेशक स्वरुप कुमार साहा, कार्यपालक निदेशक ने मंगलवार को लखनऊ का दौरा किया। अपने एकदिवसीय लखनऊ दौरे में श्री साहा द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्टाफ ट्रेनिंग कोलेज 1 लखनऊ परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यपालक निदेशक के द्वारा लखनऊ के दोनों मंडल कार्यालय पूर्व एवं पश्चिम का उद्घाटन किया गया तथा उन्होंने कार्यरत समस्त स्टाफको संबोधित करते हुए कहा की हमें बैंक को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए उच्चतम ग्राहक सेवा बनाए रखने की आवश्यकता है तथा इसके माध्यम से हम बैंक का अधिक व्यवसाय बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक देश का अग्रणी बैंक है एवं पीएनबी की सभी शाखाएं सीबीएस नेटवर्क पर हैं। इसके अलावा उन्होंने 75 वी स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित अभियान आज़ादी का अमृत महोत्सव में सभी को गहन सहभागिता करने को कहा। अंचल प्रबन्धक संजय गुप्ता ने बैंक की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ग्राहकों के लिए कार, गृह व अन्य उपयोगी ऋण अत्यंत ही सरल रुप में व कम ब्याज पर दिए जा रहे हैं।

# मुंबई की डकैती का खुलासा, बलिया से महिला सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुंबई** के भयंदर थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले महिला की हत्या कर अंजाम दी गई डकैती का खुलासा करते हुए एसडीओ को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे गए जेवरात व अन्य संपत्ति बरामद हुई है। एसटीएफ वाराणसी इकाई के उप निरीक्षक अंगद यादव के नेतृत्व में एक टीम व एपीआई निलेश सिवाले मुम्बई क्राइम ब्रान्च की टीम ने सोनू व सुधीर को रेलवे स्टेशन परिसर जनपद बलिया से तथा मुन्नी देवी को उसी के गलाफरपुर पकहा गांव से गिरफ्तार करते हुए डकैती से संबंधित माल बरामद किया। पूछताछ में बताया कि अभियुक्त सोनू चौहान व सुधीर महाराष्ट्र में एक रबड़ की यूनाइटेड कम्पनी में काम करते थे। वहीं सोनू चौहन के गांव की सुमन अपने पति के साथ भोलानगर झोपड़पट्टी भयन्दर महाराष्ट्र में रहती थी। जिसका पति प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। सोनू व सुधीर का उसके घर पर अक्सर आना जाना होता था। इन लोगों को लगा कि उसके पास 25-30 लाख रहता है। लालच में आकर इन लोगों ने सुमन की हत्या कर सोना, गहना व पैसा लूटने की योजना बनायी। घटना को आसानी से अंजाम देने और किसी को कोई संदेह न हो इसकी आवश्यकता समझते हुए अपने गांव की महिला मुन्नी देवी को योजना बताकर महाराष्ट में अपने पास बुला लिया। तदोपरान्त सोनू व सुधीर उसी मुन्नी को साथ लेकर 21 जुलाई को सायं सुमन के घर पहुंच गए । गांव के होने के कारण सुमन इन सभी से पूर्व परिचित थी और उन सभी के लिए वह चाय बनाने लगी कि इसी दौरान इन तीनों ने मिलकर सुमन का मूंह तथा गला दबाकर हत्या कर दी और वहां से उसके जेवरात, 3 अदद मोबाइल, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड ,पैन कार्ड, चेक बुक, बैंक पासबुक व 38,000 रुपए लेकर फरार हो गए व बलिया आकर लुक छिपकर रह रहे थे।


# राजेश कुमार सिंह को बनाया गया सह प्रांत मंत्री

**लखनऊ।** हाई कोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह को भारतीय गोवंश हत्या एवं मांस निर्यात निरोधक परिषद का सह प्रांत मंत्री बनाए जाने पर अधिवक्ताओ एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। विश्व हिंदू परिषद की योजना बैठक के समापन पर केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय, केंद्रीय सह मंत्री अम्बरीष, क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र की उपस्थिति में राजेश कुमार सिंह को भारतीय गोवंश हत्या एवं मांस निर्यात निरोधक परिषद का सह प्रांत मंत्री घोषित किया गया तथा विभाग व जिले की भी नई पदधिकारिया की नए दायित्वों की भी घोषणाएं की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों



जिसमे प्रान्त, विभाग व जिले के सभी पदाधिकारियों व उपस्थित बरिष्ठ स्वयंसेवक बंधुओं व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में सहयोग व सफल बनाने के लिए प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने आभार ब्यक्त किया और बधाई दी तथा क्षेत्र गौरक्षा प्रमुख पूरन सिंह व उपस्थित सभी बरिष्ठ पदधिकारियों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी ।

## सीएमएस छात्र को 93000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्र शारिब अहमद को उच्चशिक्षा हेतु हांगकांग की प्रतिष्ठित द सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग ने 93,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा है। शारिब को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। शारिब ने इस सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व सीएमएस द्वारा दी गई उद्देश्यपूर्ण शिक्षा व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष सीएमएस के 100 से अधिक मेधावी छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।

# आदर्श मॉडल अपनाने वाले किसान उत्तम गन्ना कृषक की उपाधि से होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश के गन्ना विकास विभाग ने अनेक कदम उठाये हैं । इस सम्बन्ध में प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन एवं चीनी परता में वृद्धि, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती के लिए समन्वित रूप से ट्रेंच प्लाटिंग, सहफसली, रैटून मेनेजमेन्ट, ट्रैश मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई जैसी नवीन तकनीक के अपनाए जाने की महती आवश्यकता है इसलिये विभाग ने इसे पंचामृत का नाम दिया है। इस प्रकार समन्वित प्रबंधन करते हुए पंचामृत पद्धतियों के माध्यम से जिन प्लाटों पर खेती की जायेगी उन्हें आदर्श मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा।

श्री भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ने की खेती में आधुनिक तकनीकी पद्धतियों को समन्वित रूप से अपनाने से गन्ने की उत्पादन लागत में कमी आयेगी तथा गन्ने की उपज में बढ़ोत्तरी के साथ साथ पानी की बचत, भूमि की उर्वता शक्ति में वृद्धि एवं बाजार तथा घरेलू मांग के अनुसार खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, शाकभाजी आदि फसलों का उत्पादन जैसे अनेक लाभ होगें। ट्रेंच विधि से बुवाई, सहफसली खेती एवं ड्रिप के प्रयोग एक ही खेत पर शुरू करने वाले सफल कृषकों को विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपज बढ़ोत्तरी में प्राथमिकता तथा उत्तम गन्ना कृषक का प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा।


# सप्ताह भर में आधा दर्जन गांव भी अवैध कब्जा मुक्त नहीं करा सकीं राजस्व टीमें

● एण्टी भूमाफिया अभियान

संवाददाता। मोहनलालगंज

**अतिक्रमण** हटाने के लिए बुलडोजर गरजा न अवैध कब्जेदारों में हड़कम्प का शोर सामने आया। राजस्वकर्मियों की सुस्ती से मोहनलालगंज तहसील में जिला प्रशासन का एण्टी भूमाफिया अभियान रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। लिहाजा सप्ताह भर में राजस्व टीमें आधा दर्जन गांवों को भी अवैध कब्जा मुक्त होने का प्रमाण नहीं दे पाईं हैं। समीक्षा में अभियान को लेकर लापरवाही सामने आने पर एसडीएम डॉ. शुभी सिंह ने शिकंजा कस दिया है।

मोहनलालगंज तहसील के विभिन्न राजस्व ग्राम में सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे एण्टी भूमाफिया अभियान के नाम पर



राजस्व टीमें रस्मअदायगी कर रही हैं। 19 जुलाई से चल रहे अभियान में राजस्वकर्मी अब तक आधा दर्जन गांव को भी अतिक्रमण मुक्त करा दिए जाने का प्रमाण पत्र तहसील प्रशासन को नहीं मुहैया करा सकी हैं। अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की सूचना भी सामने नहीं आई है। जबकि सम्पूर्ण समाधान दिवस का शिकायत पंजीकरण रजिस्टर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायतों से भरा पड़ा है। यही नहीं ब्लाक की मनरेगा सेल को भी चकरोड, नाले, खेल मैदान पशुचर और तालाब की जमीनों पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों को रोजगार देने में बाधा पहुंच रहे होने की शिकायतें भी लगातार मिल रही हैं। उधर एण्टी भूमाफिया अभियान की जमीनी कार्रवाई के अभाव में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलन्द हैं। कुछ रियल एस्टेट कारोबारियों ने तो सरकारी जमीनों को साफ्ट टारगेट बना रखा है। लेकिन राजस्व टीमें अतिक्रमण मुक्ति अभियान को लेकर खोखले दावे करने में व्यस्त हैं। हालांकि समीक्षा में मातहतों की कारगुजारी पकड़ में आने के बाद एसडीएम ने राजस्व निरीक्षकों से एण्टी भूमाफिया अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई के फोटोग्राफऔर रोस्टर के मुताबिक चिन्हित गांव को अवैध कब्जा मुक्त करा दिए जाने का प्रमाण पत्र मांग कर खलबली मचा दी है।

# 2024 तक सबको आवास व पेंशन: रमाशंकर

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली



**विधान सभा** चुनाव नजदीक आते ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और समस्याओं का त्वरित समाधान के लिये शासन स्तर पर कवायद शुरू होगयी है। मंगलवार को जनपद के प्रभारी मंत्री रमाशंकर पटेल ब्लॉक सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा किया। इस दौरान प्रधान और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया। विकास कार्यो की धीमी गति पर अधिकारियों को फ्टकार और चेतावनी भी दिया। चेताया कि अब बहाना बाजी और कागजों पर विकास नही जमीन पर विकास होना चाहिये। गांव स्तर पर चौपा लगाकर समस्या का त्वारित समाधान का भरोशा दिया।

समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास निर्माण का द्वितीय किस्त जाने के बाद भी अधूरा होने पर नाराजगी जताया। यही नही शौचालयए मनरेगा और हैंडपंपों की मरम्मत कराने की भी जानकारी लिया। कई ग्राम प्रधानों ने कोरमपूर्ति करने पेंशन के लिये सुविधा शुल्क मांगने का आरोप भी लगाया। इसके अलावा शत प्रतिशत खाद्यान वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। अंत में पीएम और सीएम आवास सहित शौचालय के आधा दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र पांडेय, डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे, एसडीएम अजय मिश्रा, तहसीलदार डा वंदना मिश्रा, बीडीओ गुलाब चन्द्र सोनकर, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, विधान सभा प्रभारी सूर्यमुनी तिवारी, भानू सिंह, विजय गुप्ता, अमित सिंह, संजय पांडेय, कोतवाल अवनीश राय सहित प्रधान मौजूद रहे।

**कार्यकर्ताओं की समस्या होगी दूर: मंत्री:** प्रभारी मंत्री ने ब्लॉक पहुंचते ही बंद कमरे में विधान सभा और मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की रवैया को लेकर नाराजगी जताया। आरोप लगाया कि अधिकारी काम तो दूर बात भी सुनने को तैयार नही है। तहसील से लेकर ब्लॉक और थाना पर भी कार्यकर्ताओं की सुनी नही जा रही है। मंत्री ने कहा कि अब ऐसा नही होगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान और काम होगा।

**अब जिला पर समीक्षा नही गांव स्तर पर लगेगा चौपाल:** प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जिला पर समीक्षा नही अब सीधे बड़े बड़े गांव में चौपाल लगाकर सीधे जनता की समस्या का तत्काल समाधान कराया जायेगा। उन्हें सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाया जायेगा। दोषी अधिकारी और खानापूर्ति करने वाले बख्से नही जायेंगे।

# दो लाख के आभूषण के साथ चोरों के सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**सकलडीहा/चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लगातार चोरी की घटना से कोतवाली पुलिस की नींद हराम हो गयी थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर चोरों को पकड़ने के लिये टीम लगातार चोरों के फिराक में जुटी रही। मंगलवार को सुबह सधन तिराहा से मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने चोरों के सरगना सहित तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान चोरों के पास से दो लाख की आभूषण सहित स्मार्ट मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफविभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी है। वही चोरी की घटना में शामिल एक शातिर चोर अपना हिस्सा लेने के बाद फरार होगया। चोरों की गिरफ्तारी से क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस लिया।

कोतवाली क्षेत्र के तेनुवट, बलारपुरए भोजापुर सहित अन्य गांवों में लगातार चोरी बढ़ती घटना को लेकर पुलिस परेशान थी। कोतवाल अवनीश राय ने उप निरीक्षक अच्छेलाल यादव और कस्बा प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था । सुबह मुखबीर की सूचना पर टीम ने फोर्स के साथ सधन तिराहा से दो बालिग और एक नाबालिग चोर को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये चोर कस्बा निवासी सुनील सेठ और टिमिलपुर निवासी संजय व एक अन्य नाबालिग चोर ने चोरी की कई घटना में शामिल होने की बात कही। वही चोरों का एक साथी पन्द्रह दिन पूर्व चोरी का अपना हिस्सा लेकर फरार होगया। पूछताथ के बाद चोरों के पास से करीब दो लाख की सोने चांदी की आभूषण सहित दो स्मार्ट मोबाइल बरामद किया गया। वही चोरी का पैसा खर्च होने की बात कबूल किया। इस बाबत सीओ शेषमणी पाठक ने बताया कि चोरी की घटना का अंजाम देने वाले चोर बख्से नही जायेगे।

# डिप्टी सीएम ने दिवंगत महंत को दी श्रद्धांजलि, नए महंत शंकरपुरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव लाल मौर्या मंगलवार को श्री अन्नपूर्णा मंदिर में पहुँचकर दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी को श्रद्धाजंलि दी, वहीं मॉ अन्नपूर्णेश्वरी के महंत के गद्दी पर स्वामी शंकरपुरी जी महराज को मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इसके बाद श्री मौर्य का नवागत महंत शंकरपुरी ने स्वागत किया। इसके साथ मॉ अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र के भंडारा में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि सबको देने मॉ अन्नपूर्णा देवी हैं, हमसब एक सेवक के रूप में जनता का सेवा कर रहा हूँ। सबको देने वाली एकही मॉ है, वो हैं अन्नपूर्णा। डिप्टी सीएम के साथ कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा सहित भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के संत, महात्माओं ने शंकरपुरी को चादर ओढ़ाकर नए महंत की जिम्मेदारी दी

- स्वामी शंकरपुरी जी ने सबसे पहले माँ अन्नपूर्णेश्वरी का विधिवत पूजन किया एवं महाआरती उतारी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी अन्नपूर्णा** मठ मंदिर के दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी महाराज के षोडसी भंडारे में बड़ी संख्या में संत महात्माओं व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंगलवार की सुबह श्रद्धांजलि सभा के बाद शंकर पुरी महाराज को नया महंत नियुक्ति किया गया। श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के संतण्महात्माओं ने नवनियुक्त महंत को चादर ओढ़ाकर जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी के भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे संतण्महात्माओं के साथ श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व सुबह में महंती गद्दी संभालने से पहले नए महंत शंकर पुरी ने माता अन्नपूर्णा का विधिण्विधान से पूजन करके 7वें महंत के रूप में गद्दी संभाली। परम्परा के अनुसार श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी, अखाड़ा हरिद्वार से महंत कैलाश भारती, ओंकारेश्वर के महंत दयाल पुरी सहित अनेकों स्थानों के श्रीमहंत ने सर्वसहमति से शंकर पुरी महाराज के नाम घोषणा की। तिलक करते हुए महंती की चादर ओढाई और गद्दी पर विराजमान कराया। इस दौरान संत विहारी पुरी के महंत जयकिशन पुरी, स्वामी कृष्णानंद, श्रीमहंत सुभाष पुरी, श्री काशी विद्वत परिषद के अनेकानेक विशिष्ट विद्वानों की उपस्थिति रही।

## स्वामी जी के अधूरे कार्य को पूरा करूंगा: महंत शंकरपुरी

**गद्दी संभालने** के बाद नवनियुक्त महंत शंकरपुरी महाराज ने दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि उनके अधूरे कार्य को पूरा करूँगा। संस्कृति संस्कारों के सहित परम्परागत शास्त्रों के संरक्षण तथा सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाऊंगा। सभी संतों विद्वानों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन में मंदिर और ट्रस्ट जनहित के कार्य करता रहेगा। यह रहे मुख्य रूप से मौजूद महामंडलेश्वर विशेश्वरानन्द, रोहतक सचिव रामशेवक गिरी, औरंगाबाद महाराष्ट्र सचिव रावेंद्रपुरी श्री पंचायती अखाड़ा,सचिव कैलाश भारती ओंकारेश्वर मध्यप्रदेश, सचिव जमुनापुरी इलाहाबाद सचिव रमेशगिरी नाशिक श्री पंचायती अखाड़ा, सचिव शिवनारायण पूरी नाशिक तमकेश्वर, पद्मश्री प्रो राम यत्नशुक्ल, प्रोफेसर राम किशोर त्रिपाठी, डा दिनेश गर्ग, प्रो विनय कुमार पाण्डेय अध्यक्ष ज्योतिष विभाग, डा दिव्य चैतन्य ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक अजय राय सहित अन्य लोग मौजू रहे।

# पांच दिनों से संक्रमण शून्य चल रहा मऊ जिला

**मऊ।** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता के कारण लगातार पांच दिनों से मऊ जिला संक्रमण शून्य चल रहा है। मंगलवार को पांचवें दिन भी जांच के बाद आई रिपोर्ट के अनुसार कोई भी नया कोरोना संक्रमित मरीज नहीं पाया गया। वहीं एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 1 रहा साथ ही एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 1 रहा। कोरोना संक्रमण की रफ्तार जिले में काफी मंद हो चुका है। हालत यह है कि लगातार पांच दिनों से जिले में कोई भी नया कोरोना संक्रमित मरीज नहीं पाए जाने से वर्तमान समय में जिला संक्रमण शून्य चल रहा है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह से कमर कसे हुए हैं। मुख्य विकास अधिकारी राम सिंह ने बताया कि अब तक 248636 लोगों का नमूना लैब भेजा गया हैए इसमें 244522 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। साथ ही साथ 240799 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव है और 4114 की रिपोर्ट प्रतीक्षारत है। जांच में अब तक 8320 संक्रमित मिले हैंऔर 8239 रिकवर हो चुके हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले की सुनवाई टली, अगली तारीख पांच अगस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी मस्जिद** मामले में पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) आशुतोष तिवारी के आदेश के खिलाफ दाखिल निगरानी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टल गई। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजूमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से इस याचिका पर अपना पक्ष रखने के लिए अदालत से समय मांगा। जिला जज ओमप्रकाश त्रिपाठी ने इन पक्षकारों को सुनवाई के लिए अगली तिथि पांच अगस्त को निर्धारित कर दी। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ और अंजूमन इंतजामिया कमेटी ने सिविल जज के आदेश के खिलाफ जिला जज की अदालत में निगरानी याचिका दायर किया है।

इस याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई के दौरान वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने आपत्ति करते हुए याचिका को निरस्त करने की दलील दी थी। वादमित्र की आपत्ति पर अपना पक्ष रखने के लिए सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ के अधिवक्ता अभय नाथ यादव और अंजूमन इंतजामिया मसाजिद के अधिवक्ता रईस अहमद अंसारी व मुमताज अहमद ने समय मांगा था जिसे मंजूर करते हुए अदालत ने 27 जुलाई की तिथि मुकर्रर की थी।इस मामले में आठ अप्रैल को ज्ञानवापी मस्जिद मामले में पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के मामले में वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी की अपील (प्रार्थना पत्र) को कोर्ट ने अपने फैसले के दौरान मंजूर कर लिया है। वहीं इस मुकदमे के मामले में सुनवाई के क्षेत्राधिकार को लेकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने सिविज जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक के कोर्ट में सुनवाई करने के लिए अदालत में क्षेत्राधिकार को चुनौती दी थी।बीते 25 फरवरी 2020 को सिविल जज सीनियर डिवीजन ने इस चुनौती को खारिज कर दिया था। विवादित स्थल विश्वनाथ मंदिर का एक अंश है इसलिए एक अंश की धार्मिक स्थिति का निर्धारण नहीं किया जा सकता, बल्कि ज्ञानवापी परिसर का भौतिक साक्ष्य लिया जाना जरूरी है। जिसे पुरातात्त्विक विभाग जांचकर वस्तुस्थिति स्पष्ट कर सकता है कि ढांचा के नीचे कोई मंदिर था अथवा नहीं। तथ्यों के आधार पर प्राचीन विश्वनाथ मंदिर के ध्वस्त अवशेष प्राचीन ढांचा के दीवारों में अंदरुनी और बाहरी तौर पर विद्यमान बताए गए हैं। पुराने मंदिर के दीवारों और दरवाजों को चुनकर वर्तमान ढांचा का रुप दिया गया बताया है। कहा गया है कि पुराने विश्वनाथ मंदिर के अलावा पूरे परिसर में अनेक देवी-देवताओं के छोटे-छोटे मंदिर थे जिनमें से कुछ आज भी विद्यमान हैं।

# नोटों में बैटरी, डिवाइस लगाकर रोजाना जीत रहा था जुआ से लाखों रुपये, पुलिस ने छह को धरा

- हाईटेक तरीके से जिले में जुआ खेलने का पहला मामला

**संवाददाता।** हमीरपुर



**हमीरपुर** शहर में आज कोतवाली पुलिस ने हाईटेक तरीके से नोटों में बैटरी व डिवाइस लगाकर बेइमानी से जुआ जीतने को लेकर छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक के.के दीक्षित ने बताया कि दोपहर हमीरपुर कोतवाली पुलिस ने शहर के गोपाल निवासी विवेक नगर के घर में छापा मारकर जुआ खेलते छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया,जिसमे 21 हजार रुपये बरामद किया गया है। फ ड़ में गोपाल निवासी ग्राम भैसापाली थाना कुरारा,शीबू निवासी खालेपुरा मोहाल हमीरपुर,प्रदीप अहिरवार निवासी मोहाल नौवस्ता हमीरपुर, अर्पित निवासी कुरारा, विकास निवासी खालेपुरा हमीरपुर, रोहित गुप्ता निवासी बस स्टैड के पास हमीरपुर आदि छह लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि मौके पर पाया गया जुआ के फ ड़ को संचालनकर्ता रोहित ने पांच सौ के नोटो को काटकर उसके बीच मे बैटरी लगायी थी,उसी में डिवाइस व एक छोटा सा कैमरा लगा हुआ था,रोहित ने बताया कि बैटरी के मध्य यह डिवाइस उसके मोवाइल से कनेक्ट है, उसी के माध्यम से उसे जानकारी हो जाती थी अब ताश का पत्ता किस ओर आ रहा है उसी पर दाव लगाकर जुआ जीत लेता था,पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के धोखाधड़ी के जुआ झांसी व अन्य जिलो में खेले जाते थे मगर हमीरपुर जिले का यह पहला मामला है।

# सीएमएस ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

- ओपीडी में दो चिकित्सक पाए गए अनुपस्थित, दोनों अनुपस्थित चिकित्सकों जारी किया नोटिस

**संवाददाता।** मऊ

**जिला अस्पताल** में चिकित्सकीय व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही तत्कालीन सीएमओ डॉण् सतीश चंद्र सिंह के निरीक्षण में जहां 9 चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थेए वहीं दूसरी तरफ मंगलवार को सीएमएस ने भी जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। सीएमएस डॉण् बृज कुमार के निरीक्षण में भी दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। सीएमएस ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया है। सीएमएस द्वारा अनुपस्थित चिकित्सकों को नोटिस जारी किए जाने से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय में वैसे तो सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अत्याधुनिक चिकित्सकीय चिकित्सकीय संसाधन उपलब्ध कराया गया है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरीजों व तीमारदारों का काफी बुरा हाल है। हालत यह है कि जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल द्वारा सख्त हिदायत के बाद भी जिला अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही तत्कालीन सीएमओ डॉ सतीश चंद्र सिंह द्वारा जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नौ चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे। बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को सीएमएस डॉ बृज कुमार ने जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। सीएमएस द्वारा जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किए जाने पर दो चिकित्सक डॉ. रुपेश कुमार एवं डॉण् राकेश कुमार अनुपस्थित पाए गए। सीएमएस ने तत्काल प्रभाव से दोनों अनुपस्थित चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

# धनघटा थाने में तैनात दरोगा रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

- गोरखपुर एंटी करप्शन टीम ने शिकायत पर की कार्रवाई

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आरोपी दरोगा — पायनियर

**गोरखपुर** एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति के बाद गोपनीय तरीके से धनघटा थाने में तैनात उपनिरीक्षक को 10 हजार रूपये रिश्वत लेते उसके आवास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान हाथापाई की भी नौबत आ गई। जिसमें आरोपी अभियुक्त व एंटी करप्शन टीम के बीच जमकर हाथापाई हुई। एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को पकड़कर खलीलाबाद कोतवाली में लाकर विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्त दरोगा राममिलन यादव के विरूद्व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गोरखपुर न्यायालय के लिए टीम लेकर चली गई। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एण्टी करप्शन टीम गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक रामधारी मिश्र ने बताया कि धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमा खान निवासी अब्दुल्ला खान पुत्र इस्मत हुसैन ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा उच्चाधिकारियों के आदेश पर दर्ज हुआ था। उक्त मुकदमे में चार्जशीट लगाने के लिए धनघटा थाने में तैनात उपनिरीक्षक राम मिलन यादव लगातार घूस की मांग कर रहे हैं और मुकदमे में चार्जशीट नहीं लगा रहे हैं। शिकायत की प्रारंभिक जांच की गई तो मामला पुष्ट हुआ। एण्टी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक रामधारी मिश्र ने बताया कि दोपहर में शिकायतकर्ता अब्दुल्ला खान दो-दो हजार के पांच नोट के साथ आरोपी दरोगा को मांगी गई घूस की रकम देने के लिए भेजा गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी से मिलकर दो स्वतंत्र गवाह देने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी और खाद्य सुरक्षा विभाग के एक कर्मचारी को स्वतंत्र गवाह के रूप दिया। गवाहों की उपस्थिति में दरोगा राम मिलन यादव को उसके आवास पर घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन आरोपी दरोगा गाड़ी पर बैठने को तैयार नहीं हो रहा था जिसे बलपूर्वक गाड़ी में बैठाया गया। पूछने पर उन्होंने बताया कि दरोगा को खलीलाबाद थाने पर लाने से रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने मुखलिसपुर चौकी तथा नाथनगर में बैरियर लगाकर टीम को रोकने का प्रयास किया लेकिन एण्टी करप्शन टीम की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस वाले उन्हें रोकने में सफल नहीं हो सके।

# क्विक न्यूज

## अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, युवक की मौत

**धानापुर/चन्दौली।** अवही मार्ग पर मंगलवार को अपरान्ह लगभग एक बजे सरयां गांव के पास अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि क्षेत्र के बसगांवा निवासी अनीस राय पुत्र अमरनाथ राय अपने बाइक से धानापुर बाज़ार आ रहा था तभी सरयां गांव के पास वह अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गयी। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकाला सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरयां गांव के पास सड़क पर हल्का सा मोड़ है जहां किनारे पर पेड़ पौधे ज्यादा हैं जिसके कारण आये दिन बाइक सवार घायल होते हैं। ग्रामीणों ने बताया आधा दर्जन लगभग मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि मार्ग के किनारे पेड़ पौधे साफकरवाने के साथ किनारे पर सुरक्षा रॉड लगवाया जाय जिससे आये दिन होने वाली दुर्घटना से निजात मिले।

## उप्र माध्यमिक वित्तविहीन गुट ने दिया धरना, उठाई अपनी मांग

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के आह्वान पर पूरे प्रदेश में धरने का आयोजन वित्तविहीन शिक्षकों ने किया था। इसी क्रम में वाराणसी के शास्त्री घाट पर ज़िले के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों ने वाराणसी खंड शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव और वित्तविहीन गुट के मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और मानदेय को लेकर सरकार से मांग की।इस धरने को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष और वाराणसी खंड शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में 80 प्रतिशत भागीदारी देने वाले 3 लाख 50 हज़ार शिक्षक एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारी रोज़ी पाकर रोटी के लिए मोहताज हैं। उनकी स्थिति मनरेगा कर्मियों से भी बदतर हो गयी है। विद्यालयों के बंद होने के कारण बच्चों से फीस प्राप्त न होने से न तो प्रबंधक मानदेय दे पा रहे हैं न सरकार इसपर ध्यान दे रही है। ऐसे में हमारे पास धरने के अलावा को चारा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकल एमएलसी बनने के बाद मैंने यह मुद्दा सदन में भी उठाया था पर सरकार ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। वहीं वित्तविहीन गुट के मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अंबेडकर ने बताया कि हम सभी वित्तविहीन शिक्षक लाकडाउन में स्कूल बंद होने की वजह से सड़क पर आ गए हैं। ऐसे में हमारी सरकार से मांग है कि मानदेय तय किया जाए साथ ही 2005 से जो पेंशन व्यवस्था बंद की गयी है उसे भी बहाल किया जाए।

## स्वच्छ भारत मिशन की बैठक आज

**सोनभद्र।** जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी सोनभद्र के स्वीकृति 28 जुलाई 2021 को 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अन्तर्गत शौचालय निर्माण के लिए धनराशि के प्रेषण एसएलडब्ल्यूएम के अन्तर्गत ग्रामों के चयन पर विचार 5 बड़े ग्राम पंचायतों में कूड़ा डम्पिंग के स्थल के चयन पर विचार व अन्य बिन्दु जिलाधिकारी के अनुमति से समीक्षा की जायेगी।

## कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का हुआ वितरण



**सोनभद्र।** एलिम्को कानपुर एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण करने के उद्देश्य से विकास खण्ड परिसर घोरावल में शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में शिव नारायण सिंह एडीओ आईएसबी, विकास खण्ड घोरावल, एलिम्को के प्रतिनिधि सुपोंग वाती जमीर पीएनओ अधिकारी दीपक विनीत पाण्डेय अनमोल एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी ऋतुराज सिंह वरिष्ठ सहायक श्यामल कुमार गॉगुली बलराम तिवारी विनय मो0तलहा इत्यादी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में 52 दिव्यांगजनो में कुल 29 ट्राईसाईकिल, 07 व्हील चेयर 44 बैसाखी 14 कान की मशीन 07 छड़ी 03 रोलेटर 03 स्मार्ट केन 02 स्मार्टफोन 06 कृत्रिम अंग इत्यादी का वितरण किया गया।

## घूमने जाते समय कार नहर में पलटी

**चन्दौली।** शहाबगंज थाना क्षेत्र के तियरा गांव के समीप उस वक्त चीख.पुकार मच गई जब एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित हो कर नहर में पलट गई हालांकि सभी को आसपास के लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया । वहीं सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुँच गई और आगे की कार्यवाई में जुट गई । जानकारी के मुताबिक बिहार के बक्सर निवासी वाहन संख्या बीआर.01.डीजे.1401 से चालक अभिषेक कुमार अपने साथी रोहित कुमारए जितेंद्र कुमारए राहुल कुमार व विक्की लतीफशाह घूमने के लिए जा रहे थे अभी वो तियरा गांव के करीब पहुँचे ही थें कि उसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। गाड़ी के नहर में पलटते ही लोगों कि चींख.पुकार निकल गई हालाँकि ग्रामीणों की मदद से सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया । वहीं घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुँचे शहाबगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार बक्सर जिला के सभी लोग रहने वाले बताए गए सभी लोग लतीफशाह घूमने के लिए जा रहे थें इसी बीच तियरा गांव के समीप उनकी स्विफ्ट डिजायर कार नहर में पकट गई सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है सभी लोग सुरक्षित हैं।

## गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक



**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज की अध्यक्षता में मंगलवार की दोपहर लालडिग्गी स्थित नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर सफाईएजलएप्रकाश के मुख्य अधिकारियो के साथ गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुये बैठक की गयीं।नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बैठक में उपस्थित समस्त सभी विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट दिशा.निर्देश देते हुये कहा कि 1 अगस्त को विन्ध्य कॉरिडोर के शिलान्यास को देखते हुये विशेष साफ-सफाई अभियानएप्रस्तावित मार्ग की प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करनेएक्षतिग्रस्त पाइप को बदलने का भी स्पष्ट निर्देश दिया।नपाध्यक्ष ने विंध्यधाम परिसर एवं विन्ध्याचल के प्रस्तावित रूट सहित आस.पास के क्षेत्रों में विशेष सफाई एवं चुने का छिड़काव कराने के लिये मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया।नपाध्यक्ष ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रस्तावित मार्ग पर टुटे हुये पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के साथ टूटी हुई नालियों के निर्माण का भी आदेश दिया।नपाध्यक्ष ने कहा कि विन्ध्य कॉरिडोर के शिलान्यास हेतु देश के गृह मंत्री अमित शाह और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 1 अगस्त को होने जा रहा है।जिसको देखते हुये पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी है। सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम का गठन कर दिया जो आगमन के मद्देनजर साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम करेंगे। मन्दिर परिषर के साथ .साथ पूरे विन्ध्याचल में साफसफाई व्यवस्था को चाक.चौबंद करने के साथ.साथ जिन मार्गो से गृह मंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा उन स्थानो पर सफाई-निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम बना कर विशेष साफ-सफाई करवायी जायेगी। इस मौके अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश, कर निर्धारण अधिकारी अरबिन्द यादव, संजय सिंह, नगर अभियन्ता सुनील मौर्या, जलकल अभियन्ता सुधीर वर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ, सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा, मधुसूदन, अनिल रावत आदि मौजूद रहे ।

## गल्ला व्यापारियों के शोषण पर होगी दंडात्मक कार्रवाई: मनोज श्रीवास्तव

**मीरजापुर।** नगर के रतनगंज मोहल्ले में आयोजित गल्ला व्यापारी संघ की बैठक में सरकारी स्तर पर किए जा रहे शोषण की तीखी निन्दा की गई । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अगर व्यापारियों का किसी ने शोषण और प्रताड़ित करने का काम किया तो उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी । सरकार की मंशा पर पानी फेरने वालो को माफनहीं किया जाएगा । व्यापारियों ने बैठक के दौरान कहा कि गल्ला का स्टाक चेक करने के नाम पर उन्हें बार बार ऑफिस बुलाया जाता है । व्यापारी को गद्दी छोड़कर जाना पड़ता है । जिससे व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ना तय है । बताया कि 500 टन तक गल्ला रखने की स्वीकृति हैं । इसके बावजूद स्टॉक चेक करने के नाम पर केवल आफिस का चक्कर लगाने के लिए विवश किया जाता हैं । जो सीधे सीधे व्यापारियों का भयादोहन हैं । जिले में इतना बड़ा किसी व्यापारी का गोदाम नहीं है कि वह इतनी भारी संख्या में अन्न का भंडारण कर सकें । इसके बावजूद स्टॉक चेक करने के नाम पर शोषण करना व्यापारियों को प्रताड़ित करने की श्रेणी में आता है । व्यापारियों ने बैठक में एक स्वर से उत्पीडन के खिलाफआवाज को बुलंद किया । कहा कि जब व्यापारी सरकार की मंशा के अनुसार व्यापार कर रहे है तो उन्हें बार.बार आफिस बुलाकर प्रताड़ित करने का कोई औचित्य नहीं बनता । यह तो सीधे.सीधे अपने मनसा की पूर्ति के लिए परेशान करने का तरीका है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी अपना रवैया बदले ।

## ओलम्पिक का संदेश

### प्रतियोगिता के साथ समावेशन

**ओलम्पिक** जबरदस्त प्रतियोगिता के बीच मानवजाति को समावेशन का संदेश देता है। ओलम्पिक खेलों ने 2016 में रियो के बाद दूसरी बार टोकियो से संदेश दिया है कि इसका अर्थ केवल विजय न होकर संबंधों से है। यह संदेश उन 29 खिलाड़ियों से आया है जो वर्तमान समय में 82 मिलियन राज्यविहीन या अपने घरों से विस्थापित लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो दुनिया में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं। अब उनको एक मंच व एक स्वर मिला है। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति-आईओसी ने निर्णय किया कि शरणार्थियों को खेलों के माध्यम से अपने जीवन को संजोने का अवसर मिलेगा। आईओसी ने रियो ओलम्पिक में शरणार्थी ओलम्पिक टीम के रूप में 10 शरणार्थी एथलीटों को आमंत्रित किया था। टोकियो में यह संख्या लगभग तीन गुना बढ़ कर 29 हो गई है। यह याद दिलाता है कि शरणार्थियों की संख्या भी इसी तरह बढ़ रही है। यदि इन एथलीटों को ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिला है तो इसका कारण यह है कि उनको अब उत्पीड़न या भूख की चिन्ता नहीं है। घर से बहुत दूर उनके पास घर है, वे सुरक्षित हैं तथा सभी प्रकार के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन शरणार्थी का दर्जा होने के कारण वे आहत हैं। उनका मानना है कि 'एक दिन, एक समय यदि मेरे देश में व्यवस्था सुधरती है तो मैं वापस जाकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा।' यह शरणार्थी पाउलो एमोटन लोकोरो का सपना है जो टोकियो में 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। गृह युद्ध से बचने के लिए दक्षिण सूडान के पूर्व मवेशी झुंड के मालिक अब कीनिया पलायन कर गए हैं।


अफगान निगारा शाहीन ने अपने बचपन में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



उनको दोनों देशों से उत्पीड़न और जीवन पर खतरे का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने अतीत को जूडो में मैडल प्राप्त करने का सपना नहीं तोड़ने दिया। सीरिया की तैराक युसरा मार्दिनी 2015 में दुनिया भर में उस समय सुर्खियों में आई जब उन्होंने अपनी बहन के साथ सीरिया छोड़ने का फैसला किया। उन दोनों ने एक छोटी नौका से सफर शुरू किया और उसके डूबने पर भूमध्य सागर में तैर कर अपनी जान बचाई। उस समय भी तैराकी ने उनकी जान बचाई और आज यह खेलों में उनका सपना बन गई है। 2015 से लेकर अब तक आईओसी के आह्वान ने दुनिया में शरणार्थियों पर नीतियों में बेहतरी भी दिखाई है। उदाहरण के लिए वर्तमान ओलम्पिक खेल आयोजित करने वाले जापान ने 2019 में शरणार्थी स्तर प्राप्त करने की अपील करने वालों में से एक प्रतिशत से कम को ही यह दर्जा दिया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके उलट सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में चौथे स्थान वाले जर्मनी ने इसी साल लगभग 53 प्रतिशत शरणार्थियों को अनुमति दी। आज दुनिया के शरणार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या सीरियाइयों, अफगानियों, रोहिंग्याओं तथा अफ्रीकनों की है। लेकिन उनके लिए बहुत कम देशों ने अपनी सीमायें खुली रखी हैं। कुछ देशों में पहुंचने में सफल होने पर शरणार्थियों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है या उनको राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। शरणार्थी ओलम्पिक खिलाड़ी एंजेलीना नडाई लोहालिथ ने कहा था, 'हमें उम्मीद है कि दूसरे लोग हमें सामान्य लोगों की तरह देखेंगे।' खेल विश्व समुदाय को समझाना चाहते हैं कि शरणार्थी समस्या को केवल कुछ डालर दान देकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। शरणार्थी समस्या से निपटने के लिए पहले इसके मानवीय आयामों को स्वीकार करना होगा।

# मिल रहे आर्थिक सुधारों के लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में तीन बड़े आर्थिक सुधार किए थे। उस समय उनका मजाक उड़ाया गया था, पर अब वे उल्लेखनीय प्रगति का कारण बने हैं।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार ने तकनीक के कुशल प्रयोग से सामाजिक कल्याण की योजनाओं में 80 प्रतिशत अंतिम लाभार्थियों को लाभ मिलना सुनिश्चित किया है। इस लेख में मैं खासकर तीन व्यापक वित्तीय समावेशन और रोजगार सृजन लक्ष्यों की चर्चा करना चाहती हूं जिनको मोदी की पहली सरकार के समय शुरू किया गया था। अब 2021 में ये प्रयास फलदाई सिद्ध हो रहे हैं और इन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना शुरू कर दिया है। इन तीनों सुधारों का उस समय आलोचकों ने मजाक उड़ाया था, चाहे वह नोटबंदी के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करना हो, मोदी द्वारा स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से स्वरोजगार सृजन के प्रयास हों या मिशन के रूप में स्किल इंडिया को प्रोत्साहन देना हो।

प्रधानमंत्री ने 2015 में त्रिआयामी दृष्टिकोण पेश किया था। डिजिटल भुगतानों के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करने के प्रयासों से फिनटेक सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिला है, जनता के लिए एक सहायक परिस्थितिकी तंत्र बना है तथा अब 'स्टार्टअप इंडिया' के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। इसके साथ ही 'स्किल इंडिया' खोजों के क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। मध्य 2021 तक इन तीनों सुधारों ने असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है, खासकर पहले दो सुधारों ने कोविड के पश्चात डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है। डिजिटल बैंकिंग के सर्वव्यापीकरण ने वित्तीय समावेशन पैदा किया है। शहरी और ग्रामीण गरीबों को वित्तीय समावेशन में शामिल किए बिना 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तथा न्यू इंडिया बनाने के लक्ष्य पूरे नहीं हो सकते हैं।

इसलिए बैंकों से बाहर छूट गई जनसंख्या को औपचारिक कर्ज व्यवस्था, बचत और बीमा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी हो गया था। 'वित्तीय समावेशन के मूलभूत आधारों में बैंकों से बाहर छूट गए लोगों को बैंकों में लाना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित बनाना तथा निर्धन लोगों को पैसा देना था।' कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने डिजिटल भुगतानों को गति प्रदान की है जो वित्तीय समावेशन प्राप्त करने का रास्ता बन गए हैं।

उपभोक्ताओं के कर्ज इतिहास तक पहुंच बनाए बिना तकनीक आधारित कर्ज देने की व्यवस्था करना संभव नहीं था, जबकि बैंकों से बाहर छूट गए लोगों के कर्ज लेने का कोई ट्रैक रिकार्ड नहीं था। इसी तरह बंधक रखने में अक्षम एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज का विस्तार करना कठिन था। जन-धन, आधार और मोबाइल इकोसिस्टम की जेएएम त्रयी को 2015 में स्थापित किया गया। इसने डिजिटल वित्तीय सेवाओं को व्यापकता, मात्रा तथा प्रदान करने की गति के आधार पर जून 2021 तक व्यापक विस्तार दिया। आज भारत की भुगतान व्यवस्थाओं में औसतन 150 मिलियन से अधिक लेनदेन का रोज निपटारा होता है जिनकी धनराशि 4.5 करोड़ रुपये है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी में डिजिटल भुगतानों की प्रभावशीलता भी स्पष्ट दिखाई देती है।

वित्त वर्ष 2021 में 319 सरकारी योजनाओं के माध्यम से 53 लाख करोड़ रुपये का भुगतान डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। आज बैंक फिनटेक के साथ साझीदारी कर ज्यादा से ज्यादा 'न्यू टु क्रेडिट' माइक्रो उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था में ला रहे हैं तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को सात मिनट में कर्ज दे रहे हैं, जबकि पहले इस काम में सात दिन लगते थे। इन हस्तक्षेपों के पहले ग्रामीण भारत तक वित्तीय सेवाओं का विस्तार बैंकों के लिए बहुत कठिन काम था क्योंकि सुदूर क्षेत्रों में रह रहे लोगों की सेवा करने में बहुत खर्च होता था। इसके साथ ही छोटे वित्तीय लेनदेन के कारण कर्ज की मांग भी बहुत कम थी।

> **स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। स्किल इंडिया मिशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है। वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं।**

'स्किल इंडिया मिशन' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्किल इंडिया सरकार द्वारा 2015 में की गई स्मार्ट पहलों में शामिल थी जिसका लक्ष्य बाजार और उद्योग के अनुकूल कौशल तैयार करना था ताकि कामगारों को 2022 तक विभिन्न कामों के लिए तैयार किया जा सके। वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनने तथा प्रति व्यक्ति उत्पादकता व प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए हमें लाखों कम वेतन पाने वाले लोगों के लिए अच्छे वेतन वाले रोजगार तैयार करने हैं। इसके माध्यम से कामगारों को कृषि क्षेत्र से सेवा क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र में लाया जा सकता है। यह बहुत उत्साहवर्धक खबर है कि जून, 2021 तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' के अंतर्गत स्किल, रि-स्किल और अप-स्किल किया जा सका था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'आज की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए केवल एक कुशल व्यक्ति ही सक्षम है। कमाई बढ़ने के साथ उसका सीखना थमना नहीं चाहिए।'

पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने 2015 में कहा था, 'भारत को नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वालों के देश की तरह देखा जाना चाहिए।' इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाना जरूरी था। बिजनेस सुगमता आयामों को बढ़ावा देने से कर्ज तक पहुंच आसान हुई है। इससे उद्यमिता व स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिला है। नोटबंदी के कारण 2017 में पेटीएम जैसे फिनटेक स्टार्टअप को बढ़ावा मिला। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण विभिन्न प्रकार के तकनीक आधारित स्टार्टअप की स्वीकार्यता बढ़ी है जिनमें शिक्षा, सौंदर्य, खुदरा व्यापार, खाद्य पदार्थ डिलीवरी एग्रीग्रेटर, ई-कामर्स, ई-हेल्थकेयर, आदि अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इस खोजी उद्यमिता ने पहली बार प्रवेश करने वाले को भी लाभान्वित किया है और वह यूका-परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता तथा भ्रम की दुनिया से बाहर निकलने की कला में माहिर हुआ है।

इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है और इसमें प्रवेश करने वाले नये उद्यमी वर्तमान बिजनेस माडलों को बदल कर नये उत्पाद तैयार कर सकते हैं। ये उत्पाद उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हैं तथा जीवन सुगमता सरल बनाने में अपना योगदान करते हैं। वर्तमान समय में स्टार्टअप पुरानी अर्थव्यवस्था की तुलना में 1.3 गुना अधिक रोजगारों का सृजन करते हैं। उन्होंने गैर-प्रायोजित कंपनियों की तुलना में लगभग दूने टैक्स का भुगतान किया है।

वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं। नवीनतम प्रवेश करने वालों में ब्राउजरस्टैक, जीटा व मोगलिक्स शामिल हैं, जबकि 10 बिलियन पौंड से अधिक मूल्य वाले लीग आफ डेकन्स उद्यमों में बाइजू, जोमैटो व पेटीएम जैसी कंपनियां शामिल हुई हैं। उम्मीद है कि अगले तीन सालों में टेक-स्टार्टअप का विस्तार 150 और यूनीकार्न में होगा। इस बीच वैश्विक निवेशक समुदाय भारत में उभरते स्टार्टअप के प्रति बहुत आशान्वित है तथा भारत दुनिया में तीसरे सबसे बड़े व सबसे तेज विकसित हो रहे स्टार्टअप स्थल बन गया है।

# गंगा में बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण

> **माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम होते हैं, और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं।**



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में सबसे अधिक पूजनीय नदी गंगा तेजी से मानवजनित प्रदूषण का दुखद शिकार बनती जा रही है। पिछले एक दशक में, गंगा में प्रदूषण का स्तर, विशेष रूप से मल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया, बढ़ रहा है- इसके तट पर रहने वाले 400 मिलियन लोगों का प्रभाव। वाराणसी में एकत्र किए गए नमूनों में बार-बार कोलीफॉर्म का स्तर निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक दिखाया गया है। दस लाख की आबादी वाला तीर्थ शहर प्रतिदिन 200 मिलियन लीटर अनुपचारित मानव मल गंगा में छोड़ता है। गंगा एक्शन प्लान आशा की एक किरण थी जिसने नदी को साफ करने में मदद करने का वादा किया था लेकिन यह एक मृगतृष्णा साबित हुई। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता की कमी, और गरीब सरकार के कारण प्रदूषण पर लगाम लगाने में सरकार द्वारा शुरू की गई योजना बहुत धूमधाम से विफल रही। देशी, धार्मिक निकायों और पर्यावरण नियोजन से समर्थन की अनुपस्थिति के कारण इन मुद्दों को और बढ़ा दिया गया था।

परिणाम मानव प्रदूषण के पापों से भरी नदी को साफ करने के एक और प्रयास की विफलता थी। भारत में जल संसाधनों की स्थिति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत में जल प्रदूषण की स्वास्थ्य लागत प्रति तीन प्रतिशत होगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत और देश की लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां और एक तिहाई मौतें जल जनित बीमारियों के कारण होंगी। भविष्यवाणियों की पुष्टि गंगा सटीक रूप से कर रही है। यहां तक कि जब लोग, सरकार और नदी खुद प्रदूषण के अत्यधिक स्तरों से जूझ रहे हैं, एक एनजीओ, टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए



एक नए अध्ययन में पाया गया है कि गंगा में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर बढ़ गया है और रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, गंगा अब एक प्रमुख नदी के लिए माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की दुनिया की उच्चतम सांद्रता होने का संदिग्ध गौरव प्राप्त है। माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम हैं और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में नदी के पानी में माइक्रोप्लास्टिक सामग्री में इस मेगा स्पाइक के पीछे नदी को धार्मिक प्रसाद में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पाया गया है। प्लास्टिक में इस वृद्धि का पर्यावरण और मनुष्यों के लिए समान रूप से गंभीर प्रभाव है। माइक्रो प्लास्टिक्स में मौजूद एथिलीनविनाइल, पॉलीएसिटिलीन और पॉलियामाइड की उपस्थिति मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक प्रभाव डालती है और ऑक्सीडेटिव तनाव, भड़काऊ घावों और बढ़े हुए उत्थान या स्थानांतरण के माध्यम से विषाक्तता पैदा कर सकती है। कई अध्ययनों ने माइक्रोप्लास्टिक्स के निरंतर संपर्क या अंतर्ग्रहण के कारण मनुष्यों में चयापचय संबंधी गड़बड़ी, न्यूरोटॉक्सिसिटी और कैंसर के खतरे में वृद्धि की संभावना का भी प्रदर्शन किया है। चूंकि नदियां मनुष्यों के लिए आवश्यक जीवन रेखा होती हैं और कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं, इसलिए हमारी नदियों को माइक्रोप्लास्टिक हॉटस्पॉट बनने से रोकने की आवश्यकता है। इससे न केवल नदी जल जैव विविधता बल्कि मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। गंगा को प्रभावित करने वाले माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए, सरकार को इस प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल उपचारात्मक उपाय करने चाहिए। जल निकायों में फैले माइक्रोप्लास्टिक को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में दुनिया भर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना और उन्हें अपनाना महत्वपूर्ण है।

पहला कदम एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना है और दूसरा, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है जैसे कि मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर तकनीक जिससे माइक्रोप्लास्टिक को छानने के लिए अपशिष्ट जल के उपचार के लिए फाइबर का उपयोग किया जाता है।

इसी तरह, पानी में माइक्रोप्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नैनोसेल्यूलोज झिल्ली फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं। दुनिया में पहले से हो रहे इन रोमांचक विकासों के साथ, भारत पीछे नहीं रह सकता है और उसे पहल करनी चाहिए और घरेलू मोर्चे पर इन तकनीकों को अपनाना चाहिए और कीमती नदी और जल निकायों को माइक्रोप्लास्टिक के गंभीर खतरे से बचाया जाना चाहिए।

## आप की बात

### वादे तोड़ने की आदत

**अक्सर** नेता वाहवाही और प्रसिद्धि पाने के लिए अनोखे वायदे कर लेते हैं, फिर बाद में उन्हें भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी तो इस काम में महारथ हासिल कर चुकी है। इसीलिए उसे लोग 'आदतन असत्यवादी पार्टी' भी पुकारने लगे हैं। इसके शीर्षस्थ नेता अरविन्द केजरीवाल ने पिछली कोरोना लहर के दौरान, जब प्रवासी मजदूर अपने घर वापस लौटने लगे थे, तो उनसे वायदा किया कि उनके दिल्ली-स्थित निवास का किराया सरकार देगी, वे वापस न जाएं। उनके इस वचन का ऐतबार कर बहुत से कामगार दिल्ली में ही टिक गए, पर बाद में केजरीवाल सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया। सोचा होगा, वादे हैं, वादों का क्या। किन्तु कुछ मजदूर कोर्ट पहुंच गए। न्यायालय ने बात को गंभीरता से लिया। अपने फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें बकाया किराया मजदूरों की ओर से मकान मालिकों को देना पड़ेगा। अब शायद वायदा करने में उस्ताद केजरीवाल को आटे-दाल का भाव पता चलेगा। अन्य राजनीतिबाज नेता भी अब सावधान रहें और वायदों की घोषणा से पूर्व उन्हें निभाने की योजना बनाकर रखें। वायदे महज तोड़ने के लिए नहीं होते।

– **आस्था गर्ग**, बागपत रोड, मेरठ

### राजद्रोह कानून

**राजद्रोह** कानून की प्रासंगिकता तो हमेशा बनी रहेगी। सरकार को इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को नगण्य बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कई असामाजिक तत्व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। अन्य देशों को भारत की खुफिया जानकारी उपलब्ध कराना, देश का धन लूट कर भगोड़े के रूप में विदेश भाग जाना, आतंकवाद को प्रोत्साहित करना, नकली नोट चला कर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने वाले एवं देश की अखंडता को भंग करने जैसे असंवैधानिक कार्य करने वालों को आखिर किस कानून के तहत दंडित किया जा सकता है, इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर न्यायपालिका एवं सरकार को विचार करना चाहिए। उपरोक्त सभी अपराध क्या राजद्रोह से कम है? सामाजिक रुप से लोगों को भी इस तथ्य पर गौर करना चाहिए की देश के हित में क्या है। राजद्रोह कानून की समीक्षा होनी चाहिए। देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक इसमें संशोधन किया जा सकता है। अंग्रेजों ने तो स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित करने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया लेकिन अब हमारी सरकार को वास्तविक राज द्रोहियों को इस कानून के प्रावधानों के तहत चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### खतरों से न खेलें युवा

**बरसात** का मौसम हरियाली लेकर आता है। प्रकृति का श्रृंगार इस सीजन में मनमोहक होता है। इसी से रिझते हुए लोग पर्यटक और पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचते हैं। आनंद लेने के उद्देश्य से सैर सपाटा करते लोग कभी-कभी असावधानी से हादसों का शिकार हो जाते हैं। पानी,पहाड़ी और खाई से बचकर पर्यटन का लुत्फ उठाने में ही लोगों के लिए समझदारी होगी। इन दिनों पर्यटन का मौसम है। पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित हो चुकी है तो नदी नाले भी भरपूर जल राशि लिए हुए हैं। लोग दूर-दराज से इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अति उत्साह से कभी-कभी असावधानीवश ऐसे हादसे हो जाते हैं जिनसे रंग में भंग पड़ जाती है। मौज मस्ती में डूबे युवाअक्सर सेल्फी के चक्कर में दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे हैं लेकिन न तो युवा सबक ले रहे हैं ना ही उनके साथ आने वाले पालक ही। अगर पर्यटन का सही आनंद लेना है तो सावधानी जरूरी है। मौज मस्ती का आनंद लेने वालों को पहाड़ों और नदियों के किनारों से सावधान रहना चाहिए जरा सी चुक से जानलेवा हादसा हो सकता है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** कहती है कि हमारे किसान कृषि कानूनों से प्रसन्न हैं और जो विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वे आतंकवादी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैंने** त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। किसी ने भी ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाला। मैंने स्वत: निर्णय लिया जिससे कोई अन्य मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर सके।

– **बीएस येदियुरप्पा**
निवर्तमान मुख्यमंत्री कर्नाटक




**भाजपा** के पास राज्य पर शासन करने की क्षमता नहीं है। यह सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। चलिए चुनावों की ओर चलें।

– **डीके शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख

# अनाथ बच्चों की पहचान में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 के चलते अपने माता-पिता को गंवा चुके बच्चों की पहचान में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं है। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने और मार्च, 2020 के बाद अनाथ हुए बच्चों की संख्या का ब्योरा देने का निर्देश दिया।
शीर्ष अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि अनाथ बच्चो से संबंधित योजनाओं का लाभ असली लाभार्थियों तक पहुंचे और ये योजनाएं बस कागजों पर नहीं रहें। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस की पीठ ने जिलाधिकारियों को अनाथ बच्चों की पहचान के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारियों को पुलिस, नागरिक समाज, ग्राम पंचायतों, आंगनवाडी एवं आशाकर्मियों की मदद लेने के लिए जरूरी दिशानिर्देश जारी करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह किशोर न्याय (बाल देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम एवं नियमावली में उपलब्ध प्रणालियों के अतिरिक्त होगा। पीठ ने कहा, मार्च, 2020 के बाद जिन बच्चों ने अपने माता-पिता गंवाए हैं , उनकी पहचान में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं है। पीठ ने भी स्पष्ट किया कि उसके आदेश में वे सभी बच्चे आते हैं जो इस अवधि में कोविड या किसी अन्य कारण से अनाथ हुए। न्यायमूर्ति राव ने कहा, दरअसल हम जो सोच रहे हैं वह यह कि सभी बच्चों की देखभाल कराई जाए, भले वे कोविड या गैर कोविड के कारण अनाथ हुए हों। हम आदेशों को बस उन अनाथों तक सीमित नहीं कर सकते जिन्होंने कोविड-19 से अपने माता-पिता को गंवाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिलाधिकारियों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के बाल स्वराज पोर्टल पर सूचनाएं लगातार अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है।

● राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के भी निर्देश दिए

## महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई रहनी चाहिए : न्यायालय का राज्यों को निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पिछले साल मार्च से कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई कम से कम मौजूदा शिक्षण सत्र में उसी स्कूल में जारी रहनी चाहिए, जहां वे पढ़ रहे हैं। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि महामारी के दौरान जो बच्चे अनाथ हो गए हैं या जिनके माता-पिता में से एक की मौत हो गई है, उनकी पढ़ाई कम से कम वर्तमान शिक्षा सत्र में उसी स्कूल में जारी रहे जहां वे पढ़ रहे हैं, चाहे स्कूल सरकारी हों या निजी। शीर्ष अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सात जून को अपने आदेश में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा था कि वे सुनिश्चित करें कि ऐसे बच्चों की पढ़ाई में निजी और सरकारी स्कूलों -दोनों में कोई रुकावट न आए। न्यायालय ने न्याय मित्र के रूप में मदद कर रहे अधिवक्ता गौरव अग्रवाल द्वारा ऐसे बच्चों की शिक्षा के बारे में चिंता उठाए जाने पर निर्देश पारित किया। पीठ ने उल्लेख किया कि न्याय मित्र ने राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का संदर्भ दिया है, खासकर एक ऐसे राज्य का जहां अनाथ हुए बच्चों में से लगभग 40 प्रतिशत बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि निजी स्कूलों में ऐसे बच्चों की शिक्षा जारी रखने में कोई कठिनाई हो तो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें पास के स्कूलों में समायोजित किया जा सकता है। न्यायालय ने राज्यों से मुद्दे पर स्थिति रिपोर्ट दायर करने को कहा। मामले में अगली सुनवाई 26 अगस्त को होगी।



महिला केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा

## एटा में रोडवेज बस सड़क किनारे खाई में पलटी 20 घायल, एक की मौत

**एटा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के आगरा रोड स्थित ग्राम हरीसिंहपुर के समीप एक साईकिल सवार को बचाने के प्रयास में रोडवेज की बस के सड़क के किनारे एक खाई में पलट जाने से 20 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए जबकि साईकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। आज दोपहर बदायू डिपो की रोडवेज बस एटा से आगरा की ओर जा रही थी तभी ग्राम हरीसिंहपुर के समीप एक साईकिल सवार को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस सडक किनारे पानी से भरी खाई में पलट गई, जिससे इस घटना में लगभग 20 यात्री घायल हो गए।

## उत्तराखंड में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म

**देहरादून।** उत्तराखंड में उर्जा निगमों के कर्मचारियों ने उर्जा मंत्री हरक सिंह रावत से अपनी मांगों के पूरा होने का आश्वासन मिलने के बाद मंगलवार को हड़ताल समाप्त कर दी। हालांकि, इससे पहले उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश मे तीनो उर्जा निगमो के कर्मचारियों के सोमवार मध्यरात्रि से हड़ताल पर चले जाने के बाद सख्ती दिखाते हुए छह माह की अवधि के लिए उनके हड़ताल पर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करते हुए विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक इंसारूल ने कहा कि उनकी मांगो का जल्द उचित समाधान निकाले जाने के उर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई है।

## शोध : पाम आयल से कोलेस्ट्राल में कमी

**मुंबई।** पाम आयल भोजन पकाने में इस्तेमाल होने वाला सबसे गुणकारी तेलों में से एक है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड वसा होता है। जो प्रमाणित रूप से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। यह प्रमाण उपलब्ध है कि पाम ऑइल युक्त आहार आपके कोलेस्ट्राल स्तर को वास्तव में कम कर सकता है। फूड एंड फंक्शन पत्रिका में प्रकाशित एक क्लिनिकल परीक्षण में पाया गया कि पाम ऑइल और ओलिव ऑइल दोनों से कॉलेस्ट्रल में 15 प्रतिशत तक की कमी आई। द अमेरिकन जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार ट्रांस-फैट को पाम ऑइल से स्थानापन्न करने से हृदयरोग का जोखिम कम होता है और ब्लड लिपिड्स में सुधार होता है । मलेशियन पाम ऑइल काउंसिल के सीईओए दातो डा. हाज़ी वान जावावी वान इस्माइल ने कहा कि मलेशिया पाम ऑइल को दृष्टि और स्वास्थ्य के हितकर, तंत्रिका रक्षक, हृदय रक्षक और संभावित कैंसर रोधी जैसे बहुआयामी गुणों का श्रेय दिया जाता है।

## राष्ट्रपति ने सैनिकों से बात की, उनके साहस पेशेवर अंदाज को सराहा

**भाषा।** श्रीनगर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को यहां सेना की 15वीं कोर के मुख्यालय में सैनिकों के साथ बातचीत की और आतंकवाद से लड़ने तथा जम्मू कश्मीर में शांति कायम रखने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने जवानों के उच्च मनोबल व उनके असाधारण साहस व पेशेवर अंदाज की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति ने श्रीनगर में 15वीं कोर के मुख्यालय का दौरा किया। राष्ट्रपति ने जवानों से बातचीत की और शांति कायम रखने, आतंकवाद से लड़ने तथा सीमाओं की सुरक्षा के लिए उनकी तारीफ की। इसमें कहा गया कि उन्होंने सशस्त्र बलों में विभिन्न क्षमताओं में राष्ट्र की सेवा के लिए महिला अधिकारियों की भी सराहना की। आगंतुक पुस्तिका में एक संदेश में कोविंद ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए राष्ट्रविरोधी व असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी तरीके से लड़ने में 15वीं कोर की परंपरा के बारे में जानकर उन्हें प्रसन्नता हुई।

# कोवोवैक्स टीके के दूसरे-तीसरे चरण के परीक्षणों के लिए मंजूरी देने की सिफारिश

● केंद्रीय औषधि प्राधिकरण विशेषज्ञ समिति ने अनुमति देने की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को दो से 17 साल के बच्चों पर कोवोवैक्स टीके के दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण के लिए कुछ शर्तों के साथ अनुमति देने की मंगलवार को सिफारिश की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। परीक्षण में 10 साइटों पर 920 बच्चे, 12-17 और 2-11 आयु वर्ग के प्रत्एक में 460 बच्चों को शामिल किया जाएगा।
एक सूत्र ने कहा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 पर विषय विशेषज्ञ समिति



(एसईसी) ने मंगलवार को एसआईआई द्वारा दिए गए संशोधित अध्ययन प्रोटोकॉल आवेदन पर विचार किया और दो से 17 साल के बच्चों पर कोवोवैक्स के दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण के लिए फर्म को अनुमति देने की सिफारिश की। पुणे की दवा कंपनी ने टीके की सुरक्षा और प्रतिरक्षण क्षमता का निर्धारण करने के लिए 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के भारतीय वयस्कों में चल रहे कोवोवैक्स चरण 2 और 3 नियंत्रित अध्ययन में बाल चिकित्सा दल को शामिल करने के लिए एक संशोधित प्रोटोकॉल प्रस्तुत किया था। पिछले सप्ताह प्रस्तुत संशोधित आवेदन में, एसआईआई के निदेशक (सरकारी और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह और निदेशक डॉ प्रसाद कुलकर्णी ने कहा था कि विश्व स्तर पर, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वयस्कों का टीकाकरण किया जा रहा है और इसके बाद लोगों को कोविड-19 के खिलाफ सुरक्षित किया जाएगा और बच्चे अतिसंवेदनशील समूह में बने रहेंगे। उन्होंने पत्र में कहा, संवेदनशील बच्चों में मौतों सहित गंभीर बीमारी की खबरें आई हैं। यह भी आशंका व्यक्त की गई है कि देश में महामारी की तीसरी लहर बच्चों को प्रभावित कर सकती है। इसमें कहा गया है, इसके अलावा, जब तक बच्चों सहित सभी आयु समूहों को टीकाकरण के तहत कवर नहीं किया जाता है, सार्स-सीओवी-2 वायरस प्रचलन में बना रह सकता है, जिससे सभी को गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है।

## अन्नाद्रमुक के नेताओं ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली-चेन्नई

**अखिल** भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के शीर्ष नेताओं ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और तमिलनाडु से संबंधित मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। शाह से मिलने के बाद पलानीस्वामी ने कहा, यह एक शिष्टाचार भेंट थी। यह पूछे जाने पर कि क्या तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य से संबंधित कोई चर्चा हुई, उन्होंने कहा, कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। दोनों नेताओं ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी से भी मुलाकात की और इस मुलाकात को पार्टी ने शिष्टाचार भेंट करार दिया। चेन्नई में पार्टी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने शाह को तमिलनाडु से संबंधित मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। मेकेदातु बांध जैसे मामलों पर था, जिसमें केंद्र से जलाशय बनाने की पहल के साथ कर्नाटक को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया गया था।

## क्विक न्यूज

### भुवनेश्वर से नहीं हटाई जाएगी योद्धा-घोड़े की मूर्ति : ओडिशा सरकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी के मास्टर कैंटीन चौराहे पर लगी योद्धा-घोड़े की मूर्ति को यहां से कहीं और स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के आयुक्त तथा भुवनेश्वर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (बीएससीएल) के प्रमुख एस के सिंह ने कहा कि बलुआपत्थर की यह कलाकृति मास्टर कैंटीन चौराहे पर ही बरकरार रहेगी और सड़क की डिजाइन में इसके लिए मामूली सा बदलाव किया गया है। यह मूर्ति कोणार्क के सूर्य मंदिर में मिली योद्धा और घोड़े की मूल प्रतिमा की प्रतिकृति है।

### अमरावती से सांसद नवनीत कौर राणा की अपील पर सुनवाई दो सितंबर तक टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय लोकसभा सांसद नवनीत कौर राणा का जाति प्रमाण पत्र रद्द करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर अंतिम सुनवाई दो सितंबर तक के लिए टाल दी। शीर्ष अदालत ने 22 जून को सांसद को अंतरिम राहत दी थी और मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तारीख तय की थी। अदालत ने कहा था कि अगली तारीख पर मामले की अंतिम सुनवाई हो सकती है। उच्च न्यायालय ने 9 जून को राणा के जाति प्रमाण पत्र को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि यह फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किया गया था। अदालत ने उनपर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

### कृषि कानूनों के मुद्दे पर चार घंटे तक लोकसभा में धरने पर बैठे रहे कांग्रेस के दो सांसद

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और गुरजीत सिंह औजला ने कृषि कानूनों को निरस्त करने और इस पर चर्चा की मांग करते हुए करीब चार घंटे तक सदन के भीतर धरना दिया। लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न करीब चार बजकर 35 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद पंजाब के ए दोनों सांसद कृषि कानूनों को निरस्त करने के मुद्दे पर सदन के भीतर ही धरने पर बैठ गए। इन दोनों सांसदों ने करीब चार घंटे के बाद अपना धरना खत्म किया। औजला ने बताया कि लोकसभा सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि बुधवार को सदन में उनकी बात सुनी जाएगी।

### संघ के नेता के बेटे ने पुलिस दुर्व्यवहार से आहत हो जान दी

**बागपत ( उप्र )।** बागपत जिले के रंछाड़ गांव में कथित तौर पर पुलिस की मारपीट और परिजन के साथ दुर्व्यवहार से आहत होकर एक युवक ने सोमवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागपत के पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि बिनौली पुलिस थाने के दस पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (संघ) के स्थानीय नेता के बेटे अक्षय के परिजन ने बताया कि रंछाड गांव के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के एक दल ने सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण शिविर लगाया था, जिसमें दोपहर को अक्षय भी अपनी मां मधु (62) को टीका लगवाने पहुंचा था और उसने अपनी मां की उम्र का हवाला देते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को पहले उन्हें टीका लगाने को कहा।

### अगले पांच वर्षों में भारत में मानवयुक्त पनडुब्बी का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम होगा: सिंह

**नई दिल्ली।** पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगले पांच वर्षों में, भारत में मानवयुक्त पनडुब्बी का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम होगा जिसके तहत तीन वैज्ञानिकों को समुद्र में 6,000 मीटर की गहराई तक ले जाया जा सकता है। यहां पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के 15वें स्थापना दिवस समारोह में सिंह ने कहा कि जून में मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर किए गए डीप ओशन मिशन (गहरे समुद्र अभियान) सामाजिक रूप से लाभकारी गतिविधियों के लिए गहरे समुद्र के संसाधनों की खोज और उपयोग का और भी विस्तार करेगा।

## तिरसठ फीसद शिक्षण संस्थान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की परीक्षा पद्धतियां अपनाने के पक्ष में

**भाषा।** मुंबई

शिक्षा के क्षेत्र पर कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव के बीच भारत समेत दुनिया के विभिन्न देशों में 63 फीसद शिक्षण संस्थान परीक्षाएं आयोजित करने के लिए दोहरी व्यवस्था अपनाने के पक्ष में हैं। मर्सेर मेट्टल की स्टेट ऑफ ऑनलाइन एक्जामिनेशंस रिपोर्ट, 2021 के अनुसार पिछले 15 महीनों में इस महामारी ने शिक्षा क्षेत्र पर असर डाला है और परीक्षाएं डिजिटल माहौल की ओर बढ़ी हैं, लेकिन सर्वेक्षण से गुजरे 63 फीसद शिक्षण संस्थानों ने कहा कि वे दोहरी व्यवस्था के अनुसार परीक्षाएं आयोजित करेंगे यानी परीक्षाएं ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों का सम्मिश्रण होंगी। इस सर्वेक्षण में 150 से अधिक शिक्षण संस्थानों के डीन, विभागाध्यक्षों, प्रोफेसरों एवं निर्णय प्रक्रिया से जुड़े अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों समेत 650 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। ये आंकड़े डिजिटल मूल्यांकन उपकरणों की व्यापक एवं त्वरित स्वीकार्यता को दर्शाते हैं और परीक्षा के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने के वास्ते शिक्षा क्षेत्र के तैयार रहने के तत्व को सामने लाते हैं। सर्वेक्षण के मुताबिक दस में छह ने ऑनलाइन परीक्षा में नकल को अपनी प्राथमिक चिंता बताया।

# सिद्धू की टीम ने अमरिंदर के समक्ष प्रमुख मुद्दे उठाए

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और चार कार्यकारी प्रमुखों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह से मुलाकात कर पांच प्रमुख मुद्दों पर कार्वाई की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि वे सभी मुद्दे समाधान के अंतिम चरण में हैं। सिद्धू और अमरिंदर के बीच लंबी तकरार के बाद, प्रदेश कांग्रेस संगठन में हुए बदलाव के बाद से पंजाब प्रदेश कांग्रेस समिति (पीपीसीसी) की शीर्ष टीम की यह पहली बैठक थी। बैठक पर एक बयान के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने दोनों नेताओं के हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर भी जारी की। इससे अलग, सिद्धू की पीपीसीसी ने एक पत्र भी जारी किया, जिसे बैठक में मुख्यमंत्री को सौंपा गया था और उन्हें राज्य में निर्णय लेने वाले नेतृत्व की जरूरत की याद दिलाई। प्रदेश कांग्रेस इकाई ने 2015 की गुरु ग्रंथ साहिब बेअदबी की घटना और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस गोलीबारी पर शीघ्र कार्वाई की मांग की। साथ ही, मादक पदार्थ के बड़े तस्करों की गिरफ्तारी, बिजली खरीद समझौता रद्द करने, केंद्र के नए कृषि कानूनों



को खारिज करने और सरकारी कर्मचारियों की मांगें पूरी करने की भी मांग की गई। अमरिंदर के प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, सीएम ने नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व से कहा कि उनके द्वारा उठाए गए सभी प्रमुख मुद्दे उनकी सरकार द्वारा समाधान के अंतिम चरण में हैं, जिन पर पार्टी के साथ करीबी समन्वय कर काम किया गया है। सिद्धू के साथ कार्यकारी प्रमुख संगत सिंह गिलजियान, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा थे, जब उनहोंने यहां सिविल सचिवालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक अमरिंदर ने पीपीसीसी टीम से कहा कि उनकी सरकार ने पार्टी के चुनावी वादों में अधिकांश को पूरा कर दिया है और अन्य लंबित मुद्दों का हल किया जा रहा है। उन्होंने अपनी बैठक को सौहार्द्रपूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी सरकार सभी चुनावी मुद्दों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पार्टी पदाधिकारियों और सरकार को साथ मिल कर काम करना चाहिए और उनसे नियमित रूप से मिलने का आग्रह किया। अमरिंदर ने कहा, आप जीतेंगे तो मेरी जीत होगी और हमारी जीत पार्टी की जीत होगी तथा हमें राज्य और इसके लोगों के हित में साथ मिल कर काम करने की जरूरत है।



अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे

# कोविड-19 के दैनिक मामलों में कमी की दर धीमी हुई है : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले कुछ सप्ताहों में कोविड-19 के औसत दैनिक मामलों में कमी आने की दर धीमी हुई है जो चिंता का कारण है।
इसने यह भी कहा कि 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 54 जिले ऐसे हैं जहां 26 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक रही। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि पांच मई से 11 मई के बीच औसत तौर पर दैनिक मामलों की संख्या 3,87,029 थी जो 21 से 27 जुलाई के बीच घटकर 38,090 तक हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताहों में कोविड-19 के औसत दैनिक मामलों में कमी आने की दर धीमी हुई है जो चिंता का कारण है। अग्रवाल ने कहा कि पिछले चार सप्ताहों से सात राज्यों के 22



जिलों में कोरोना वायरस संक्रमण के दैनिक मामलों में वृद्धि की खबरें मिल रही हैं और यह भी चिंता वाली बात है। उन्होंने कहा कि आठ जिले ऐसे हैं जहां संक्रमण दर में कमी देखने को मिल रही थी, लेकिन अब इन जिलों में महामारी के मामलों में वृद्धि हो रही है और हम स्थिति को हल्के में नहीं ले सकते। सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के एक अध्ययन (15 लाख डॉक्टरों और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों से संबंधित) में पाया गया है कि कोविशील्ड टीका संक्रमण के खिलाफ 93 प्रतिशत सुरक्षा उपलब्ध कराता है और इससे मृत्यु दर में 98 प्रतिशत कमी देखने को मिली।

● पिछले कुछ सप्ताहों में संक्रमण बढ़ना चिंता का विषय : संयुक्त सचिव

भारत में 132 दिन बाद कोविड-19 के 30 हजार से कम नए मामले सामने आए। वहीं, 124 दिन बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या चार लाख से कम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कोविड-19 के 29,689 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,14,40,951 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 3,98,100 रह गई है, जो कुल मामलों का 1.27 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 13,089 कमी आई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.39 प्रतिशत है।

## भारत में 132 दिन बाद कोविड-19 के 30 हजार से कम 29,689 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में 132 दिन बाद कोविड-19 के 30 हजार से कम नए मामले सामने आए। वहीं, 124 दिन बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या चार लाख से कम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कोविड-19 के 29,689 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,14,40,951 हो गई। वहीं, 415 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,21,382 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 3,98,100 हो गई है, जो कुल मामलों का 1.27 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 13,089 कमी आई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.39 प्रतिशत है। अभी तक कुल 45,91,64,121 नमूनों की जांच की गई है, जिनमें से 17,20,110 नमूनों की जांच सोमवार को की गई। देश में नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर 1.73 प्रतिशत है। नमूनों में संक्रमण की पुष्टि की साप्ताहिक दर 2.33 प्रतिशत है। अभी तक कुल 3,06,21,469 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। टीकों की कुल 44.19 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार हो गए।

# असम-मिजोरम सीमा पर तनाव, असम ने राजकीय शोक की घोषणा की

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम सरकार** ने मिजोरम के साथ सीमा विवाद को ले कर हुए संघर्ष में पांच पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत पर मंगलवार से तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। इस बीच असम-मिजोरम सीमा पर तनाव बना हुआ है और सीमा से लगते कछार जिले के लोगों ने पड़ोसी राज्य की आर्थिक नाकेबंदी की धमकी दी है। असम सरकार ने एक आदेश जारी करने बताया कि राजकीय शोक की अवधि में राष्ट्र ध्वज आधा झुका रहेगा और सार्वजनिक मनोरंजन के कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद के सोमवार को अचानक खूनी संघर्ष में तब्दील हो जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधीक्षक समेत 60 अन्य घायल हो गए। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा से बातचीत की विवादित सीमा पर शांति सुनिश्चित करने की उनसे अपील की। शाह ने पिछले सप्ताह भी पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करके उनसे सीमा विवाद को हल करने की अपील की थी।

इस वर्ष मई में नगालैंड-असम सीमा पर गोलीबारी के चलते इसी प्रकार का तनाव पैदा हो गया था। उस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। सरमा ने सिलचर में मंगलवार को पांचों पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया, असम पुलिस के वीर कर्मियों की मौत से हम बेहद शोकाकुल है। मैं सिलचर पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया था और मैंने वहां पांचों शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को सलाम करता हूं। इससे पहले वह सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गए और उन्होंने संघर्ष में घायल पुलिकर्मियों से मुलाकात की।

कछार के पुलिस अधीक्षक वैभव चंद्रकांत निम्बालकर को वायु सेना की एयर एंबुलेंस से मुंबई के एक अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री अंतर राज्ईय सीमा पर भी जा सकते हैं जहां हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने ट्वीट किया, हम शहीद हुए हमारे सहयोगियों के परिवारों की मदद के लिए जो संभव होगा, करेंगे। घायलों की पूरी देखभाल की जाएगी। दोषियों को न्याय के दायरे में लाने और असम की संवैधानिक सीमा की अखंडता की रक्षा के लिए सभी कानूनी और संचालनात्मक कदम उठाए जाएगें। उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि असम के पुलिसकर्मियों पर गोली चलाने वाले मिजो पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

काबूगंज और ढोलई इलाके के लोगों ने किसी भी वाहन को पड़ोसी राज्य में जाने से रोकने के लिए मंगलवार सुबह नौ बजे से मिजोरम की ओर जाने वाली सड़कों को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता जाबिर हुसैन लस्कर ने बताया कि सीमावर्ती कस्बों और गांवों के लोग भी बुधवार से अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी शुरू करेंगे। असम सरकार से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। द बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के मुख्य संयोजक प्रदीप दत्ता रॉय ने कहा कि बीडीएफ ने भी लैलापुर में असम पुलिस के छह जवानों और एक आम नागरिक की हत्या के विरोध में बुधवार को 12 घंटे के बराक घाटी बंद का आह्वान किया है।

## असम-मिजोरम सीमा पर हिंसा सरमा की विफलता, गृह मंत्रालय की जिम्मदोरी छोड़ें: सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने असम-मिजोरम सीमा पर भड़की हिंसा को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की विफलता करार देते हुए कहा कि सरमा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी छोड़ देनी चाहिए। असम की बारपेटा से सांसद खालिक ने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री समाज का ध्रुवीकरण करने की बजाय शासन पर ध्यान देते हुए यह दुखद घटना नहीं घटती। असम पुलिस के कई जवानों और अधिकारियों की जान चली गई। यह घटना मुख्यमंत्री की विफलता है। अगर वह समाज का ध्रुवीकरण करने की बजाय शासन पर ध्यान देते तो यह दुखद घटना नहीं होगी। कांग्रेस सांसद ने कहा, मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और उन्हें गृह मंत्रालय का प्रभार छोड़ देना असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद के सोमवार को अचानक खूनी संघर्ष में तब्दील हो जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।



बेंगलुरु में कर्नाटक के भाजपा इंचार्ज अरुण सिंह और राज्य के भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा से मुलाकात करते हुए

## वनों की सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय जाएगा असम

**सिलचर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मिजोरम के साथ लगती सीमा पर संघर्ष में असम के पांच पुलिसकर्मियों एवं एक आम नागरिक की मौत होने और 60 अन्य लोगों के घायल होने की घटना के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार इनरलाइन फॉरेस्ट रिजर्व को नष्ट होने और अतिक्रमण से बचाने के लिए उच्चतम न्यायालय जाएगी।

सरमा ने सिलचर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपग्रह से प्राप्त चित्रों से पता चला है कि सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और झूम खेती के लिए जंगलों को साफ किया जा रहा है जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा, हम वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। झूम कृषि खेती का ऐसा तरीका है, जिसमें पहले खेतों से वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है। पूर्वोत्तर के अधिकतर राज्यों में ऐसा किया जाता है। सरमा ने कहा, विवाद भूमि को लेकर नहीं है, बल्कि मुद्दा आरक्षित वनों का अतिक्रमण है। वन क्षेत्रों में हमारी कोई बस्तियां नहीं हैं और अगर मिजोरम सबूत दे सकता है, तो हम तुरंत बाहर निकल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पड़ोसी राज्य असम की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है, लेकिन सीमा की रक्षा की गई है, और हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करना जारी रखेंगे। असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद के सोमवार को खूनी संघर्ष में बदल जाने के बाद केंद्र ने दोनों राज्यों को सीमा चौकी से अपने बलों को हटाने का निर्देश दिया था। सरमा ने कहा, हमने ऐसा कर लिया है, लेकिन मिजोरम ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। हमारे पुलिस बल चौकी से 100 मीटर की दूरी पर तैनात हैं।

## आस्कर फर्नांडिस का ऑपरेशन किया गया, हालत स्थिर

**मंगलुरू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य ऑस्कर फर्नांडिस के मस्तिष्क में जमे एक थक्के को डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके निकाल दिया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ऑस्कर फर्नांडिस की सर्जरी सफल रही और उनकी स्वास्थ्य स्थिति अब स्थिर है। फर्नांडिस का यहां एनेपॉया स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी डायलिसिस भी हुई है। (आईसूयू) में हैं और विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। फर्नांडिस पिछले हफ्ते अपने घर पर योग करने के दौरान बेहोश हो गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कैथोलिक सभा के आध्यात्मिक निदेशक फादर मैथ्यू वास, बोंडेल चर्च के पादरी फादर एंड्रयू लियो डिसूजा, कैथोलिक सभा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष स्टैनी लोबो और अन्य सोमवार को अस्पताल गए थे और फर्नांडिस के परिवार के सदस्यों से बात की थी।

# केंद्र सरकार ने राज्यों से ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का विवरण मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र ने** राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का विवरण मांगा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी और कहा कि संबंधित सूचना मानसून सत्र के समाप्त होने से पहले संसद में रखी जाएगी। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुईं मौतों का विवरण मांगा है। सूचना जुटाकर इसे मानसून सत्र के समाप्त होने से पहले संसद में रखा जाएगा। पिछले सप्ताह, विपक्षी दलों ने सरकार पर तब निशाना साधा था जब उसने संसद को बताया था कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से किसी मौत की जानकारी नहीं दी है।

### ● कोविड 19 टीका परीक्षणों में भाग लेने वालों को कोविन के जरिए प्रमाणपत्र मिलेगा

दूसरी ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि जिन लोगों ने कोविड के टीके के परीक्षणों में हिस्सा लिया था और जिन्हें प्लेसबो (प्रायोगिक दवा) नहीं, बल्कि टीके दिए गए थे, उन्हें कोविन के तहत कवर कर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्लेसबो एक ऐसा पदार्थ या उपचार है जिसका कोई चिकित्सीय महत्त्व नहीं है। एक सवाल के जवाब में कि क्या टीके के नैदानिक परीक्षण में भाग लेने वाले लोगों को कोविन द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा, मंत्रालय में संयुक्त सचिव, लव अग्रवाल ने कहा कि टीका परीक्षणों में भाग लेने वाले लोगों को पेपर सर्टिफिकेट दिए गए थे, लेकिन बाद में सवाल उठा कि क्या उन्हें कोविन के तहत भी कवर किया जाना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए एक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, "हमने आईसीएमआर से हमें उन लोगों की सूची देने के लिए कहा है जिन्होंने नैदानिक परीक्षणों में भाग लिया और उस सूची के आधार पर, कोविन पर उनके लिए प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। नैदानिक परीक्षणों में, कुछ लोगों को प्लेसबो दिया जाता है जबकि कुछ को टीका दिया जाता है इसलिए प्रमाण पत्र केवल उन्हीं लोगों के बनेंगे, जिन्हें टीके लगाए गए थे। कोविन कोविड टीकाकरण पंजीकरण के लिए एक वेब पोर्टल है। यह एक व्यक्ति को टीके की खुराक लेने पर एक डिजिटल प्रमाणपत्र उपलब्ध कराता है।

## क्विक न्यूज

### पेगासस जासूसी के आरोपों को नकारेगी सरकार: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि सरकार तब तक जासूसी प्रकरण को नकारती रहेगी जब तक यह पता नहीं चल जाता कि इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का भारतीय ग्राहक कौन है। उन्होंने यह भी कहा कि इसका खुलासा भी जल्द होगा कि यह स्पाइवेयर किसने खरीदा है। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, भारतीय ग्राहक कौन है? क्या यह भारत सरकार है? क्या भारत सरकार की कोई एजेंसी है? क्या यह निजी इकाई है उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि ग्राहक के नाम का जल्द खुलासा होगा। तब तक सरकार जासूसी के आरोपों को नकारेगी। पिछले सप्ताह कुछ मीडिया संगठनों के अंतरराष्ट्रीय समूह ने कहा था कि भारत में पेगासस स्पाइवेयर के जरिए 300 से अधिक मोबाइल नंबरों की संभवतः निगरानी की गई। इसमें दो मंत्री, 40 से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी नेताओं के अलावा अनेक कार्यकर्ताओं के नंबर भी थे। सरकार इस मामले में विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज करती रही है।

### कर्नाटक में मादक पदार्थों के छह तस्कर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु से नाइजीरिया के दो नागरिकों समेत छह मादक पदार्थ तस्करों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 1.05 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि दो अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे गए और आरोपियों को एक्स्टसी की गोलियां, एमडीएमए, एलएसडी, मारिजुआना, कोकीन और याबा सहित पकड़ा गया। पहले मामले में, पुलिस के एक दल ने शहर के एलहांका इलाके में स्थित एक घर पर छापा मारा और नाइजीरिया के एक नागरिक तथा केरल के चार लोगों के पास से 55 लाख रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटक वीजा पर भारत आया था और देश में अवैध गतिविधियों में लिप्त हो गया। दूसरे मामले में, होरामावु इलाके से एक और नाइजीरियाई नागरिक को पकड़ा गया और उसके पास से 50 लाख रुपए का नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

### श्रीनगर में आतंकवादियों ने युवक की गोली मारकर हत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के नवाकदल इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, संदिग्ध आतंकवादियों ने दिन में करीब 11 बजकर 30 मिनट पर नवाकदल में शेख मीरन को उसके मोहल्ले में ही सिर में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि मीरन को एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन को मंजूरी दी

**पणजी।** गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के प्रमुख विजय सरदेसाई ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने राज्य में फरवरी 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन करने को मंजूरी दे दी है। सरदेसाई ने यहां पत्रकारों से कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की गोवा इकाई के प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने उन्हें सूचित किया है कि कांग्रेस आलाकमान ने दोनों दलों के बीच गठबंधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जीएफपी प्रमुख ने कहा, गठबंधन के प्रस्ताव को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। अब हमें बैठक कर गठबंधन की रूपरेखा पर निर्णय लेना है।

### एदियुरप्पा के समर्थक ने आहत होकर जान दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से बी एस एदियुरप्पा के इस्तीफे से आहत हो कर उनके एक समर्थक के कथित तौर पर आत्महत्या करली जिसपर एदियुरप्पा ने शोक जताया और कहा कि राजनीति में उतार और चढ़ाव आना आम बात है। उन्होंने अपने समर्थकों से इस तरह का कोई कदम नही उठाने की अपील की। खबरों के मुताबिक चामराजनगर जिले के गुंडलूपेट तालुका के बोम्मालपुरा का रहने वाला 30 साल का राजप्पा (रवि) मुख्यमंत्री पद से एदियुरप्पा के इस्तीफा देने से सदमें में था और उसने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एदियुरप्पा ने ट्वीट किया, ...इस खबर से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। राजनीति में उतार, चढ़ाव आते है, इस तरह से जीवन समाप्त करना स्वीकार्य नही है। इसकी वजह से परिवार को जो नुकसान पहुंचा है, भरपाई कोई नही कर सकता।

### टीके की भारी कमी, केंद्र से करेंगे संपर्क: विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि केरल उन राज्यो में शामिल है जहां टीकाकरण अभियान को बेहद प्रभावी तरीके से लागू किया गया है, इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि राज्य महामारी से लड़ने में चुनौतियों का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री ने टीकों की आपूर्ति के विषय पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया पर भी निशाना भी साधा। केंद्रीय मंत्री ने हाल में कहा था कि दक्षिणी राज्य को आपूर्ति की गई टीके की खुराक में से 10 लाख खुराक का इस्तेमाल नही किया गया है।



कोलकाता में मंगलवार को सवारी के इंतजार में बैठे रिक्शा चालक। पश्चिम बंगाल में अभी भी हाथ से रिक्शा खींचे जाते हैं

## रहमान के खिलाफ आतंक के आरोप प्रथम दृष्टया सही, याचिका खारिज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के करीबी सहयोगी एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता वहीद-उर-रहमान की जमानत याचिका पांच महीने में दूसरी बार एक विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आतंकवाद के आरोप इस समय प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होते हैं। स्थानीय विशेष एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) अदालत ने 24 पृष्ठों के अपने आदेश में हालांकि अभियोजन की इस दलील को अस्वीकार कर दिया कि उसे एक नई जमानत याचिका स्वीकार नहीं करनी चाहिए थी क्योंकि इससे पहले फरवरी में जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद से मामले में कुछ नया नहीं हुआ था। रहमान की जमानत याचिका खारिज करते हुए विशेष न्यायाधीश ने कहा, ...वर्तमान में मैं उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर इस बात से सहमत हूं कि आरोपी, वादी (रहमान) के खिलाफ लगाए गए आरोप इस समय प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होते हैं। अदालत ने रहमान की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश इस महीने के प्रारंभ मे पारित किया था लेकिन इसे सोमवार को उपलब्ध कराया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में दलील दी कि अब तक की गई जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपी और आतंकवादियों के बीच एक दूसरे को सीधे तौर पर और जानबूझ कर फायदा पहुंचाने वाले संबंध थ। अभियोजन ने दलील दी कि उनके सीमा पार संपर्क थे, जिनके उनके सहयोगियों और पाकिस्तान स्थित आकाओं तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों के होने का संदेह है, अलगाववादी आतंकवादी तथा ब्रिटेन और दुनिया के अन्य हिस्सों में मौजूद इस तरह के तत्व शामिल हैं। अभियोजन ने इस बात का भी जिक्र किया कि पर्रा ने विभिन्न माध्यमों से कई राष्ट्रविरोधी संगठनों को धन मुहैया कराया और उन्हें अपने पक्ष में किया तथा उनका इस्तेमाल अपने निजी एवं राजनीतिक फायदों के लिए समाज में वर्चस्व बनाने के लिए किया।

## विधायक के बेटों विवाह समारोहों के आयोजक के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक विधायक के दो बेटों के विवाह समारोहों के आयोजक के खिलाफ कोविड-19 संबंधी नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोलापुर के बार्शी कस्बे से निर्दलीय विधायक राजेंद्र राउत के दो बेटों के विवाह रविवार को लक्ष्मी सोपान कृषि उपज समिति के परिसर में हुए थे। राज्य में वर्तमान में केवल 50 लोगों को विवाह समारोह में शामिल होने की अनुमति है। रविवार को बार्शी में आयोजित कार्यक्रम में कथित रूप से 2,500-3,000 लोग शामिल हुए और कई लोगों को बिना मास्क के एवं सामाजिक दूरी के नियमों का उल्लंघन करते देखा गया।

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल और पार्टी के कुछ अन्य नेता भी समारोह में उपस्थित थे। पुलिस ने योगेश पवार नामक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, आपदा प्रबंधन अधिनियम और महामारी रोग अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा है कि पवार ने इस समारोह का आयोजन किया था। प्राथमिकी के अनुसार, कार्यक्रम के लिए पवार को अनुमति देते समय यह सूचित किया गया था कि 50 से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोग मास्क पहनेंगे और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करेंगे। बार्शी के सामाजिक कार्यकर्ता दीनानाथ काटकर ने वर-वधू के माता-पिता के बजाय पवार के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसके बारे में अधिक लोग नहीं जानते हैं। मामला विवाह करने वाले लोगों के माता-पिता और उस परिसर के मालिक के खिलाफ दर्ज किया जाना चाहिए, जहां कार्यक्रम हुआ था।

# विधायक और मंत्री के बीच कथित विवाद सदन से बाहर गए स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के बीच कथित विवाद को लेकर विधानसभा में लगातार दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। वहीं गृहमंत्री के बयान के बाद मंत्री सिंहदेव सदन से बाहर चले गए। सिंहदेव ने कहा है कि वह सदन की कार्यवाही में तब तक शामिल नहीं होंगे, जब तक राज्य सरकार विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर स्पष्ट जवाब नहीं दे देती। राज्य के उत्तर क्षेत्र के रामानुजगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक बृहस्पति सिंह ने रविवार को आरोप लगाया था कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के इशारे पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में उनके काफिले के एक वाहन पर कथित तौर पर हमला किया गया। विधायक ने यह भी आरोप लगाया था कि मंत्री से उनकी जान को खतरा है।

विधायक के इस आरोप के बाद राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया और मामले की सदन की कमेटी से जांच कराने की मांग की। मंगलवार को राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस महीने की 24 तारीख को विधायक सिंह के काफिले के साथ हुई घटना के संबंध में सदन में बयान दिया।

गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और भाजपा के अन्य विधायकों ने कहा कि गृह मंत्री के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री पर कांग्रेस विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र नहीं है। दोनों नेताओं को इस मामले पर सदन में बयान देने के लिए कहा जाना चाहिए। तभी विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि उन्हें विधायक या स्वास्थ्य मंत्री की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। वह किस आधार पर उन्हें इस मुद्दे पर बोलने के लिए कह सकते हैं। सदन में इस मुद्दे पर हंगामे के बीच अचानक सिंहदेव अपने स्थान पर खड़े हुए और कहा, अब बहुत हो गया। मैं भी एक इंसान हूं। मेरी छवि के बारे में सभी जानते हैं।

सिंहदेव ने विधानसभा अध्यक्ष की ओर देखते कहा, आपके निर्देश पर कल मुख्यमंत्री ने हमें अपने कक्ष में बुलाया था और (कथित विवाद पर) चर्चा हुई। उसके बाद भी इतना सीमित बयान (गृह मंत्री की ओर से) सदन के सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं इस स्थिति में हूं कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं देती, तब तक मैं सदन में ना आऊं। मैं खुद को इस सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए तब तक योग्य नहीं मानता जब तक कि सरकार मेरे संदर्भ में एक स्पष्ट उत्तर न दे दे। इसके बाद सिंहदेव सदन से बाहर चले गए। बाद में उन्होंने मीडिया से बात करने से मना कर दिया और विधानसभा परिसर से भी चले गए।



कोलकाता में सावन माह में भगवान शिव की विशाल मूर्ति को साफ करता हुआ कर्मचारी

# किर्लोस्कर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का निर्देश दिया

**भाषा**। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को संपत्ति से संबंधित किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के पारिवारिक विवाद में यथास्थिति का आदेश दिया। केबीएल के सीएमडी संजय किर्लोस्कर ने बंबई उच्च न्यायालय के मध्यस्थता के निर्देश को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई में उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया।

शीर्ष न्यायालय द्वारा दिया गया यथास्थिति का आदेश इस मामले में पुणे की निचली अदालत में चल रहने एक मुकदमे पर भी लागू होगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने संजय किर्लोकर की अपील पर मामले में शामिल पक्षों से मध्यस्थता की संभावना तलाशने के लिए कहा और उन्हें नोटिस जारी कर छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि हम दोनों (न्यायाधीश) महसूस करते हैं कि यह (किर्लोस्कर) प्रतिष्ठित परिवारों और कंपनियों में से एक है। हमें लगता है कि मध्यस्थता से मुद्दों को सुलझाना कंपनी के हित में है।

पीठ ने आगे कहा कि आप दीवानी अदालतों में मुकदमेबाजी से परिचित हैं। मैं व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। सभी वकील एक साथ बैठकर कोई रास्ता निकाल सकते हैं और अगर आप कुछ बाहरी सहायता चाहते हैं तो हम कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश नियुक्त कर सकते हैं। क्यों आप अनावश्यक रूप से इस मुकदमे को लड़ना चाहते हैं? आपके पास वैकल्पिक समाधान हो सकते हैं। कुछ साझा पारिवारिक मित्र होंगे, और वे मध्यस्थता कर सकते हैं।

किर्लोस्कर भाइयों – संजय, अतुल और राहुल के बीच 2009 में हुए एक पारिवारिक समझौते के तहत संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद है। इसे लेकर संजय किर्लोस्कर ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। संजय इस मामले में समाधान के लिए मध्यस्थता के बजाय पुणे सिविल कोर्ट का रुख करना चाहते हैं।

## संस्थागत निवेशकों ने हुडको के शेयर को हाथों-हाथ लिया

**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र के हुडको के शेयर के लिए सरकार की बिक्री पेशकश को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसके लिए अधिक आवेदन आ गए। बिक्री पेशकश के तहत 9.90 करोड़ शेयर रखा गया था। जबकि संस्थागत निवेशकों ने दोपहर 2.30 बजे तक 12.59 करोड़ शेयर के लिए बोलियां लगाई। यह कुल पेशकश का 1.27 गुना है। इसके लिए बाजार बंद होने तक बोली लगाई जा सकती थी। सरकार हुडको में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी 45 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बेच रही है। संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को बोली लगाई जबकि खुदरा निवेशकों के लिए यह बुधवार को खुलेगा। कुल 16.01 करोड़ शेयर यानी 8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने से सरकारी खजाने को करीब 720 करोड़ रुपए मिलेंगे। बिक्री पेशकश में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी या 11.01 करोड़ शेयर रखा गया है।

# बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 273 अंक लुढ़का

**भाषा**। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजारों में बिकवाली दबाव से मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स 273 अंक से अधिक लुढ़क गया। कंपनियों के तिमाही परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने और चीन में प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ नियामकीय कार्वाई के बाद एशियाई बाजारों में बिकवाली से धारणा प्रभावित हुई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई30 सेंसेक्स शुरू में बढ़त पर था। पर बाद में यह दबाव में आ गया। अंत में यह 273.51 अंक यानी 0.52 प्रतिशत लुढ़क कर 52,578.76 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 78 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,746.45 अंक पर बंद हुआ। डॉ रेड्डीज का शेयर 10.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक







नुकसान में रहा। खर्च बढ़ने से कंपनी का एकीकृत लाभ जून 2021 को समाप्त तिमाही में 36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 380.4 करोड़ रुपए रहने की खबर से शेयर टूटा।

इसके अलावा एक्सिस बैंक, सन फार्मा, कोटक बैंक, एचडीएफसी और आईटीसी 3.23 प्रतिशत तक नीचे आए। दूसरी तरफ टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया और एल एंड टी समेत अन्य शेयर लाभ में रहें। इनमें 2.50 प्रतिशत तक की तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि चीन सरकार की नीतियों के साथ वहां के बाजारों में वैश्विक कोषों की बिकवाली से निवेशकों में घबराहट आई और घरेलू बाजार में तेजी जाती रही। हालांकि यह सबको पता है कि इसका भारत पर सकारात्मक असर भी होगा। उन्होंने कहा कि बैंक और दवा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली देखी गई। इसका कारण कुछ औषधि कंपनियों को लेकर नकारात्मक खबरों का होना है। दूसरी तरफ कपड़ा निर्यातकों और कॉफी वायदा मजबूत होने से कॉफी कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, घरेलू बाजार पर मंदड़िए हावी रहे। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया।

# चीन ने भारतीय वाणिज्यिक जहाजों के प्रवेश पर रोक की खबरों को खारिज किया

**भाषा**। बीजिंग

**चीन** ने भारतीय नाविकों (क्रू) वाले वाणिज्यिक जहाजों पर गैर-आधिकारिक प्रतिबंध की खबरों को खारिज किया है। चीन ने कहा है कि उसने अपने बंदरगाहों पर भारतीय क्रू वाले वाणिज्यिक जहाजों के लंगर डालने पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई है और इस तरह की खबरें सहीं नहीं हैं। गैर-आधिकारिक प्रतिबंध संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि संबंधित विभागों से विचार-विमर्श के बाद यह तथ्य सामने आया है कि चीन ने इस तरह का कोई अंकुश नहीं लगााया है। उन्होंने कहा कि मीडिया में आईं इस तरह की खबरें सही नहीं हैं। इससे पहले अखिल भारतीय नाविक और सामान्य श्रमिक संघ ने हजारों भारतीय नाविकों की नौकरियों को बचाने के लिए केंद्र सरकार की मदद मांगी थी। संघ का कहना था कि कंपनियां उन्हें चीन जाने वाले जहाजों के लिए भर्ती नहीं कर रही हैं। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को लिखे एक पत्र में नाविक के निकाय ने दावा किया है कि इस कारण से 20,000 से अधिक नाविक घर पर हैं। यूनियन ने अपने ट्विटर हैंडल पर डाले गए पत्र में कहा, मार्च, 2021 से कोई भी जहाज चीन के बंदरगाह पर पहुंच रहा है और उस पर यदि भारतीय नाविकों का दल है तो सरकार उन जहाजों को प्रवेश की अनुमति नहीं दे रही है।

## कुवैती पेट्रोलियम कंपनी को 60 करोड़ डालर का भुगतान

**भाषा**। बर्लिन

**संयुक्त** राष्ट्र की एक समिति ने तीन दशक पहले इराक द्वारा कुवैत पर हमले तथा कब्जे के मामले में कुवैती राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी को 60 करोड़ डॉलर का मुआवजा दिया है। संयुक्त राष्ट्र के मुआवजा आयोग ने मंगलवार को कहा कि उसने 2005 में सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा हमलों से संबंधित मामलों में करीब 15 लाख दावों को मंजूरी दी थी और अबतक 51.3 अरब डॉलर का भुगतान किया जा चुका है।

1990-91 में इराक के हमले के दौरान कुवैत के पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने 14.7 अरब डॉलर के तेल उत्पादन और बिक्री नुकसान का दावा किया और उसे इसमें सफलता मिली थी। इस मामले में कॉरपोरेशन एकमात्र दावा करने वाली इकाई और शेष 1.1 अरब डॉलर की राशि भी उसे प्राप्त होगी।

# इफ्को किसान संचार की पशुचारा बिक्री में 30 प्रतिशत का इजाफा

**भाषा**। नई दिल्ली

**इफ्को** किसान संचार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद मजबूत मांग के बीच चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में उसकी मवेशियों के चारे की बिक्री 29.73 प्रतिशत बढ़कर 49.13 करोड़ रुपए की हो गई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्तवर्ष 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मवेशियों के चारे की बिक्री 37.87 करोड़ रुपए की हुई थी। इसमें कहा गया है कि मात्रा के लिहाज से मवेशी के चारे की बिक्री 28.24 फीसदी बढ़कर 24,756 टन हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 19,303 टन की हुई थी। इफ्को किसान संचार नेशनल के बिक्री प्रमुख, गणेश दास ने कहा ने कहा कि अप्रैल-जून 2021 के दौरान कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से बाजार में कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमें यह घोषणा करते हुए खुशी है कि हमने पहली तिमाही में अपने पशु चारा व्यवसाय में एक सराहनीय वृद्धि हासिल किया है। उन्होंने कहा कि जून में कारोबार शुरू हुआ क्योंकि कोरोनोवायरस के मामले घट रहे थे और कंपनी ने अकेले उसी महीने 10,000 टन पशु चारा बेचा। दास ने कहा कि बिक्री में वृद्धि, गुणवत्ता वाले पशु आहार के उपयोग के बारे में किसानों में जागरूकता बढ़ने के कारण हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इफ्को किसान पशु चारा उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्मित होता है और इसके परिणामस्वरूप कंपनी को देश भर में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वित्तवर्ष 2020-21 में अपने संचालन के पहले पूर्ण वर्ष में, कंपनी ने 160 करोड़ रुपए मूल्य का एक लाख टन पशु चारा बेचा था। दिल्ली स्थित कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रायोगिक आधार पर मिश्रित पशु चारा व्यवसाय में प्रवेश किया। यह इफ्को किसान के कुल कारोबार में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देता है और कंपनी के विकास का एक प्रमुख केंद्र है। इफ्को किसान, जो वर्तमान में कई तीसरे पक्ष के निर्माताओं से पशु चारा खरीदता है, वह अपने गठजोड़ को और व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है और अपनी खुद की चारा निर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।

# रियल एस्टेट कंपनियों को आगामी वर्षों में को-वर्किंग को-लिविंग क्षेत्रों से बड़ी उम्मीद

**भाषा**। नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के बीच बड़े उपक्रमों से लचीले कार्यस्थलों की मांग तेज है, लेकिन घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की अवधारणा की वजह से को-लिविंग खंड प्रभावित हुआ है। इसकी वजह यह है कि शैक्षणिक संस्थान महामारी की वजह से बंद हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। रियल्टी कंपनियों के निकाय नारेडको तथा उसके ज्ञान भागीदार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने मंगलवार को को-वर्किंग और को-लिविंग पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार को संबोधित करते हुए नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि यदि आईटी क्षेत्र लचीले कार्यस्थल की ओर रुख करता है, तो को-वर्किंग क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। अभी यह क्षेत्र अपने खुद के कार्यालय परिसर को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि को-लिविंग खंड के रूप में विद्यार्थियों के लिए आवास अगले एक-दो साल में काफी बड़ा क्षेत्र होगा। हीरानंदानी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान इतने बड़े स्तर पर हॉस्टल का निर्माण नहीं कर पाएंगे। वे को-लिविंग परिचालकों के साथ भागीदारी करना पसंद करेंगे। कुशमैन एंड वेकफील्ड के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया) अंशुल जैन ने कहा कि इस समय को-वर्किंग क्षेत्र पहले की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इस अनिश्चित समय में को-वर्किंग क्षेत्र कंपनियों की जरूरत है।

## सरकार ने फ्रांसीसी अदालत के फैसले की पुष्टि की

**नई दिल्ली**। सरकार ने एक फ्रांसीसी अदालत द्वारा ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी की याचिका पर पेरिस में कुछ भारतीय परिसंपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश की पुष्टि की है। पिछली तारीख से कर मामले में एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने केयर्न के पक्ष में फैसला दिया था। इस फैसले के बाद केयर्न एनर्जी भारत सरकार से 1.72 अरब डॉलर की वसूली का प्रयास कर रही है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय पंचाट द्वारा केयर्न एनर्जी पर पिछली तारीख से 10,247 करोड़ रुपए के कर के आदेश को रद्द करने के फैसले को चुनौती दी है उन्होंने कहा कि फ्रांस की एक अदालत ने केयर्न एनर्जी से संबंधित मामले में भारत की कुछ परिसंपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया है। हालांकि मंत्री ने इन संपत्तियों की पहचान नहीं बताई। इससे पहले इसी महीने खबर आयी थी कि इन 20 संपत्तियों में से ज्यादातर फ्लैट हैं। इनका मूल्य दो करोड़ यूरो से अधिक है।

# किराए और क्षमता की सीमा से भारतीय विमानन क्षेत्र का पुनरुद्धार प्रभावितः आईएटीए

**भाषा**। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** हवाई यातायात संघ (आईएटीए) ने कहा है कि सरकार द्वारा पिछले साल मई से एयरलाइंस पर किराए तथा क्षमता की जो सीमा लगाई गई है, उससे भारतीय विमानन क्षेत्र का पुनरुद्धार प्रभावित हो रहा है। वैश्विक एयरलाइंस के निकाय आईएटीए के महानिदेशक विली वाल्श ने यह बात कही। भारत ने पिछले साल कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के बाद 25 मई को दो माह बाद अनुसूचित घरेलू उड़ान सेवाएं फिर शुरू की थीं। उस समय विमानन कंपनियों को कोविड-19 से पूर्व की 33 प्रतिशत क्षमता पर परिचालन की अनुमति दी गई थी। इस सीमा को धीरे-धीरे बढ़ाया गया। अब एयरलाइंस को अपनी सीटों की 65 प्रतिशत क्षमता पर परिचालन की अनुमति है। वाल्श ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिना किसी संदेह के भारत में बाजार में इस समय मांग क्षमता से अधिक है। यदि क्षमता पर अंकुशों को हटा लिया जाता है, तो भारत में निश्चित रूप से अधिक उड़ानों की मांग रहेगी। अभी विमानन कंपनियां करीब 1,700 दैनिक उड़ानों का परिचालन कर रही हैं। यह महामारी पूर्व के 55 प्रतिशत के बराबर है। वाल्श ने कहा कि क्षमता पर अंकुश के अलावा भारत ने पिछले साल 25 मई से विमान किरायों की निचली और ऊपरी सीमा भी तय की है। यह सीमा आज भी लागू है। उन्होंने कहा कि किराए की सीमा से प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है। सभी एयरलाइंस का लागत का आधार भिन्न होता है और वे बाजार में भिन्न कीमतों पर क्षमता की पेशकश में सक्षम होती हैं।

## दो साल में 6,600 करोड़ रुपए निवेश करेगी वेदांता

**नई दिल्ली**। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता ने मंगलवार को कहा कि वह बाल्को की स्मेल्टर क्षमता बढ़ाने के लिए अगले दो साल में 6,611 करोड़ रुपए निवेश करेगी। भारत एल्युमीनियम कंपनी (बाल्को) वेदांता समूह की कंपनी है।

इसके अलावा ओडिशा के झारसुगुडा में कंपनी का कार्बन संयंत्र कारोबार 635 करोड़ रुपए की लागत से एक नया कार्बन संयंत्र स्थापित करेगा। वेदांता ने एक बयान में कहा, कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी की स्मेलटर क्षमता बढ़ाएगी। इसके लिए अगले डेढ़ से दो साल में 6,611 करोड़ रुपए निवेश करेगी। इससे बाल्को की स्मेल्टर क्षमता 441 किलो टन सालाना बढ़कर करीब 10 लाख टन पहुंच जाएगी। वेदांता समूह के सीईओ सुनील दुग्गल ने कहा, बाल्को का विस्तार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। हमें अगले 18-24 महीनों में स्मेल्टर क्षमता में वृद्धि की उम्मीद है। इस विस्तार के बाद वेदांता की एल्युमीनियम क्षमता बढ़कर 28 लाख टन हो जाएगी।

# यूको बैंक का शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक होकर 102 करोड़ रुपए पहुंचा

**भाषा**। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के यूको बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में चार गुना से अधिक होकर 101.81 करोड़ रुपए रहा। फंसे कर्ज में उल्लेखनीय रूप से कमी से बैंक का लाभ बढ़ा है। इससे पूर्व वित्त वर्ष की 2020-21 की इसी तिमाही में बैंक को 21.46 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। इससे पूर्व मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 80.03 करोड़ रुपए था। यूको बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,539.08 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 4,436.57 करोड़ रुपए थी। हालांकि यह मार्च 2021 को समाप्त तिमाही की आय 4,936.75 करोड़ रुपए के मुकाबले कम है।

बैंक का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) या फंसा कर्ज जून, 2021 को समाप्त तिमाही में घटकर कुल ऋण का 9.37 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 14.38 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से सकल एनपीए 11,321.76 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले जून 2020 को समाप्त तिमाही में 16,576.43 करोड़ रुपए था। शुद्ध एनपीए आलोच्य तिमाही में 3.85 प्रतिशत (4,387.25 करोड़ रुपए) रहा जो एक साल पहले 2020-21 की पहली तिमाही में 4.95 (5,138.18 करोड़ रुपए) प्रतिशत था।

### कैनरा बैंक का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली**। कैनरा बैंक ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़कर 1,177.47 करोड़ रुपए रहा। अवरुद्ध ऋण खातों में कमी से बैंक को लाभ में मदद मिली है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 406.24 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कैनरा बैंक ने पिछले वर्ष अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सिंडिकेट बैंक को एक अप्रैल, 2020 से अपने आप में समाहित कर लिया था। कैनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी आय बढ़कर 21,210.06 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 20,685.91 करोड़ रुपए थी। इस दौरान बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) घटकर 8.50 प्रतिशत रह गई। जो अप्रैल-जून 2020 तिमाही में 8.84 पर प्रतिशत थी।

## अमेरिकी संगठन ने भारत के ग्रामीण इलाकों लिए भेजे चिकित्सीय उपकरण

**नई दिल्ली**। अमेरिका के सहायता संगठन स्पिरिट ऑफ अमेरिका ने कोरोना वायरस महामारी से राहत और बचाव के लिए भारत के ग्रामीण हिस्सों में चिकित्सा केंद्रों के लिए आक्सीजन कंसन्ट्रेटर और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की है। संगठन के एक बयान में कहा गया है कि यह सहायता, चिकित्सा उपकरण कंपनी इंपीरेटिव केयर के अध्यक्ष तथा सीईओ फ्रेड खोसरावी तथा कंपनी के कर्मचारियों से मिले अंशदान के जरिए पहुंचाई गई है। यह योगदान भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान देश में चिकित्सा की बुनियादी ढांचागत सुविधाएं बढाने के लिए सरकार द्वारा घोषित पैकेज में इजाफा करेगी। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास और दो वैश्विक संगठनों – दि इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ह्यूमन वैल्यूज़ और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर स्पिरिट ऑफ इंडिया 320 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सहित अन्य चिकित्सा सहायता 10 राज्यों में भेज रहा है।

# पेज 1 का शेष

## अमित शाह...

सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी का दर्शन करेंगे और फिर पूजन और हवन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल विंध्य कॉरिडोर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजना है, जिसमें मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने के साथ मंदिर के चारों ओर 50 फीट की चौड़ाई की सड़क बना कर दर्शनार्थियों को दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना है। विंध्य कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर के उत्तर दिशा में बहने वाली गंगा नदी का दर्शन मां के दर्शन के साथ ही हो जाएगा। मिश्र ने बताया कि विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखने के पश्चात अमित शाह जीआईसी ग्राउंड में आयोजित सभा को सम्बोधित करेंगे। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि अभी सरकारी स्तर पर शाह का कार्यक्रम आना शेष है।

## विपक्षी दलों...

कि वे हर विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करे और वहां 75 दिन रूके। केंद्रीय मंत्री के अनुसार मोदी ने कहा, यह टोली जनता के बीच जाकर डिजिटल साक्षरता के बारे जागरूकता फैलाए। यह बहुत महत्वपूर्ण है। सांसद इस कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करें। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सांसदों को उनके क्षेत्रों में स्थानीय खेलों की प्रतियोगिता कराने, स्वचछता संबंधी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने सहित कार्यक्रमों के आयोजन का सुझाव दिया। मेघवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2047 में जब देश अपनी आजादी का 100 साल पूरे करे, इसे ध्यान में रखते हुए जनता से सुझाव मंगाए जाने चाहिए ताकि अगले 25 सालों के के कार्यों की रूपरेखा तैयार की जा सके। मेघवाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के लिए कई लोगों ने अपनी कुर्बानी दी लेकिन हमें जनता को समझाना है कि क्या हम देश के लिए जी सकते हैं। यही भावना लेकर जनता के बीच बढ़ना है।

## अमेरिकी विदेश...

के मद्देनजर सहयोग को और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साझेदारों के साथ चर्चा करने को उत्सुक हूं। अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ब्लिंकन की यह पहली और जनवरी में बाइडन प्रशासन के सत्ता में आने के बाद उसके किसी उच्चस्तरीय अधिकारी की तीसरी भारत यात्रा है। उनसे पहले मार्च में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन तथा अप्रैल में जलवायु परिवर्तन पर अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि जॉन केरी ने भारत की यात्रा की थी। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेंडे की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा अफगानिस्तान में तेजी से बदल रही सुरक्षा स्थिति पर विमर्श और क्वाड तंत्र के तहत हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को विस्तारित करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी।

## उप्र एटीएस...

पीड़ित व्यक्तियों, महिलाओं व बच्चो का आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शोषण करते हैं । यह बात भी प्रकाश में आयी की ये तस्कर इस कार्य से बड़ी मात्रा में धन अर्जित कर रहे हैं और आपस में इस अवैध धन का आदान प्रदान भी कर रहे हैं। एडीजी ने बताया कि निगरानी से पता चला है कि नूर मुहम्मद कुछ रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों के साथ ब्रह्मपुत्र मेल से दिल्ली जा रहा है। जिस पर एटीएस की टीम ने 5 व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ट्रेन से उतारकर पूछताछ की। गिरोह के सरगना ने बताया कि उनका एक साथी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उनसे मिलने आने वाला है। इस सूचना पर उस व्यक्ति को भी दिल्ली रेलवे स्टेशन से हिरासत में लेकर सभी 6 व्यक्तियों को एटीएस मुख्यालय लखनऊ लाकर विस्तृत पूछताछ की गयी। पूछताछ के उपरान्त इस गिरोह में संलिप्त तीन व्यक्तियों मुहम्मद नूर उर्फ नूरुल इस्लाम हाल पता एमपी नगर , बेजीमारा, सेपाहिजिला, त्रिपुरा, भारत, मूल पता हंसरपारा थाना टेकनाप जिला कॉक्सबाजार बांग्लादेश, रहमत उल्ला हाल पता कासिम नगर थाना नेरवाल, जम्मू, मूल पता ग्राम राजबरी, थाना नेमेताई जिला मोगडू, म्यांमार और शबीउर्रहमान उर्फ शबीउल्लाह निवासी ग्राम राजवरी थाना नेमेताई, जिला मोगडू म्यांमार को गिरफ्तार किया गया व एक नामित अभियुक्त की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। इनके पास से म्यांमार की दो नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया है। लड़कियों को फर्जी पासपोर्ट के जरिए मलेशिया भेजा जा रहा था। दोनों को लखनऊ में आशा ज्योति केंद्र भेजा गया है। अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि नुरुल इस्लाम त्रिपुरा के सेपहिजिला में रहता है। रहमतुल्लाह और शबीउर्रहमान जम्मू कश्मीर के नेरवाल स्थित रोहिंग्या कैंप में लंबे समय से रह रहे हैं। इस गिरोह के निशाने पर त्रिपुरा, मेघालय, असम, मणिपुर समेत उत्तर भारत के राज्यों की गरीब महिलाएं भी होती हैं। आरोपियों ने मानव तस्करी से कमाई गई रकम को कहां निवेश किया है, इसका पता एटीएस लगा रही है। एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि खुली सीमाओं का फायदा उठाकर यह गिरोह आसानी से मानव तस्करी कर रहा था। गिरोह के तार कहां कहां से जुड़े हैं इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## कोविड से...

लोगों को पहली खुराक और 68,72,779 लोगों को टीके की दूसरी खुराक मिल चुकी है। पांच राज्यों – गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 18-44 आयु वर्ग में एक करोड़ से अधिक लोगों को कोविड-19 रोधी टीके की खुराक दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि साथ ही आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, केरल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में 18-44 आयु वर्ग में 10 लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी गई है। उधर भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को दो से 17 साल के बच्चों पर कोवोवैक्स टीके के दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण के लिए कुछ शर्तों के साथ अनुमति देने की मंगलवार को सिफारिश की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। परीक्षण में 10 जगहों पर 920 बच्चे शामिल होंगे जिनमें 12-17 और 2-11 आयु वर्ग के प्रत्एक वर्ग में 460 बच्चों को शामिल किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 पर विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने मंगलवार को एसआईआई द्वारा दिए गए संशोधित अध्ययन प्रोटोकॉल आवेदन पर विचार किया और दो से 17 साल के बच्चों पर कोवोवैक्स के दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण के लिए फर्म को अनुमति देने की सिफारिश की। पुणे की दवा कंपनी ने टीके की सुरक्षा और प्रतिरक्षण क्षमता का निर्धारण करने के लिए 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के भारतीय वयस्कों में चल रहे कोवोवैक्स चरण 2 और 3 नियंत्रित अध्ययन में बाल चिकित्सा दल को शामिल करने के लिए एक संशोधित प्रोटोकॉल प्रस्तुत किया था। पिछले सप्ताह प्रस्तुत संशोधित आवेदन में, एसआईआई के निदेशक (सरकारी और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह और निदेशक डॉ. प्रसाद कुलकर्णी ने कहा था कि विश्व स्तर पर, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वयस्कों का टीकाकरण किया जा रहा है और इसके बाद लोगों को कोविड-19 के खिलाफ सुरक्षित किया जाएगा और बच्चे अतिसंवेदनशील समूह में बने रहेंगे।

## झारखंड सरकार ने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाकर 28 प्रतिशत किया

**रांची**। झारखंड सरकार ने मंगलवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की घोषणा की। हाल में केंद्र सरकार के अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के बाद राज्य ने यह कदम उठाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय किया गया। यह एक जुलाई से लागू होगा। केंद्र ने 14 जुलाई को डेढ़ साल के अंतराल के बाद केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) 17 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने की घोषणा की थी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को फैसले की जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने कहा, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए एक जुलाई, 2021 से महंगाई भत्ते की दरों को 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की स्वीकृति दी गई है...। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए एक जुलाई 2021 से महंगाई राहत की दरों में वृद्धि करने की भी सहमति दी गई है।

# मुक्केबाज लवलीना क्वार्टरफाइनल में
## बैडमिंटन में भारतीय जोड़ी जीत के बावजूद बाहर

**● शरत कमल, सौरभ चौधरी, मनु भाकर हारे**

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के लिए निशानेबाजी में सबसे बड़ी पदक उम्मीद मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी के नाकाम रहने से पदक का इंतजार मंगलवार को भी जारी रहा, जबकि महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की पहली मुक्केबाज बनी। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दुर्भाग्यशाली रही और पुरुष युगल के तीसरे मैच में दूसरी जीत दर्ज करने के बावजूद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।

टेबल टेनिस के पुरुष एकल के तीसरे दौर में अनुभवी शरत कमल ने गत विश्व और ओलंपिक चैंपियन चीन के मा लोंग के खिलाफ शिकस्त के बावजूद अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। भारत के लिए दिन का पहला नतीजा असाका रेंज से आया। सौरभ चौधरी और मनु भाकर की जोड़ी को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन क्वालीफिकेशन के पहले चरण में शीर्ष पर रहने के बाद दूसरे चरण में यह जोड़ी लय में नहीं दिखी और आखिर में उन्हें 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी ने पहले चरण में 582 अंक बनाए थे। सौरभ और मनु ने शुरू में कुछ उम्मीदें जगाई थी लेकिन सौरभ को मनु से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला जिससे टीम की पदक की उम्मीदें समाप्त हो गई। सौरभ ने दूसरे चरण में 194 (96 और 98) अंक बनाए लेकिन मनु 186 (92 और 94) अंक ही बना सकी। इस तरह से यह भारतीय जोड़ी 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल की एक अन्य भारतीय जोड़ी इस स्पर्धा के पहले चरण में 564 अंक के साथ 17वें स्थान पर रहने के कारण शुरू में ही बाहर हो गई। चोटी की आठ टीमें ही दूसरे चरण के क्वालीफिकेशन में प्रवेश करती हैं। भारत की दो जोड़ियों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी हिस्सा लिया था लेकिन वे क्वालीफिकेशन के पहले चरण से भी आगे नहीं बढ़ पाई।

इलावेनिल वालारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार की जोड़ी 626.5 अंक बनाकर 12वें तथा अंजुम मोदगिल और दीपक कुमार की जोड़ी 623.8 अंक बनाकर 29 जोड़ियों के बीच 18वें स्थान पर रही। ओलंपिक में पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। मुक्केबाजी रिंग में उतरने वाली लवलीना मंगलवार को एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहीं और उन्होंने प्रशंसकों को निराश नहीं किया।

पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही लवलीना प्रीक्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर भारत की नौ सदस्यीय टीम से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनी। बैडमिंटन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने मुसाशिनो फॉरेस्ट स्पोर्ट्स प्लाजा में ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 44 मिनट चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की। चीनी ताइपे की यैंग ली और ची लिन वैंग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने हालांकि मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को 21-18, 15-21, 21-17 से हरा दिया जिससे सात्विक और चिराग टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टेबल टेनिस पुरुष एकल में शरत कमल चीन के मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मा लोंग से 1-4 से हार गए। उनकी हार के साथ टेबल टेनिस में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। सेलिंग में विष्णु सरवनन और नेत्रा कुमानन अपनी संबंधित स्पर्धाओं में छह रेस के बाद क्रमशः 22वें और 33वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चार और रेस के अलावा मेडल रेस (पदक तय करने वाली रेस) बची हुई है।


जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज से मुकाबला करतीं भारत की लवलीना


सौरभ चौधरी


सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जापान | 10 | 3 | 5 | 18 |
| 2. | अमेरिका | 9 | 8 | 8 | 25 |
| 3. | चीन | 9 | 5 | 7 | 21 |
| 4. | रूस | 7 | 7 | 4 | 18 |
| 5. | ब्रिटेन | 4 | 5 | 4 | 13 |
| 6. | द. कोरिया | 3 | 2 | 5 | 10 |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 8. | कनाडा | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 9. | फ्रांस | 2 | 2 | 3 | 7 |
| 10. | जर्मनी | 2 | 0 | 3 | 5 |
| 39. | भारत | 0 | 1 | 0 | 1 |

# रूपिंदर ने दागे दो गोल भारत ने स्पेन को हराया

**● भारत का अगला मुकाबला गत चैंपियन अर्जेंटीना से**

**भाषा** । टोक्यो

**ड्रैगफ्लिकर** रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में करारी शिकस्त से उबरकर जोरदार वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक की पुरुष हाकी स्पर्धा के पूल ए में मंगलवार को यहां अपने तीसरे मैच में स्पेन को 3-0 गोल से हराया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ भारत की ओर से रूपिंदर (15वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि सिमरनजीत सिंह (14वें मिनट) ने एक गोल दागा।

दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर विजयी शुरुआत की थी, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में उसे 1-7 की करारी हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन की टीम अब तक टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। टीम ने अपने पहले मैच में अर्जेन्टीना से 1-1 से ड्रा खेला था जब दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-4 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत अपने अगले मैच में गुरुवार को गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना से भिड़ेगा।

मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया और शुरुआती 10 मिनट में गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखने में सफल रही। टीम हालांकि गोल करने का कोई वास्तविक मौका नहीं बना पाई। नौवें मिनट में भारत को बढ़त बनाने का मौका मिला लेकिन मनप्रीत के पास को सिमरनजीत गोल के अंदर डालने में विफल रहे। स्पेन की टीम धीरे-धीरे लय में लौटी और टीम ने 12वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जो बर्बाद गया। पहले क्वार्टर के अंतिम लम्हों में भारत ने हमले तेज किए। टीम को इसका फायदा भी मिला जबकि स्पेन के रक्षण की कमजोरी का फायदा उठाकर अमित रोहिदास के पास पर सिमरनजीत ने गोलकीपर क्विको कोर्टेस को छकाकर गोल दाग दिया। भारत को अंतिम मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले। तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के शॉट पर गेंद स्पेन के डिफेंडर से टकराई और भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे रूपिंदर ने गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

दो गोल से पिछड़ने के बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया और अधिकांश समय खेल भारतीय हाफ में खेला गया। स्पेन को दबाव की रणनीति का फायदा तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने विरोधी टीम के सभी हमलों को नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से नाकाम रहे अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश स्पेन के खिलाफ गजब की लय में दिखे और उन्होंने विरोधी टीम के कई हमलों को विफल किया। दो गोल की बढ़त के बाद भारतीय टीम चौथे और अंतिम क्वार्टर में रक्षात्मक खेल दिखाकर संतुष्ट थी। स्पेन ने इस बीच दबाव डालना जारी रखा।

भारत को 51वें मिनट में मैच का चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे रूपिंदर ने गोल में बदलकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। स्पेन ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को 53वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन ड्रैगफ्लिकर पाउ क्युमादा श्रीजेश की अगुआई वाली भारतीय रक्षा पंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। स्पेन को अंतिम मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार भी श्रीजेश ने क्युमादा के प्रयास को नाकाम कर दिया।


गोल करने के बाद मंदीप सिंह (जर्सी नंबर 11) और एक अन्य खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते सिमरनजीत सिंह (बीच में)

### महिला टीम को ब्रिटेन के खिलाफ जीतना होगा

**टोक्यो**। अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को यदि टोक्यो ओलंपिक के अगले मैच में बुधवार को यहां मौजूदा चैंपियन ब्रिटेन को हराना है तो उसे मौके बनाने होंगे और उन्हें अच्छी तरह से भुनाना होगा। विश्व में नंबर एक नीदरलैंड से 1-5 की करारी हार झेलने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पूल ए के अपने अगले मैच में तीसरे नंबर के जर्मनी के खिलाफ अपने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन फिर भी उन्हें 0-2 से हार झेलनी पड़ी। भारत ने जर्मनी के खिलाफ गोल करने के मौके बनाए लेकिन अग्रिम पंक्ति में पैनापन नहीं दिखा। एक अवसर पर वंदना कटारिया का शॉट गोलपोस्ट से भी टकराया था। टीम को सबसे अधिक नुकसान पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर पाने से हुआ था। पहले दोनों मैच गंवाने से भारतीय महिला छह टीमों के पूल एक में सबसे निचले स्थान पर है। नीदरलैंड शीर्ष पर है। उसके बाद जर्मनी, ब्रिटेन, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है। आयरलैंड ने दो मैचों में एक जीत दर्ज की है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच गंवाए हैं लेकिन अफ्रीकी टीम गोल अंतर में आगे है।


टोक्यो ओलंपिक में चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्रोसोवा से हार के बाद निराश जापान की नाओमी ओसाका

### रूस ने जिम्नास्टिक में अमेरिका का दबदबा तोड़ा

**भाषा** । टोक्यो

**अमेरिका** को अपनी धुरंधर जिम्नास्ट सिमोन बिलेस के बाहर होने का खामियाजा भुगतना पड़ा और रूस ने टोक्यो ओलंपिक की महिला जिम्नास्टिक टीम स्पर्धा में अमेरिकी दबदबे को तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। रूस ने अजेय मानी जा रही अमेरिकी टीम को 3-5 के अंतर से हराया जो काफी बड़ा अंतर है। इससे एक दिन पहले ही रूस की पुरुष टीम ने भी इस स्पर्धा का फाइनल जीता था। डोपिंग प्रकरण के कारण रूस ओलंपिक में अपने देश के नाम , ध्वज या राष्ट्रगीत का प्रयोग नहीं कर सकता। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूसी टीम ने पहली बार ओलंपिक जिम्नास्टिक का स्वर्ण जीता है। इससे पहले ओलंपिक चैम्पियन जिम्नास्ट बिलेस बीच में ही फाइनल्स से बाहर हो गई थी और अमेरिका जिम्नास्टिक्स ने इसके पीछे मेडिकल कारणों का हवाला दिया है।

# दूसरा टी-20 मैच स्थगित, कोरोना पाजिटिव कृणाल सीरीज से बाहर

**● अब 18 को खेला जाएगा मुकाबला**

**भाषा** । कोलंबो

**हरफनमौला** कृणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को होने वाला दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया जबकि कृणाल सात दिन के पृथकवास के साथ श्रृंखला से बाहर हो गए।

कृणाल के करीबी संपर्क में आए सभी आठ लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और वे कल मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। श्रीलंका के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कृणाल 30 जुलाई को भारतीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ स्वदेश लौट नहीं सकेंगे। उन्हें अनिवार्य पृथकवास पूरा करके नेगेटिव आरटी पीसीआर का इंतजार करना होगा। तीसरा और आखिरी टी-20 मैच गुरूवार को होगा। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि कृणाल में लक्षण पाए गए हैं। उन्हें खांसी और गले में दर्द है। वह श्रृंखला से बाहर हैं और बाकी सदस्यों के साथ लौट भी नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छी खबर यह है कि उनके करीबी संपर्क में आए सभी लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। कृणाल मंगलवार को पॉजिटिव पाए गए और पृथकवास पर हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा था, भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी20 मैच 27 जुलाई को होना था जो अब एक दिन के लिए आगे बढा दिया गया है। अब यह 28 जुलाई को होगा।



उन्होंने कहा कि मंगलवार की सुबह मैच से पहले रैपिड एंटीजेन टेस्ट कराया गया जिसमें कृणाल पंड्या की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेडिकल टीमों ने आठ सदस्यों की पहचान की है जो करीबी संपर्क में थे। सूत्र ने कहा कि सब कुछ ठीक रहने पर बुधवार को मैच होगा। करीबी संपर्क में रहे आठ व्यक्तियों में अधिकांश खिलाड़ी हैं और पृथकवास में हैं।

### मनिका बत्रा के खिलाफ कार्रवाई करेगा टीटीएफआई

**नई दिल्ली**। टोक्यो ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय से मदद लेने के मनिका बत्रा के इनकार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने अनुशासनहीनता करार देते हुए कहा कि अगले महीने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रमंडल खेल 2006 की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रॉय टोक्यो में चार सदस्यीय टीम के साथ अकेले कोच है।

मनिका अपने निजी कोच सन्मय परांजपे को लेकर गई है लेकिन उन्हें प्रतियोगिता स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं है। टीटीएफआई महासचिव अरुण कुमार बनर्जी ने कहा कि यह अनुशासनहीनता है।

उसे अपने मैचों के दौरान राष्ट्रीय कोच को कोर्ट के पास बैठने की अनुमति देना चाहिए थी जैसा बाकी खिलाड़ियों ने किया। रॉय भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है और अब जाने माने कोच हैं।

# इंग्लैंड दौराः भारतीय टीम ने मुख्य पिच पर अभ्यास किया

**भाषा** । डरहम

**इंग्लैंड** के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले कप्तान विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने डरहम क्रिकेट क्लब में मुख्य पिच पर अभ्यास किया। कोविड-19 से उबरने के बाद टीम बायो-बबल (जैव सुरक्षित माहौल) में शामिल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी अन्य खिलाड़ियों के साथ नेट सत्र में भाग लिया। बीसीसीआई ने एक ट्वीट में कहा कि टीम इंडिया ने वापस एक साथ आ गई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले उन्होंने डरहम क्रिकेट क्लब में मुख्य पिच पर अभ्यास किया। बीसीसीआई ने टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा, लोकेश राहुल, उनके कर्नाटक टीम के साथी और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और कप्तान कोहली की नेट में बल्लेबाजी अभ्यास करते हुए तस्वीरें साझा की। उपकप्तान अजिंक्य रहाणे और अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने भी नेट सत्र में बल्लेबाजी की।

### टेस्ट में मौका मिलने का इंतजारः लाकेश राहुल



**डरहम**। बल्लेबाज लोकेश राहुल का मानना है कि उन्होंने कभी भी असफलताओं को खुद पर हावी नहीं होने दिया, बल्कि वह उनसे और मजबूत होकर उभरे और अब धैर्यपूर्वक भारत के लिए फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल ने अपना आखिरी टेस्ट 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। राहुल ने कहा कि उन्होंने इस समय का इस्तेमाल अपने खेल पर ध्यान देने के लिए किया है। अभ्यास मैच में यहां शतकीय पारी खेलने वाले राहुल ने कहा कि जब मुझे टीम से बाहर किया गया तो मैं कोचों के पास वापस गया और उन से चर्चा करके बहुत सारे वीडियो देखें।

### मोरक्को के मुक्केबाज ने प्रतिद्वंद्वी का कान काटने की कोशिश की

**भाषा** । टोक्यो

**मोरक्को** के एक हैवीवेट मुक्केबाज (91 किग्रा) ने तोक्यो ओलंपिक में अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के प्रतिद्वंद्वी के कान को काटने की कोशिश की। यूनुस बल्ला ने तीसरे दौर के मुकाबले में माइक टायसन की तरह रिंग डेविड न्याका के कान के पास काटने की कोशिश की। युनुस को जजों के सर्वसम्मत निर्णय से हार का सामना करना पड़ा और न्याका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यूनुस ने हालांकि माउथ गार्ड (दांतों को चोट से बचाने वाला कवच) पहना था, जिस कारण न्याका के कान के पास उनके दांतों का निशान नहीं बना। न्याका ने कहा कि वह पूरी तरह से काटने में सफल नहीं हुआ। मेरी किस्मत अच्छी थी कि उसने माउथगार्ड पहना था और यह उतना गंभीर नहीं था। मुझे लगता है वह मेरी गाल पर काटना चाहता था। रेफरी हालांकि इस घटना को नहीं देख सकें जिससे यूनुस को बाउट के दौरान दंडित नहीं किया गया था। यह टेलीविजन कैमरे की पकड़ में आ गया।

### भारतः आज के कार्यक्रम



**हाकी**: भारत बनाम ब्रिटेन, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से
**बैडमिंटन**: पीवी सिंधू , महिला एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट से, बी साई प्रणीत, पुरुष एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर
**तीरंदाजी**: (व्यक्तिगत स्पर्धा): तरुणदीप राय, पुरुष अंतिम 32 वर्ग , भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 31 मिनट से, प्रवीण जाधव, पुरुष अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से, दीपिका कुमारी, महिला अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 14 मिनट से
**रोइंग**: अर्जुन लाल जट और अरविंद सिंह, पुरुष डबल स्कल्स सेमीफाइनल ए-बी 2, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजे से
**सेलिंग**: केसी गणपति और वरूण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से
**मुक्केबाजी**: पूजा रानी, महिला 75 किग्रा वर्ग, अंतिम 16 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 33 मिनट से

### ईयू वीजा खत्म होने से उड़ान लेने से चूकीं विनेश फोगाट

**भाषा** । नई दिल्ली

**ओलंपिक** में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में से एक पहलवान विनेश फोगाट मंगलवार को फ्रैंकफर्ट से टोक्यो के लिए अपनी उड़ान नहीं ले पाई क्योंकि उनके यूरोपीय संघ (ईयू) के वीजा की अवधि एक दिन पहले ही खत्म हो गई थी।

खेलों से पहले हंगरी में अपने कोच वॉलर अकोस के साथ प्रशिक्षण ले रही विनेश को मंगलवार रात टोक्यो पहुंचना था, लेकिन जापान की राजधानी के लिए कनेक्टिंग विमान में चढ़ने से पहले उन्हें फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सूत्रों ने हालांकि बताया कि इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है और वह बुधवार को टोक्यो पहुंच जाएंगी।

# मां को देखकर अपने आंसू नही रोक सकीं मीराबाई चानू



**भाषा** । इंफाल

**ओलंपिक** की तैयारी के लिए पिछले पांच बरस में ज्यादातर वह उनसे दूर रही लेकिन टोक्यो में अपना सपना पूरा होने के बाद गले में रजत पदक लेकर भारोत्तोलक मीराबाई चानू जब मणिपुर लौटी तो अपनी मां को देखकर आंसुओं पर काबू नहीं रख सकी। मणिपुर ने अपनी बिटिया के स्वागत में मानो पलक पावडे बिछा दिए और हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। सोमवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुए स्वागत समारोह की तरह ही यहां बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मीराबाई की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के साथ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे।

उनके हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही अफरातफरी मच गई। रियो (2016) ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मीराबाई को पिछले पांच वर्षों में बहुत बार घर आने का मौका नहीं मिला था।

ओलंपिक भारोत्तोलन में 49 किग्रा भार वर्ग में शनिवार को रजत पदक जीतने वाली मीराबाई यहां पहुंचने पर अपनी मां सेखोम ओंगबी तोम्मी लीमा और पिता सेखोम कृति मेइतेई से गले मिली जिसके बाद उनकी आंखें नम हो गई। इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने उनके आसपास एक घेरा बनाया था।

# समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र समुद्री सुरक्षा के मामले पर समग्र दृष्टिकोण अपनाए: भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**भारत ने** अगस्त महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालने से पहले कहा कि अब समय आ गया है कि सुरक्षा परिषद समुद्री सुरक्षा के मामले को लेकर समग्र दृष्टिकोण अपनाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम अगस्त में तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे: समुद्री सुरक्षा, शांतिरक्षा और आतंकवाद से मुकाबला। हम अपनी अध्यक्षता में तीन मुख्य कार्यक्रमों के जरिए तीन विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

भारत एक अगस्त को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालेगा। भारत दो साल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। भारत अगस्त के बाद अगले साल दिसंबर में परिषद की अध्यक्षता करेगा। तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत की विदेश नीति में समुद्री सुरक्षा हमेशा उच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, हमने विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित की है। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि सुरक्षा परिषद समुद्री सुरक्षा के मामले पर समग्र दृष्टिकोण अपनाए। समुद्री सुरक्षा सबकी समृद्धि और अन्य सुरक्षा हितों की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा के विषय पर ध्यान केंद्रित करना काफी महत्व रखता है क्योंकि ऐसा पहली बार होगा, जब संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष निकाय में इस मामले पर विशेष रूप से चर्चा होगी। तिरुमूर्ति ने उल्लेख किया कि सुरक्षा परिषद ने समुद्री सुरक्षा और समुद्री अपराध के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्ताव पारित किए हैं, लेकिन हमें लगता है कि अब समय आ गया है कि इन्हें एक साथ लाया जाए और इन पर समग्र रूप से चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला भी भारत के लिए एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, और नई दिल्ली सुरक्षा परिषद में इस मामले पर पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उन्होंने कहा, हम हर प्रकार के आतंकवाद के कट्टर विरोधी हैं और मानते हैं कि आतंकवाद को किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में सर्वाधिक बलों का योगदान देने वाले देशों में शामिल भारत अपनी अध्यक्षता में शांतिरक्षा के मामले पर भी ध्यान देगा और शांतिरक्षकों की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने का पुरजोर समर्थन करेगा। तिरुमूर्ति ने कहा, शांतिरक्षा में महिला शांतिरक्षकों की भागीदारी समेत हमारी अपनी लंबी और अग्रणी भागीदारी को देखते हुए शांतिरक्षा ऐसा मामला है जो हमारे दिल के करीब है। स्थाई प्रतिनिधि ने कहा कि समुद्री सुरक्षा, शांतिरक्षा और आतंकवाद से मुकाबला संबंधी तीन विषयों पर केंद्रित भारत के मुख्य कार्यक्रमों के अलावा हर महीने उन विषयों पर अनिवार्य बैठकें भी होंगी जिन पर सुरक्षा परिषद चर्चा करती है।

## टीकों की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र की जरूरत: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** कोविड-19 टीकों की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र की जरूरत पर जोर देते हुए भारत ने कहा कि वायरस के स्वरूप में और बदलाव को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान की आवश्यकता है और वैश्विक समुदाय के साथ अपना कोविन मंच साझा करने की पेशकश की। फ्रांस की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में कोविड-19 स्थिति पर प्रस्ताव 2565 पर सोमवार को चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टीएस तिरूमूर्ति ने ट्विटर पर बताया कि सुरक्षा परिषद में कोविड-19 पर चर्चा में उन्होंने कहा कि टीके की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र और वायरस के स्वरूप में और बदलाव को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीके को लेकर लोगों की गलतफहमियों को दूर करने के लिए तथ्यों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



काहिरा में एक मेगा प्रोजेक्ट अभियान के तहत लोगों को भीड़भाड़ से राहत देने के लिए नए शहर, सड़कें, पुल और सुरंग बनाने के लिए घरों को ध्वस्त करता बुलडोजर

## शी का तिब्बत दौरा भारत के लिए एक खतरा है: अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वॉशिंगटन

**अमेरिका के** एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का पिछले सप्ताह तिब्बत के दौरे पर जाना भारत के लिए एक खतरा है। शी ने अरुणाचल प्रदेश के निकट स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तिब्बती सीमावर्ती शहर न्यिंगची का गत बुधवार को दौरा किया था। शी ने वहां शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी और तिब्बत में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की थी।


रिपब्लिकन सांसद डेविड नुनेस ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, चीनी तानाशाह शी चिनफिंग ने पिछले सप्ताह भारत की सीमा के पास तिब्बत का दौरा करके अपनी जीत का दावा किया। मुझे लगता है कि पिछले 30 साल में यह पहली बार है, जब चीनी तानाशाह तिब्बत गए हों। यह एक अरब से अधिक की आबादी वाले और परमाणु शक्ति से सम्पन्न भारत के लिए एक खतरे की बात है। भारत के लिए यह खतरे की बात है कि वह एक बड़ी जल परियोजना विकसित करने वाले हैं, जिससे भारत की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है। न्यिंगची की यात्रा के दौरान शी ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में पारिस्थितिक संरक्षण का निरीक्षण करने के लिए न्यांग रिवर ब्रिज गए थे, जिसे तिब्बती भाषा में यारलुंग ज़ंगबो कहा जाता है। न्यिंगची, तिब्बत में एक प्रांत स्तर का शहर है जो अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है, जिस दावे को भारत ने हमेशा दृढ़ता से खारिज किया है। भारत-चीन के बीच 3,488 किलोमीटर की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सीमा विवाद है। सांसद ने कहा, वास्तविकता यह है कि चीन आगे बढ़ रहा है और (अमेरिका के राष्ट्रपति जो) बाइडन का प्रशासन उसे हर वह चीज करने दे रहा है, जो वह चाहता है।

## उत्तर और दक्षिण कोरिया ने संचार माध्यम बहाल किए

**सोल।** उत्तर और दक्षिण कोरिया ने दोनों देशों के बीच निलंबित संचार माध्यमों को बहाल कर दिया है और उनके नेता संबंधों को बेहतर करने के लिए सहमत हुए हैं। दोनों देशों की सरकारों ने मंगलवार को यह बात कही। सोल में राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जाई इन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच अप्रैल से कई पत्राचार होने के दौरान यह सहमति बनी। ब्लू हाउस के प्रवक्ता पार्क सू हयुन ने टीवी पर एक बयान में कहा कि दोनों नेता आपसी विश्वास को बहाल करने और यथाशीघ्र अपने संबंधों को फिर से बेहतर करने को सहमत हुए। पार्क ने कहा कि दोनों कोरिया देशों ने इसके बाद मंगलवार सुबह संचार माध्यमों को बहाल कर दिया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा, अब, पूरा कोरियाई राष्ट्र ठहराव के बाद यथाशीघ्र उत्तर-दक्षिण संबंधों को बेहतर होते देखने की आकांक्षा करता है।

## ब्रितानी भारतीय संजीव सहोता की पुस्तक चाइना रूम बुकर पुरस्कार के दावेदारों में शामिल

**भाषा।** लंदन




**भारतीय मूल** के ब्रितानी उपन्यासकार संजीव सहोता उन 13 लेखकों में शामिल है, जिनकी किताब चाइना रूम को इस साल बुकर पुरस्कार के दावेदारों की सूची में शामिल किया गया है। 40 वर्षीय सहोता के दादा-दादी 1960 के दशक में पंजाब से यहां आ गए थे। सहोता ने पहले भी द ईयर ऑफ द रनवेज के लिए 2015 के बुकर पुरस्कार के दावेदारों में जगह बनाई थी और उन्हें 2017 में साहित्य के लिए यूरोपीय संघ पुरस्कार मिला थ। उनके उपन्यास चाइना रूम को ब्रिटेन या आयरलैंड में अक्टूबर 2020 और सितंबर 2021 के बीच प्रकाशित 158 उपन्यासों में से चुना गया। अंग्रेजी में लिखे गए और ब्रिटेन या आयरलैंड में प्रकाशित पुस्तक के लिए किसी भी राष्ट्रीयता का लेखक इस पुरस्कार को जीतने का पात्र है।

बुकर पुरस्कार के चयनमंडल ने कहा, चाइना रूम ने दो काल और दो महाद्वीपों को एक साथ बुनते हुए प्रवासी अनुभव पर आधारित कहानी के एक शानदार मोड़ के साथ हमें प्रभावित किया। सहोता के अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता जापानी लेखक काजुओ इशिगुरो और पुलित्जर पुरस्कार विजेता रिचर्ड पॉवर्स प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। 2017 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीत चुके ब्रिटेन के इशिगुरो प्रेम एवं मानवता पर आधारित उपन्यास क्लारा एंड द सन के लिए 50,000 पाउंड के बुकर पुरस्कार के लिए मंगलवार को घोषित दावेदारों की लंबी सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे। इशिगुरो को इस पुरस्कार के लिए चौथी बार नामित किया गया है। उन्हें इससे पहले द रीमेन्स ऑफ दि डे के लिए 1989 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमेरिकी लेखक पॉवर्स को बिविल्डर्मेंट के लिए नामित किया गया है। पॉवर्स ने 2019 में द ओवरस्टोरी के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता था और इस पुस्तक ने बुकर पुरस्कार के अंतिम दावेदारों में भी जगह बनाई थी। इस साल की सूची में दक्षिण अफ्रीका के डैमोन गैलगट का उपन्यास द प्रॉमिस , कनाडाई लेखक मैरी लॉसन का ए टाउन कॉल्ड सोलेस जगह मिली है।

## अमेरिकी हिन्दू संस्था ने पाक, तुर्की व रूस के संयुक्त रूप से ड्रोन उत्पादन का विरोध किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक हिंदू संगठन ने रूस, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा संयुक्त रूप से ड्रोन उत्पादन के फैसले का विरोध किया है और मामले की जांच की अमेरिकी सांसदों की मांग का समर्थन किया है। पिछले हफ्ते, डेविड सिसिलिन और गस बिलिरकिस समेत सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मांग की थी कि कॉकेशिया, दक्षिण एशिया, पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र और दुनिया भर के अन्य क्षेत्रों में अंकारा के ड्रोन कार्यक्रमों की अस्थिरकारी भूमिका की आधिकारिक जांच के लंबित रहने तक तुर्की को अमेरिकी ड्रोन प्रौद्योगिकी का निर्यात लाइसेंस निलंबित कर दिया जाए। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने सोमवार को एक बयान में कांग्रेस सदस्यों की जांच की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि तुर्की-पाकिस्तान-रूस द्वारा संयुक्त रूप से लड़ाकू मानव रहित वाहन (यूएवी) उत्पादन करने से दुनिया भर के लोकतंत्रों को चिंतित होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री इमरान खान के सहायक को कादियानी कहने पर विधायक गिरफ्तार

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान के** सत्ताधारी दल के एक विधायक को प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक को कथित तौर पर कादियानी (अहमदिया अल्पसंख्यक समुदाय का सदस्य) कहने के लिए मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पाकिस्तान में अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कादियानी कहा जाता है। पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को 1974 में गैर मुस्लिम करार दिया था। एक दशक बाद उन्हें खुद को मुसलमान कहने पर पाबंदी लगा दी गई थी। इस समुदाय के लोगों को प्रवचन देने और हज पर सऊदी अरब जाने की भी मनाही है। लाहौर पुलिस ने उत्तरदायित्व और आंतरिक मामलों पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक मिर्जा शहजाद अकबर की शिकायत पर पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के विधायक नजीर चौहान को गिरफ्तार कर लिया। चौहान पार्टी के अलग हो चुके समूह जहांगीर तरीन से जुड़े हैं और पंजाब प्रांत के विधायक हैं। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता राणा आरिफ ने कहा, पुलिस ने शहजाद अकबर की शिकायत पर विधायक नजीर चौहान के खिलाफ लाहौर के रेसकोर्स पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में चौहान को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने कहा कि कथित तौर पर एक वीडियो में चौहान अकबर पर टिप्पणी करते दिखाई दे रहे हैं जिसकी आवाज की जांच के लिए उन्हें संघीय जांच एजेंसी की साइबर अपराध शाखा में रखा गया है।

## उत्तरी माली में हमले में पांच शांतिरक्षक घायल: संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** माली के अशांत उत्तरी इलाके में सोमवार को हमले में संयुक्त राष्ट्र के पांच शांतिरक्षक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि त्वरित कार्वाई बल को किडाल क्षेत्र के अगुएलहोक शहर में घटनास्थल पर भेजा गया है और घायल शांतिरक्षकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। अगुएलहोक शहर में संयुक्त राष्ट्र मिशन के शिविर में इससे ठीक एक दिन पहले आग लग गई थी। रविवार की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। माली 2012 से इस्लामिक उग्रवाद को रोकने की कोशिश कर रहा है। 2013 में फ्रांसीसी नेतृत्व वाले सैन्य अभियान की मदद से माली के उत्तरी शहरों में इस्लामी चरमपंथियों को खदेड़ दिया गया था। हालांकि विद्रोही जल्द ही वहां फिर सक्रिय हो गए और वे माली सेना तथा उसने सहयोगियों पर लगातार हमले करते हैं।

## हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पहली बार दोषी पाया गया कोई व्यक्ति

**एपी।** हांगकांग

**हांगकांग के** संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पहली बार मुकदमे का सामना करने वाले व्यक्ति को अलगाववाद और आतंकवाद का दोषी पाया गया है।

हांगकांग उच्च न्यायालय ने तोंग यिंग कित (24) से संबंधित मामले में यह फैसला सुनाया है। तोंग पर आरोप था कि वह पिछले साल एक जुलाई को एक झंडा थामे मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस अधिकारियों के समूह में घुस गया था। झंडे पर लिखा था, हांगकांग को आजाद करो, यह हमारे समय की क्रांति है। यह घटना हांगकांग पर संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाए जाने के एक दिन बाद हुई थी। चीन ने साल 2019 में हांगकांग में महीनों चले सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था। इस आदेश को काफी करीब से देखा जा रहा है ताकि यह अंदाजा लगाया जा सके कि भविष्य में ऐसे ही मामलों से कैसे फैसले सुनाए जाएंगे। इस कानून के तहत 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तोंग ने अलगाववाद और आतंकवाद के आरोप तय करने के बजाय खतरनाक तरीके से वाहन चलाने जैसे वैकल्पिक आरोप लगाने की गुहार लगाई थी।

तोंग को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। उसके वकील बृहस्पतिवार को सजा सुनाए जाने के दौरान हल्की सजा देने की अपील कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एस्थर तोह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि तोंग ने आतकंवादी गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसका मकसद राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाना था। तोह ने कहा कि उसका व्यवहार केंद्र और हांगकांग की सरकारों को मजबूर करने और जनता को डराने के उद्देश्य से हिंसा फैलाने के समान था। उन्होंने कहा कि नारा लिखा झंडा साथ रखना अलगाव के लिए उकसाने वाला कार्य है।

## पाक और सऊदी अरब मिलकर काम करने पर सहमत हुए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान और** सऊदी अरब मंगलवार को दोनों क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। साथ में, उन्होंने अपने आर्थिक संबंधों में और सुधार करने तथा अपने आपसी रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने का फैसला किया। विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की सऊदी अरब के उनके समकक्ष शहज़ादा फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ हुई बैठक में उक्त सहमति बनी है।

शहज़ादा फैसल ने कुरैशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम रिश्ते के आर्थिक पक्ष और निवेश के पारंपरिक क्षेत्रों से परे इसे विस्तारित करने के मौकों पर बहुत ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। शहज़ादा फैसल एक दिन की इस्लामाबाद की यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी-पाकिस्तान सर्वोच्च समन्वय परिषद (एसपी-एससीसी) की स्थापना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नए स्तरों पर ले जाने के लिए एक अहम माध्यम है। प्रधानमंत्री इमरान खान की मई में सऊदी अरब की यात्रा के दौरान एसपी-एससीसी की स्थापना की गई थी और वह वलीअहद (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के साथ परिषद के सह-अध्यक्ष हैं। सऊदी विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देश अपने व्यापारिक समुदायों को आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए जल्दी-जल्दी बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और स्थिरता आर्थिक समृद्धि की कुंजी है और दोनों देश एक-दूसरे के क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।

शहज़ादा फैसल ने कहा, हम क्षेत्रीय मुद्दों पर काम करने पर सहमत हुए हैं, चाहे वह कश्मीर हो, फलस्तीन हो या यमन। हम अपने दोनों क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## जर्मनी में रासायनिक परिसर में विस्फोट से हवा में फैला विशाल धुआं

**बर्लिन।** जर्मनी के लीवरकुसेन शहर में मंगलवार को रासायनिक कंपनियों के एक औद्योगिक पार्क में हुए विस्फोट की वजह से हवा में बड़े पैमाने पर काला धुआं फैल गया। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने बताया कि जर्मनी के नागरिक सुरक्षा और आपदा सहायता के संघीय कार्यालय ने विस्फोट को अत्यधिक खतरे के रूप में वर्गीकृत किया और निवासियों को घरों के अंदर रहने और खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने के लिए कहा गया है। राइन नदी पर कोलोन से लगभग 20 किलोमीटर (13 मील) उत्तर में स्थित लीवरकुसेन में केमपार्क साइट के संचालकों ने कहा कि विस्फोट के कारण का पता अभी नहीं चल सका है। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि दमकल वाहनों और प्रदूषण का पता लगाने वाली वैन को तैनात किया गया है। पास के कोलोन में पुलिस ने कहा कि उन्हें विस्फोट के कारण या पैमाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है और इस समय किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।

## इराक में अमेरिकी लड़ाकू अभियान साल अंत तक खत्म हो जाएगा: बाइडन

**एपी।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि इराक में अमेरिकी युद्धक अभियान साल अंत तक खत्म हो जाएगा। यह एक ऐसी घोषणा है जो अमेरिकी नीति में एक बड़े बदलाव की तुलना में जमीनी वास्तविकता को अधिक दर्शाती है। बाइडन के जनवरी में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से ही इराकी बलों की सहायता करने, उनकी ओर से नहीं लड़ने को लेकर विचार कर रहे थे। बाइडन ने वैसे इराक में अमेरिकी सैनिकों की संख्या कम करने को लेकर कोई बयान नहीं दिया। अभी इराक में अमेरिका के 2500 सैनिक मौजूद हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब 20 साल बाद अमेरिका अफगानिस्तान से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला रहा है। 11 सितम्बर 2001 को हुए हमले के बाद अमेरिका ने युद्धग्रस्त देश में अपने सैनिक तैनात किए थे।

इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-काजिमी के साथ ओवल कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन इराक के साथ साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। यह एक ऐसा रिश्ता जो ईरानी समर्थित इराकी मिलिशिया समूहों द्वारा तेजी से जटिल हो गया है। मिलिशिया चाहते हैं कि अमेरकी बल इराक से तुरंत बाहर निकल जाए और समय-समय पर अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों पर हमला करते रहे हैं। बाइडन ने कहा, आईएसआईएस के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई क्षेत्र की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है और हमारा आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रहेगा, भले ही हम इस नए चरण में जाने वाले हैं, जिसके बारे में हम बात करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, हम साल के अंत तक लड़ाकू अभियान का हिस्सा नहीं होंगे। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव जेन साकी ने कोई जानकारी नहीं दी कि साल अंत तक इराक में उनके कितने सैनिक होंगे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आखिरी बार सैनिकों की संख्या कम करने के बाद से ही इराक में 2500 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। उस समय इराक में 3000 सैनिक थे।

## क्विक न्यूज

### हैती राष्ट्रपति हत्या मामला: शीर्ष सुरक्षा अधिकारी को किया गया गिरफ्तार

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती)।** हैती में अधिकारियों ने राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के समय सामान्य सुरक्षा समन्वयक के रूप में तैनात एक शीर्ष अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उनके वकील ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। हैती नेशनल पुलिस ने जीन लैगुएल सिविल को गिरफ्तार किया। इस मामले में अब दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सात जुलाई को मोइसे के निजी आवास पर हुए हमले की जांच जारी है। सिविल के वकील रेनॉल्ड जॉर्जेस ने अपने मुवक्किल की गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया। यह तुरंत स्पष्ट नही हो पाया है कि सिविल पर क्या आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी तब हुई जब 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारी मोइसे को श्रद्धांजलि देने के लिए हैती के सबसे कुख्यात गिरोह के नेताओं में से एक के पास एकत्र हुए। भीड़ में शामिल ज्यादातर लोग सफेद कपड़े पहने हुए थे। वे एक पूर्व पुलिस अधिकारी जिमी चेरिज़ियर की जय जयकार रहे थे, जो अब नौ गिरोहों के एक संघ जी9 का नेतृत्व करता है, जिसे अधिकारियों ने हाल के महीनों में हिंसा और अपहरण की घटनाओं में बढ़ोतरी के लिए दोषी ठहराया है। बारबेक्यू के नाम से जाने जाने वाले चेरिज़ियर ने कहा, हम जोवेनेल मोइसे की हत्या का जवाब देंगे, तब तक सभी को मेरे आदेश का इंतजार करना होगा।

### पेरिस पुलिस क्यूबा के दूतावास पर बम हमले की जांच कर रही

**पेरिस (फ्रांस)।** फ्रांसीसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यहां क्यूबा के दूतावास पर हुए बम हमले की वह जांच कर रही है। सोमवार रात हुए इस हमले में दूतावास को मामूली नुकसान हुआ था। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि घटना की जांच जारी है। इस मामले में किसी को अब तक गिरफ्तार नही किया गया है और ना ही किसी व्यक्ति या संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है। पेरिस पुलिस ने बताया कि सोमवार रात दो गैसोलिन बम दूतावास पर फेंके गए थे, जिससे मामूली आग लग गई थी। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोद्रीगुएज ने इस हमले के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है।

### लीबिया तट के पास पलटी नौका, 57 लोगों के डूबने की आशंका

**काहिरा।** अफ्रीकी प्रवासियों को लेकर जा रही एक नौका लीबिया के तट के पास सोमवार को पलट गई। इस हादसे में कम से कम 57 लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन की प्रवक्ता सफा मसेहली ने बताया कि नौका रविवार को पश्चिमी तटीय शहर खम्स से रवाना हुई थी। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 75 लोग सवार थे। जिन 57 लोगों के डूबने की आशंका है, उनमें 20 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल है। लीबिया के तट रक्षकों और मछुआरों ने 18 लोगों को बचा लिया। उन्होंने बताया कि इन 18 लोगों ने बताया कि नौका इंजन में खराबी की वजह से रुकी थी और खराब मौसम की वजह से पलट गई। ए लोग नाइजीरिया, घाना और गाम्बिया से हैं। संयुक्त राष्ट्र की आव्रजन मामलों से जुड़ी एजेंसी ने बताया कि लीबिया के तट पर एक सप्ताह से भी कम समय में नौका पलटने की यह दूसरी घटना है। यूरोप जा रही एक नौका बुधवार को पलट गई थी, जिसमें सवार कम से कम 20 प्रवासियों के डूब जाने की आशंका है।

### कैलिफोर्निया में एक घर में गोलीबारी में डिप्टी समेत पांच अधिकारियों की मौत

**बेकर्सफील्ड (अमेरिका)।** कैलिफोर्निया की सन जौक्विन वैली में एके-47 तथा बंदूक से लैस एक व्यक्ति ने कुछ लोगों को घर में बंधक बना लिया, जिन्हे बचाने पहुंचे डिप्टी समेत पांच अधिकारियों की गोलीबारी में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि घर में मौजूद तीन लोग बंदूकधारी के दो बेटे और उनकी मां है। दो महिलाएं और दो बच्चियां पहले ही बंदूकधारी के चंगुल से बच निकली थी। गोलीबारी की यह घटना वास्को में रविवार दोपहर हुई। घर की छत पर आग्नेयास्त्रों के साथ चढ़ने के बाद अधिकारियों ने संदिग्ध को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। केर्न काउंटी शेरिफ डोनी यंगब्लड ने मारे गए डिप्टी की पहचान फिलिप कैम्पस के रूप में की और उन्हें संगठन का एक सितारा बताया। कैम्पस (35) के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे है। यंगब्लड ने कहा कि उन्होंने 10 साल से अधिक सेवाएं दी और उनका कार्यकाल काफी शानदार रहा। शेरिफ ने बताया कि हिंसा दोपहर एक बजे शुरू हुई और इस संबंध 911 पर फोन कर जानकारी दी गई। दो महिलाएं और दो बच्चियां पहले ही बंदूकधारी के चंगुल से बच निकली थी। आरोपी के साथ इनका क्या रिश्ता था, यह अभी पता नही चल पाया है। 41 वर्षीय संदिग्ध का नाम नही बताया गया, लेकिन शेरिफ ने बताया कि उसके खिलाफ एक निरोधक आदेश दायर किया गया था, जिसके तहत तीन जून तक वह आग्नेयास्त्र नही रख सकता था। यह आदेश क्यों जारी किए गए इसकी कोई जानकारी नही है।

### पत्रकारों से सीधे संवाद के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति शैली की मीडिया ब्रीफिंग का अनुसरण करेंगे गोटबाया

**कोलंबो।** मीडिया द्वारा बयानों को कथित रूप से गलत तरीके से प्रस्तुत करने या संदर्भ से बाहर उद्धृत किए जाने को रोकने के वास्ते राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने अमेरिकी राष्ट्रपति शैली का एक मीडिया केन्द्र स्थापित किया है जिसके जरिए पत्रकार सीधे श्रीलंकाई नेता के साथ बातचीत करने में समक्ष होंगे। उनके प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजपक्षे की टिप्पणी कई बार सोशल मीडिया मंच पर आलोचनाओं के घेरे में रही है। राजपक्षे के प्रवक्ता किंग्सले रत्नायके ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने अमेरिकी राष्ट्रपति मीडिया केंद्र शैली का अनुसरण किया है। नामित मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रपति से सीधे सवाल पूछने का मौका दिया जाएगा। केंद्र में राष्ट्रपति की ब्रीफिंग में भाग लेने के लिए मीडिया संस्थानों को अपने कर्मियों का नाम देने के लिए कहा जाएगा। रत्नायके ने कहा, हाल के दिनों में, हमने देखा है कि राष्ट्रपति के बयानों को मीडिया द्वारा गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया या संदर्भ से परे रखकर पेश किया गया। अब इस तरह की चीजे बंद होने की उम्मीद है। इस बीच, सरकार ने घोषणा की है कि वह सोशल मीडिया मंच पर फर्जी खबरों के खतरे से निपटने के लिए नए कानून बना रही है। सूचना मंत्री केहेलिया रामबुक्वेला ने हाल में कहा था कि फर्जी खबरें फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून होंगे।

### इजराइली रक्षा मंत्री एनएसओ पर फ्रांसीसी रक्षा मंत्री से चर्चा करेंगे

**यरुशलम।** इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैट्ज इस सप्ताह पेरिस में अपनी फ्रांसीसी समकक्ष से मुलाकात करेंगे और दोनों इजराइली स्पाइवेयर कंपनी एनएसओ पर चर्चा करेंगे। मंगलवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गैट्ज बुधवार को फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली के साथ बैठक के लिए यात्रा करेंगे। दोनों रक्षा मंत्री लेबनान संकट और विश्व शक्तियों और ईरान के बीच परमाणु वार्ता पर चर्चा करेंगे। पिछले हफ्ते, एक फ्रांसीसी समाचार पत्र ने अपनी खबर में बताया था कि मोरक्को की सुरक्षा एजेंसी ने संभवतः फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांसीसी सरकार के अन्य सदस्यों के सेलफोन को निशाना बनाया था। इस तरह की खबरें सामने आई थी कि इजराइल के एनएसओ समूह का इस्तेमाल संभवतः कई देशों में राजनीतिज्ञों, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को लक्षित करने के लिए किया गया है।

# यात्रा प्रतिरक्षण जांच



**लॉकडाऊन प्रतिबंधों में ढील होने से, यात्रा और पर्यटन में तेजी आ रही है। हालांकि, यदि अत्यावश्यक न हो, तब तक यात्रा की योजना बनाना उचित नहीं है। यहां उन चीजों की एक सूची पेश है, जिन्हें उस अपरिहार्य यात्रा के लिए बाहर निकलने से पहले ध्यान में रखना चाहिए**

प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना अधिकांश लोगों की सर्वोच्च प्राथमिकता कभी नहीं रहा है, लेकिन अब यह प्राथमिकता बन गया है! इन दिनों यात्रा करते समय, कोई सोच रहा होगा कि कैसे सुरक्षित, स्वस्थ और संक्रमण का शिकार होने के जोखिम से दूर रहें। निश्चित रूप से, आप यात्रा में बीमार नहीं पड़ना चाहेंगे, विशेष रूप से काम संबंधी यात्रा पर।

रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों या उन जगहों पर समय बिताने से जहां लोग इकट्ठा होते हैं, फ्लू या सर्दी होने का खतरा बढ़ जाता है। यात्रा के दौरान एक स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना कठिन है और व्यस्त कार्यक्रम, अस्वास्थ्यकर भोजन, साथ ही असामान्य नींद पैटर्न, समस्या को बढ़ा देते हैं। पीठ दर्द से लेकर कम रोग प्रतिरोधक क्षमता व तनाव के कारण होने वाले सिरदर्द तक, ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका सामना नियमित यात्रियों को करना पड़ता है। सौभाग्य से, यात्रा प्रतिरक्षण जांच के कई तरीके हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि कुछ भी आपकी यात्रा में बाधा नहीं डालता है और आप अपनी यात्रा का पूरा आनंद लेते हैं।

**स्वस्थ आहार**

दिनचर्या में स्वस्थ आहार का पालन करना हमेशा एक अच्छा विचार होता है क्योंकि जब आप एक पूर्व निर्धारित यात्रा की योजना बना सकते हैं, तो ऐसा कुछ भी नहीं है जो आप काम या व्यक्तिगत कारणों से होने वाली तत्काल यात्रा योजनाओं के लिए नहीं कर सकते हैं। जब आप यात्रा पर होते हैं तो आप आमतौर पर डिब्बाबंद भोजन, खाने के लिए तैयार सामान या फास्ट फूड पर भरोसा करते हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप करता है। इसके अलावा, यदि आप नियमित रूप से भी अस्वास्थ्यकर आहार का सेवन करते हैं और आप अपने शरीर को वह पोषण प्रदान नहीं करते हैं जो एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। यह आपको यात्रा के दौरान बीमारी का शिकार बना देगा।

आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कुशलतापूर्वक अपना काम कर सके इसलिए नियमित पोषण और अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, इसलिए सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, जब आप यात्रा कर रहे हों, तो कुछ स्वस्थ नाश्ते जैसे प्रोटीन बार, सूखे मेवे, आहार मिश्रण आदि पैक करके ले जाना सुनिश्चित करें।

**भरपूर पानी पीते रहें**

एक हाइड्रेटेड शरीर आपको पेट के संक्रमण, निर्जलीकरण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकता है। सुनिश्चित करें कि आप प्रतिदिन, विशेष रूप से गर्मियों में, विशेष मात्रा में पानी का सेवन करें। आप अपने आहार में पानी आधारित फल और सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं जैसे खीरा, तरबूज, संतरा, कस्तूरी तरबूज आदि। यात्रा के दौरान भी, हाइड्रेटेड रहने की कोशिश करें, नल के पानी से बचें और शराब और कैफीन आधारित पेय से परहेज करें।

**पर्याप्त नींद लें**

मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है क्योंकि नींद की कमी से बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। यात्रा से कुछ दिन पहले रात को अच्छी नींद लेने की कोशिश करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप स्वस्थ, सक्रिय, व्यस्त और अपनी यात्रा में सुरक्षित हैं। अच्छी नींद लेने के लिए रात में स्मार्टफोन या गैजेट्स के इस्तेमाल से बचें और शराब और कैफीन का सेवन कम से कम करें।

**व्यायाम**

व्यायाम दिनचर्या और स्वस्थ आहार का सीधा संबंध अच्छी प्रतिरक्षा से है। दिनचर्या में थोड़ा योग या स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने से आपकी इम्युनिटी बढ़ सकती है। आप खुद को प्रेरित रखने के लिए फिटनेस या मेडिटेशन ऐप डाऊनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, मल्टीविटामिन की खुराक के अतिरिक्त, जामुन, केला, नींबू, कीवी आदि जैसे अनेक खाद्य पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ाने में मदद करते हैं।

**चीजों को स्पर्श करते समय रहें सजग**

सुनिश्चित करें कि आप किसी भी दूषित सतह को नहीं छूते हैं और यहां तक कि अगर आपको करना भी है तो अपने हाथों को बार-बार धोएं या उन्हें साफ करें। इसके अलावा, अपने हाथों को साफ करने या धोने से पहले अपने चेहरे को छूने से बचें। आप नियमित रूप से और साथ ही यात्रा करते समय संपर्क में आने वाली जगहों, टेबल टॉप या किसी अन्य सतह को साफ करने के लिए असंक्रामक पोंछे या स्प्रे का उपयोग भी कर सकते हैं। अंत में, फिट, स्वस्थ और मजबूत प्रतिरक्षा सुनिश्चित करना एक जीवनशैली विकल्प होना चाहिए और यह ऐसा कुछ नहीं जिसे आप यात्रा से ठीक पहले या यात्रा के दौरान करते हैं। आप जितना ज्यादा स्वस्थ जीवन-शैली का पालन करेंगे, आपको उतनी ही कम छुट्टी या कार्यालय यात्रा हेतु बाहर निकलने से पहले प्रतिरक्षा जांच के बारे में चिंता करनी पड़ेगी।

# घबराएं नहीं : करन कुंद्रा

**अभिनेता करण कुंद्रा** का मानना है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर और नए डेल्टा प्लस संस्करण के डर से लोगों का ध्यान जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर जोर दिया।



''आतंक से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। ज्यादा सावधानी बरतने से ही फायदा होगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह खतरनाक स्थिति नहीं है। यह एक खतरनाक स्थिति है लेकिन, घबराहट से कुछ नहीं होगा। चाहे कोई भी रूप हो, अगर आप हमेशा मास्क पहनते हैं और अगर आप हमेशा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं, तो यह दूर रहने वाला है। इसलिए, आपको पहले अपना, अपने परिवार का ख्याल रखना होगा और आखिरकार सभी सुरक्षित रहेंगे'', करण कहते हैं।

वह कहते हैं, ''आप प्रोटोकॉल का पालन करते हैं और आप घर के अंदर रहने की कोशिश करते हैं। यदि आपके लिए बाहर जाना वास्तव में महत्वपूर्ण है, दूरी बनाए रखें, और आपको ठीक होना चाहिए। घबराने की जरूरत नहीं है। घबराने से कोई फायदा नहीं है।''अभिनेता ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने ये रिश्ता क्या कहलाता है की टीम के साथ सुरक्षित रूप से शूटिंग करने के उपाय किए।

''शुरुआत में, जब दूसरी लहर आई, तो हम लोग बायो-बबल में चले गए। तो, शो के लिए हमने जो किया वह यह है कि हम सिलवासा के एक रिसॉर्ट में गए। हमारी पूरी यूनिट का परीक्षण हुआ और हम रिसॉर्ट में प्रवेश कर गए। कोई अंदर नहीं आ सकता था और कोई बाहर नहीं जा सकता था। आपूर्ति आएगी और उन सभी का परीक्षण किया गया। चूंकि सिलवासा थोड़ी दूर है, इसलिए फिल्मसिटी में शूटिंग करना उतना जोखिम भरा नहीं था। ऐसे में सभी सुरक्षित थे। हमने वहां दो महीने तक शूटिंग की और फिर वापस आ गए।''

वह उन प्रोटोकॉल का खुलासा करते हैं जिनका मुंबई में पालन किया जा रहा है।

करण बताते हैं, ''हमें एक समय सीमा के भीतर शूटिंग करनी है। यूनिट को उसके आकार के एक तिहाई तक कम कर दिया गया है, बहुत सारे लोग नहीं आ सकते हैं, बहुत से यूनिट को फिल्मसिटी में सेट पर रहना पड़ता है, और उन्हें स्थानीय परिवहन लेने या अपने घर वापस जाने की अनुमति नहीं है। केवल अभिनेता और निर्देशन टीम ही वापस जा सकती है और हमें बाहर के लोगों से मिलने की अनुमति नहीं है। तो, यह केवल बायो बबल की तरह है। अगर आप बुलबुला तोड़ते हैं तो परीक्षण करवाना होगा। अब टीकाकरण अभियान भी चल रहा है। इसलिए, हम सभी को टीका लगवाना पड़ा और हमें तीन दिन का आराम दिया गया और उसके बाद ही हमें सेट पर जाने की अनुमति दी गई।''

# अपने हाथों का रखें ख्याल



**'अपर्णा संथानम' पांच कारणों को सूचीबद्ध कर बताती हैं कि क्यों हैंड क्रीम आपकी त्वचा की देखभाल के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद है।**

अधिकांश त्वचा देखभाल के अंतर्गत दिनचर्या आज चेहरे पर ध्यान केंद्रित रहती है, जबकि हाथों को माध्यमिक उपचार के अधीन किया जाता है या बाद में विचार किया जाता है। हमारे हाथों की त्वचा संवेदनशील होती है और ऐसे समय में अत्यधिक हाथ धोने, अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र के निरंतर उपयोग और पर्यावरण और वायु प्रदूषकों के बढ़ते जोखिम के साथ, विशेष हाथ की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि एक अच्छी हैंड क्रीम में निवेश करना समय की परम आवश्यकता है।

**नमी बढ़ाना**

हमारे हाथों के पिछले हिस्से की त्वचा पतली होती है और इसमें तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे इसके सूखने की संभावना अधिक हो जाती है। इसकी तुलना में, हमारी हथेलियों की त्वचा बहुत अधिक मोटी होती है, इसलिए नमी के इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए, एक ऐसी हैंड क्रीम का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, जो विटामिन सी और हाइलूरोनिक एसिड की अच्छाई से युक्त प्रभावशाली योगों का उपयोग करती है और एंटी-हाइड्रेशन का वादा करती है।

**सफाई**

हाथ यकीनन सबसे कीमती संपत्ति हैं जिनका उपयोग दुनिया तक पहुंचने और संवाद करने के लिए किया जाता है। अधिक बार नहीं, वे अदृश्य बैक्टीरिया और कीटाणुओं के अधीन होते हैं। हाथ धोने या सैनिटाइज़र का अत्यधिक उपयोग आपके हाथों की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इस प्रकार, उच्च गुणवत्ता वाली एंटी-बैक्टीरियल हैंड क्रीम चुनने की सिफारिश की जाती है जो जलयोजन के दोहरे उद्देश्य और कीटाणुओं से सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

**बढ़ती उम्र से मुकाबला**

जब उम्र बढ़ने की बात आती है, तो चेहरा क्या छुपाता है, हाथ दे देते हैं। हमारे हाथ बाहरी तत्वों के संपर्क में उतना ही समय बिताते हैं जितना कि हमारा चेहरा और जब हम उनकी उपेक्षा करते हैं, तो हम उन्हें उम्र बढ़ने के प्रभावों के प्रति रक्षाहीन छोड़ देते हैं। त्वचा विशेषज्ञ द्वारा सुझाई गई हैंड क्रीम रंजकता, निर्जलीकरण और समय से पहले झुर्रियों का मुकाबला करते हुए नमी के स्तर और त्वचा की लोच को बढ़ाने में मदद करेगी।

**एक ट्यूब में थेरेपी**

एक हाथ क्रीम लगाने की रस्म एक शांतिपूर्ण अनुभव और एक व्यस्त दिन से एक त्वरित पलायन साबित हो सकता है। हाथों की मालिश करने के कोमल कार्य के रूप में वे कुछ आवश्यक जलयोजन में भिगोते हैं, नसों को शांत करने, चिंता को कम करने और मानसिक छिद्रों को खोलने के लिए जाना जाता है। यह छोटा मी-टाइम ब्रेक हमें आत्म-प्रतिबिंब का क्षण देता है जो न केवल हमारे हाथों के लिए बल्कि हमारे दिमाग के लिए भी चमत्कार कर सकता है।

**हैप्पी क्यूटिकल्स**

नाखूनों के आसपास का क्षेत्र हमारे नाखूनों को बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाने के लिए बनाया गया है। अत्यधिक हाथ धोने की प्रक्रिया क्यूटिकल्स को शुष्क और परतदार बना सकती है, जिससे वे जीवाणु संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। एक अच्छी गुणवत्ता वाली हैंड क्रीम लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि क्यूटिकल्स और नाखूनों को पोषण और अच्छी तरह से देखभाल की जाती है, जिससे वे स्वस्थ, चमकदार और चमकदार दिखाई देते हैं। हैंड क्रीम का उपयोग करना एक सरल, स्वस्थ जीवन शैली अभ्यास है, जो यह सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा कि हमारे हाथ सुरक्षित और अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहें।

(लेखिका आईटीसी के स्किन केयर ब्रांड चार्मिस में त्वचा विशेषज्ञ हैं)

# आपका यूएसपी क्या है?



**बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता संप्रेषण पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है, कहना है तान्या खन्ना का।**

रोजमर्रा के काम, मीटिंग, डेडलाइन, जूम कॉल और किसी भी सेवा या उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करने के चक्कर में, हम अक्सर ब्रांड-बिल्डिंग की कभी न खत्म होने वाली, चल रही लड़ाई में फंस जाते हैं, खासकर महामारी के बाद, अत्यधिक डिजिटल दुनिया में। काम पाने और वितरित करने के दुष्चक्र में, हम आमतौर पर अपनी व्यावसायिक शक्तियों को विकास और सफलता के पथ पर अनुकूलित करने के लिए पीछे हटने या उनका दोहन करने में असमर्थ होते हैं। ब्रांड निर्माण, आउटरीच और संचार ऐसी गतिविधियां हैं जिन पर हम केवल तभी विचार करते हैं जब हम विकास के लिए खुद को गति देने में असमर्थ होते हैं या नए व्यवसाय को आकर्षित करने में ठोस मील के पत्थर नहीं देखते हैं।

सामाजिक रूप से दूर की दुनिया में, जहां सूचनाओं का एक डिजिटल अधिभार है, एक व्यक्ति, एक ब्रांड, या एक डिजाइनर कैसे बाहर खड़ा होता है या जाना जाता है कि वे कौन हैं और वे क्या करते हैं? सोशल मीडिया एल्गोरिदम और सामान्य सामग्री के बीच कोई खुद को कैसे अलग करता है, जो विज्ञापनों और इंटरनेट सामग्री से आगे बढ़ते हैं? अक्सर, हम यह नहीं मानते हैं कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता केवल संचार पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री और सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है। तो, कोई सामग्री को संचार की कुंजी के रूप में कैसे उपयोग करता है? यहां कुछ प्रमुख विचार प्रस्तुत किए गए हैं :

❖ **ब्रांड का संक्षिप्त विवरण स्वयं बनाएं, या क्लाइंट के साथ मिलकर**

क्लाइंट के उद्देश्यों को समझना, सीखना और कभी-कभी अनलर्न करना महत्वपूर्ण है। ऐसी रणनीति अपनाएं जो सही प्लेटफॉर्म पर सेवाएं दे और बाजार से प्रासंगिक परिणाम प्राप्त करने के लिए सही पैमाने पर हो। सीमित संसाधनों और बजट के बावजूद प्रतिस्पर्धी अनुसंधान और विशिष्ट लक्षित लक्ष्य एक प्रभावशाली रणनीति की ओर ले जा सकते हैं। आज की मार्केटिंग-संचालित दुनिया में, किसी के पास एक विशिष्ट कारक, एक यूएसपी होना चाहिए, जिसके माध्यम से लोग ब्रांड को पहचान सकें।

❖ **अपने ब्रांड की आवाज़ बनें**

कोई मैनुअल या निर्धारित दिशा-निर्देश नहीं है जो एक प्रभावी संचार योजना को सक्षम कर सके। प्रत्येक व्यक्ति, ब्रांड या फर्म एक विशिष्ट लोकाचार और एक अद्वितीय शैली और दृष्टिकोण के साथ अद्वितीय है। सामग्री को लोकाचार के साथ प्रतिध्वनित होना चाहिए और निश्चित रूप से, आप कौन हैं इसका सार कैप्चर करना चाहिए। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि वह विशिष्टता क्या है, और इसे संचार योजना के साधन और अंत दोनों के रूप में उपयोग करें।

❖ **थोड़ा और करें**

आज संचार के उपकरण प्रोफाइल, ब्रोशर और प्रकाशनों के स्थिर प्रिंट मीडिया से सोशल मीडिया, आभासी और दृश्य उपकरणों तक विकसित हो रहे हैं। तेजी से बदलती प्रथाओं के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए मूल्यों के अनुरूप होने के लिए, नवाचार करना महत्वपूर्ण है। पूरी तरह से खत्म होने के बजाय, और सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित और समुदाय बनाने की कोशिश करने के बजाय, कुछ पर ध्यान केंद्रित करें जो उपयुक्त और प्रासंगिक हों। सभी अव्यवस्थाओं को हटा दें - फिर से संरेखित करें, फिर से प्राथमिकता दें और फिर से स्थिति दें। एक योजना बनाना कोई बुरा विचार नहीं है, आखिरकार, यह आपको अपनी पहुंच को उस तरह के व्यवसाय पर केंद्रित करने में मदद करता है जिसे आप लंबे समय में आकर्षित करना चाहते हैं।

❖ **मीडिया से आगे बढ़ें**

मूल सामग्री और नवाचार अधिक महत्वपूर्ण हैं। अपने खुद के डोमेन के विशेषज्ञ बनें। इनके समन्वय के बिना, कोई भी आउटरीच या जुड़ाव सार्थक नहीं हो सकता है।

❖ **पहुंच बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में पीआर तैयार करें**

सभी संचार गतिविधियों के आधार के रूप में पीआर को फिर से परिभाषित करें। आज की डिजिटल रूप से जुड़ी दुनिया में, केवल पीआर ही काफी नहीं है। इसे प्रवचन, संवाद और विचारों के आदान-प्रदान की नींव के रूप में उपयोग करें। पीआर और संचार के बीच के बिंदुओं को अलग करके, कहानियों को आसानी से बनाया जा सकता है।

❖ **मूल्य बनाकर अपनी विश्वसनीयता को आगे बढ़ाएं**

विविध मीडिया में दृश्यता स्वचालित रूप से केवल विश्वसनीयता स्थापित करके, संचार और आउटरीच गतिविधियों द्वारा सहायता प्राप्त करके नए व्यवसाय की ओर ले जाती है। महिमा, सौंदर्य से परे हटो और इरादे और कथा को संदेश देकर मूल्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, जो कि केवल एक उत्पाद या सेवा बेचने के लिए प्रामाणिक नहीं है। नया व्यवसाय सेवाओं की बेहतर समझ और मूल्य धारणा से आता है।



❖ **डिजिटल होने के लिए अपनी सामग्री डिज़ाइन करें**

ऑनलाइन उपलब्ध विभिन्न प्लेटफार्मों के अनुरूप इसे अनुकूलित करें। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर सूचनाओं का आदान-प्रदान इतनी गति से हो रहा है कि थाह पाना मुश्किल है। डिजिटल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करके कुछ बहुत अच्छी जानकारी दी जा रही है। इस युग में सीखने और ज्ञान साझा करने दोनों के लिए इस खिड़की का लाभ न लेना लगभग व्यर्थ है। हम सभी को इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहिए।

❖ **लीड जनरेशन से परे आरओआई को देखें**

जबकि वर्ड ऑफ माउथ काम को आकर्षित करने का पारंपरिक तरीका है, विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए निरंतर दृश्यता आवश्यक है क्योंकि यह बेहतर प्रवचन / जुड़ाव को सक्षम बनाता है, जबकि संभावनाओं में काफी सुधार करता है। संचार गतिविधियों के रूप में, घंटे और भर्ती पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करें और डिजिटल दुनिया में ब्रांड माइंड स्पेस पर कब्जा करने वाली हर चीज को शामिल करें। सभी पहलुओं पर ध्यान दें क्योंकि भर्ती भी सीधे तौर पर प्रतिष्ठा से संबंधित है।

❖ **अनुभव और जुड़ाव**

अक्सर, कहानी सुनाने को बहुत कम आंका जाता है और कम बेचा जाता है। एड-हॉक पीआर में निवेश करने के बजाय - जो एक व्यर्थ अभ्यास है - या 10 द्म अनुयायियों के साथ एक सोशल मीडिया प्रोफाइल, संचार गतिविधियों के माध्यम से अनुभव बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। अच्छी सामग्री के साथ, जुड़ाव होना तय है।

❖ **बुद्धिमानी से अपनी लड़ाई, या बल्कि उपकरण चुनें**

ऑनलाइन होने में ऐसे गुण हैं जो बड़े दर्शकों से जुड़ने से परे हैं। सही उपकरण चुनना और निवेश करना ही सभी अंतरों को बनाता है। कभी-कभी, एक ऑनलाइन मेलर आंतरिक और बाहरी संचार के बीच सेतु स्थापित करते हुए सूचना प्रवाह, ज्ञान-साझाकरण, ब्रांड रिकॉल और दृश्यता को बढ़ावा देने में मदद करता है। दूसरी स्थिति में, यह केवल इंस्टाग्राम या केवल लिंक्डइन हो सकता है जो ब्रांड के लिए विचार नेतृत्व बनाने और बिक्री को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा। ऐसे टूल चुनें जो किफ़ायती हों और संसाधन-गहन न हों जैसे न्यूज़लेटर्स और उन्हें अपनी बिक्री प्रक्रियाओं के साथ संरेखित करें।

❖ **सामग्री राजा है**

उत्पाद या सेवाओं को कड़ी बिक्री के बजाय, संवाद बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने पर ध्यान केंद्रित करें, समुदाय-निर्माण को प्रोत्साहित करें और अनुसंधान को प्रदर्शित करें जो सामग्री के एकल, एकीकृत माध्यमों के माध्यम से उद्यम की सुविधा प्रदान करता है। मौलिक कुंजी, निश्चित रूप से, ज्ञात होने के लिए रचनात्मक होना और सामग्री में समृद्ध होना है।

(लेखिका एपिस्टल कम्युनिकेशंस की संस्थापक और निदेशक हैं।)

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 275
लखनऊ, बुधवार, 28 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




घबराएं नहीं
करन कुंद्रा
विविध-12

www.dailypioneer.com

# बसवराज होंगे कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री

- भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए
- बेदाग छवि के लिए चर्चित बोम्मई एदियुरप्पा के हैं करीबी
- आज 11 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

**भाषा।** बेंगलुरु



बेंगलुरू में मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विजयी मुद्रा में बसवराज बोम्मई(मध्य में), निवर्तमान मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा (बाएं)और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (दाएं)

**कर्नाटक** भाजपा विधायक दल ने मंगलवार को बसवराज बोम्मई को अपना नया नेता चुन लिया और वह निवर्तमान मुख्यमंत्री बी एस एदियुरपप्पा की जगह लेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक उत्तरी कर्नाटक से आने वाले लिंगायत नेता बोम्मई को कार्यवाहक मुख्यमंत्री एदियुरप्पा का भी समर्थन था। वे 28 जुलाई को 11 बजे शपथ लेंगे। बसवराज बोम्मई पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एस आर बोम्मई के पुत्र हैं। बोम्मई (61) एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार में गृह, कानून, संसदीय एवं विधाई कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सोमवार को एदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बैठक के बाद भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने नए नेता के नाम का प्रस्ताव रखा और गोविंद करजोल, आर अशोक, के एस ईश्वरप्पा, बी श्रीरामुलु, एस टी सोमशेखर, पूर्णिमा श्रीनिवास ने इसका अनुमोदन किया तथा पार्टी के नवनिर्वाचित नेता व नए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई होंगे।

घोषणा के तुरंत बाद बोम्मई ने एदियुरप्पा से आशीर्वाद मांगा और अन्य पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नया नेता चुनने के लिए विधायक दल की बैठक शहर के एक होटल में हुई और इस दौरान भाजपा संसदीय बोर्ड की तरफ से नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील और राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि समेत कई अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद थे। अपनी बेदाग और गैर-विवादास्पद छवि के लिए चर्चित बोम्मई को एदियुरप्पा का करीबी माना जाता है।

बोम्मई के पिता एस आर बोम्मई जनता परिवार के दिग्गज नेता थे और वह कर्नाटक के 11वें मुख्यमंत्री भी थे। हुब्बल्ली में 28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज बोम्मई ने मकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्होंने पुणे में तीन साल तक टाटा मोटर्स में काम किया और फिर उद्यमी बने। उनकी जाति, शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक क्षमताएं और एदियुरप्पा व भाजपा के केंद्रीय नेताओं से करीबी इस पद के लिए उनके चयन की प्रमुख वजहों में बताई जा रही हैं। बोम्मई प्रभावशाली वीरशैव-लिंगायत समुदाय से आते हैं और एदियुरप्पा भी इसी समुदाय से हैं। राज्य की कुल आबादी में समुदाय की हिस्सेदारी 16-17 प्रतिशत है और इसे भाजपा के मजबूत वोटबैंक के तौर पर देखा जाता है। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर जनता दल से शुरू किया था और दो बार (1997 और 2003) में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य रहे। वह मुख्यमंत्री जे एच पटेल के राजनीतिक सचिव भी रहे और परिषद में विपक्ष के उपनेता भी रहे। बोम्मई ने जनता दल (युनाइटेड) छोड़कर फरवरी 2008 में भाजपा का दामन थाम लिया और उसी साल हुए विधानसभा चुनावों में हावेरी जिले के शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद वह 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में भी इस सीट से निर्वाचित हुए। परिवार की बात करें तो बोम्मई का विवाह चेनम्मा से हुआ है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार में वह जल संसाधन और सहकारिता मंत्री के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। राज्य की सिंचाई परियोजनाओं के बारे में उनकी जानकारी को अक्सर सराहा जाता है। उन्हें हाल में इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री एदियुरप्पा की परछाई माना जाता है, क्योंकि वह 78 वर्षीय मुख्यमंत्री के साथ बैठकों व कार्यक्रमों में जाते थे और प्रेस ब्रीफिंग व अन्य मामलों में भी उनकी सहायता करते थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ पीजीआई पहुंच कर कल्याण सिंह के स्वास्थ्य का हालचाल लिया। पूर्व मुख्यमंत्री की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है और वरिष्ठ चिकित्सक उनके स्वास्थ्य में सुधार को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं

## अमित शाह एक अगस्त को विंध्य कॉरिडोर की रखेंगे आधारशिला

**मीरजापुर( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक अगस्त को मीरजापुर आएंगे और वह विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मीरजापुर नगर क्षेत्र से भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्र ने बताया कि गृह मंत्री एक अगस्त को विंध्य कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे तथा इसके उपरांत नगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। नगर विधायक ने बताया कि हालांकि गृहमंत्री के सरकारी कार्यक्रम की कोई रूपरेखा नहीं आई है लेकिन पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाह सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी का दर्शन करेंगे और फिर पूजन और हवन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# विपक्षी दलों की पोल खोलें भाजपा सांसद

- भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री, संसद में जारी गतिरोध पर विपक्ष को लिया आड़े हाथ

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में लगातार हंगामा करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से विपक्ष के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की अपील की। प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। ज्ञात हो कि विपक्षी दल पेगासस जासूसी विवाद और तीन कृषि कानूनों सहित अन्य मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा कर रहे हैं। इस वजह से मानसून सत्र का पहला सप्ताह पूरी तरह हंगामे की भेंट चढ़ गया। सोमवार को भी दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल जानबूझकर ऐसा व्यवहार कर रहे है ताकि सरकार गतिरोध दूर करने के अपने प्रयासों में सफल ना हो। इस कड़ी में उन्होंने सरकार की ओर से गतिरोध दूर करने के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री द्वारा कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस द्वारा बहिष्कार किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस खुद तो कर ही रही है, अन्य विपक्षी दलों को भी इसके लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सांसदों से कहा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की आवश्यकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने संसद के दोनों सदनों में अब तक हुए काम काज का ब्योरा दिया। साथ ही यह भी बताया कि सरकार कौन-कौन से विधेयक और अन्य विधाई कार्य प्रमुखता से पूरा कराना चाहती है लेकिन विपक्षी दलों के हंगामे के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी। सूत्रों ने बताया कि बैठक को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सांसदों से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जनता के बीच प्रचार प्रसार करने की अपील की। उन्होंने सांसदों से टीकाकरण केंद्रों का लगातार दौरा करने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने बैठक में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मनाया जाने वाला अमृत महोत्सव का भी जिक्र किया और कहा कि केवल एक सरकारी कार्यक्रम बनकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।उन्होंने पार्टी सांसदों से अपील की कि वह प्रत्एक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करे और वहां 75 दिन बिताए तथा जनता के बीच डिजिटल साक्षरता को लेकर जागरूकता अभियान चलाए। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आजादी का अमृत महोत्सव केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह जन आंदोलन के रूप में होना चाहिए...जन भागीदारी के साथ हमें आगे बढ़ना है। मेघवाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सांसदों से उनके संसदीय क्षेत्रों में जोर-शोर से आजादी का अमृत महोत्सव मनाने को कहा और सुझाव दिया कि वे हर विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करें जो 75 गांवों का दौरा करे और वहां 75 दिन रूके।

# ममता ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करती पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**भाषा।** नई दिल्ली

- पश्चिम बंगाल को अधिक टीके देने का अनुरोध किया

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए पीएमओ ने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। तीसरी बार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है। वह सोमवार को दिल्ली पहुंची थीं। प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले ममता बनर्जी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और आनंद शर्मा से मुलाकात की। उनका कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और विपक्षी दलों के कई अन्य नेताओं से मिलने का भी कार्यक्रम है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों की एकता अपने आप आकार ले लेगी। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आई बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनसे पश्चिम बंगाल की आबादी के आधार पर राज्य को कोविड-19 टीकों की और अधिक खुराक देने का अनुरोध किया।केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के खिलाफ विपक्षी एकता के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह अपने आप आकार ले लेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह विपक्षी पार्टियों का नेतृत्व करेंगी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि देश विपक्षी एकता का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को पेगासस जासूसी विवाद पर एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और उच्चतम न्यायालय नीत जांच कराने पर फैसला करना चाहिए। बनर्जी बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगी, जिसे उन्होंने चाय पे चर्चा बताया है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री भारत पहुंचे, कई अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली ( भाषा )।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय भारत यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा अफगानिस्तान में तेजी से बदल रही सुरक्षा स्थिति पर विमर्श और क्वाड तंत्र के तहत हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को विस्तारित करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। बुधवार को ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ गहन चर्चा करेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मिलेंगे। दो देशों के अपने दौरे के तहत कुवैत रवाना होने से पहले उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है। भारत रवाना होने से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह हिन्द-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया में अपने साझा हितों के मद्देनजर सहयोग को और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साझेदारों के साथ चर्चा करने को उत्सुक हैं। उन्होंने ट्वीट किया, नई दिल्ली और कुवैत सिटी की अपनी यात्रा पर रवाना हो रहा हूं। हिन्द-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया में अपने साझा हितों के मद्देनजर सहयोग को और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साझेदारों के साथ चर्चा करने को उत्सुक हूं।

# उप्र एटीएस ने म्यांमार-बांग्लादेश मूल के तीन मानव तस्कर गिरफ्तार किए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- फर्जी पासपोर्ट पर मलेशिया भेजी जा रहीं दो लड़कियां बरामद
- उत्तर भारत के राज्यों की गरीब महिलाएं व लड़कियां भी बनती हैं शिकार

**आतंकवाद** रोधी दस्ते (एटीएस) ने म्यांमार व बांग्लादेश से महिलाओं व बच्चों की तस्करी के रैकेट का खुलासा किया है। महिलाओं व बच्चों को कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर भारत लाकर बेचने वाले गिरोह के सरगना सहित म्यांमार और बांग्लादेश के तीन तस्करों को एटीएस ने एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एटीएस ने विदेश भेजी जा रहीं दो लड़कियां भी बरामद की हैं। राज्य के एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि मानव तस्करी के इस गिरोह को पकड़ने के लिए यूपी एटीएस के 30 से अधिक अधिकारियों ने 36 घंटे से अधिक का अनवरत ऑपरेशन चलाया। एडीजी ने बताया कि रोहिंग्या कनेक्शन की छानबीन के दौरान सूचना हाथ लगी कि एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह बांग्लादेश व म्यांमार के नागरिकों विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूटरचित प्रपत्र तैयार करवाकर उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों एवं एनसीआर क्षेत्र यथा नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली में बसाते है। इस सूचना को विकसित करने पर ज्ञात हुआ कि अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी के इस गिरोह का सरगना सरगना मुहम्मद नूर उर्फ नूरुल इस्लाम है। जो रोहिंग्या व बांग्लादेशी महिलाओं को शादी, तथा पुरुषों व बच्चो को फैक्ट्रियों में काम करने जैसे प्रलोभन देकर अवैध रूप से भारत में लाकर उन्हें भारत में बसाता है व शादी कराने तथा बेहतर जिंदगी मुहैया कराने का झांसा देकर उन्हें असामाजिक तत्वों के हाथों बेच देता है। इस कार्य के बदले में ये मानव तस्कर ऐसे पीड़ित व्यक्तियों, महिलाओं व बच्चो का आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शोषण करते हैं । यह बात भी प्रकाश में आयी की ये तस्कर इस कार्य से बड़ी मात्रा में धन अर्जित कर रहे हैं और आपस में इस अवैध धन का आदान प्रदान भी कर रहे हैं।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 52,578 | ↓ | 273 | |
| निफ्टी | 15,746 | ↓ | 78 | |
| सोना | 46,505 | ↓ | 123 | /10g |
| चांदी | 65,710 | ↓ | 206 | /kg |

## क्विक न्यूज

### योगी आज कानपुर में करेंगे प्री स्कूल किट का वितरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कानपुर में एक केंद्र पर प्री स्कूल किट वितरण करेंगे। प्रदेश के 170896 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा एवं प्रशिक्षण के सुचारू क्रियान्वन के लिए पहल पुस्तिकाएं, प्री स्कूल किट, बाल मूल्याकंन कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा एवं प्रशिक्षण में 44 जनपदों के 106128 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्री स्कूल किटस का वितरण किया गया है। साथ ही खेल और गतिविधी आधारित अधिगम को सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र पर आने वाले 3 से 6 साल के बच्चों के लिए बाल उपयुक्त कहानी की किताबें परियोजना कार्यालय पर उपलब्ध कराने का कार्य नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया है।

# ईसाइयों के अधिक बच्चे होने पर केरल का एक चर्च देगा आर्थिक सहायता

**भाषा।** कोट्टायम

- राज्य में ईसाइयों की घटती जनसंख्या को लेकर जताई चिंता

**केरल** में एक कैथोलिक गिरजाघर ने पांच या अधिक बच्चों वाले परिवारों के लिए एक कल्याणकारी योजना की शुरुआत की है। गिरजाघर के इस कदम को राज्य में समुदाय की संख्या को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन के तौर पर देखा जा रहा है। सिरो-मालाबार गिरजाघर के पाला डायोसिस के फैमिली अपोस्टोलेट ने 2000 के बाद जिनकी शादी हुई और उनके पांच या अधिक बच्चे हैं, तो उन दंपति का 1,500 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। फैमिली अपोस्टलेट का नेतृत्व करने वाले फादर कुट्टियानकल ने बताया, यह घोषणा गिरजाघर के ईयर ऑफ द फैमिली उत्सव के हिस्से के तौर पर की गई है। इसका मकसद खास तौर पर कोविड-19 काल के बाद बड़े परिवारों को आर्थिक सहायता मुहैया कराना है। हमें इस संबंध में जल्द ही आवेदन मिलने लगेंगे और संभवत: हम अगस्त से सहायता राशि देना भी शुरु कर देंगे। इस योजना की घोषणा सोमवार को बिशप जोसेफ कलारागंट ने एक ऑनलाइन बैठक में की। हालांकि इस कदम को 2019 में चांगानाचेरी आर्चडायोसिस द्वारा केरल में ईसाइयों की जनसंख्या घटने संबंधी जानकारी को लेकर लिखे गए पत्र से जोड़कर पूछे गए सवाल पर फादर कुट्टियानकल ने कहा कि यह मुद्दा वास्तविक है। उन्होंने कहा, यह वास्तविकता है कि केरल में ईसाई समुदाय की जसंख्या नीचे गिर रही है। हमारा वृद्धि दर कम है।

योजना के पीछे यह भी कदम हो सकता है लेकिन तत्कालीन वजह महामारी काल में जरूरतों को पूरा करने में बड़े परिवारों को आ रही दिक्कतों से उन्हें कुछ राहत प्रदान करना है। आर्चबिशप मारजोसेफ पेरूमथोट्टम की ओर जारी पत्र में कहा गया था कि केरल के गठन के दौरान ईसाई राज्य का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय था लेकिन अब राज्य की कुल आबादी का 18.38 फीसदी ही है। हाल के वर्षों में ईसाई समुदाय में जन्म दर घटकर 14 प्रतिशत रह गई। गिरजाघर ने कहा कि इसके द्वारा संचालित अस्पताल में चौथे बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं को प्रसव शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

## कुंद्रा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**मुंबई( भाषा )।** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को राज कुंद्रा की हिरासत की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत में कहा कि कुंद्रा ने अश्लील फिल्मों के निर्माण और उनके ऑनलाइन वितरण से पिछले साल अगस्त और दिसंबर के बीच कम से कम 1.17 करोड़ रुपए अर्जित किए। मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति 45 वर्षीय कुंद्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच बंबई उच्च न्यायालय ने उन्हें तत्काल कोई राहत देने से इनकार कर दिया। पुलिस की रिमांड याचिका में कहा गया, मामले में एक अन्य आरोपी रायन थोर्प ने पूछताछ में खुलासा किया है कि हॉटशॉट्स (ऑनलाइन ऐप जिसके जरिए कथित अश्लील सामग्री उपलब्ध कराई जाती थी) के जरिए अगस्त 2020 और दिसंबर 2020 के बीच 1,17,64,886 रुपए (1,58,057 अमेरिकी डॉलर) अर्जित किए गए। पुलिस ने कहा कि यह पैसा एप्पल स्टोर पर उपलब्ध ऐप के जरिए कमाया गया और पुलिस ने गूगल से भी जानकारी मांगी है।

# कोविड से 93 फीसद सुरक्षा देता है कोविशील्ड टीका

- मृत्यु दर में 98 फीसदी की कमी लाता है

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रयागराज में मंगलवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती एक महिला

**सरकार** ने देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप की वजह से तेजी से फैली कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय (एएफएमसी) द्वारा किए गए एक अध्ययन का संदर्भ देते हुए मंगलवार को कहा कि कोविशील्ड महामारी से 93 प्रतिशत सुरक्षा देता है और मृत्युदर को 98 प्रतिशत घटाता है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल ने अध्ययन के नतीजे पेश किए। यह अध्ययन 15 लाख चिकित्सकों व अग्रिम पंक्ति के कर्मियों पर किया गया। उन्होंने कहा, 93 प्रतिशत सुरक्षा देखी गई (जिन लोगों को कोविशील्ड टीका लगाया गया) और यह दूसरी लहर के दौरान था जो डेल्टा वायरस की वजह से फैली थी (8230) मृत्युदर में भी 98 प्रतिशत की कमी देखी गई। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में टीकों की उपयोगिता पर जोर देते हुए पॉल ने कहा कि टीका लगवाने से संक्रमण कम होता है लेकिन यह पूर्ण गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा, कोई टीका यह गारंटी नहीं देता कि संक्रमण नहीं होगा लेकिन गंभीर बीमारी रोकी जाती है और लगभग खत्म हो जाती है। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि कृपया सजग रहें, सतर्क रहें और हमारे टीकों पर भरोसा रखने के साथ ही आने वाले हफ्तों और महीनों को लेकर सावधान रहें।

# सभी ग्राम पंचायतों का होगा अपना सचिवालय

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए तीन माह में भवनों को पूरा करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से कार्य प्रणाली को एक व्यवस्थित स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि तीन माह में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जरुरतमंद को एम्बुलेंस सेवा समय से प्राप्त हो। यदि ऐसा नहीं होता है, तो सम्बन्धित एम्बुलेंस प्रोवाइडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से आच्छादित नहीं है को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित की जाने का निर्णय लिया गया है। इससे 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मिशन शक्ति के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। महिला स्वयं सहायता समूह व बीसी सखी के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाओं ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को बड़ा सम्बल दिया है। इसके दृष्टिगत मिशन शक्ति को नवीन ऊर्जा के साथ नई दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, गृह, महिला एवं बाल विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ मिशन शक्ति के आगामी चरण की कार्ययोजना तैयार करें। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति से प्रदेश में कोविड संक्रमण के मामलों में आशानुकूल तेजी से कमी आयी है। उन्होंने कोरोना से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.6 प्रतिशत है। अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच, एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा और श्रावस्ती में कोविड का एक भी मरीज नहीं है।

# सीएम के संबल से दिव्यांग दिनेश के सपनों को लगे पंख

- जनता दर्शन में गुहार लगाने के बाद सीएम आवास पर ही मिली लकड़ी की जगह स्टील की बैसाखी, लखीमपुर पहुंचते ही मिली ट्राई साइकिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में आज एक दिव्यांग के सपनों को पंख लग गए। सीएम योगी ने बड़ी आस लेकर लखीमपुर जिले से आए 60 फीसदी दिव्यांग दिनेश कुमार की वर्षों की मुराद पूरी कर दी। सीएम योगी ने दिनेश को संबल दिया और उनके निर्देश पर दिनेश को मुख्यमंत्री आवास पर ही लकड़ी की बैसाखी की जगह स्टील की बैसाखी दी गई। इतना ही नहीं, लखीमपुर पहुंचते ही जिला प्रशासन की ओर से ट्राई साइकिल दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 12 से 27 जुलाई तक सीएम आवास पर करीब छह सौ फरियादियों ने विभिन्न मामलों में मुलाकात की है। आर्थिक सहायता के तमाम मामलों में सीएम के निर्देश पर तत्परता से राहत पहुंचाई गई है। अन्य मामलों में भी प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की गई है। आज इसी क्रम में लखीमपुर जिले के तहसील धोरहरा के अल्लीपुर गांव निवासी दिव्यांग दिनेश कुमार ने सीएम योगी से जनता दर्शन कार्यक्रम में मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई ।

# कल्याण सिंह की हालत नाजुक, मुख्यमंत्री योगी देखने पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीजीआई** में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीजीआई पहुंच कर उनके स्वास्थ्य के बारे में डाक्टरों से जानकारी ली। पीजीआई के मुताबिक कल्याण सिंह की किडनी के सही काम न करने से उनकी लगातार डायलिसिस की जा रही है और उन्हें लाइफ सेविंग सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। पीजीआई निदेशक डॉ आरके धीमान के अनुसार उनके सभी क्लीनिकल पैरामीटर्स पर विशेषज्ञ बारीकी से नजर रख रहे हैं। सीसीएम, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी इंडोक्राइनोलॉजी के एक्सपर्ट उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं।

# आयुष्मान कार्ड का आच्छादन बढ़ाने के लिए ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए: सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि जिन क्लस्टर्स में आच्छादन औसत से कम है उनको चिन्हित कर वहां पर विशेष कैम्प लगवाकर शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों का भी सहयोग प्राप्त किया जाए। कैम्प आयोजन से पूर्व पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराकर जन सामान्य को इससे होने वाले फायदों के बारे में बताया जाए।

एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन ने बताया कि अब तक एक करोड़ 42 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। 26 जुलाई से प्रारंभ अभियान के पहले दिन 26 हजार से अधिक कार्ड बनवाए गए हैं, जिन्हें आगामी दिवसों में बढ़ाकर 50 हजार कार्ड प्रतिदिन बनाए जाने का प्लान है। मुख्य सचिव ने इन केन्द्रों को पंचायती राज संस्थाओं से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि जन सामान्य इनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। समीक्षा में बताया गया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज की स्थापना लखनऊ में की जा रही है जिसके लिए करीब 207 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उक्त का शिलान्यास 1 अगस्त को प्रस्तावित है। मुख्य सचिव ने शिलान्यास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट के भवन निर्माण के लिए माहवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के लक्ष्य निर्धारित किये जाएं ताकि टाइम लाइन के अनुसार समस्त कार्य निष्पादित किये जा सकें। समीक्षा में बताया गया कि सीजी सिटी लखनऊ योजनान्तर्गत विवि की स्थापना के लिए करीब 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

# ब्राह्मण सम्मेलन से विरोधियों की नींद उड़ी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पार्टी के राज्य में चल रहे ब्राह्मण सम्मेलन से विपक्ष की नींद उड़ गई है। इसे रोकने के लिए तरह तरह से हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से इससे सावधान रहने को कहा है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि मेरे निर्देशन में पार्टी महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र द्वारा यूपी में चल रही प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी, जो ब्राह्मण सम्मेलन के नाम से काफी चर्चा में है, के प्रति उत्साहपूर्ण भागीदारी यह प्रमाण है कि इनका बीएसपी पर सजग विश्वास है, जिसके लिए सभी का दिल से आभार। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि अयोध्या से 23 जुलाई को श्रीरामलला के दर्शन से शुरू हुआ यह कारवाँ अम्बेडकरनगर व प्रयागराज जिलों से होता हुआ लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। जिससे विरोधी पार्टियों की नींद उड़ी है व इसे रोकने के लिए अब ये पार्टियाँ किस्म-किस्म के हथकण्डे अपना रही हैं इनसे सावधान रहें।

# योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं

- प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुना ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग डा. नवनीत सहगल ने निर्देश दिए कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाय। प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुनां ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजे जायं। बैंक से समन्वय स्थापित करके समयबद्ध तरीके से आवेदन पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अपर मुख्य सचिव मंगलवार को लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वर्चुअल माध्यम से हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विकास के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना के तहत 5000 बुनकरों को इस योजना का लाभ दिये जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्त समय से हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए बैंक में लम्बित पुराने आवेदन पत्रों का नवीनीकरण कराकर बुनकरों को ऋण उपलब्ध कराया जाय।

# दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर बनेगी वेटिंग लिस्ट

- राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती को लेकर राजभवन ने जारी किए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती में पारदर्शिता लाने के लिए अब दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी। इस प्रतीक्षा सूची की वैधता परिणाम जारी होने से एक साल तक रहेगी। इस आशय का निर्देश राजभवन की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयो को जारी कर दिया है। कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को जारी निर्देश में कहा गया है कि सहायक आचार्य के पद पर चयन हेतु प्रक्रिया के दो चरण होंगे। जिनमें पहला चरण शॉर्ट लिस्टिंग का होगा और दूसरा चरण साक्षात्कार का होगा। अपने आदेश में उन्होंने कहा है कि पूर्व में अभ्यर्थियों के विषय की जानकारी के लिए 20 अंकों की आब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा की व्यवस्था रखी गई थी। जिसमें अब ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा 40 अंकों की होगी। बेसिक अकादमिक स्कोर की गणना से प्राप्त अंक तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर एक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। तैयार मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों की शॉर्ट लिस्टिंग कर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्ट लिस्टिंग से साक्षात्कार के लिए आए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दी गई व्यवस्था के अंतर्गत दो भागों में कराई जाएगी। पहले भाग में शिक्षण कौशल की जानकारी का परीक्षण किया जाएगा तथा द्वितीय भाग में साक्षात्कार संपन्न कराया जाएगा।

# अपर मुख्य सचिव गृह ने 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या रवाना किए



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में कोरोना की भविष्य में आ सकने वाली समस्या से निपटने के अभी से ही प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग प्रदेश सरकार को प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या के लिए रवाना किए गये हैं। यह कन्संट्रेटर्स फेडरेशन आफ इण्डियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एफआईसीसी) द्वारा प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्लू प्लैनेट एनवायर्नमेंटल सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लिमिटेड द्वारा उपरोक्त 30 कन्संट्रेटर्स में से 20-20 लीटर के 10 तथा 10-10 लीटर के 20 आक्सीजन कन्संट्रेटर्स प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

# हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को अनावरण का इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योजना** भवन में लगी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को बस अनावरण का इंतजार है। कई माह से लगी इस मूर्ति के आस-पास के हिस्से को संवारा तो गया है लेकिन कपड़े से ढक दिया गया है। मूर्ति को बस सिर्फ इंतजार है अनावरण का, जो अभी तक नहीं हो पाया है। हेमवती नंदन बहुगुणा यूपी के वर्ष 8 नवंबर 1973 से 29 नवंबर 1975 तक मुख्यमंत्री रहे। करीब दो साल और 21 दिन तक उन्होंने यूपी के सीएम का पद संभाला था। पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तराखंड से ताल्लुक रखने की वजह से सरकार ने यह मूर्ति लगवाई है। योजना भवन के कर्मचारियों के अनुसार मूर्ति तो कई माह पहले लग चुकी थी लेकिन अभी तक इसका अनावरण नहीं किया गया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-05/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2021-22** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शक्ति भवन विस्तार स्थित भूगर्भ तल में स्थित साइकिल, स्कूटर एवं मोटरसाइकिल स्टैण्ड के रखरखाव का कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 09.08.2021 तक आंमत्रित की जाती हैं, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-1595 दिनांक 27.07.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

# नौकरियां बांटने का तमाशा कर रही सरकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों के बाद नौजवानों के साथ भी बड़ा धोखा किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हर साल 70 लाख नौकरी देने का वादा किया था परन्तु नौकरी किसी को नहीं मिली। कोरोना संक्रमण काल में हुए लॉकडाउन के दौरान लाखों नौजवानों की नौकरियां छूट गईं। खुद सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश, प्रदेश में बेरोजगारी की दर के रिकार्ड टूट चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पांच साल के कार्यकाल में अब चंद महीने ही बचे हैं। तमाम दावों के बावजूद न तो बाहर से पूंजी निवेश हो रहा है न ही उद्योग लग रहे हैं। मध्यम और लघु उद्योगों की हालत खराब है। रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं। बेरोजगारी के इस दौर में लाखों नौकरियां बांटने का तमाशा हो रहा है जबकि आए दिन नौजवान धरना प्रदर्शन कर रहे है और पुलिस उन पर लाठियां बरसा रही है। शासन-प्रशासन उनकी बात सुनना नहीं चाहता। अखिलेश यादव ने कहा कि एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सन् 2018 में बेकारी दर 5.92 प्रतिशत थी जबकि 2019 में यह दर 9.97 प्रतिशत रही। यानी बेरोजगारी दर में दो गुनी से ज्यादा वृद्धि हुई। 2020 लॉकडाउन में निकल गया। 2021 में फिर कैसे बेरोजगारी की दर घट गई, इसका जवाब मुख्यमंत्री जी को देना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि फरवरी 2020 में भाजपा सरकार ने खुद माना था कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या लगभग 34 लाख पहुचं गई है जो कि 2018 के सरकारी आंकड़ों से यह संख्या 54 प्रतिशत अधिक बैठती है। 2020 फरवरी तक ही 12 लाख से अधिक युवाओं ने खुद को बेरोजगार बताकर सरकारी वेबसाइट पर अपने को पंजीकृत कराया था। मुख्यमंत्री जी ने 4 वर्ष की समाप्ति पर 4 लाख रोजगार देने का दावा कर प्रदेश के लाखों नौजवानों को सिर्फ गुमराह किया गया है। वस्तुत: सन् 2022 के चुनावों में अपनी हार निश्चित जानकर हताशा में भाजपा नेतृत्व और मुख्यमंत्री जी सच्चाई छुपाने का अभियान चला रहे हैं पर सच कभी छुपता नहीं और झूठ के पैर टिकते नहीं हैं। यह बात भाजपा को याद रखना चाहिए।

# एम्बुलेंस चालकों की चल रही हड़ताल पर कब संज्ञान लेगी सरकार



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भाजपा सरकार की वादा खिलाफी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी अपने रवैये में कोई सुधार नहीं किया। 2017 के चुनावी घोषणा पत्र में जनता से जितने वादे किये गये थे उन वादों में से कोई भी पूरा नहीं किया गया। लल्लू ने कहा कि इस कोरोना काल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण एम्बुलेंस चालकों की समस्या है। जिसको लेकर एम्बुलेंस चालक हड़ताल पर हैं। उनका नियमतिकरण नहीं हो रहा है, साथ ही उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। ऐसी परिस्थिति में इन चालकों के परिवार की कैसे जीविका चलेगी। इस पर सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। जिसकी वजह से एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के कारण रविवार रात 12 बजे से एम्बुलेंस की सेवाएं ठप कर दी गई हैं। भाजपा सरकार एम्बुलेंस चालको की समस्या का समाधान करने के बजाय उल्टा धमका रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण प्रदेश के जरूरतमंद मरीजों को भी भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है लेकिन सरकार के कान पर तनिक भी जूं नहीं रेंग रही है। यदि समय से एम्बुलेंस सेवाओं को नही शुरू किया गया तो अनेक गंभीर मरीजों की जान पर बन सकती है, अखिर इनकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ज्ञानचन्द्र था। अब मैंने बदलकर ज्ञानचन्द्र केसरी कर लिया है। अब मुझे ज्ञानचन्द्र केसरी के नाम से जाना व पहचाना जाय। ज्ञानचन्द्र केसरी पुत्र – अमरनाथ निवासी – चकपूरेमियां, सरायममरेज प्रयागराज

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र ध्रुव मिश्रा व मंझले पुत्र विशाल मिश्रा व उसकी पत्नी शिवानी मिश्रा के गलत आचरण से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरी पत्नी वीना देवी से कोई वास्ता नहीं होगा। विमलेश कुमार मिश्र पुत्र शिवनारायण मिश्र निवासी ग्राम कृपालपुर थाना ठठिया जनपद कन्नौज

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गणेश शंकर मिश्रा, अपनी सम्पत्ति 4/880 विनय खण्ड-4, गोमती नगर लखनऊ की Laminated Title deed के सापेक्ष भारतीय स्टेट बैंक की ए0पी0 सेन रोड शाखा (Code-11210) से गृह ऋण लेकर सम्पत्ति को बंधक बनाना चाहता हूँ। मैं यह भी उल्लेखित करता हूँ कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति से कोई आपत्ति है तो वह मुझे अथवा उपरोक्त बैंक को आज से 15 दिन के अन्दर सूचित कर सकता है।

**प्रवेश सूचना**

**एस.जे. एजुकेशन सेंटर, रमईपुर, कानपुर नगर – 209214 (अल्पसंख्यक संस्था) बी.एड. – 2021 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 12/08/2021 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 16/08/2021 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित हो कर आवेदन करें। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। – प्राचार्य**

# बेहतर समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश संभव

## महिला व बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय में दो दिवसीय क्षमतावर्धन व समन्वय कार्यशाला का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्य** के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा है यूपी पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सकता है। उन्होंने पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय और बनाए जाने पर बल दिया।

एडीजी मंगलवार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय के सभागार में भारत नपाल सीमावर्ती जिलों की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की दो दिवसीय क्षमता वर्धन व समन्वय कार्यशाला के समापन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में भारत नपाल सीमा पर स्थित यूपी के 7 जिलों में तैनात पुलिस व एसएसबी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशांत कुमार ने इस वैश्विक अपराध से निपटने के लिए शासन, पुलिस व एसएसबी के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने समय समय पर इस प्रकार की और कार्यशालाएं आयोजित किए जाने पर बल दिया । उन्होंने इस कार्याशाला के सफल आयोजन के लिए 1090 के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की तथा सहयोग के लिए प्लान इण्डिया व कारितास इण्डिया श् तथा आमंत्रित विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नीरा रावत ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य उप्र पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की भारत. नेपाल सीमा पर स्थित जिलों में कार्यरत एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मानव दुर्व्यापार विषय पर क्षमतावर्धन, महिलाओं एवं बच्चों पर इसके प्रभाव, रोकथाम व उनके पुनर्वास हेतु समन्वित प्रयास विषय पर प्रभावी जानकारी विकसित करना, इसके द्वारा भारत एवं नेपाल सीमा पर महिलाओं एवं बच्चों के दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए समन्वित सुरक्षा तंत्र का सुदृढीकरण करना, मानव दुर्व्यपार विषय पर विभागीय स्तर पर प्रशिक्षकों की उपलब्धता था। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में भारत नेपाल सीमावर्ती 7 जनपदों पीलीभीत ,लखीमपुर, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती एवं महराजगंज में तैनात उप्र पुलिस एवं इन जनपदों में तैनात सशस्त्र सीमा बल के एण्टी हयूमन ट्रैफिकिंग के 45 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य विषय विशेषज्ञ रविकान्त, एडवोकेट, सर्वोच्च न्यायालय, अरूण पाण्डेय फाउण्डर अर्ज संस्था , गोवा, विषय विशेषज्ञों द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा मानव तस्करी के क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उनके अनुभव एवं समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए मानव दुर्व्यापार के सम्बन्ध में पावर प्वाइण्ट प्रजेन्टेशन तथा आपसी संवाद के माध्यम से बहुत व्यापक, तथ्यात्मक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रत्न संजय, पुलिस महानिरीक्षक , सशस्त्र सीमा बल उपस्थित रहे।

**शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन : 0124-4212530/31/32,
ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे शुभम कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदारों से बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | ऋण सं./कर्जदार, सह-कर्जदार | मांग सूचना राशि | मांग सूचना की तिथि | प्रत्याभूत आस्ति | संबद्ध करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0ALB1907000005021414 किरण माली, विजय कुमार माली | रू. 10,27,218/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 77/9ए, मोहल्ला बख्शी कला, दारागंज परगना एवं तहसील सदर, प्रयागराज इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 2 | 0KAN1703000005004889 शुभांक प्रजापति, उमा शशि प्रजापति | रू. 3,54,026/- | 22-04-2021 | प्लॉट नंबर 3, आराजी नंबर 282 का पार्ट, बिंगावान, कानपुर नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 3 | 0KAN1810000005015607 राकेश रोशन, प्रियंका कुमारी | रू. 21,88,197/- | 22-04-2021 | फ्लैट नंबर एफओ-2, चतुर्थ तल, आवासीय बिल्डिंग, "गोपेश्वर निकुंज अपार्टमेंट", घर सं. 578 खण्ड डब्लू पर स्थित कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 4 | 0KAN1902000005017788 सीता राम, रीना | रू. 7,09,560/- | 22-04-2021 | प्राइवेट प्लॉट अराजी नंबर 962, मौजा अहीरवान, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 5 | 0KAN1906000005021026 संदीप गुप्ता, मिथलेश कुमारी, दिनेश कुमार गुप्ता | रू. 24,88,226/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 103/338-बी, (परिमाप क्षेत्रफल 62.774 वर्ग मीटर) कर्नल गंज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 6 | LKW_1508_044279 ज्ञान चंद्र कौशल, नीलम-कौशल | रू. 10,10,356/- | 22-04-2021 | मकान नंबर ए-7, प्लॉट नंबर 42 एवं 43, पार्ट लैंड, खसरा नंबर 173, भैसोरा, लखनऊ- 226001, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 7 | LKW_1509_045399 अंजनी कुमार, संजू | रू. 8,15,759/- | 22-04-2021 | मकान नंबर ए-13, प्लॉट नंबर 42 एवं 43 पार्ट, भूमि खसरा नंबर 173 मिनजुमला, भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ- 226020, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 8 | 0LKW1702000005004096 सत्यम रस्तोगी, कुसुम लता रस्तोगी | रू. 7,86,214/- | 22-04-2021 | खसरा नंबर 2859/2362, मिन क्यू-397, कानून गोयान घंटाघर, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 9 | 0LKW1702000005004389 गौतम चौधरी, उपमा चौधरी | रू. 3,82,834/- | 22-04-2021 | प्लॉट खसरा नंबर 2406 पर मकान, अमौसी वार्ड, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 10 | 0LKW1703000005004580 शादमा अख्तर आयशा परवीन | रू. 5,36,059/- | 22-04-2021 | प्लॉट नंबर 13 के भाग पर मकान, खसरा नंबर 850, 843/1 तथा 851 का मिनजुमला, न्यू सरदार नगर, वार्ड कन्हैया नगर माधोपुर मारी माता मंदिर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 11 | 0LKW1706000005006618 श्याम कुमार सिंह, बबीता सिंह | रू. 9,79,124/- | 22-04-2021 | मकान नंबर 4, प्लॉट नंबर 4, खसरा/गाटा नंबर 659/38 का पार्ट/मिनजुमला, परिमाप क्षेत्रफल 530 वर्ग फीट, ग्राम/मोहल्ला मडियांव, परगना माहोना, तहसील बक्शी का तालाब, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 12 | 0LKW1804000005012206 गौतम चौधरी, उपमा चौधरी | रू. 4,46,193/- | 22-04-2021 | प्लॉट खसरा नंबर 2406 के हिस्से पर मकान, अमौसी वार्ड, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 13 | 0VRN1901000005016984 सुनील कुमार मौर्य, मनोरमा मौर्य | रू. 10,91,973/- | 22-04-2021 | अराजी नंबर 125/1, मकान नंबर एसए 17/4ए, मौजा पहाड़िया, परगना शिवपुर, वार्ड सारनाथ, तहसील एवं जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |
| 14 | 0VRN1903000005018967 विनोद कुमार सिंह, आरती सिंह | रू. 16,87,490/- | 22-04-2021 | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल, रूद्र ब्लॉसम, एस एम प्लॉट नंबर 93 एवं मकान नंबर डी 59/235-एस-304, मौजा शिव पुरवा, परगना देहात अमानत, वार्ड दशाश्वमेध, जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश | 26-07-2021 |

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 27-07-2021
प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# 2024 तक सबको आवास व पेंशनः रमाशंकर

संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली

**विधान सभा** चुनाव नजदीक आते ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और समस्याओं का त्वरित समाधान के लिये शासन स्तर पर कवायद शुरू होगयी है। मंगलवार को जनपद के प्रभारी मंत्री रमाशंकर पटेल ब्लॉक सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा किया। इस दौरान प्रधान और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया। विकास कार्यो की धीमी गति पर अधिकारियों को फ्टकार और चेतावनी भी दिया। चेताया कि अब बहाना बाजी और कागजों पर विकास नही जमीन पर विकास होना चाहिये। गांव स्तर पर चौपा लगाकर समस्या का त्वारित समाधान का भरोशा दिया।

समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास निर्माण का द्वितीय किस्त जाने के बाद भी अधूरा होने पर नाराजगी जताया। यही नही



शौचालयए मनरेगा और हैंडपंपों की मरम्मत कराने की भी जानकारी लिया। कई ग्राम प्रधानों ने कोरमपूर्ति करने पेंशन के लिये सुविधा शुल्क मांगने का आरोप भी लगाया। इसके अलावा शत प्रतिशत खाद्यान वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। अंत में पीएम और सीएम आवास सहित शौचालय के आधा दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र पांडेय, डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे, एसडीएम अजय मिश्रा, तहसीलदार डा वंदना मिश्रा, बीडीओ गुलाब चन्द्र सोनकर, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, विधान सभा प्रभारी सूर्यमुनी तिवारी, भानू सिंह, विजय गुप्ता, अमित सिंह, संजय पांडेय, कोतवाल अवनीश राय सहित प्रधान मौजूद रहे।

**कार्यकर्ताओं की समस्या होगी दूरः मंत्रीः** प्रभारी मंत्री ब्लॉक पहुंचते ही बंद कमरे में विधान सभा और मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की रवैया को लेकर नाराजगी जताया। आरोप लगाया कि अधिकारी काम तो दूर बात भी सुनने को तैयार नही है। तहसील से लेकर ब्लॉक और थाना पर भी कार्यकर्ताओं की सुनी नही जा रही है। मंत्री ने कहा कि अब ऐसा नही होगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान और काम होगा।

**अब जिला पर समीक्षा नही गांव स्तर पर लगेगा चौपालः** प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जिला पर समीक्षा नही अब सीधे बड़े बड़े गांव में चौपाल लगाकर सीधे जनता की समस्या का तत्काल समाधान कराया जायेगा। उन्हें सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाया जायेगा। दोषी अधिकारी और खानापूर्ति करने वाले बख्से नही जायेंगे।

# दो लाख के आभूषण के साथ चोरों के सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**सकलडीहा/चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लगातार चोरी की घटना से कोतवाली पुलिस की नींद हराम हो गयी थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर चोरों को पकड़ने के लिये टीम लगातार चोरों के फ्रिाक में जुटी रही। मंगलवार को सुबह सधन तिराहा से मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने चोरों के सरगना सहित तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान चोरों के पास से दो लाख की आभूषण सहित स्मार्ट मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफविभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी है। वही चोरी की घटना में शामिल एक शातिर चोर अपना हिस्सा लेने के बाद फ्सार होगया। चोरों की गिरफ्तारी से क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस लिया।

कोतवाली क्षेत्र के तेनुवट, बलारपुरए भोजापुर सहित अन्य गांवों में लगातार चोरी बढ़ती घटना को लेकर पुलिस परेशान थी। कोतवाल अवनीश राय ने उप निरीक्षक अच्छेलाल यादव और कस्बा प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था । सुबह मुखबीर की सूचना पर टीम ने फोर्स के साथ सधन तिराहा से दो बालिग और एक नाबालिग चोर को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये चोर कस्बा निवासी सुनील सेठ और टिमिलपुर निवासी संजय व एक अन्य नाबालिग चोर ने चोरी की कई घटना में शामिल होने की बात कही। वही चोरों का एक साथी पन्द्रह दिन पूर्व चोरी का अपना हिस्सा लेकर फ्सार होगया। पूछताथ के बाद चोरों के पास से करीब दो लाख की सोने चांदी की आभूषण सहित दो स्मार्ट मोबाइल बरामद किया गया। वही चोरी का पैसा खर्च होने की बात कबूल किया। इस बाबत सीओ शेषमणी पाठक ने बताया कि चोरी की घटना का अंजाम देने वाले चोर बख्से नही जायेगे।

# डिप्टी सीएम ने दिवंगत महंत को दी श्रद्धांजलि, नए महंत शंकरपुरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव लाल मौर्या मंगलवार को श्री अन्नपूर्णा मंदिर में पहुँचकर दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी को श्रद्धाजंलि दी, वहीं मॉ अन्नपूर्णेश्वरी के महंत के गद्दी पर स्वामी शंकरपुरी जी महराज को मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इसके बाद श्री मौर्य का नवागत महंत शंकरपुरी ने स्वागत किया। इसके साथ मॉ अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र के भंडारा में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि सबको देने मॉ अन्नपूर्णा देवी हैं, हमसब एक सेवक के रूप में जनता का सेवा कर रहा हूॅ। सबको देने वाली एकही मॉ है, वो हैं अन्नपूर्णा। डिप्टी सीएम के साथ कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा सहित भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के संत, महात्माओं ने शंकरपुरी को चादर ओढ़ाकर नए महंत की जिम्मेदारी दी

- स्वामी शंकरपुरी जी ने सबसे पहले मॉ अन्नपूर्णेश्वरी का विधिवत पूजन किया एवं महाआरती उतारी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी अन्नपूर्णा** मठ मंदिर के दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी महाराज के षोडसी भंडारे में बड़ी संख्या में संत महात्माओं व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंगलवार की सुबह श्रद्धांजलि सभा के बाद शंकर पुरी महाराज को नया महंत नियुक्ति किया गया। श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के संतण्महात्माओं ने नवनियुक्त महंत को चादर ओढ़ाकर जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी के भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे संतण्महात्माओं के साथ श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व सुबह में महंती गद्दी संभालने से पहले नए महंत शंकर पुरी ने माता अन्नपूर्णा का विधिण्विधान से पूजन करके 7वें महंत के रूप में गद्दी संभाली। परम्परा के अनुसार श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी, अखाड़ा हरिद्वार से महंत कैलाश भारती, ओंकारेश्वर के महंत दयाल पुरी सहित अनेकों स्थानों के श्रीमहंत ने सर्वसहमति से शंकर पुरी महाराज के नाम घोषणा की। तिलक करते हुए महंती की चादर ओढाई और गद्दी पर विराजमान कराया। इस दौरान संत विहारी पुरी के महंत जयकिशन पुरी, स्वामी कृष्णानंद, श्रीमहंत सुभाष पुरी, श्री काशी विद्वत परिषद के अनेकानेक विशिष्ट विद्वानों की उपस्थिति रही।

### स्वामी जी के अधूरे कार्य को पूरा करुंगाः महंत शंकरपुरी

**गद्दी संभालने** के बाद नवनियुक्त महंत शंकरपुरी महाराज ने दिवंगत महंत रामेश्वरपुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि उनके अधूरे कार्य को पूरा करूँगा। संस्कृति संस्कारों के सहित परम्परागत शास्त्रों के संरक्षण तथा सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाऊंगा। सभी संतों विद्वानों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन में मंदिर और ट्रस्ट जनहित के कार्य करता रहेगा। यह रहे मुख्य रूप से मौजूद महामंडलेश्वर विशेश्वरानन्द, रोहतक सचिव रामशेवक गिरी, औरंगाबाद महाराष्ट्र सचिव रावेंद्रपुरी श्री पंचायती अखाड़ा,सचिव कैलाश भारती ओंकारेश्वर मध्यप्रदेश, सचिव जमुनापुरी इलाहाबाद सचिव रमेशगिरी नाशिक श्री पंचायती अखाड़ा, सचिव शिवनारायण पूरी नाशिक तमकेश्वर, पद्मश्री प्रो राम यत्नशुक्ल, प्रोफेसर राम किशोर त्रिपाठी, डा दिनेश गर्ग, प्रो विनय कुमार पाण्डेय अध्यक्ष ज्योतिष विभाग, डा दिव्य चैतन्य ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक अजय राय सहित अन्य लोग मौजू रहे।

# पांच दिनों से संक्रमण शून्य चल रहा मऊ जिला

**मऊ।** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता के कारण लगातार पांच दिनों से मऊ जिला संक्रमण शून्य चल रहा है। मंगलवार को पांचवें दिन भी जांच के बाद आई रिपोर्ट के अनुसार कोई भी नया कोरोना संक्रमित मरीज नहीं पाया गया। वहीं एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 1 रहा साथ ही एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 1 रहा। कोरोना संक्रमण की रफ्तार जिले में काफी मंद हो चुका है। हालत यह है कि लगातार पांच दिनों से जिले में कोई भी नया कोरोना संक्रमित मरीज नहीं पाए जाने से वर्तमान समय में जिला संक्रमण शून्य चल रहा है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह से कमर कसे हुए हैं। मुख्य विकास अधिकारी राम सिंह ने बताया कि अब तक 248636 लोगों का नमूना लैब भेजा गया हैए इसमें 244522 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। साथ ही साथ 240799 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव है और 4114 की रिपोर्ट प्रतीक्षारत है। जांच में अब तक 8320 संक्रमित मिले हैंऔर 8239 रिकवर हो चुके हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले की सुनवाई टली, अगली तारीख पांच अगस्त

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ज्ञानवापी मस्जिद** मामले में पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) आशुतोष तिवारी के आदेश के खिलाफ दाखिल निगरानी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टल गई। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजूमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से इस याचिका पर अपना पक्ष रखने के लिए अदालत से समय मांगा। जिला जज ओमप्रकाश त्रिपाठी ने इन पक्षकारों को सुनवाई के लिए अगली तिथि पांच अगस्त को निर्धारित कर दी। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफवक्फ और अंजूमन इंतजामिया कमेटी ने सिविल जज के आदेश के खिलाफजिला जज की अदालत में निगरानी याचिका दायर किया है।

इस याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई के दौरान वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने आपत्ति करते हुए याचिका को निरस्त करने की दलील दी थी। वादमित्र की आपत्ति पर अपना पक्ष रखने के लिए सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ के अधिवक्ता अभय नाथ यादव और अंजूमन इंतजामिया मसाजिद के अधिवक्ता रईस अहमद अंसारी व मुमताज अहमद ने समय मांगा था जिसे मंजूर करते हुए अदालत ने 27 जुलाई की तिथि मुकर्रर की थी।इस मामले में आठ अप्रैल को ज्ञानवापी मस्जिद मामले में पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के मामले में वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी की अपील (प्रार्थना पत्र) को कोर्ट ने अपने फैसले के दौरान मंजूर कर लिया है। वहीं इस मुकदमे के मामले में सुनवाई के क्षेत्राधिकार को लेकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने सिविज जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक के कोर्ट में सुनवाई करने के लिए अदालत में क्षेत्राधिकार को चुनौती दी थी।बीते 25 फरवरी 2020 को सिविल जज सीनियर डिवीजन ने इस चुनौती को खारिज कर दिया था। विवादित स्थल विश्वनाथ मंदिर का एक अंश है इसलिए एक अंश की धार्मिक स्थिति का निर्धारण नहीं किया जा सकता, बल्कि ज्ञानवापी परिसर का भौतिक साक्ष्य लिया जाना जरूरी है। जिसे पुरातात्त्विक विभाग जांचकर वस्तुस्थिति स्पष्ट कर सकता है कि ढांचा के नीचे कोई मंदिर था अथवा नहीं। तथ्यों के आधार पर प्राचीन विश्वनाथ मंदिर के ध्वस्त अवशेष प्राचीन ढांचा के दीवारों में अंदरुनी और बाहरी तौर पर विद्यमान बताए गए हैं। पुराने मंदिर के दीवारों और दरवाजों को चुनकर वर्तमान ढांचा का रुप दिया गया बताया है। कहा गया है कि पुराने विश्वनाथ मंदिर के अलावा पूरे परिसर में अनेक देवी-देवताओं के छोटे-छोटे मंदिर थे जिनमें से कुछ आज भी विद्यमान हैं।

# मांगों को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे एम्बुलेंसकर्मी

- कोपागंज के बापू इण्टर कालेज में जमकर लगाए नारे
- कर्मचारियों ने आरपार के आंदोलन के लिए दी चेतावनी

संवाददाता। मऊ

**छह सूत्री** मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन भी एम्बुलेंस कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कोपागंज स्थित बापू इण्टर कालेज में दूसरे दिन भी एम्बुलेंस कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किए। साथ ही साथ चेताया कि अगर सरकार द्वारा जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

बतातें चलें कि नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कुल 57 एम्बुलेंस का जिले में संचालन किया जाता है। इसमें 102ए 108 और एडवांस लाइफसपोर्ट ;एएलएसद्ध के कुल 57 एंबुलेंस है। एम्बुलेंस सेवा के तहत 102 के लिए 27 एम्बुलेंसए 108 के तहत 23 एम्बुलेंस तथा एडवांस लाइफ सपोर्ट एएलएस के लिए 7 एम्बुलेंस हैं। लेकिन लगातार दो दिनों से एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल से मंगलवार को दूसरे दिन भी एम्बुलेंस के पहिए पूरी तरह से थमे रहे। सिर्फ चार एम्बुलेंस को इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रखा गया है। मंगलवार को दूसरे दिन भी जिले के कोपागंज इण्टर कालेज के मैदान में सभी एम्बुलेंस कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों के समर्थन में एकत्र होकर जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मांग किया कि हड़ताल पर गए एम्बुलेंस कर्मचारियों ने मांग किया कि ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए। साथ ही साथ कोरोना काल के दौरान शहीद हुए एम्बुलेंस कर्मचारियों के परिजनों को 50 लाख रुपए बीमा की रकम प्रदान किया जाए। साथ ही साथ उनकी नौकरी पक्की करते हुए स्थायी किया जाए। आंदोलनरत एम्बुलेंस कर्मचारियों ने चेताया कि अगर सरकार द्वारा उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तो सभी एम्बुलेंसकर्मी आंदोलन को तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष दिलीप राम, जिला महामंत्री जनार्दन चौहान, जिला मीडिया प्रभारी अनिल कुमार दुबे, जमगोविर, संगठन मंत्री पंकज यादव, आडिटर राजकुमार भारती, विकास मिश्रा, राकेश चौहान, अनिल कुमार दुबे, मनोज कुमार, अर्जुन, संत विजय, रामपति, रामप्रवेश, योगेश आदि उपस्थित रहे।

# सीएमएस ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

- ओपीडी में दो चिकित्सक पाए गए अनुपस्थित, दोनों अनुपस्थित चिकित्सकों जारी किया नोटिस

संवाददाता। मऊ

**जिला अस्पताल** में चिकित्सकीय व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही तत्कालीन सीएमओ डॉण् सतीश चंद्र सिंह के निरीक्षण में जहां 9 चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थेए वहीं दूसरी तरफ मंगलवार को सीएमएस ने भी जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। सीएमएस डॉण् बृज कुमार के निरीक्षण में भी दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। सीएमएस ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया है। सीएमएस द्वारा अनुपस्थित चिकित्सकों को नोटिस जारी किए जाने से पूरे दिन अफ्रा.तफ्री मचा रहा। सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय में वैसे तो सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अत्याधुनिक चिकित्सकीय चिकित्सकीय संसाधन उपलब्ध कराया गया है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरीजों व तीमारदारों का काफी बुरा हाल है। हालत यह है कि जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल द्वारा सख्त हिदायत के बाद भी जिला अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही तत्कालीन सीएमओ डॉ सतीश चंद्र सिंह द्वारा जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नौ चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे। बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को सीएमएस डॉ बृज कुमार ने जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। सीएमएस द्वारा जिला अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किए जाने पर दो चिकित्सक डॉ. रुपेश कुमार एवं डॉण् राकेश कुमार अनुपस्थित पाए गए। सीएमएस ने तत्काल प्रभाव से दोनों अनुपस्थित चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

# दो सितम्बर तक मनोरंजन कर करें जमा, मिलेगा लाभ

संवाददाता। सोनभद्र

**डिप्टी कमिश्नर** वाणिज्य कर सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम-1948, केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956 उत्तर प्रदेश मूल्य सर्वर्धित कर अधिनियम 2008 उत्तर प्रदेश प्रवेश कर अधिनियम 2007 एवं उत्तर प्रदेश आमोद एवं पणकर अधिनियम 1979 एवं तद्धीन निर्मित नियमावली मनोरंजन कर तथा उत्तर प्रदेश केविल टेलीविजन नेटवर्क प्रदर्शन नियमावली 1997 के अन्तर्गत 31 दिसम्बर 2020 तक सृजित बकाये मांग पर लम्बित ब्याज अर्थदण्ड माफी योजना लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि मूल बकाया धनराशि 10 लाख तक जिसका मूल बकाया जमा की जाने वाली धनराशि सम्पूर्ण है ब्याज की जमा की आने वाली धनराशि शून्य ब्याज की माफकी जाने वाली धनराशि 100 प्रतिशत व केवल बकाया न जमा करने पर आरोपित अर्थदण्ड की माफकी जाने वाली धनराशि 100 प्रतिशत मूल बकाया धनराशि 10 लाख से अधिक 1 करोड़ तक जिसका मूल बकाया जमा की जाने वाली धनराशि सम्पूर्ण है ब्याज की जमा की आने वाली धनराशि 10प्रतिशत ब्याज की माफकी जाने वाली धनराशि 90 प्रतिशत व केवल बकाया न जमा करने पर आरोपित अर्थदण्ड की माफकी जाने वाली धनराशि 100 प्रतिशत मूल बकाया धनराशि 1 करोड़ से अधिक 5 करोड़ तक जिसका मूल बकाया जमा की जाने वाली धनराशि सम्पूर्ण है ब्याज की जमा की आने वाली धनराशि 50प्रतिशत ब्याज की माफकी जाने वाली धनराशि 50 प्रतिशत व केवल बकाया न जमा करने पर आरोपित अर्थदण्ड की माफकी जाने वाली धनराशि 50 प्रतिशत मूल बकाया धनराशि 5 करोड़ से अधिक जिसका मूल बकाया जमा की जाने वाली धनराशि सम्पूर्ण है, ब्याज की जमा की आने वाली धनराशि 90प्रतिशत ब्याज की माफकी जाने वाली धनराशि 10 प्रतिशत व केवल बकाया न जमा करने पर आरोपित अर्थदण्ड की माफकी जाने वाली धनराशि 100 प्रतिशत उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत सरकारी अर्द्ध सरकारी विभागों एवं निगमों उपक्रमों एवं व्यापारियों जिनके 31 दिसम्बर 2020 तक पारित मांग पर लाभ अनुमन्य होगा इस योजना का लाभ 02 सितम्बर 2021 तक उठाया जा सकता है। सम्बन्धित योजना की अधिक जानकारी के लिए वाणिज्य कर विभाग सोनभद्र के डिप्टी कमिश्नर राकेश सिंह मोबाइल नम्बर असिस्टेन्ट कमिश्नर सिद्धार्थ सिंह से सम्पर्क कर सकते हैं। यह योजना मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता से व्यापारियों को लाभ देने की योजना है जिसका समयान्तर्गत लाल उठाना सुनिश्चित करें।

# डिस्ट्रिक्ट फूड सिक्योरिटी मिशन की बैठक सम्पन्न

**सोनभद्र।** उप कृषि निदेशक डीके गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई, 2021 को आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं डिस्ट्रिक्ट फूड सिक्योरिटी मिशन एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। डी0 के0 गुप्ता उप कृषि निदेशक सोनभद्र सचिव आत्मा द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 में एसएमएई व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित हुये कार्यक्रमों को विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही वर्ष-2021-22 में एसएमएई योजनान्तर्गत 304.856 लाख का जिला कृषि कार्ययोजना डीएएपी व एनएफ्एसएम योजना के अन्तर्गत 234.18050 लाख की योजना समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। जिसका सर्व सम्मति से अध्यक्ष समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

## पानी भरने के विवाद में एक का हुआ चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को शांतिभंग करने के आरोप में थानाक्षेत्र के ग्राम सभा डोडहर टोला बेलौहा निवासी प्रेमलाल बैगा पुत्र रामसाय बैगा को गिरफ्तार करके सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान करने के उपरांत अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने यह कार्रवाई वही की निवासिनी संदेशवा देवी पत्नी कैलाश बैगा के लिखित तहरीर पर विवेचना के पश्चात किया। आवेदिका ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोपी के ऊपर पानी भरने व नहाने को लेकर आपत्ति करने का आरोप लगाया था।

## क्विक न्यूज

### अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, युवक की मौत

**धानापुर/चन्दौली।** अवही मार्ग पर मंगलवार को अपरान्ह लगभग एक बजे सरयां गांव के पास अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि क्षेत्र के बसगांवा निवासी अनीस राय पुत्र अमरनाथ राय अपने बाइक से धानापुर बाज़ार आ रहा था तभी सरयां गांव के पास वह अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गयी। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकाला सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरयां गांव के पास सड़क पर हल्का सा मोड़ है जहां किनारे पर पेड़ पौधे ज्यादा हैं जिसके कारण आये दिन बाइक सवार घायल होते हैं। ग्रामीणों ने बताया आधा दर्जन लगभग मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि मार्ग के किनारे पेड़ पौधे साफकरवाने के साथ किनारे पर सुरक्षा रॉड लगवाया जाय जिससे आये दिन होने वाली दुर्घटना से निजात मिले।

### उप्र माध्यमिक वित्तविहीन गुट ने दिया धरना, उठाई अपनी मांग

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के आह्वान पर पूरे प्रदेश में धरने का आयोजन वित्तविहीन शिक्षकों ने किया था। इसी क्रम में वाराणसी के शास्त्री घाट पर ज़िले के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों ने वाराणसी खंड शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव और वित्तविहीन गुट के मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और मानदेय को लेकर सरकार से मांग की।इस धरने को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष और वाराणसी खंड शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में 80 प्रतिशत भागीदारी देने वाले 3 लाख 50 हज़ार शिक्षक एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारी रोज़ी पाकर रोटी के लिए मोहताज हैं। उनकी स्थिति मनरेगा कर्मियों से भी बदतर हो गयी है। विद्यालयों के बंद होने के कारण बच्चों से फीस प्राप्त न होने से न तो प्रबंधक मानदेय दे पा रहे हैं न सरकार इसपर ध्यान दे रही है। ऐसे में हमारे पास धरने के अलावा को चारा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकल एमएलसी बनने के बाद मैंने यह मुद्दा सदन में भी उठाया था पर सरकार ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। वहीं वित्तविहीन गुट के मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अंबेडकर ने बताया कि हम सभी वित्तविहीन शिक्षक लाकडाउन में स्कूल बंद होने की वजह से सड़क पर आ गए हैं। ऐसे में हमारी सरकार से मांग है कि मानदेय तय किया जाए साथ ही 2005 से जो पेंशन व्यवस्था बंद की गयी है उसे भी बहाल किया जाए।

### स्वच्छ भारत मिशन की बैठक आज

**सोनभद्र।** जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी सोनभद्र के स्वीकृति 28 जुलाई 2021 को 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अन्तर्गत शौचालय निर्माण के लिए धनराशि के प्रेषण एसएलडब्ल्यूएम के अन्तर्गत ग्रामों के चयन पर विचार 5 बड़े ग्राम पंचायतों में कूड़ा डम्पिंग के स्थल के चयन पर विचार व अन्य बिन्दु जिलाधिकारी के अनुमति से समीक्षा की जायेगी।

### कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का हुआ वितरण



**सोनभद्र।** एलिम्को कानपुर एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण करने के उद्देश्य से विकास खण्ड परिसर घोरावल में शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में शिव नारायण सिंह एडीओ आईएसबी, विकास खण्ड घोरावल, एलिम्को के प्रतिनिधि सुपोंग वाती जमीर पीएनओ अधिकारी दीपक विनीत पाण्डेय अनमोल एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी ऋतुराज सिंह वरिष्ठ सहायक श्यामल कुमार गॉगुली बलराम तिवारी विनय मो0तलहा इत्यादी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में 52 दिव्यांगजनो में कुल 29 ट्राईसाईकिल, 07 व्हील चेयर 44 बैसाखी 14 कान की मशीन 07 छड़ी 03 रोलेटर 03 स्र्माट केन 02 स्मार्टफोन 06 कृत्रिम अंग इत्यादी का वितरण किया गया।

### घूमने जाते समय कार नहर में पलटी

**चन्दौली।** शहाबगंज थाना क्षेत्र के तियरा गांव के समीप उस वक्त चींख.पुकार मच गई जब एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित हो कर नहर में पलट गई हालांकि सभी को आसपास के लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया । वहीं सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुँच गई और आगे की कार्यवाई में जुट गई । जानकारी के मुताबिक बिहार के बक्सर निवासी वाहन संख्या बीआर.01.डीजे.1401 से चालक अभिषेक कुमार अपने साथी रोहित कुमारए जितेंद्र कुमारए राहुल कुमार व विक्की लतीफ्शाह घूमने के लिए जा रहे थे अभी वो तियरा गांव के करीब पहुँचे ही थें कि उसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। गाड़ी के नहर में पलटते ही लोगों कि चींख.पुकार निकल गई हालाँकि ग्रामीणों की मदद से सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया । वहीं घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुँचे शहाबगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार बक्सर जिला के सभी लोग रहने वाले बताए गए सभी लोग लतीफ्शाह घूमने के लिए जा रहे थें इसी बीच तियरा गांव के समीप उनकी स्विफ्ट डिजायर कार नहर में पकट गई सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है सभी लोग सुरक्षित हैं।

### गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक



**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज की अध्यक्षता में मंगलवार की दोपहर लालडिग्गी स्थित नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर सफाईएजलएप्रकाश के मुख्य अधिकारियो के साथ गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुये बैठक की गयीं।नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बैठक में उपस्थित समस्त सभी विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट दिशा.निर्देश देते हुये कहा कि 1 अगस्त को विन्ध्य कॉरिडोर के शिलान्यास को देखते हुये विशेष साफ-सफाई अभियानएप्रस्तावित मार्ग की प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करनेएक्षतिग्रस्त पाइप को बदलने का भी स्पष्ट निर्देश दिया।नपाध्यक्ष ने विंध्यधाम परिसर एवं विन्ध्याचल के प्रस्तावित रूट सहित आस.पास के क्षेत्रों में विशेष सफाई एवं चुने का छिड़काव कराने के लिये मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया।नपाध्यक्ष ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रस्तावित मार्ग पर टुटे हुये पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के साथ टूटी हुई नालियों के निर्माण का भी आदेश दिया।नपाध्यक्ष ने कहा कि विन्ध्य कॉरिडोर के शिलान्यास हेतु देश के गृह मंत्री अमित शाह और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 1 अगस्त को होने जा रहा है।जिसको देखते हुये पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी है। सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम का गठन कर दिया जो आगमन के मद्देनजर साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम करेंगे। मन्दिर परिषर के साथ .साथ पूरे विन्ध्याचल में साफ्सफाई व्यवस्था को चाक.चौबंद करने के साथ.साथ जिन मार्गो से गृह मंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा उन स्थानो पर सफाई-निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम बना कर विशेष साफ-सफाई करवायी जायेगी। इस मौके अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश, कर निर्धारण अधिकारी अरबिन्द यादव, संजय सिंह, नगर अभियन्ता सुनील मौर्या, जलकल अभियन्ता सुधीर वर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ, सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा, मधुसूदन, अनिल रावत आदि मौजूद रहे ।

### गल्ला व्यापारियों के शोषण पर होगी दंडात्मक कार्रवाईः मनोज श्रीवास्तव

**मीरजापुर।** नगर के रतनगंज मोहल्ले में आयोजित गल्ला व्यापारी संघ की बैठक में सरकारी स्तर पर किए जा रहे शोषण की तीखी निन्दा की गई । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अगर व्यापारियों का किसी ने शोषण और प्रताड़ित करने का काम किया तो उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी । सरकार की मंशा पर पानी फेरने वालो को माफनहीं किया जाएगा । व्यापारियों ने बैठक के दौरान कहा कि गल्ला का स्टाक चेक करने के नाम पर उन्हें बार बार ऑफ्सि बुलाया जाता है । व्यापारी को गद्दी छोड़कर जाना पड़ता है । जिससे व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ना तय है । बताया कि 500 टन तक गल्ला रखने की स्वीकृति हैं । इसके बावजूद स्टॉक चेक करने के नाम पर केवल आफ्सि का चक्कर लगाने के लिए विवश किया जाता हैं । जो सीधे सीधे व्यापारियों का भयादोहन हैं । जिले में इतना बड़ा किसी व्यापारी का गोदाम नहीं है कि वह इतनी भारी संख्या में अन्न का भंडारण कर सकें । इसके बावजूद स्टॉक चेक करने के नाम पर शोषण करना व्यापारियों को प्रताड़ित करने की श्रेणी में आता है । व्यापारियों ने बैठक में एक स्वर से उत्पीडन के खिलाफआवाज को बुलंद किया । कहा कि जब व्यापारी सरकार की मंशा के अनुसार व्यापार कर रहे है तो उन्हें बार.बार आफ्सि बुलाकर प्रताड़ित करने का कोई औचित्य नहीं बनता । यह तो सीधे.सीधे अपने मनसा की पूर्ति के लिए परेशान करने का तरीका है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी अपना रवैया बदले ।

# डीएम ने सुनी उद्यमियों की समस्याएं

संवाददाता। उन्नाव




**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक सुरक्षा फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेंसर्स एलाइड लेदर फिनिशर्स उन्नाव द्वारा अवगत कराया कि दही चौकी एरिया में हरे पेड़ पौधों को काटकर अवैध दुकानें लगाई जा रही है। जिससे उन स्थानों पर अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे लोगों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। जिसपर जिलाधिकारी ने कार्यवाही के निर्देश दिये। सीएफसी भवन आईआईए हॉलए दही.चैकी के पुर्ननिर्माण हेतु उद्यमियो की मांग के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने यूपी सीडा के प्रतिनिधि को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आगामी उद्योग बन्धु बैठक के पूर्व सार्थक परिणाम प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। मेसर्स मैक्स बीबेस ने भूखंड संख्या 110 आराजी 335 निकट बाबा कुटी शुक्लागंज द्वारा अवगत कराया कि उनकी इकाई कानपुर लखनऊ बाईपास पर 200.250 मीटर अंदर है जिसमें पर्याप्त संख्या में कारीगर कार्यरत है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि इकाई तक पहुंचने का मार्ग कच्चा है। जिसके कारण अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मार्ग का डामरीकरण कराने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए।बैठक में मेंसर्स रहमान इण्ड0 लि0 अकरमपुर उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकरण सिंगरोसी गांव की ओर जाने वाली क्षतिग्रस्त रोड के संबंध में है जिसमें हमेशा जलभराव बना रहता है तथा उन्होंने बताया कि एच0टी0 ;11 केवीद्ध लाइन बहुत नीचे और पोल झुक जाने के संबंध में है। जिसमें चार पोल बुरी तरह जर्जर है और लाइन के तार बहुत नीचे आ गए हैं। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। जिस हेतु जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने हेतु निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारीए नगर पालिका परिषदए उन्नाव को अकरमपुर औद्योगिक आस्थानए अकरमपुर की नालियों की सफाई करवाये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि उद्यमों की आवश्यकता के अनुरूप तत्काल प्रशिक्षुओं की सूची आई0आई0ए0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रशिक्षुओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार प्राप्त हो सके। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त समस्त आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करवाते हुए सुनिश्चित करें कि किसी भी उद्यमी को अनापत्ति या लाइसेन्स प्राप्त करने में किसी भी स्तर पर कोई कठिनाई न हो।

# महिला ने पुत्र के ससुरालीजनों पर लिखवाया मुकदमा

संवाददाता। पुखरायां, कानपुरदेहात।

**भोगनीपुर** के कसबा पुखरायां निवासी एक महिला ने पुत्र के ससुरालीजनों के खिलाफ घर पर चढ़कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। वहीं कुछ दिन पहले युवक की पत्नी ने भी पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करवाया था।

कसबा पुखरायां के बरसाती पुलिया निवासी रामलखन सचान की पत्नी गायत्री सचान ने बताया कि उनके बहू और बेटा बरेली में सरकरी नौकरी करते हैं। उनकी बहू नेहा सचान बरेली के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। जबकि पुत्र सुलभ सचान भी वहीं किसी विभाग में नौकरी करता है। दोनों एक साथ रहते थे। गत दिनों बहू और बेटे में खटपट हो गई थी। इसीबात को लेकर मीरपुर पुखरायां निवासी बहू के पिता अशोक सचान बहू नेहा सचान व मां ममता सचान उनके घर पर आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में कई जगह चोटें भी आई हैं। पुलिस ने अशोक सचान, ममता सचान, नेहा, शशांक व अंकित सचान के खिलाफमारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं एक सप्ताह पूर्व पुखरायां के मीरपुर निवासी अशोक सचान की पुत्री नेहा सचान ने पति सुलभ सचान, ससुर राम लखन सचान सास गायत्री सचान, जेठ विकास सचान एवं जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी बैजनाथ सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफसे मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पिपरी गांव में परिवारिक रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई है। जवाबी रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

## क्विक न्यूज

### एंबुलेंस कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

**फर्रुखाबाद।** जीवनदायिनी एंबुलेंस सेवा 108-102 के कर्मचारियों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी है। लोहिया अस्पताल परिसर में सुबह से ही एंबुलेंस पायलट और इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन नारेबाजी करते रहे। आज भी जिले में सिर्फ तीन एंबुलेंस ही सक्रिय हैं।जिले में 108 की 22 एंबुलेंस और 102 की 21 एंबुलेंस और तीन एएलएस एंबुलेंस हैं। इन एंबुलेंस पर करीब 220 कर्मचारी तैनात हैं। प्रदेशभर के संगठन पदाधिकारी लखनऊ मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को कर्मचारियों को समायोजित करने का मौखिक आदेश तो मिल गया। लेकिन, कर्मचारी लिखित आदेश की डिमांड पर अड़े हैं। बताया गया कि पूरे प्रदेश में एक हजार कर्मचारियों को समायोजित करने का भरोसा दिलाया गया है।जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह नें बताया कि पूरे प्रदेश में एक हजार कर्मचारियों को समायोजित करने का भरोसा लिखित में मिलने और 102 व 108 एम्बुलेसों के कर्मियों का वेतन वृद्धि जब तक नही होती आन्दोलन जारी रहेगा। किशन कुमार यादव, अभिनंद मिश्रा, रुबीना,जुली, सुनील यादव, देवेन्द्र सिंह यादव,अजित यादव, मनीश कुमार आदि रहे।

### 26 घंटे बाद मिला युवक का शव, दूसरे की खोज जारी

**फतेहपुर।** श्रावण मास के पहले सोमवार को आदमपुर गंगा घाट पर दर्दनाक हादसे में गंगा स्नान करने गए दो दोस्त डूब गए थे। उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, सीओ सिटी संजय सिह की मौजूदगी में जारी अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को एक युवक का शव नदी में तैरता हुआ कई किलो मीटर दूर मिला। वहीं दूसरे युवक की तलाश अभी भी जारी है। बताते चलें कि सोमवार को आदमपुर गंगा घाट पर स्नान करते समय दो दोस्त गहरे पानी में जाने से डूब गये थे, जिनकी खोज शुरू की गई तो मंगलवार को करीब 26 घंटे बाद संजय विश्वकर्मा 25 वर्ष निवासी जगन्नाथपुर उर्फ किमिंदियापुर थाना मलवां का शव घटनास्थल से करीब पांच किलो मीटर दूर खुशरूपुर गांव के सामने नदी में तैरता हुआ मिला। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिये भेज दिया गया। उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा ने बताया कि दूसरे युवक नीलू उर्फ नितेश 23 वर्ष का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। युवक की खोज में गंगा नदी में रेस्क्यू जारी है। पीएसी फ्लड़ टीम और लखनऊ से बुलाई गई टीम के साथ गोताखोर युवक को खोजने में जुटे हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सलेमपुर महेरा निवासी दुर्गेश सिंह उम्र लगभग 28 वर्ष ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची रसूलाबाद थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि युवक घरेलू कलह के चलते अक्सर परेशान रहता था। घरेलू कलह प्राय: घर में हुआ करती थी जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया और जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिजली की चपेट में आकर ग्रामीण झुलसे

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत झींगा पुरवा कठारा निवासी सीमा देवी पत्नी रत्नेश एवं दशहरा मेहरा निवासी उपेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला घरेलू कार्य करने के दौरान विद्युत करेंट के चपेट में आने से झुलस गये। आफन फानन में परिवारी जन उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद ले गए जहां उन्हें चिकित्सक द्वारा उपचार करने के बाद हालत में सुधार को देखते हुए परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

### करंट लगने से अधेड़ की मौत

**घाटमपुर।** नगर के आशानगर मुहल्ले में निर्माणाधीन एक मकान में स्ले पके लिये सटरिंग लगा रहे एक बृद्ध मजदूर की करंट लगने से मौत हो गयी। बताया जाता है तबारक हुसेन नामक उक्त मजदूर मंगलवार दोपहर को मकान की छत में स्लेप डालने के लिये सिस्टम खड़ा करवा रहा था कि तभी पास से गुजरी 11 हजार केवी की लाइन के करंट की चपेट में आ गयी और बुरी तरह से झुलस गया, मौजूद लोग उसे इलाज के लिये सीएचसी ले गये जहाँ उसकी मौत होगयी।

### प्लाट पर कब्जा करने से रोकने पर मारपीट

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के डिलौंलिया बांगर गांव में एक प्लाट पर कब्जा को लेकर मारपीट हो गई है। थाने में तहरीर दी गई है। भोगनीपुर थाना क्षेत्र के डिलौलिया बांगर निवासी भगवती प्रसाद की पत्नी फूलमती ने बताया कि गांव में उसका प्लाट है। जिसमें कई बेरी के पेड़ खड़े हैं। पड़ोसी परमानंद का पुत्र मुन्ना उस प्लाट से बेरी का पेड़ काटकर कब्जा कर रहा है। मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी है। पीड़ित महिला ने उपजिलाधिकारी भोगनीपुर से कब्जा हटाने की फरियाद की थी। जिस पर कोतवाल प्रभारी ने मौके पर जाकर अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी है।

### स्वास्थ्यकर्मियों की लगाई लताड़

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें गोल्डेन कार्ड एवं फाइलेरिया कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिसमें फिसड्डी रहे कर्मचारियों को प्रभारी चिकित्साधिकारी ने लताड़ लगायी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आदित्य सचान ने बताया कि गोल्डेन कार्ड जारी कराने में गौसगंज की संगिनी शैल कुमारी और कमलपुर की संगिनी ममता की प्रगति बहुत धीमी रही है। उनके खिलाफनोटिस जारी करने की चेतावनी दी गई है। वहीं भोगनीपुर के 160, सट्टी के 145 और नोनापुर के 95 परिवारों में अभी तक एक भी गोल्डेन कार्ड जारी नहीं कराया गया है। खंड विकास अधिकारी भगवान सिंह ने सभी एएनएम को जल्दी से जल्दी निर्धारित लक्ष्य पूरा कराने की चेतावनी दी है। वहीं विभाग की ओर से जारी गोल्डेन कार्ड की सूची सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा न करने पर सभी आशाओं की लताड़ लगाई गई। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से प्रतिदिन 200 गोल्डेन कार्ड जारी करने का लक्ष्य दिया गया है। ब्लाक समन्वयक तरूण श्रीवास्तव, एएनएम रामसखी, गीता गुप्ता, उर्मिला, विमला देवी, आरती, दिव्या वर्मा, राजकुमारी, शिवांगी द्विवेदी, उमा देवी मौजूद रहीं।

### छत से गिरकर मासूम घायल, रेफर

**पुखरायां, कानपुरदेहात।** कस्बे के बार्ड नंबर-3 में मंगलवार को खेलते समय एक मासूम छत से जमीन में गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सीएचसी से जिला अस्पताल माती रेफर किया गया है। पुखरायां कस्बे बार्ड नंबर-3 निवासी कलीम ने बताया कि उसका पुत्र अल्तमस घर की छत पर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह छत से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे आनन-फानन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक देखकर डाक्टरों से उसे जिला अस्पताल माती रेफर कर दिया है।

### रूरा-बनीपारा-मिण्डाकुआं मार्ग की होगी जांच

**कानपुर देहात।** सीडीओ सौम्या पाण्डेय ने कुछ दिनों पूर्व बने रूरा-बनीपारा-मिण्डाकुँआ मार्ग की गुणवत्ता के लिये दो सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन कर 31 जुलाई तक जॉच रिर्पोट प्रस्तुत करने को कहा है। सीडीओ ने बताया कि जनता ने इस मार्ग की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खडे किये है मार्ग में गडढों से वाहन चालकों को होने वाली परेशानियों तथा दुर्घटनाओं के मामले सॅज्ञान में आये है। आम जनता ने इसकी शिकायत की है शिकायत की जॉच के लिये दो अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

# युवा कवि दिलीप कश्यप राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष मनोनीत

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**देश में** राष्ट्र जागरण की भावना का जन-जन बीज रोपित करने वाली एवं हिंदी के उन्नयन हेतु समर्पित अखिल भारतीय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बुंदेलखंड प्रान्त के अध्यक्ष अजय अंजाम व महामन्त्री पण्डित सुनील नवोदित की संतुति पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील व्यास की सहमति से जिले के युवा कवि एवं लेखक दिलीप कश्यप ,कलमकार, को जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद का दायित्व सौंपा है । दिलीप को जिलाध्यक्ष की जिम्म्मेदारी मिलने पर साहित्यिक परिवार के लोग उन्हें अपनी बधाइयां प्रेषित कर रहे हैं। आपको बता दें कि दिलीप वर्तमान समय में हिंदी साहित्य भारती में पत्र लेखन के प्रदेश संयोजक व वीणा साहित्य परिषद में महामंत्री है। वह साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर गतिशील रहते है गद्य.पद्य दोनो विधाओं में लिखतें हैं । युवा कवि दिलीप कश्यप ने प्रदेश नेतृव का धन्यवाद देते हुए बताया की राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है यह उनके लिए सौभाग्य की बात है । यह देश की एक ऐसी साहित्यिक संस्था है जिसका उद्देश्य देश के नवोदित काव्य.प्रतिभा को निखार कर मुख्य धारा के कवियों में शामिल करना है। दिलीप के जिलाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम ,अम्बर, डॉक्टर संतोष पाण्डेय उत्कर्ष अग्निहोत्री आदि ने बधाई दी।

# दो टप्पेबाज भीड़ के हत्थे चढ़े

**घाटमपुर।** चौराहे के समीप हमीरपुर रोड पर दो टप्पेबाजों को भीड़ ने दौड़ा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि कस्बा निवासी पुनीत गुप्ता ट्रक ओनर्स है और रजिस्ट्री दफ्तर के सामने हमीरपुर रोड पर ट्रान्सफोर्ट है, आज शांम वो कार से वापस कानपुर जा रहे थे कि चौराहा जाम में फंस गये, पुनीत ने पुलिस को बताया कि इसी दौरान दो युवक उनकी कार के पास और बताया कि आप की कार के आंगे पचास-पचास के रुपये पड़े हैं आप के तो नही हैं, सर्तक पुनीत को टप्पेबाजी का शक होने पर गाड़ी से उतर कर एक युवक से कड़ाई से बात करने लगे तो दोनों भागने लगे इसी बीच भीड़ ने दोनों को दौड़ा कर सिविल न्यायालय प्रंगण के पास दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों युवको से पूछतांछ की जा रही है।

# आयुष्मान भारत योजना की जागरूकता बाइक रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**उत्तर प्रदेश** के सभी जिलों में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित सीएससी ई गवर्नेंस द्वारा 7 दिवसीय आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन के क्रम में दूसरे दिन आयुष्मान भारत योजना के संबंधित जागरूकता हेतु बाइक रैली का आयोजन किया गया तथा सभी विकास खंडों में आयुष्मान भारत का कार्ड बनाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला फर्रुखाबाद के जिला मुख्यालय से जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया । जिसके द्वारा ग्रामीण स्तर पर आम जनमानस को आयुष्मान भारत योजना हेतु जागरूक किया जा सके। जिला प्रबंधक अनुदित बाजपेई ने बताया कि बाइक रैली के आयोजन से ग्रामीण जनमानस में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया तथा प्रत्येक विकासखंड में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु कैंप का आयोजन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया है। जिस के क्रम में जिले में कुल 28 कैंपों का आयोजन किया गया जिसमे लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड योजना हेतु पंजीकरण किया गया। साथ ही जिला प्रबंधक ने आम जनमानस से आयुष्मान भारत योजना की लाभ प्राप्त करने हेतु नजदीकी सीएससी केंद्रों पर उपस्थित होने हेतु अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कु0 अरुनामौली, मुख्या चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सतीश चन्द्र, आयुष्मान नोडल डॉ0 दीपक कटारिया, डॉ0 अमित मिश्र आदि मौजूद रहे। और सी एस सी वी एल ई शिवम् मोहन कटियार, शिवम् कुमार, अतुल द्विवेदी, प्रिंस कटियार, रणवीर सिंह, आदेश कुमार आदि ने बाइक रैली में प्रतिभाग किया।

# छेड़छाड़ और मारपीट की नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम खम्भोंली निवासी युवक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले पड़ोसियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग उठाई है । ग्राम खम्भोंली निवासी कुलदीप पुत्र रामखेलावन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि गांव के बैजनाथ व विशम्भर पुत्रगण तुला एवं मान सिंह पुत्र चन्द्र पाल गत 25 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे उसके घर में आ धमके । उन लोगो ने कुलदीप की माँ रामरती से पूंछा कुलदीप कहाँ है । माँ ने बताया कि कुलदीप घर में नही है। इसके बाद तीनों घर में घुस आए और कुलदीप की पत्नी रानी को गन प्वाइंट पर लेकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे । विरोध करने पर माँ रामरती और पत्नी रानी की पिटाई कर दी । घटना के रिपोर्ट दर्ज कराने मां और पत्नी बेहटा मुजावर थाने गई। किंतु रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पुलिस ने उन्हें डांट कर भगा दिया ।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल के कार्यालय का किया उद्घाटन



संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**पुलिस** अधीक्षक सुरेश राव ए कुलकर्णी ने जन सहयोग से नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यलय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक श्री कुलकर्णी ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि थाने आने वाले हर फरियादी के साथ न्याय होना चाहिए। यही सरकार की मंशा है। उद्घाटन के पूर्व उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ए क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार व प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह में विधायक श्रीकांत कटियार ए बांगरमऊ के चेयरमैन इजहार खां गुड्डू ए गंजमुरादाबाद के चेयरमैन रामनरेश कुशवाहाए प्रधान संघ अध्यक्ष मनीराम यादवए सपा नेता डॉक्टर मुन्ना अल्वी ए विमल शुक्लाए मनीराम यादव ए मोइन अंसारीए रविकांत गुप्ताए संत कुमार दिवाकरए चौधरी संजीव सिंहए बालाराव गुप्ताए मुकुंद गुप्ता ए विकास गुप्ताए अंकित गौतम आदि सहित नगर और क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** साइकिल से गेंहू पिसानें जा रहे ग्रामीण की ट्रैक्टर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली क्षेत्र के अताईपुर कोहना टुकी मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय मूलचंद पुत्र वनबारी लाल अपनी साईकिल से गेंहू पिसनें जा रहा था। उसी दौरान गांव के निकट की एक बाइक सबार नें उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों नें उसे सीएचसी में भर्ती किया। जहाँ डॉ0 अमरेश नें उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी दुलारी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहा था।

# तेलियानी ब्लॉक बवाल में पुलिस ने शस्त्र निरस्तीकरण की भेजी रिपोर्ट

● **वायरल वीडियो में लाइसेंसी असलहे के साथ दिखा था एक युवक**

संवाददाता। फतेहपुर

**तेलियानी** ब्लॉक में नामांकन के दौरान हुए बवाल के मामले में पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। बवाल के वीडियो वायरल में कमर में पिस्टल लगाकर दिखने वाले एक युवक के शस्त्र निरस्तीकरण रिपोर्ट पुलिस ने डीएम को भेजी है। वहीं आरोपियों को चिन्हित करने की कार्रवाई ठप पड़ी है। तेलियानी ब्लॉक प्रमुख पद के नामांकन में 08 जुलाई को पर्चा छीना-झपटी को लेकर सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बवाल हुआ था। इस दौरान तेलियानी ब्लॉक गेट से एक प्रत्याशी के प्रस्तावक को एक प्रत्याशी का समर्थक घसीटने की कोशिश कर रहा था। उसकी कमर में पिस्टल भी लगी हुई थी। इस घटनाक्रम का वीडियो वायरल हुआ था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान परिसर के आसपास असलहा लेकर घूमने तक में प्रशासन ने रोक लगा रखी थी, ऐसे में खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गई। पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश सिंह की एसपी से शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में सक्रिय हुई है। पुलिस ने असलहे का दुरुपयोग किये जाने के आरोप में शस्त्र निरस्तीकरण के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी है। कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि एक युवक के पास वीडियो वायरल में असलहा दिखा है। एसपी के आदेश पर असलहे के निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गई है। विवेचक की तैनाती के बाद वायरल वीडियो में दिखने वाले बलवाइयों की जांच होगी।

**नाग पंचमी विशेष**

# एक सांप रोज रात करता है शिवमंदिर की परिक्रमा

● **ऐसा पिछले तीन सौ वर्षों से हो रहा है, सदाशिव धाम मन्दिर में स्थापित शिवलिंग**

संवाददाता। फतेहपुर

**पूरे जनपद** में कई शिवमंदिर और शिवालय है। जहाँ पूरे सावन माह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसा ही एक पाताली शिव मंदिर हंसवा विकास खण्ड के टीसी मिचकी गाँव की सीमा के मध्य स्थित है। इस मंदिर को लोग सदाशिव धाम के नाम से जानते है। बताया जाता है कि इस मन्दिर में स्थापित शिवलिंग करीब 300 वर्ष पहले जमीन के अंदर से प्रकट हुई थी। मन्दिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए वैसे तो पूरे साल क्षेत्र भर से लोग इकट्ठा होते रहते है लेकिन सावन माह में तो इस मंदिर में भक्तों की विशेष भीड़ देखी जाती है। एक ऐसा शिवमंदिर जिसकी खोज करीब हजार साल पहले गाय चराते हुए एक चरवाहे ने की थी।

इस मंदिर के मुख्य पुजारी प्रकाशानन्द जी महाराज की माने तो मंदिर का इतिहास करीब 300 वर्ष पुराना है। उन्होंने बताया कि यह इलाका पहले घनघोर जंगल हुआ करता था और यहाँ आस पास के लोग आने से भी डरते थे लेकिन एक दिन अचानक एक ग्रामीण को भगवान शिव का सपना हुआ और उन्होंने इस स्थान की खुदाई करने के लिए कहा। जिसके बाद गाँव वाले जब उस स्थान पर पहुंचे और खुदाई की तो परिणामस्वरूप यह शिवलिंग मिली। यह भी बताया कि पहले यह शिवलिंग जमीन से ज्यादा ऊपर नहीं थी लेकिन धीरे धीरे प्रतिवर्ष यह शिवलिंग ऊपर की ओर आ रही है।

**तीन सौ वर्षों से सांप कर रहा है परिक्रमा:** स्थानीय लोगों और मंदिर के पुजारी ने बताया कि एक काला सांप प्रतिदिन रात को 12 बजे इस मंदिर के आस पास देखा जाता है। ग्रामीणों की माने तो यह सांप रोज रात शिवमंदिर की परिक्रमा करने के लिए आता है।

# कोविड प्रोटोकॉल के साथ सम्पन्न हुई महाविद्यालय में परीक्षाएं

संवाददाता। फतेहपुर

**डॉ.** भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की लगभग एक पखवाड़ा चली परीक्षाएं शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गयीं। परीक्षाओं में संस्थागत और व्यक्तिगत आठ सौ से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कोविड महामारी के सम्भावित खतरे को देखते हुए सभी जरूरी सावधानियों का विशेष ध्यान रखा गया। प्रत्येक परीक्षा के बाद कक्षों को सैनिटाइज कराने के साथ-साथ परीक्षार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग और ऑक्सीमीटर द्वारा ऑक्सीजन सैचुरेशन परीक्षण किया गया।

सभी कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षार्थियों के लिए मास्क अनिवार्य था एवं गेट पर ही सैनिटाइजर की व्यवस्था थी। इसी के साथ-साथ परीक्षा के शुचितापूर्ण सम्पन्न होने पर विशेष ध्यान दिया गया। परीक्षाओं के दौरान कोई भी छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया। विश्वविद्यालय के उड़नदस्ते के अलावा महाविद्यालय का आंतरिक उड़नदस्ता सक्रिय रहा, जिससे किसी भी छात्र को नकल सामग्री कक्ष में ले जाने या उसका प्रयोग करने का कोई अवसर प्राप्त नहीं हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने बताया हमेशा की तरह ही महाविद्यालय ने साफ-सुथरी और निष्पक्ष परीक्षाएं आयोजित करने के अपने गौरव को कायम रखा। कोविड महामारी के कारण इस वर्ष परीक्षाएं सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ आयोजित करना एक चुनौती था किन्तु बेहतर कार्ययोजना के कारण हम सभी कोविड प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने में सफल रहे।

# संकल्प सिद्धि योजना की दी गई जानकारी

**बांगरमऊ उन्नाव ।** नगर पालिका सभागार में आज पटरी दुकानदारों की बैठक हुई । बैठक में ष् संकल्प से सिद्धि ष् योजना अंतर्गत दिए जाने वाले ऋण के संबंध में जानकारी दी गई । बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना काल की संकट की घड़ी में जीवन यापन करने वाले पटरी दुकानदारों के आर्थिक हितों को ध्यान रखते हुए भारत सरकार द्वारा 10 हज़ार का लोन दिया गया था । समय पर भुगतान करने पर पुन: भारत सरकार द्वारा 20 हज़ार रुपये लोन दिए जाने की योजना है । उन्होंने कहा कि कर्ज लेने के लिए पात्र लाभार्थी आवेदन करें। इओ श्री सिंह ने उपस्थित लोगों से कहाकि कोरोना का खतरा अभी टला नही है । कोरोना से जंग जारी है। सभी नागरिक कोविड नियमो का पालन करें और कोरोना रोधी टीका अवश्य लगवाएं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# डीएम ने अयोध्या में धारा 144 लागू की

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिला मजिस्ट्रेट** अनुज कुमार झा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुये लोक व्यवस्था शान्ति व्यवस्था कानून व्यवस्था जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञा लागू की है। जनपद में किसी भी व्यक्तिध्संस्था ध्संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौमनस्य को बिगाड़ने का प्रयास नही किया जायेगा। डियुटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियोंअधिकारियों और अन्य कर्मियों जो शासकीय अस्त्र.शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत हैए को छोड़कर कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्रए विस्फोटक पदार्थए बल्लमए भाला अथवा तेजधार वाले हथियार लेकर सार्वजनिक रूप से न तो विवरण करेगा और न ही किसी प्रकार से ऐसे अस्त्र.शस्त्रों का प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नही होगा जिसका उद्देश्य किसी विधि विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। कोई भी व्यक्ति बिना लाईसेंस तेजाब व अन्य कोई पदार्थ जो आतिबाजी विस्फोटक सामग्री की श्रेणी में आता है एकत्रित नही करेगा साथ ही साथ कंकड़ पत्थर खाली बोतलों शीशे के टुकड़े आदि ऐसी सामग्री का संग्रह जिसका प्रयोग लोक व्यवस्थाध्शान्ति कानून व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए हो सकता है अपने भवनों में या छतों या अन्य स्थानों पर कहीं नही करेगा या रखेगा। कोई भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दलध्संगठन बिना पूर्व अनुमति कोई जनसभा नुक्कड़ सभाए रैली जुलूस सांस्कृतिक कार्यक्रम पद यात्राएविजयोत्सव आदि आयोजित नही करेगा और पूर्व अनुमति में उल्लिखित निर्धारित स्थलए मार्ग व अवधि नही बदलेगा तथा न ही सभा में किसी प्रकार का भड़काऊध्अमर्यादित भाषण व किसी का पुतला नही लगायेगा एवं उसके सार्वजनिक स्थानों पर जलाने और इस प्रकार के अन्य कृत्यों व प्रदर्शनों का समर्थन नही करेगा।

## डीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**अयोध्या।** डीएम अनुज कुमार झा ने जिला महिला चिकित्सालय, सामु. स्वास्थ्य केंद्र मसौधा, सामु. स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर व जिला चिकित्सालय (पुरुष) में ऑक्सीजन प्लाण्ट स्थापनाध्संचालन संबंधी कार्यों के स्थिति का जायजा लिया, बाकी बचे कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने तथा ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करते हुए शैय्याओं तक ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त चिकित्सालयों में ऑक्सीजन आपूर्ति संबंधी सभी वार्डों का भ्रमण कर शैय्याओं तक ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु गैस पाइप लाइन व अन्य कार्यों के प्रगति की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में विद्युत लोड बढ़ाने संबधित अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को पत्र लिखने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

## मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर की कार्यवाही की मांग

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** बिजली का बिल ठीक कराने गए मंसूरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि के साथ बिजली विभाग के साथ उप खंड अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है, पीड़ित ने सीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वाकया 27 जुलाई का है। मंसूरपुर ग्राम पंचायत की प्रधान उपमा सिंह के प्रतिनिधि प्रमोद सिंह 27 जुलाई को गांव के रामयादव का बिजली बिल ठीक कराने विद्युत वितरण अप केंद्र जलालपुर गए और उप खंड अधिकारी प्रमोद सिंह को समस्या से अवगत कराते हुए समाधान चाहा किंतु उप खंड अधिकारी प्रमोद सिंह ने समस्या के निराकरण नहीं किया बल्कि प्रधान प्रतिनिधि के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया जिससे आहत पीड़ित प्रमोद सिंह ने सीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उप खंड अधिकारी प्रमोद सिंह वर्षो से इसी पद पर कार्यरत हैं आए दिन आम उपभोक्ता से दुर्व्यवहार किया करते हैं।

# सांसद लल्लू ने नितिन गडकरी से की मुलाकात



**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने सड़क व परिवाहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने पर संतो व श्रद्धालुओं की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। चौरासी कोसी परिक्रमा पथ के दोनो तरफ मिट्टी के पैदल पथ हेतु 45 मीटर चौड़ी जमीन तथा 24 स्थलों पर विश्रामालय निर्माण के लिए अतिरिक्त जमीन लेने की मांग तथा जगदीशपुर अयोध्या फोरलेन में कुमारगंज बाजार में बनने वाले फ्लाईओवर की लम्बाई बढ़ाये जाने को लेकर पत्र भी सौंपा।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि 275 किमी लम्बे परिक्रमा पथ की चौड़ाई 10 मीटर पक्काए दोनो तरफदो दो मीटर इण्टरलाकिंग तथा एक दिशा में 4 मीटर पैदल पथ मिट्टी का तथा उसी दिशा में वृक्ष लगाने का प्रस्ताव है। इसके लिए 30 मीटर चौड़ी जमीन ली जानी है। अयोध्या के संत चाहते है कि परिक्रमा पथ पर दोनो तरफएक समान व्यवस्था हो। दोनो तरफ मिट्टी का पैदल पथए दोनो तरफ रामायण कालीन वृक्ष लगाये जाने तथा 24 स्थलों पर विश्रामालय निर्माण की स्वीकृति सड़क परिवाहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से किये जाने की मांग की गयी। परिक्रमा पथ के दोनो तरफ एक समान सुविधा के लिए 45 मी जमीन की आवश्यकता होगी। इसके साथ में 24 विश्रामालय निर्माण के लिए अतिरिक्त जमीन लेनी पड़ेगी।

उन्होने बताया कि जगदीशपुर अयोध्या फोरलेन चौड़ीकरण का कार्य भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा कराया जा रहा है। जिसके तहत कुमारगेंज बाजार में फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना है। प्रस्तावित फ्लाईओवर कुमारगंज बाजार के मध्य ही उतर जा रहा है। जिससे बैंक आफबड़ौदा नसिंग होम क्रापरेटिव सोसाईटी महाविद्यालय पुलिस थाना तथा कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाल पैकिंग से ढक जायेगी तथा अधिग्रहण के दायरे में आ जायेगी। जिसके लिए फ्लाईओवर की लम्बाई में वृद्धि की मांग सड़क व परिवाहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से की गयी।

# सिर्फ छलावा है ब्राह्मण सम्मेलन : देवेन्द्र नाथ

**प्रयागराज।** भाजपा काशी क्षेत्र संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने आज एक बैठक में अनेक राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी लाभ लेने के लिए किए जा रहे ब्राह्मण सम्मेलनों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज को हमेशा हाशिए पर रखने वाले राजनैतिक लोगों का ब्राह्मण प्रेम अचानक छलकना समझ से परे हैं। सपा और बसपा मे होड़ मची हैं। ब्राह्मण वोट को अपने पाले में खीचने की अब जबकि कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने हैं तो ऐसे प्रायोजित सम्मेलन का निहितार्थ तलाशा जा सकता हैं। सपा बसपा द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति लगवाने की प्रतिस्पर्धा कहीं न कहीं सत्ता के लालच में कोरा आश्वासन मात्र है। आज तक इस समाज के हित में एक भी सकारात्मक कदम किसी दल ने नही उठाया। फूलचंद दुबे ने कहा कि ब्राह्मण समाज एक ऐसा जागरूक समाज हैं जो हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता है और समय निकल जाने के बाद इस समाज को धोखा देने वाले राजनैतिक दलो को आईना जरूर दिखाया है। बृजेश मिश्र ने कहा कि ब्राह्मण समाज स्वयं निर्णय लेने मे सक्षम हैं और अपने हितलाभ के बारे मे जागरूक हैं और समय आने पर अपनी ताकत जरूर दिखाएगा। गिरी बाबा ने कहा कि समाज को दिशा देने वाला जागरूक समाज वैशाखी के सहारे चलाने को तैयार नही हैं। ब्राह्मण समाज के ठेकेदार बनने वाले दल पहले अपने द्वारा किए गए ब्राह्मण समाज के हित और उत्थान के रिपोर्ट कार्ड के साथ मैदान मे आएं और ब्राह्मण समाज को अपनी जागीर समझने वाले लोग मुगालते मे न रहे। बैठक में आशुतोष पाण्डेय जयवर्धन त्रिपाठी राकेश शुक्ला राजेश शर्मा चंद्रशेखर ओझा राजीव भारद्वाज अनुपम मिश्र चंदन शुक्ला रमेश ओझा उमेश शुक्ला रमेश तिवारी एके शुक्ला रिंकू तिवारी रवींद्र मिश्र अजय त्रिपाठी आदि रहे।

## एल्डर्स कमेटी को अपना दायित्व न निर्हवन करने पर भंग की कमेटी

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** अधिवक्ता संघ टाण्डा ने वर्ष 2021-2022 के चुनाव हेतु गठित एल्डर्स कमेटी को अपने दायित्यों के निर्वहन न करने के आरोप में भंग कर अरुण प्रकाश वर्म्स की अध्यक्षता में नई एल्डर्स कमेटी की घोषणा कर दिया है। संघ अध्यक्ष राम नरेश कनोजिया ने बताया कि संघ के 66 सदस्यों ने पूर्व में घोषित एल्डर्स कमेटी पर अपने कर्तव्यों व दायित्यों का निर्वहन न करने व चुनाव में अनावश्यक विलम्ब का आरोप लगाया था। जिसपर नई कमेटी गठित कर दी गयी है। जिसमे अरुण प्रकाश वर्मा चेयरमैन, सदस्य कमला प्रसाद यादव, इंद्रेश कुमार सिंह, राम सजन पांडेय को नियुक्त किया है। इस बीच नई कमेटी के गठन होते ही पुरानी कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र प्रसाद पांडेय ने चुनाव कार्यक्रम को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया। जिसे संघ अध्यक्ष कनौजिया ने गलत बताया और कहा कि अरुण प्रकाश वर्मा की कमेटी ही चुनाव कराने हेतु मान्य है।

# भगवान शिव की शरण में आने से पूरी होती हैं कामनाएंः स्वामी महेशाश्रम

**प्रयागराज।** पवित्र श्रावण मास में अरैल स्थित श्री नागेश्वर धाम दंडी स्वामी आश्रम अरैल में चातुर्मास शुरु हो गया है। प्रतिदिन सुबह से श्रद्धालुओं की आश्रम में भीड़ लगने लगी है। श्री नागेश्वर भगवान को दूध दही शहद पुष्प एवं गंगा जल से भगवान शिव का विधिवत पूजन हो रहा है। भगवान शिव ही शुभाशुभ फल के दाता हैं। जगदगुरु स्वामी महेशाश्रम ने बताया कि भगवान शिव ही शुभाशुभ फल के दाता कहे जाते हैं। महाभारत में श्लोक आता है कि प्रदाता सर्वलोकानां विश्वं चाप्युच्यते महत्। ज्येष्ठ भूतं वदन्त्येनं ब्राह्ला ऋषयो परे। महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि भगवान शिव संपूर्ण लोगों को उन्हें उनकी अभीष्ट वस्तु देने वाले हैं।



महान विश्व उन्हीं का स्वरूप बताया गया है ब्राह्मण और ऋषि उन्हें सबसे ज्येष्ठ कहते हैं। यह देवताओं में प्रधान हैं। उन्होंने अपने मुख से अग्नि को प्रकट किया है। भगवान शिव नाना प्रकार के कुंडली में ग्रह बाधाओं से ग्रस्त प्राणियों को दुख से छुटकारा दिलाते हैं। स्वामी महेशाश्रम महाराज ने कहा इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान शिव का आराधना करना चाहिए। क्योंकि भगवान शिव के शरण में आने से मनुष्य को आयु आरोग्य ऐश्वर्य धन और संपूर्ण कामनाएं प्रदान करते हैं।

समस्त कामनाओं के अधिश्वर होने के कारण उन्हें ईश्वर कहते हैं। इसलिए आप सभी इस पवित्र मास श्रावण में भगवान शिव का पूजन अभिषेक करके अपने जीवन में सुख शांति एवं भगवान शिव का कृपा प्राप्त करें। स्वामी महेशाश्रम महाराज आप सभी सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं को पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दी। भगवान शिव आप सभी पर अपनी कृपा और भक्ति की धारा निरंतर प्रवाहित करते रहें यही कामना हैं। आश्रम के व्यवस्थापक आचार्य धनंजय स्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया चातुर्मास के दौरान एक माह तक नागेश्वर धाम में भगवान शिव की पूजा अर्चना होगी। स्वामी महेशाश्रम महाराज का चतुर्मास का कार्यक्रम प्रयाग के अरैल आश्रम में चल रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के बड़ी संख्या में भक्त गण शामिल होंगे। आचार्य धनंजय स्वरूप ने बताया आगामी बुधवार को नागेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें भक्त अपने गुरु स्वामी महेशाश्रम महाराज का पूजन करते हुए भंडारा का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## क्विक न्यूज

### प्रयागराज मण्डल द्वारा चलाया गया वैक्सीनेशन अभियान

**प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल ने कोविड 19 महामारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ 100 फीसद वैक्सीनेशन कराने का भी लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य सरकार से समंवय स्थापित कर मण्डल में वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रेलकर्मियों को उनके कार्यस्थल पर जा कर वैक्सीन लगाई जा रही है। कार्यस्थल पर चलाये जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के क्रम में मंगकवार को चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डा रूपा कपिल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा सुमंत बहल के निर्देशन में स्वास्थ केंद्र मिर्जापुर एवं चुनार में वैक्सीनेशन कराया गया। इस दौरान मिर्जापुर में 54 रेलकर्मियों व उनके परिवारजनों एवं 06 अन्य सहित कुल 60 लोगो को कोवैक्सीन की प्रथम डोज लगाई गई। इसी क्रम में चुनार में 100 लोगों को कोवैक्सीन लगाई गई। इंजीनियरिंग विभाग के 82 रेलकर्मियों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को कोवैक्सीन की प्रथम डोज एवं 05 अन्य को दूसरी डोज लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा सुमंत बहल ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

### बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पड़ेगा चुनाव पर असर

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत रामनगर विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के कारण भीषण गर्मी में बिजली के बार-बार कटने से उपभोक्ताओं का जीना हराम हो गया है। मालूम हो आलापुर विधानसभा में पड़ने वाले रामनगर विद्युत केंद्र की हालत इतनी दयनीय हो गई है कि कोई अधिकारी या कर्मचारी या कोई जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। बिजली बार-बार गुल हो रही है रात में भी बिजली बार-बार कटने की वजह से उपभोक्ताओं की नींद हराम हो गई है जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। योगी सरकार ने शुरुआत में जिस तरह से बिजली व्यवस्था सुधारी थी जनता ने खुशी का इजहार किया था। विधानसभा चुनाव सामने हैं बिजली व्यवस्था यदि समय रहते विधानसभा आलापुर के जनप्रतिनिधियों ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त होने का कोई उपाय नहीं किया तो इसका सीधा असर विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा।

### सांसद रितेश पाण्डेय ने सदन में बेरोजगारी आंकड़े का सवाल पूछा

अम्बेडकरनगर सांसद रितेश पाण्डेय ने सदन में श्रम और रोज़गार मंत्री से देश के विभिन्न राज्यों और संघ-राज्यक्षेत्रों में शिक्षित व्यक्तियों में बेरोज़गारी के आँकड़ों पर सवाल पूछा। सांसद ने मंत्री से देश में अल्प-रोज़गार दर पर भी प्रश्न उठाया। मंत्री जी के जवाब में देश के हर राज्य और संघ-राज्यक्षेत्रों में शिक्षित व्यक्तियों में बेरोज़गारी के 2019-2020 के आँकडें थे, जो कोरोनावाइरस महामारी से पहले का समय था। ये आँकडें दर्शाते हैं कि उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा वाले लोगों में बेरोज़गारी दर 8.7 प्रतिशत था, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा वाले लोगों में 6.3 प्रतिशत था, डिप्लोमा वालों में 21.2 प्रतिशत था, ग्रैजूएट डिग्री वालों में 15.6 प्रतिशत था, पोस्टग्रैजूएट एवं उससे अधिक डिग्री वालों में 10.6 प्रतिशत था। उत्तर प्रदेश में कुल बेरोज़गारी दर 4.4 प्रतिशत था। शिक्षित आबादी में बेरोज़गारी का उच्च दर उत्तर प्रदेश में कुशल रोज़गार के अवसर प्रदान करने में सरकार की विफलता का संकेत है, जिसके कारण शिक्षित एवं कुशल श्रमिकों द्वारा अन्य राज्यों और देशों में स्थानांतर होता है। पिछले सप्ताह सांसद ने खेती में उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, अधिक जन्मजात विकलांग बच्चों के पैदा होने, जिलेवार शिक्षा के आँकड़ों, और रोहिंग्या मुसलमानों के पुनर्वास के मुद्दों को भी उठाया। सांसद ने आश्वासन दिलाया कि वे निरंतर अम्बेडकरनगर के, उत्तर प्रदेश के, और पुरे देश के मुद्दे सदन में उठाते रहेंगे।

### पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के इल्तिफातगंज चौराहे के पास एक व्यक्ति की पिटाई व गाली धमकी देने क़े मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी जगलाल पाल पुत्र बृज लाल निवासी बैरमपुर ने आरोप लगाया कि बीते 26 जुलाई को 8बजे जब वह इल्तिफातगंज चौराहे पर पहुंचा तो विपक्षी सिद्दीक़, लतीफव अब्दुल्लाह निवासी ग्राम बलरामपुर सोनहरा ने गसलि धमकी देते हुए मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### पिता ने पुत्र के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** पिता व बहन को मारने पीटने के आरोप में पिता ने अपने पुत्र के विरुद्ध हंसवर थाने में मारपीट गाली धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला हंसवर थाना क्षेत्र के ग्रांम एकडल्ला का है। पीड़ित अशोक तिवारी का आरोप है कि उनका पुत्र कुलदीप तिवारी जो नशे में आकर मुझे व मेरी पुत्री को मारता पीटता है व गाली धमकी भी देता है। पुलिस ने कुलदीप के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# याद किए गए पूर्व गृहमंत्री चौधरी नौनिहाल सिंह

**प्रयागराज।** पूर्व गृहमंत्री चौधरी नौनिहाल सिंह 99 जयंती पर श्रद्धा से याद किए गए। कायस्थ पाठशाला के मुख्यालय में कायस्थ पाठशाला के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह एवं शिक्षा मंत्री चौधरी नौनिहाल सिंह का 99 वीं जयंती सायंकाल कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री एसडी कौटिल्य ने किया। चौधरी नौनिहाल सिंह के प्रतिमा में उपस्थित जनों ने माल्यार्पण किया एवं चौधरी नौनिहाल सिंह अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए।




सीएमपी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य आनंद श्रीवास्तव ने बाबूजी के जीवन से संबंधित कई कहानियां बताई और उन्होंने उनके व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया। कायस्थ पाठशाला के प्रवक्ता एवं अतिरिक्त सचिव प्रशासन अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाबूजी सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने सदैव जनमानस की सेवा की। उन्होंने कायस्थ पाठशाला के विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया वह 25 साल कायस्थ पाठशाला के महामंत्री एवं 12 साल कायस्थ पाठशाला न्यास के अध्यक्ष रहे। चौधरी नौनिहाल सिंह छात्रावास में उनकी प्रतिमा लगाई जाने की मांग की गई। कायस्थ पाठशाला के पूर्व अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह ने अपने पिता के व्यक्तित्व के बारे में बताया कि पिता एक आदर्शवादी व्यक्ति थे।

उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पिता के जन्म दिवस के अवसर पर उपस्थित जनमानस का स्वागत किया। चौधरी नौनिहाल सिंह एक मुखर व्यक्तित्व के धनी थे। उनका कांग्रेस पार्टी से बहुत लगाव था। इंदिरा गांधी जब इलाहाबाद आती थी तो उनको नाम से पुकारती थी। एक बार में इंदिरा गांधी को रिसीव करने अपने पिता जी के साथ गया। उस गाड़ी में डॉक्टर राजेंद्र कुमारी बाजपाई कमलापति त्रिपाठी मोत्तसिना किदवई आदि बैठे थे। पिता जी का जन्म 26 जुलाई 1926 को हुआ था। अंग्रेज सरकार से मेरे बाबा चौधरी विश्वनाथ सिंह साहब लड़ते थे। अंग्रेजों से लड़ने के कारण सिंह की उपाधि दी गई थी।

## आर्थिक और व्यवसायिक गतिविधि के प्रति हों संवेदनशील

**प्रयागराज।** आर्थिक प्रगति और व्यवसायिक गतिविधि के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इन्हें सामान्यत: साइक्लिकल स्टॉक कहा जाता है। रितेश केशरवानी इलाहबाद के एक म्युचुअल फ़ंड डिस्ट्रीब्यूटर हैं। उनके विचार से एक असेट मैनेजमेंट कंपनी एएमसी की ओर से एक एनएफ्ओ एक कंपनी की ओर से एक इनीशियल पब्लिक ऑफर आईपीओ की तरह होता है। इसके अंतर्गत एक एएमसी एक विशेष थीम के आधार पर निवेश के लिए ताज़ा फ़ंड युनिट्स जारी करती है। जो लार्ज कैप मिड कैप इंटरनेशनल इक्विटीज़ या फिर बॉण्ड भी हो सकते हैं। रिकवरी और एक्सपेंशन के चरण में उन निवेशों के बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होती है। वर्तमान में टाटा म्युचुअल फ़ंड ने टाटा बिज़नेस साइकल फ़ंड प्रस्तुत किया है। अशोक कुमार ठुकराल जो वाराणसी के टीसीएम एडवाइज़री में म्युचुअल फ़ंड डिस्ट्रीब्यूटर हैं। न्यू फ़ंड ऑफर एनएफ्ओ 16 जुलाई 2021 को खुलेगा। 30 जुलाई 2021 को बंद होगा।

# हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज परिजनों ने जतायी शंका

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** महरुआ थाना अंतर्गत ग्राम दारी डीहा मजरे बरईका पुरा गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। आज दिनांक 27 जुलाई दिन मंगलवार को महरुआ थाना अंतर्गत ग्राम बरई का पुरवा निवासी सिद्धू पुत्र खेदु की तबीयत काफी दिनों से खराब चल रही थी जिसकी मौत मंगलवार सुबह भोर में हो गई उनकी मौत की सूचना पर उनके पुत्र राम आशरे पुत्र सिद्धू को हुई रामाश्रय ने बताया की हमारा पूरा परिवार अपने ननिहाल हरिहरपुर थाना जयसिंहपुर मैं रहते थे और हमारे पिताजी हमारे चाचा के लड़के मेहिलाल और विजय कुमार के साथ लगभग 30 वर्ष से साथ में रहते थे मेहिलाल और विजय कुमार ने हमारे पिता की जमीन बैनामा लिखवा लिए थे हम लोगों को शंका है कि हमारे पिता के साथ कोई अनहोनी ना हुई हो इसलिए महरुआ थाने पर तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने के लिए तहरीर दी है ताकि पोस्टमार्टम से या खुलासा हो सकेगा कि उनकी मौत बीमारी से हुई है या गला दबाकर वही दूसरे पछ से मेहिलाल व विजय कुमार के साथ ग्राम प्रधान परागदीन चौधरी और लगभग गांव से 50 की संख्या में लोग वहां आए थे और उन लोगों से पूछे जाने पर ग्राम प्रधान पराग दिन चौधरी ने बताया कि आज लगभग 50 वर्ष से सिद्धू अपने निवास स्थान डारी डीहा में रहते थे और उनको उनकी ससुराल ग्राम हरिहरपुर थाना जयसिंहपुर मैं निवासी की जमीन मिली थी जिस पर उनके पुत्र उनकी पत्नी और पूरा परिवार वहां रहता था सिद्धू अपने गांव में ही अपना गुजर बसर अपने भाई के लड़के मेहिलाल वविजय कुमार के साथ रहा करते थे वही गांव वालों ने बताया कि लगभग 10 वर्ष से वह दमा के मरीज हैं और उनकी लगातार दवा चल रही है और बीमारी की वजह से ही उनकी मौत हुई है मेहिलाल और विजय कुमार पर उनके पुत्र द्वारा लगाया गया आरोप गलत बताया गया।

## सीएम से शनिवार और रविवार को बाजार खोलने की मांग

**प्रयागराज।** कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से शनिवार एवं रविवार को बाजार खोलने की माँग की। पत्र में कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल ने कहा कि आपके नेतृत्व में जिस सफलता से कोविड 19 की दूसरी लहर पर काबू पाया गया है। उसकी प्रशंसा अभी हाल में ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वाराणसी में की गई। आपकी कार्य कुशलता को देश ही नहीं विश्व ने भी स्वीकार किया है। जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश में कोरोना काबू में है और 53 से अधिक जिले इस महामारी से मुक्त हो चुके हैं। शेष जनपद में भी कोरोना संक्रमित की संख्या एक अक्षर में है। पत्र के माध्यम से उप मुख्यमंत्री से व्यापारियों द्वारा मांग की गई कि कोरोना की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रदेश में शनिवार एवं रविवार के लॉकडाउन को हटा दिया जाए। शनिवार एवं रविवार को बाजार बन्द होने का सबसे ज्यादा फायदा ई कॉमर्स कंपनियों को हो रहा है।

# कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठें दिन आज 27 जुलाई, 2021 को प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। साकेत पीजी कॉलेज में निरीक्षण करते समय कुलपति प्रो. सिंह ने सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केन्द्राध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। दूसरी ओर कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह द्वारा परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए कुलपति ने बारी.बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया।



विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि छठें दिन की मुख्य परीक्षा में कुल 34 हजार 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 12 हजार 467 छात्र एवं 15 हजार 712 छात्राओं ने परीक्षा दी है। दूसरी पाली में 2 हजार 685 छात्र एवं 3 हजार 589 छात्राएं परीक्षा में शामिल रही। वही दूसरी ओर प्रथम पाली में 504 छात्र एवं 402 छात्राएं तथा दूसरी पाली में 107 छात्र एवं 131 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 6 अगस्तए 2021 को बीएड. प्रवेश परीक्षा होने के कारण उस दिन की सभी मुख्य परीक्षाएं कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्थगित की जाती है। उस दिन की परीक्षा अब 17 अगस्त, 2021 को संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगी।

## देश में अब भी मंडरा रहा कोरोना महामारी का खतरा

**प्रयागराज।** एक ओर जहां भारत पर महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है वहीं ज़ी टीवी अपने आगामी रियलिटी शो ज़ी कॉमेडी फैक्टरी के जरिए अपने दर्शकों का मूड संवारने और उन्हें तनाव से दूर रखने का प्रयास कर रहा है। कॉमेडी शो में अली असगर सुगंधा मिश्रा संकेत भोसले पुनीत जे पाठक आदित्य नारायण तेजस्वी प्रकाश गौरव दुबे बलराज सिद्धार्थ सागर चित्रांशी रावत और दिव्यांश द्विवेदी जैसे देश के टॉप कॉमेडियन्स और आर्टिस्ट्स के साथ साथ हाजिरजवाबी में माहिर और बेहद मजाकिया कोरियोग्राफर एवं फिल्ममेकर फराह खान लॉफिंग बुद्धा के रूप में होंगी। जिससे यह शो हंसी का हंगामा बन जाएगा। इस शो का प्रीमियर 31 जुलाई को ज़ी टीवी पर होने जा रहा है। ज़ी कॉमेडी फैक्टरी की टीम ज़ी मराठी के पॉपुलर मराठी कॉमेडी शो चला हवा येऊ द्या के सेट पहुंचे और हमें कहना पड़ेगा कि उन्होंने सबको हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। जहां ज़ी कॉमेडी फैक्टरी कॉमेडी के तीन दिवसीय सफर के लिए चला हवा येऊ द्या के साथ शामिल हो जाएगी।

# भ्रष्टाचार व अनियमितता से पंचायत भवन निर्माण अधूरा

## ● लाखों रूपये की लागत से अधूरा बना है पंचायत भवन

**संवाददाता।** आलापुर अम्बेडकरनगर

**विकास खण्ड** जहाँगीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्यानपुर में निजी भूमि पर लाखों रुपए की लागत से अधूरा बना पंचायत भवन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है भ्रष्टाचार व अनियमितता के चलते भवन निर्माण अधूरा पड़ा है। मालूम हो विकास खण्ड जहाँगीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्यानपुर का पंचायत भवन निजी भूमि पर बनाया गया है और निर्माण में सरकारी धन का बंदरबांट किया गया जो पिछले वर्ष से ही निष्प्रयोज्य बना हुआ है।



घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग से बने पंचायत भवन की दीवारों में दरार पड़ गयी है छत टपक रही है दरवाजा और खिड़की नहीं लगी है न तो कमरों का फर्श ही बना हुआ है खाली भवन में जानवरों एवं कुत्तों का अड्डा बन गया है।

डीपीआरओ अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के सभी विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को पंचायत भवन के निर्माण सम्बन्धित स्पष्टीकरण मांगने के साथ एक सप्ताह में निर्माण कार्य पूरा किये जाने का आदेश दिया है।

ग्राम पंचायत कल्यानपुर के पंचायत भवन के पूर्ण होने की आशा ग्रामवासियों को कई महीनों से थी जो डीपीआरओ के आदेश के बाद पूरा हो सकती है। गाँव पंचायत में पंचायत भवन के साथ सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोज्य बना हुआ है ग्रामीणों ने निर्माण कार्य से सम्बंधित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवंपंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय के निर्माण को पूरा कराए जाने की मांग की है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 जुलाई, 2021



# ओलम्पिक का संदेश

## प्रतियोगिता के साथ समावेशन

**ओलम्पिक** जबरदस्त प्रतियोगिता के बीच मानवजाति को समावेशन का संदेश देता है। ओलम्पिक खेलों ने 2016 में रियो के बाद दूसरी बार टोकियो से संदेश दिया है कि इसका अर्थ केवल विजय न होकर संबंधों से है। यह संदेश उन 29 खिलाड़ियों से आया है जो वर्तमान समय में 82 मिलियन राज्यविहीन या अपने घरों से विस्थापित लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो दुनिया में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं। अब उनको एक मंच व एक स्वर मिला है। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति-आईओसी ने निर्णय किया कि शरणार्थियों को खेलों के माध्यम से अपने जीवन को संजोने का अवसर मिलेगा। आईओसी ने रियो ओलम्पिक में शरणार्थी ओलम्पिक टीम के रूप में 10 शरणार्थी एथलीटों को आमंत्रित किया था। टोकियो में यह संख्या लगभग तीन गुना बढ़ कर 29 हो गई है। यह याद दिलाता है कि शरणार्थियों की संख्या भी इसी तरह बढ़ रही है। यदि इन एथलीटों को ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिला है तो इसका कारण यह है कि उनको अब उत्पीड़न या भूख की चिन्ता नहीं है। घर से बहुत दूर उनके पास घर है, वे सुरक्षित हैं तथा सभी प्रकार के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन शरणार्थी का दर्जा होने के कारण वे आहत हैं। उनका मानना है कि 'एक दिन, एक समय यदि मेरे देश में व्यवस्था सुधरती है तो मैं वापस जाकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा।' यह शरणार्थी पाउलो एमोटन लोकोरो का सपना है जो टोकियो में 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। गृह युद्ध से बचने के लिए दक्षिण सूडान के पूर्व मवेशी झुंड के मालिक अब कीनिया पलायन कर गए हैं।

अफगान निगारा शाहीन ने अपने बचपन में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



उनको दोनों देशों से उत्पीड़न और जीवन पर खतरे का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने अतीत को जूडो में मैडल प्राप्त करने का सपना नहीं तोड़ने दिया। सीरिया की तैराक युसरा मार्दिनी 2015 में दुनिया भर में उस समय सुर्खियों में आईं जब उन्होंने अपनी बहन के साथ सीरिया छोड़ने का फैसला किया। उन दोनों ने एक छोटी नौका से सफर शुरू किया और उसके डूबने पर भूमध्य सागर में तैर कर अपनी जान बचाई। उस समय भी तैराकी ने उनकी जान बचाई और आज यह खेलों में उनका सपना बन गई है। 2015 से लेकर अब तक आईओसी के आह्वान ने दुनिया में शरणार्थियों पर नीतियों में बेहतरी भी दिखाई है। उदाहरण के लिए वर्तमान ओलम्पिक खेल आयोजित करने वाले जापान ने 2019 में शरणार्थी स्तर प्राप्त करने की अपील करने वालों में से एक प्रतिशत से कम को ही यह दर्जा दिया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके उलट सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में चौथे स्थान वाले जर्मनी ने इसी साल लगभग 53 प्रतिशत शरणार्थियों को अनुमति दी। आज दुनिया के शरणार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या सीरियाइयों, अफगानियों, रोहिंग्याओं तथा अफ्रीकनों की है। लेकिन उनके लिए बहुत कम देशों ने अपनी सीमायें खुली रखी हैं। कुछ देशों में पहुंचने में सफल होने पर शरणार्थियों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है या उनको राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। शरणार्थी ओलम्पिक खिलाड़ी एंजेलीना नडाई लोहालिथ ने कहा था, 'हमें उम्मीद है कि दूसरे लोग हमें सामान्य लोगों की तरह देखेंगे।' खेल विश्व समुदाय को समझाना चाहते हैं कि शरणार्थी समस्या को केवल कुछ डालर दान देकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। शरणार्थी समस्या से निपटने के लिए पहले इसके मानवीय आयामों को स्वीकार करना होगा।

# मिल रहे आर्थिक सुधारों के लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में तीन बड़े आर्थिक सुधार किए थे। उस समय उनका मजाक उड़ाया गया था, पर अब वे उल्लेखनीय प्रगति का कारण बने हैं।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार ने तकनीक के कुशल प्रयोग से सामाजिक कल्याण की योजनाओं में 80 प्रतिशत अंतिम लाभार्थियों को लाभ मिलना सुनिश्चित किया है। इस लेख में मैं खासकर तीन व्यापक वित्तीय समावेशन और रोजगार सृजन लक्ष्यों की चर्चा करना चाहती हूं जिनको मोदी की पहली सरकार के समय शुरू किया गया था। अब 2021 में ये प्रयास फलदाई सिद्ध हो रहे हैं और इन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना शुरू कर दिया है। इन तीनों सुधारों का उस समय आलोचकों ने मजाक उड़ाया था, चाहे वह नोटबंदी के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करना हो, मोदी द्वारा स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से स्वरोजगार सृजन के प्रयास हों या मिशन के रूप में स्किल इंडिया को प्रोत्साहन देना हो।

प्रधानमंत्री ने 2015 में त्रिआयामी दृष्टिकोण पेश किया था। डिजिटल भुगतानों के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करने के प्रयासों से फिनटेक सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिला है, जनता के लिए एक सहायक परिस्थितिकी तंत्र बना है तथा अब 'स्टार्टअप इंडिया' के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। इसके साथ ही 'स्किल इंडिया' खोजों के क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। मध्य 2021 तक इन तीनों सुधारों ने असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है, खासकर पहले दो सुधारों ने कोविड के पश्चात डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है। डिजिटल बैंकिंग के सर्वव्यापीकरण ने वित्तीय समावेशन पैदा किया है। शहरी और ग्रामीण गरीबों को वित्तीय समावेशन में शामिल किए बिना 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तथा न्यू इंडिया बनाने के लक्ष्य पूरे नहीं हो सकते हैं।

इसलिए बैंकों से बाहर छूट गई जनसंख्या को औपचारिक कर्ज व्यवस्था, बचत और बीमा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी हो गया था। 'वित्तीय समावेशन के मूलभूत आधारों में बैंकों से बाहर छूट गए लोगों को बैंकों में लाना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित बनाना तथा निर्धन लोगों को पैसा देना था।' कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने डिजिटल भुगतानों को गति प्रदान की है जो वित्तीय समावेशन प्राप्त करने का रास्ता बन गए हैं।

उपभोक्ताओं के कर्ज इतिहास तक पहुंच बनाए बिना तकनीक आधारित कर्ज देने की व्यवस्था करना संभव नहीं था, जबकि बैंकों से बाहर छूट गए लोगों के कर्ज लेने का कोई ट्रैक रिकार्ड नहीं था। इसी तरह बंधक रखने में अक्षम एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज का विस्तार करना कठिन था। जन-धन, आधार और मोबाइल इकोसिस्टम की जेएएम त्रयी को 2015 में स्थापित किया गया। इसने डिजिटल वित्तीय सेवाओं को व्यापकता, मात्रा तथा प्रदान करने की गति के आधार पर जून 2021 तक व्यापक विस्तार दिया। आज भारत की भुगतान व्यवस्थाओं में औसतन 150 मिलियन से अधिक लेनदेन का रोज निपटारा होता है जिनकी धनराशि 4.5 करोड़ रुपये है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी में डिजिटल भुगतानों की प्रभावशीलता भी स्पष्ट दिखाई देती है।

वित्त वर्ष 2021 में 319 सरकारी योजनाओं के माध्यम से 53 लाख करोड़ रुपये का भुगतान डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। आज बैंक फिनटेक के साथ साझीदारी कर ज्यादा से ज्यादा 'न्यू टु क्रेडिट' माइक्रो उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था में ला रहे हैं तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को सात मिनट में कर्ज दे रहे हैं, जबकि पहले इस काम में सात दिन लगते थे। इन हस्तक्षेपों के पहले ग्रामीण भारत तक वित्तीय सेवाओं का विस्तार बैंकों के लिए बहुत कठिन काम था क्योंकि सुदूर क्षेत्रों में रह रहे लोगों की सेवा करने में बहुत खर्च होता था। इसके साथ ही छोटे वित्तीय लेनदेन के कारण कर्ज की मांग भी बहुत कम थी।

> **स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। स्किल इंडिया मिशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है। वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं।**

'स्किल इंडिया मिशन' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्किल इंडिया सरकार द्वारा 2015 में की गई स्मार्ट पहलों में शामिल थी जिसका लक्ष्य बाजार और उद्योग के अनुकूल कौशल तैयार करना था ताकि कामगारों को 2022 तक विभिन्न कामों के लिए तैयार किया जा सके। वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनने तथा प्रति व्यक्ति उत्पादकता व प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए हमें लाखों कम वेतन पाने वाले लोगों के लिए अच्छे वेतन वाले रोजगार तैयार करने हैं। इसके माध्यम से कामगारों को कृषि क्षेत्र से सेवा क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र में लाया जा सकता है। यह बहुत उत्साहवर्धक खबर है कि जून, 2021 तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' के अंतर्गत स्किल, रि-स्किल और अप-स्किल किया जा सका था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'आज की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए केवल एक कुशल व्यक्ति ही सक्षम है। कमाई बढ़ने के साथ उसका सीखना थमना नहीं चाहिए।'

पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने 2015 में कहा था, 'भारत को नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वालों के देश की तरह देखा जाना चाहिए।' इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाना जरूरी था। बिजनेस सुगमता आयामों को बढ़ावा देने से कर्ज तक पहुंच आसान हुई है। इससे उद्यमिता व स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिला है। नोटबंदी के कारण 2017 में पेटीएम जैसे फिनटेक स्टार्टअप को बढ़ावा मिला। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण विभिन्न प्रकार के तकनीक आधारित स्टार्टअप की स्वीकार्यता बढ़ी है जिनमें शिक्षा, सौंदर्य, खुदरा व्यापार, खाद्य पदार्थ डिलीवरी एग्रीग्रेटर, ई-कामर्स, ई-हेल्थकेयर, आदि अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इस खोजी उद्यमिता ने पहली बार प्रवेश करने वाले को भी लाभान्वित किया है और वह यूका-परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता तथा भ्रम की दुनिया से बाहर निकलने की कला में माहिर हुआ है।

इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है और इसमें प्रवेश करने वाले नये उद्यमी वर्तमान बिजनेस माडलों को बदल कर नये उत्पाद तैयार कर सकते हैं। ये उत्पाद उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हैं तथा जीवन सुगमता सरल बनाने में अपना योगदान करते हैं। वर्तमान समय में स्टार्टअप पुरानी अर्थव्यवस्था की तुलना में 1.3 गुना अधिक रोजगारों का सृजन करते हैं। उन्होंने गैर-प्रायोजित कंपनियों की तुलना में लगभग दूने टैक्स का भुगतान किया है।

वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं। नवीनतम प्रवेश करने वालों में ब्राउजरस्टैक, जीटा व मोगलिक्स शामिल हैं, जबकि 10 बिलियन पौंड से अधिक मूल्य वाले लीग आफ डेकन्स उद्यमों में बाइजू, जोमैटो व पेटीएम जैसी कंपनियां शामिल हुई हैं। उम्मीद है कि अगले तीन सालों में टेक-स्टार्टअप का विस्तार 150 और यूनीकार्न में होगा। इस बीच वैश्विक निवेशक समुदाय भारत में उभरते स्टार्टअप के प्रति बहुत आशान्वित है तथा भारत दुनिया में तीसरे सबसे बड़े व सबसे तेज विकसित हो रहे स्टार्टअप स्थल बन गया है।

# गंगा में बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण

> **माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम होते हैं, और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं।**



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में सबसे अधिक पूजनीय नदी गंगा तेजी से मानवजनित प्रदूषण का दुखद शिकार बनती जा रही है। पिछले एक दशक में, गंगा में प्रदूषण का स्तर, विशेष रूप से मल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया, बढ़ रहा है- इसके तट पर रहने वाले 400 मिलियन लोगों का प्रभाव। वाराणसी में एकत्र किए गए नमूनों में बार-बार कोलीफॉर्म का स्तर निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक दिखाया गया है। दस लाख की आबादी वाला तीर्थ शहर प्रतिदिन 200 मिलियन लीटर अनुपचारित मानव मल गंगा में छोड़ता है। गंगा एक्शन प्लान आशा की एक किरण थी जिसने नदी को साफ करने में मदद करने का वादा किया था लेकिन यह एक मृगतृष्णा साबित हुई। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता की कमी, और गरीब सरकार के कारण प्रदूषण पर लगाम लगाने में सरकार द्वारा शुरू की गई योजना बहुत धूमधाम से विफल रही। देशी, धार्मिक निकायों और पर्यावरण नियोजन से समर्थन की अनुपस्थिति के कारण इन मुद्दों को और बढ़ा दिया गया था।

परिणाम मानव प्रदूषण के पापों से भरी नदी को साफ करने के एक और प्रयास की विफलता थी। भारत में जल संसाधनों की स्थिति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत में जल प्रदूषण की स्वास्थ्य लागत प्रति तीन प्रतिशत होगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत और देश की लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां और एक तिहाई मौतें जल जनित बीमारियों के कारण होंगी। भविष्यवाणियों की पुष्टि गंगा सटीक रूप से कर रही है। यहां तक कि जब लोग, सरकार और नदी खुद प्रदूषण के अत्यधिक स्तरों से जूझ रहे हैं, एक एनजीओ, टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए



एक नए अध्ययन में पाया गया है कि गंगा में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर बढ़ गया है और रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, गंगा अब एक प्रमुख नदी के लिए माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की दुनिया की उच्चतम सांद्रता होने का संदिग्ध गौरव प्राप्त है। माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम हैं और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में नदी के पानी में माइक्रोप्लास्टिक सामग्री में इस मेगा स्पाइक के पीछे नदी को धार्मिक प्रसाद में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पाया गया है। प्लास्टिक में इस वृद्धि का पर्यावरण और मनुष्यों के लिए समान रूप से गंभीर प्रभाव है। माइक्रो प्लास्टिक्स में मौजूद एथिलीनविनाइल, पॉलीएसिटिलीन और पॉलियामाइड की उपस्थिति मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक प्रभाव डालती है और ऑक्सीडेटिव तनाव, भड़काऊ घावों और बढ़े हुए उत्थान या स्थानांतरण के माध्यम से विषाक्तता पैदा कर सकती है। कई अध्ययनों ने माइक्रोप्लास्टिक्स के निरंतर संपर्क या अंतर्ग्रहण के कारण मनुष्यों में चयापचय संबंधी गड़बड़ी, न्यूरोटॉक्सिसिटी और कैंसर के खतरे में वृद्धि की संभावना का भी प्रदर्शन किया है। चूंकि नदियां मनुष्यों के लिए आवश्यक जीवन रेखा होती हैं और कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं, इसलिए हमारी नदियों को माइक्रोप्लास्टिक हॉटस्पॉट बनने से रोकने की आवश्यकता है। इससे न केवल नदी जल जैव विविधता बल्कि मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। गंगा को प्रभावित करने वाले माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए, सरकार को इस प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल उपचारात्मक उपाय करने चाहिए। जल निकायों में फैले माइक्रोप्लास्टिक को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में दुनिया भर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना और उन्हें अपनाना महत्वपूर्ण है।

पहला कदम एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना है और दूसरा, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है जैसे कि मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर तकनीक जिससे माइक्रोप्लास्टिक को छानने के लिए अपशिष्ट जल के उपचार के लिए फाइबर का उपयोग किया जाता है।

इसी तरह, पानी में माइक्रोप्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नैनोसेल्यूलोज झिल्ली फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं। दुनिया में पहले से हो रहे इन रोमांचक विकासों के साथ, भारत पीछे नहीं रह सकता है और उसे पहल करनी चाहिए और घरेलू मोर्चे पर इन तकनीकों को अपनाना चाहिए और कीमती नदी और जल निकायों को माइक्रोप्लास्टिक के गंभीर खतरे से बचाया जाना चाहिए।

## आप की बात

### वादे तोड़ने की आदत

**अक्सर** नेता वाहवाही और प्रसिद्धि पाने के लिए अनोखे वायदे कर लेते हैं, फिर बाद में उन्हें भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी तो इस काम में महारथ हासिल कर चुकी है। इसीलिए उसे लोग 'आदतन असत्यवादी पार्टी' भी पुकारने लगे हैं। इसके शीर्षस्थ नेता अरविन्द केजरीवाल ने पिछली कोरोना लहर के दौरान, जब प्रवासी मजदूर अपने घर वापस लौटने लगे थे, तो उनसे वायदा किया कि उनके दिल्ली-स्थित निवास का किराया सरकार देगी, वे वापस न जाएं। उनके इस वचन का ऐतबार कर बहुत से कामगार दिल्ली में ही टिक गए, पर बाद में केजरीवाल सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया। सोचा होगा, वादे हैं, वादों का क्या। किन्तु कुछ मजदूर कोर्ट पहुंच गए। न्यायालय ने बात को गंभीरता से लिया। अपने फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें बकाया किराया मजदूरों की ओर से मकान मालिकों को देना पड़ेगा। अब शायद वायदा करने में उस्ताद केजरीवाल को आटे-दाल का भाव पता चलेगा। अन्य राजनीतिबाज नेता भी अब सावधान रहें और वायदों की घोषणा से पूर्व उन्हें निभाने की योजना बनाकर रखें। वायदे महज तोड़ने के लिए नहीं होते।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

### राजद्रोह कानून

**राजद्रोह** कानून की प्रासंगिकता तो हमेशा बनी रहेगी। सरकार को इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को नगण्य बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कई असामाजिक तत्व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। अन्य देशों को भारत की खुफिया जानकारी उपलब्ध कराना, देश का धन लूट कर भगोड़े के रूप में विदेश भाग जाना, आतंकवाद को प्रोत्साहित करना, नकली नोट चला कर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने वाले एवं देश की अखंडता को भंग करने जैसे असंवैधानिक कार्य करने वालों को आखिर किस कानून के तहत दंडित किया जा सकता है, इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर न्यायपालिका एवं सरकार को विचार करना चाहिए। उपरोक्त सभी अपराध क्या राजद्रोह से कम है? सामाजिक रुप से लोगों को भी इस तथ्य पर गौर करना चाहिए की देश के हित में क्या है। राजद्रोह कानून की समीक्षा होनी चाहिए। देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक इसमें संशोधन किया जा सकता है। अंग्रेजों ने तो स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित करने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया लेकिन अब हमारी सरकार को वास्तविक राज द्रोहियों को इस कानून के प्रावधानों के तहत चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### खतरों से न खेलें युवा

**बरसात** का मौसम हरियाली लेकर आता है। प्रकृति का श्रृंगार इस सीजन में मनमोहक होता है। इसी से रिझते हुए लोग पर्यटक और पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचते हैं। आनंद लेने के उद्देश्य से सैर सपाटा करते लोग कभी-कभी असावधानी से हादसों का शिकार हो जाते हैं। पानी,पहाड़ी और खाई से बचकर पर्यटन का लुत्फ उठाने में ही लोगों के लिए समझदारी होगी। इन दिनों पर्यटन का मौसम है। पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित हो चुकी है तो नदी नाले भी भरपूर जल राशि लिए हुए हैं। लोग दूर-दराज से इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अति उत्साह से कभी-कभी असावधानीवश ऐसे हादसे हो जाते हैं जिनसे रंग में भंग पड़ जाती है। मौज मस्ती में डूबे युवाअक्सर सेल्फी के चक्कर में दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे हैं लेकिन न तो युवा सबक ले रहे हैं ना ही उनके साथ आने वाले पालक ही। अगर पर्यटन का सही आनंद लेना है तो सावधानी जरूरी है। मौज मस्ती का आनंद लेने वालों को पहाड़ों और नदियों के किनारों से सावधान रहना चाहिए जरा सी चुक से जानलेवा हादसा हो सकता है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** कहती है कि हमारे किसान कृषि कानूनों से प्रसन्न हैं और जो विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वे आतंकवादी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैंने** त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। किसी ने भी ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाला। मैंने स्वत: निर्णय लिया जिससे कोई अन्य मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर सके।

– **बीएस येदियुरप्पा**
निवर्तमान मुख्यमंत्री कर्नाटक



**भाजपा** के पास राज्य पर शासन करने की क्षमता नहीं है। यह सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। चलिए चुनावों की ओर चलें।

– **डीके शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख

### प्रेसवार्ता में फिर सुर्खियों में आई कसमंडा ब्लॉक प्रमुख नामांकन के दौरान गोलीबारी की घटना

# नामजद आरोपी को कैसे मिला सरकारी गनर: आरपी सिंह


सीतापुर-प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते रालोद जिलाध्यक्ष आरपी सिंह चौहान

- बिसवां विधायक की भूमिका पर उठाए सवाल कहा सरकार की खराब कर रहे छवि
- गोली चला रहे दहशतगर्दों का वीडियो वायरल फिर भी नहीं हो रही गिरफ्तारी
- कमलापुर पुलिस की भूमिका बताई संदिग्ध उठाई न्यायिक जांच की मांग


**ऑलइंडिया** पीपुल फ्रंट के डा. ब्रजबिहारी ने कहा पुलिस पूरी तरह से सत्तापक्ष के विधायक के इशारों पर नाच रही है। इसलिए कमलापुर में हुए गोलीबारी और बमबारी कांड की जांच किसी रिटायर्ड जज से कराई जाए।

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश में** ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव खासा सुर्खियों में रहा। लखीमपुर के पसगवां में सपा की महिला प्रत्याशी और उसकी समर्थक के साथ हुई बदसुलूकी हो या फिर सीतापुर के कसमंडा में सरेआम नेशनल हाईवे पर निर्दलीय प्रत्याशी को नामांकन से रोकने के लिए की गई गोलीबारी और बमबारी की घटना। इन सनसनीखेज दुस्साहसिक वारदातों की गूंज समूचे प्रदेश ही नहीं देश ने सुनी। पीड़ित पक्षों ने आरोप सत्तारूढ़ भाजपा के खेमे पर जड़ा। मामले हाईप्रोफाइल हुए तो पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। पसगवां कांड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप पर धौरहरा सांसद का करीबी होने के बावजूद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, लेकिन कसमंडा कांड के मुख्य आरोपी पर कार्रवाई करना तो दूर पुलिस उसकी सुरक्षा में मुस्तैद दिखाई दे रही है। गोलीबारी और बमबारी कांड के नामजद आरोपियों में शामिल दीपक शुक्ला बाकायदा गनर लेकर खुलेआम घूमते हुए कानून को चुनौती दे रहा है। इतना ही नहीं बिसवां विधायक महेन्द्र यादव के साथ कार्यक्रमों में शिरकत करता भी नजर आता है। यह आरोप रालोद जिलाध्यक्ष आरपी सिंह चौहान ने मंगलवार को शहर के एक रेस्तरां में पत्रकार वार्ता के दौरान लगाए। चौहान के मुताबिक बिसवां विधायक सिर्फ आरोपी को सरंक्षण ही नहीं दे रहे बल्कि उनके कृत्यों से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। रालोद जिलाध्यक्ष ने बताया बिसवां विधायक के दबाव में कमलापुर पुलिस ने पीड़ित पक्ष पर भी फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया है। विधायक के दबाव में उन आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर भी कार्रवाई करने से पुलिस कतरा रही है जिनके गोली चलाते हुए वीडियो मीडिया कर्मियों के कैमरे में कैद होने के बाद खबरों व सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसलिए पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं है। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच किए जाने की मांग उठाई है।

## अभय को मिला कलमकार साहित्य सम्मान

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के मोहरनिया गाँव के कवि, शिक्षक, लेखक, शायर एवं काव्यकला सेवा संस्थान (पंजी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी अभय को श्री नवमान पब्लिकेशन्स अलीगढ़ द्वारा कलमकार साहित्य सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान साझा संग्रह चमकते कलमकार भाग -1 में उत्कृष्ट रचनाओं के प्रकाशन के लिए दिया गया। इस साझा संग्रह में अभय की दो रचनाओं को सम्मिलित किया गया है। जिनमें एक ग़ज़ल तथा एक नज़्म है। अवनीश त्रिवेदी अभय का जल्द ही एक गज़ल संग्रह श्महकते अल्फ़ाजश् प्रकाशित होने वाला है। जो कि दिल्ली के स्वेतांशु प्रकाशन से प्रकाशित हो रहा है। बता दे कि इससे पहले भी अभय के कई साझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, तथा कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



### गांव के ही एक व्यक्ति पर ठगी का आरोप

# ...कुदरत के मारे को तो बख्श देते

- दिव्यांग से लोन के नाम पर ठगे पांच लाख रुपए, बैंक से पहुंची वसूली टीम तब हुई जानकारी पीड़ित ने थाना तालगांव पहुंच लगाई गुहार


पासबुक दिखाता पीड़ित


संवाददाता। थानगांव सीतापुर

**पहले** से ही कुदरत की मार झेल रहे एक मंदबुद्धि दिव्यांग को गांव के एक ठग ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया पीड़ित को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने का झांसा देकर उसके नाम पर बैंक से 3 लाख 60 हजार रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड बनवा कर पैसा हड़प लिया उधर पीड़ित दिव्यांग को अपने नाम पर लाखों का कर्ज निकाले जाने की सूचना तब मिली जब संबंधित बैंक ऑफ इंडिया के वसूली अधिकारी कर्ज वापसी के लिए पहुंचे जानकारी पाकर सन्न रह गए दिव्यांग ने इसकी सूचना गैर प्रांत में नौकरी कर रहे भाई को दी जिस पर उसने आकर थाने में तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई है प्रकरण थाना तालगांव इलाके का है यहां के खरेहटी मजरा ग्वारी निवासी राजेश पुत्र छोटे भार्गव दिव्यांग है आरोप है कि गांव के ही मनोज पुत्र मोहन भार्गव ने मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर उसके सारे कागजात ले लिए और इस ठगी को अंजाम दिया।

# स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रहीं धज्जियां

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**विकासखंड लहरपुर** के अंतर्गत ग्राम अकबरपुर में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जाती देखी जा सकती हैं। बताते चलें पंचायत चुनाव के पश्चात विकासखंड लहरपुर के 68 ग्राम सभाओं में समस्त प्रधानों की शपथ ग्रहण के साथ उनके कार्य के अधिकार प्राप्त हो गए हैं, वही अधिकतर ग्राम प्रधान अपने गांवो में साफ-सफाई तथा दुरुस्ती करण व नव निर्माण कार्य भी कराने लगे हैं, लेकिन मुख्य बात यह आती है कि बरसात का मौसम शुरू होने से अधिकतर गांवों में सड़कों की दुर्दशा बद से बदतर नजर आती है जहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ बाहरी लोगों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों का निरंतर आवागमन रहता है फिर भी इन बिंदु पर स्थानीय जनप्रतिनिधि या ग्राम प्रधान की नजर क्यों नहीं जाती। एक तरफ बरसात के पानी से सड़कों पर जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न होती है वहीं सड़कों के किनारे लगे कूड़े के ढेर संक्रामक रोगों को फैलाने में पूर्ण रूप से सहयोग देते हैं। इसी क्रम में अकबरपुर ग्राम का मुख्य मार्ग जोकि पेट्रोल पंप के बगल से गांव की ओर जाता है। जिसे गंदगी व कीचड़ युक्त देखा जा सकता है। मार्ग के किनारे बजबजाती हुई नाली संक्रामक रोगों को जन्म दे रही है, जिस पर पैदल निकलना मुश्किल पड़ता है। इस मार्ग पर रात दिन बच्चे बुजुर्ग सहित हर किस्म का व्यक्ति निकलता है तथा दुपहिया व चौपहिया वाहनों का निरंतर आवागमन रहता है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से की लेकिन इस पर अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई स्थानीय लोगों ने उक्त मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी प्यारेलाल मौर्य को दी है।


लहरपुर-गांव में कीचड़ से निकलने को मजबूर लोग

## लाखों की शराब बरामद, बदमाश गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो स्नेक तस्करों को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उनके पास से लाखों की स्मैक बरामद हुई । दोनों को पुलिस ने जेल भेजा |फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने आज रहपूरा स्थित अंडरपास के पास रामपुर की ओर मार्ग से चेकिंग के दौरान फतेहगंज पश्चिमी के मिर्धान मोहल्ला निवासी असलम उर्फ पंडा और उसके साथी रिजवान अंसारी को हिरासत में ले लिया । पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो असलम उर्फ पंडा के पास से 260 ग्राम और रिजवान के पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई । अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 लाख 40 हजार रुपए बताई जाती है । उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दुष्यंत गोस्वामी, अमरदीप और सचिन पवार शामिल रहे स दोनों बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा ।

# अपराध में अभियुक्त को ट्रिपल सजा

- जुलाई 2019 के मामले में आरोपी को कारावास
- पाक्सो एक्ट न्यायालय के न्यायाधीश हितेंद्र हरि ने दी सजा

संवाददाता। सीतापुर

**मासूम को** छेडछाड़ और निवस्त्र करने के मामले में न्यायालय पाक्सो एक्ट के अपर सत्र न्यायाधीश हितेंद्र हरि ने एक अभियुक्त को तीन धाराओं में सजाएं दी है। उन्होंने ये सजाएं जुलाई 2019 के मामले में सुनाई है। धारा 354 में तीन साल की सजा व 5 हजार जुर्माना लगाया है। 355 ख में पांच साल का कारावास व सात हजार जुर्माना तथा धारा 9 एम में छह साल की सजा तथा दस हजार रूपये अर्थदंड की सजाएं दी। सभी सजाएं एक संग चलेंगी। इसके अलावा 11 हजार की धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर इस मामले की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश सिंह चौहान ने की। थाना रामपुर कलां इलाके के रहने वाला एक दंपती बच्चे के साथ 11 जुलाई 2019 को दवा लेने महमूदाबाद को गया था। उसकी सात साल की मासूम बेटी घर पर थी। उसे अकेला पाकर पड़ोस का इब्रान पुत्र रज्जन वहां आ धमका और उसे टाफी का लालच देकर अपने पटटीदार के घर बुला ले गया। वहीं पर बुरी नीयत से उसके संग छेड़छाड़ करने लगा और निवस्त्र भी कर दिया। इसी बीच आरोपी का चचेरा भाई वहां आ गया तो आरोपी उसे छोड़कर वहां से भाग निकला। परिजनों के घर पहुंचने पर उसे आपबीती सुनाई। इस मामले में पीडिता के पिता ने आरोपी इब्रान के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया था। मामले की विवेचना कर विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेशित किया। न्यायालय में पक्ष और विपक्ष की दलीलें को सुनने के बाद न्यायाधीश हितेंद्र हरि ने आरोपी इब्रान को घटना दोशी करार दिया।

### जीरो बजट की खेती पर आधारित मॉडल को मिली सराहना

# कम जमीन से अधिक इनकम अर्जित करने का ईजाद किया फॉर्मूला

- डीएम ने एकीकृत फसल प्रणाली के मॉडल का किया अवलोकन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** एकीकृत फसल प्रणाली यानी इंट्रीगटेड फार्मिंग सिस्टम माडल ने देश में धाक जमाई। माडल के जरिए कम जमीन से अधिक आय अर्जित करने का फार्मूला भी ईजाद किया है। प्रोजेंटेशन में जीरो बजट की खेती पर आधारित इस माडल को मोदी सरकार ने खूब सराहा है। इस मॉडल को ख्याति मिलने के बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मुआयने में खैराबाद स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में बनाए गए एकीकृत फसल प्रणाली यानी इंट्रीग्रटेड फार्मिंग सिस्टम मॉडल को देखा। आपको बता दें कि कम जमीन से अधिकतम आय अर्जित करने का एकीकृत फसल प्रणाली यानी इंट्रीगटेड फार्मिंग सिस्टम मॉडल तैयार किया गया है। यहां पर 1 एकड़ खेत पर एकीकृत फसल प्रणाली अपना इस मॉडल से वर्ष में लगभग ढाई लाख रुपये तक की आय अर्जित करें, यह दिखाया गया है। इसके तहत खेत तालाब बनाकर मछली पालन, मुर्गी पालन, फसल उत्पादन तथा सब्जी की खेती के साथ.साथ तालाब के बांध पर अतिरिक्त आय के लिए पपीता लगाया गया है। उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्र बताते हैं कि इंट्रीग्रटेड फार्मिंग सिस्टम एक ऐसी तकनीक है, जिससे छोटे एवं सीमान्त किसानों को अधिक मुनाफा होगा। किसानों को कम क्षेत्रफल से भी परम्परागत खेती की तुलना में अधिक आय प्राप्त होगी। पूरे परिवार के लिये वर्ष भर रोजगार उपलब्ध होगा। मॉडल के मुताबिक खेतों में तालाब तैयार करवाया गया है। तालाब के अंदर वह मछली पालन किया गया है। मछली पालन के साथ ही मुर्गी पालन किया गया है। इसके अलावा एक हिस्से में सब्जियां तो दूसरे एक हिस्से में बागवानी भी की जा रही है तथा अनाज उत्पादन के लिए धान, गेंहू, मूंग की खेती करते हैं। मिश्र के मुताबिक किसानों की आय बढ़ाने के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकारें इंट्रीग्रटेड फार्मिंग सिस्टम को बढ़ावा दे रही हैं। इसी के तहत उत्तर प्रदेश सरकार खेत, तालाब स्कीम के तहत किसानों को खेतों में तालाब बनाने के लिये 50 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। इसके तहत सरकार बड़े तालाबों पर 1 लाख 14 हजार तथा छोटे तालाबों पर 52 हजार 500 सौ की राशि देकर मदद कर रही है।

# युवक के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

- किला थाना क्षेत्र के छावनी निवासी दर्शन उर्फ सागर की हत्या का मामला

संवाददाता। बरेली

**रंजिश** के चलते मोहल्ले के ही रहने वाले दो युवकों ने ही एक युवक की हत्या कर दी । पुलिस ने आज दोनों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । किला थाना क्षेत्र के छावनी निवासी दर्शन उर्फ सागर की हत्या के आरोप में पुलिस ने आज किला के छावनी निवासी राजू पुत्र डोरी लाल और यहीं के रहने वाले अमन पुत्र राजू कश्यप को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस को पूछताछ के दौरान दोनों अपराधियों ने बताया कि उनकी दर्शन उर्फ सागर से पुरानी रंजिश चल रही थी । इसी के चलते उन्होंने 4 दिन पूर्व दर्शन को घर से बुला लिया और कुछ ही दूरी पर काली मंदिर के पास किला नदी के किनारे चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए । अगले दिन दर्शन की लाश किला नदी के किनारे मिली । उसकी चाकू से गोदकर हत्या की गई थी । स्थानीय लोगों ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी । जो मौके पर पहुंची और लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया । रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने कल शाम किला पुल के पास स्थित सत्यनारायण पार्क के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने वह कपड़े भी बरामद कर लिए। जो दोनों अभियुक्तों ने हत्या के समय पहने थे । उनके कपड़ों पर मृतक दर्शन के खून के निशान भी पाए गए । पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेजा।

## विकास वर्मा किया गया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित, वारंटियों एवं संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई 2021 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 339/21 धारा 406, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त विकास वर्मा पुत्र मैकू लाल वर्मा निवासी गोकुलपुरी गढ़ी रोड थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# कांग्रेस में ही है पिछड़ी जाति का सम्मान:रामकुमार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**कांग्रेस पिछड़ा** वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की। अपने संबोधन में प्रहलाद पटेल ने कहा कि पिछड़ी जाति का ही नहीं बल्कि सभी जातियों का सम्मान कांग्रेस में है। कांग्रेस में पिछड़ी जाति के कई नेताओं को उच्च पद पर बिठाया है। कांग्रेस सभी जाति धर्मों का समान रूप से सम्मान करती है। आज जनता महंगाई की मार से बेहाल है लेकिन सरकार मस्त है। सरकार का कहना है कि ऑक्सीजन से कोई मृत्यु नहीं हुई है। यह जनता का मजाक उड़ान है। आने वाले चुनाव में जनता केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने कहा कि पिछड़ी जाति के लोगों का सम्मान व हित पार्टी में है अन्य सभी दलों ने पिछड़ी जाति के साथ छलावा किया है। 2019 में सहायक शिक्षा भर्ती में पिछड़े वर्ग के आरक्षण में अनियमिताओं को लेकर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार इसको बलपूर्वक दबाना चाहती है। राकेश विश्वकर्मा एवं प्रकाश प्रजापत ने कहा कि सरकार चाहे जितना भी बल प्रयोग करें ले पिछड़ी जाति के लोगों की आवाज दबा नहीं सकती। 2022 के चुनाव में सभी संगठित होकर प्रदेश की सरकार को उखाड़ने का काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर त्रिवेदी ऋतुराज मुन्नी देवी किशन कुमार कश्यप अंशुल प्रजापत रियाज अहमद मोन वरुण चौधरी पंडित केके दीक्षित किशन कुमार कश्यप रवि गोस्वामी वर्ष अवस्थी प्रेम कुमार वर्मा अमित गुप्ता सोनी राज प्रदीप गुप्ता रंजीत कुमार मुकेश चौहान अंबिका प्रसाद गिरी उमाशंकर कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। 2019 में सहायक शिक्षा भर्ती में पिछड़ी जाति के आरक्षण में हुई अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा गया।

# ग्रामीण ने पेड़ से लटक कर लगाई फांसी

संवाददाता। बरेली

**शराब** के आदी एक ही ग्रामीणों ने बीती रात अपने ही घर के बाहर लगे एक पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। सुबह होने पर उसकी लाश को पत्नी ने फांसी पर लटके देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी ं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी |नवाबगंज थाने के गांव सिजोलिया निवासी 40 वर्षीय राममूर्ति लाल यादव पुत्र रामचंद्र यादव की लाश आज सुबह उसके घर के सामने पेड़ की डाल से बंधे गमछे के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई । पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राममूर्ति लाल तीन बच्चों का पिता था । उसके दो लड़के दिल्ली में रहकर काम करते हैं जबकि घर पर केवल एक लड़की रहती है । राममूर्ति लाल शराब का आदी था और उसका 2 दिन पहले अपनी पत्नी कमला देवी से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था । बताया जाता है कि कल शाम को भी दोनों में विवाद हुआ था । जिसके बाद राममूर्ति बिस्तर पर सोने चला गया । रात में किसी समय बिस्तर से उठ कर उसने पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली । सुबह होने पर जब पत्नी ने उसे बिस्तर पर नहीं देखा । तो तलाशने के लिए घर से बाहर निकली । उसने देखा कि उसके पति की लाश दरवाजे के सामने लगे पेड़ पर लटकी हुई है । उसने मदद के लिए गांव वालों को बुलाया और घटना की सूचना पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

# अज्ञात वाहन से मौत पर दो लाख मुआवजा का प्रावधान:डीएम

- बगैर रिफ्लेक्टर संचालित वाहनों पर प्रशासन कसेगा शिकंजा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मंगलवार को** डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया ने इस कैलेंडर वर्ष की तृतीय जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय परिवहन समिति की बैठक की। जिसमें संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने किया।

डीएम ने कहा कि अज्ञात वाहन से किसी व्यक्ति की मृत्यु या घायल/जख्मी होने पर जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन पर (हिट एंड रन) सोलेशियम स्कीम के जरिए सहायता दी जाएगी। ऐसे प्रकरणों में मृत्यु की दशा में 2 लाख व गंभीर घायल होने पर 50 हजार की धनराशि दी जाएगी। इसके लिए मृतक का पोस्टमार्टम जरूरी है। डीएम ने कहा कि रिफ्लेक्टर देखने में मामूली लग सकता हैए पर यह कई हादसों को रोकने और जान बचाने में कारगर है। पर इसको लेकर वाहन स्वामी गंभीर नहीं है। डीएम ने परिवहन-पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बगैर रिफ्लेक्टर लगाए संचालित वाहनों का अभियान चलाकर नियत दस हजार का चालान करते हुए गाड़ी सीज करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में बगैर रिफ्लेक्टर के वाहनों का संचालन कदापि ना हो। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्यवाही में तेजी लाएंए यह आपकी उपस्थिति को दर्शाता है। पीडब्ल्यूडी दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर काम कराए। उन्होंने पलिया के शारदा पुल की सड़क पर गड्ढों की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने नाबालिक बच्चों द्वारा गाड़ी चलाने व गैर विधिक तरीके से नंबर प्लेट लगाने पर किये चालानों का विवरण जाना। एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे व सीओ (ट्रैफिक) अरविंद कुमार ने मिलकर किए गए चालनों का प्रकृतिवार विवरण बताया। डीसीओ बीके पटेल ने बताया कि चीनी मिलों ने गन्ने के ट्रालो के जरिए परिवहन पर अंकुश लगाया। सीजन शुरू होते ही वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की कार्यवाही की जाती है। डीएम ने निर्देश दिए कि बिना रिफ्लेक्टर लगाए वाहनों की गन्ने की तौल न की जाए। बैठक में एक्सईएन पीडब्ल्यूडी देवेंद्र सिंह ने ज़िले में 19 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं। जिनमें सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने गति नियंत्रण बोर्ड, रंबल स्ट्रिप, ज़ेब्रा क्रासिंग, सांकेतिक बोर्ड, क्रैश बैरियर व संकीर्ण पुल-पुलिया की रैलिंग की मरम्मत की जानकारी दी। डीएम ने एआरटीओ ने स्कूली वाहनों की जांच, फिटनेस, चालकों के चरित्र सत्यापन सहित विभिन्न मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की। जीएम संपूर्णनगर चीनी मिल आजाद भगत, एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, सीओ (सदर/ट्रैफिक) अरविंद कुमार, टीएसआई धर्मराज सिद्धार्थ, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी देवेंद्र सिंह, डीआईओएस डा. ओपी त्रिपाठी, बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय व एडीआईओ विपिन कुमार मौजूद रहे।

# छापेमारी के खिलाफ पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**लखीमपुर-खीरी।** भारत समाचार चैनल और दैनिक भास्कर समाचार पत्र के प्रतिष्ठानों पर आईटी की गलत तरीके से हुई छापेमारी को लेकर पत्रकारों के द्वारा लखीमपुर सदर जिला मुख्यालय पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार नंद कुमार मिश्रा की अगुआई में सभी पत्रकारों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। हाथ में काली पट्टी बांधी गई। डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान नन्द कुमार मिश्रा, कुलदीप पाहवा, पवन सक्सेना, सतेन्द्र द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, कमल मिश्रा, जेपी मिश्रा, एके जायसवाल, शारिक खां, रितेश भसीन, साजिद खां, अमित, आमिर रजा पम्मी, शहीद, रफी अहमद, अशोक शुक्ला, शिवम बाजपेई, सुनहरा, विशाल भारद्वाज, विशाल शुक्ला, मनोज मिश्रा, रामजी सिंह, शोभित त्रिपाठी, दानिश, शुएब, अफजल सिद्धकी व इलियास चिश्ती आदि मैजूद रहे।

# डीएम ने दिव्यांग फरियादी को सौंपी ट्राई साइकिल



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को खीरी जिले के तहसील धौराहरा व ब्लॉक ईसानगर के ग्राम अल्लीपुर, ऐरा स्टेट के निवासी दिव्यांग दिनेश कुमार पुत्र नंद किशोर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में ट्राई साइकिल पाने की फरियाद लेकर जा पहुंचा। सीएम ने फरियादी से स्वयं मुलाकात की। फरियादी ने सीएम से ट्राईसाइकिल की मांग की। जिस पर सीएम के निर्देश पर सीएम कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल डीएम खीरी डॉ अरविंद कुमार चौरसिया को ट्राई साइकिल मुहैया कराने के निर्देश दिए।

फरियादी के प्रार्थना पत्र पर अंकित विवरण पर ज़िले के अधिकारियों ने संपर्क करना शुरू कर दिया। खीरी पहुंचने पर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने उसे रिसीव किया और जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर लाकर डीएम से मुलाकात कराई। डीएम ने उसे ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि किसी भी असुविधा पर वह स्वयं उनसे या उनके कार्यालय से संपर्क कर अपनी हर समस्या का निदान करा सकते हैं। बताते चलें कि दिव्यांग दिनेश कुमार एक पैर से दिव्यांग है। वहीं डीएम ने सरकारी वाहन से उसके घर भी भिजवाया।

# चित्रकूट में मात्र एक कोरोना केस



● मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी जानकारी

संवाददाता। चित्रकूट

**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी ने बताया कि आरटी पीसीआर जांच 1028, एंटीजन जांच 1249, ट्रूनेट 0, कुल जांच 2277, आरटी पीसीआर से धनात्मक केसों की संख्या 0, एंटीजन धनात्मक केसों की संख्या 0, ट्रूनेट से धनात्मक केसों की संख्या 0, कुल धनात्मक केस 0, डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 0 एवं क्रियाशील केसों की संख्या 1 है।

### कैम्प लगाकर कोविड टीकाकरण हुआ

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा विकास खण्ड क्षेत्र के झलोखर गाँव स्थित भुंईया रानी मंदिर प्रांगड़ मे कोविड वेक्सीन का केम्प लगाकर टीका करण किया गया।
वही दो सैकड़ा लोगो को वैक्सीन लगाई गई। क्षेत्र के झलोखर गाँव मे भुइँयारानी मंदिर प्रांगड़ में स्वस्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर कोविड सेबचाव के लिए वैक्सीन लगाई गई। दो सैकड़ा लोगो ने टीका उत्साह से लगवाया ।
टीम में एएन एम नीरज द्विवेदी, पूजा अवस्थी,सी एच ओ वर्षाकटियार , रीता प्रजापति आदि सहित गाँव निवासी कालका प्रसाद व अखिलेश सिंह गौर मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विवि में कोरोना टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**चित्रकूट।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगू भाई पटेल व महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 नरेश चंद्र गौतम के निर्देश पर ग्रामोदय चिकित्सा इकाई में कोरोना टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित यह अभियान 31 जुलाई तक प्रत्येक दिन चलेगा। कुलसचिव डॉ.अजय कुमार ने इस अभियान का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतरत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। कोरोना टीकाकरण के इस 6 दिवसीय विशेष कार्यक्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ,विद्यार्थियों और उनके पारिवारिक जनों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को भी कोरोना वैक्सीन लगवाने की सुविधा रहेगी। आयुर्वेद इकाई के अनिल श्रीवास्तव प्रथम वालों ने बताया कि कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम हम द्वारा ग्रामोदय परिवार से कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में शामिल होकर वैक्सीन लगवाने की अपील के कारण पहले दिन ही 74 लोगों ने कोरोना वैक्सीन लगवा कर राष्ट्रीय मिशन में सकारात्मक सहभागिता की है। सतना जिला प्रशासन द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग की ओर से वैक्सीनेशन टीम में अनिल त्रिपाठी, रश्मी, विनीता सिंह आदि रहीं। डॉ. लाला भइया यादव, सावित्री, अनिल श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता ने यूनिवर्सिटी की ओर से व्यवस्थान संयोजन किया। पहले दिन इंजी अश्विनी दुबला, इंजी राजेश कुमार सिन्हा, इंजी संजय मिश्रा, संजय सिंह, दिलीप, रानी, पुष्पा, दिलीप कुमार, राजाराम, धुनवाद, अर्जुन, अनिल आदि ने कोरोना वैक्सीन लगवाया। यह जानकारी पीआरओ जय प्रकाश शुक्ल ने दी।

### खाद्यान्न वितरण के लिये नोडल अधिकारी नामित

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित 1.43 लाख विद्यालयों में अध्ययनरत 1.86 करोड़ छात्र छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में परिवर्तन लागत की धनराशि 2673 करोड़ रुपए प्रेषित की गई तथा खाद्यान्न के रूप में 5.08 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न गेहूं चावल कोटेदार के माध्यम से वितरित किया जा रहा है, जिसमें जनपद में प्राथमिक विद्यालयों में पोषण के लिये दिया गया खाद्यान्न एवं परिवर्तन लागत की धनराशि में 24 मार्च से 30 जून तक 76 दिवस खाद्यान्न की मात्रा 7.6 परिवर्तन लागत 374, है, 1 जुलाई 2020 से 31 अगस्त 2020 तक 49 दिवस में खाद्यान्न की मात्रा 4. 9 किलोग्राम तथा परिवर्तन लागत की धनराशि 243.50 है, 1 सितंबर से 28 फरवरी तक 138 दिवस में खाद्यान्न की मात्रा 13. 8 किलोग्राम परिवर्तन लागत की धनराशि 685 रुपए है प्राथमिक विद्यालयों में 263 दिवस में खाद्यान्न की मात्रा 26.3 एवं परिवर्तन लागत की धनराशि 1302.50 है। इसी प्रकार जनपद चित्रकूट के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पोषण हेतु दिया गया।

## भाजपा ने ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों को किया सम्मानित

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



**मंगलवार** को स्थानीय लक्ष्मी गार्डन में ब्लाक प्रमुख कुठौंद के द्वारा मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन डॉक्टर घनश्याम अनुरागी एवं जिला कार्यकारिणी द्वारा ग्राम प्रधानों, बीडीसी को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख कुठौंद प्रतिनिधि अनुरुद्ध दुबे, राम प्रधान शकरपुर ने भव्य स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें संजीव उपाध्यक्ष, लकी त्रिपाठी जिला संयोजक अजीत सिंह बेरा ब्लाक प्रमुख रामपुरा संचालन पूर्व प्रधान देवेंद्र चतुर्वेदी जमलापुर बबलू सेंगर जखा जिला पंचायत सदस्य सिरसा कलार अनिल सिंह सेंगर उर्फ छुन्ना, पूर्व प्रधान मुरली मनोहर त्रिपाठी, अग्निवेश चतुर्वेदी, संदीप त्रिपाठी दाऊ, विवेक दुबे, जीतू लाला, छोटे मिस्त्री शंकरपुर, यार मुहम्मद पूर्व प्रधान अब्दुल्ला पुर, हरिओम चतुर्वेदी बीडीसी, किरवाहा, नीरज दुबे कैथेरी, राम अनुग्रह राजावत आदि रामू टीम सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आयुष सोसायटी के तत्वावधान में ऑनलाइन योगाभ्यास

**जालौन ( उरई )।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी के तत्वावधान में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में संचालित योग एवं वेलनेस सेंटर द्वारा आनलाइन योगाभ्यास कराया जा रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में संचालित योग एवं वेलनेस सेंटर में योग प्रशिक्षक अरविंद कुशवाहा एवं योग सहायक विवेक सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी के निदेशक सुखलाल भारती एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. एमडी आर्या के निर्देश पर योग वेलनेस सेंटर द्वारा घर-घर योग, घर पर योग अभियान के तहत जूम ऐप के माध्यम से आनलाइन योगाभ्यास कराया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला पद भार



**पहाड़ी ( चित्रकूट )।** कौशांबी जनपद से आए नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहाड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय पहुंचने पर शिव कुमार साहू प्रबंधक डा भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश कुमार ने मौजूद कर्मचारियों स्टाफ से परिचय लेते हुए शासन की मंसानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए । गांव गरीब के स्कूलों में शासन के आदेश के क्रम में हर हाल में योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। ब्लॉक संसाधन केंद्र पहाड़ी में साफ सफाई के निर्देश दिए तथा कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इंडियन बैंक कर्मी द्वारा की गयी अभद्रता से ग्राहक परेशान, उच्चाधिकारियों से शिकायत

**कुरारा ( हमीरपुर )।** स्थानीय इंडियन बैंक कर्मचारियों के तानाशाही रवैया से खाताधारक परेशान है। वहीं आज केवाईसी का फार्म जमा करने गयी महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसके कागज फाड़ कर फेंक दिए। इससे महिला मायूस होकर बैंक से बाहर आ गयी। स्थानीय इंडियन बैंक में खाता धारक महिला उषा पत्नी राम चन्द्र अनुरागी निवासी ग्राम डामर आज उच्चाधिकारियो को बताया कि उसका खाता इंडियन बैंक में है मनेरगा मजदूरी का पैसा उसके खाते मे आना है, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कॉपी फार्म भरकर जमा करने बैंक गयी थी । वहाँ मौजूद कर्मचारी को फार्म देकर खाता संचालन के लिए कहा तो उसने अभद्रता करते हुए कागज फाड़ कर फेंक दिए। उस समय मेरे गांव निवासी राकेश कुशवाहा व रिठारी गाँव के भाजपा कार्यकर्ता भोला कुशवाहा मौजूद थे। इनके सामने ही बाहर कर दिया । कर्मचारियों के इस व्यवहार से खाता धारक मजदूर परेशान है। इनके खाता में मनरेगा मजदूरी का पैसा आ रहा है। लेकिन केवाईसी न होने के कारण खातों के संचालन नहीं हो पा रहा है।

### पीएनबी में भारी अव्यवस्था से ग्राहकों में नाराजगी

**हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक मे भारी अव्यवस्था के चलते ग्राहकों में नाराजगी देखी जा रही है, प्रबंधक द्वारा फोन न उठाने व सीट में न बैठने के कारण ज्यादातर ग्राहक अपना खाता बंद कराते जा रहे है। जानकारी के मुताबिक बैसे तो बैंकों में भारी अव्यवस्था कोई नयी बात नही है,स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक में कर्मियो के सीट में न बैठने के कारण लेन देन नही हो पा रहा है यदि किसी ग्राहक को जानकारी करनी होती है है तो कोई भी बैंक कर्मचारी बात नही सुनता है एलडीएम के अवकाश मे होने के कारण कोई फरियादी अपनी पीड़ा किसे बताये वह निराश होकर बैंको से लौट आता है, बैंक के मामले मे कोई भी उच्चाधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नही है आज बैंक प्रबंधक से बात करने के लिये कई मर्तवा फोन किया गया मगर उन्होने फोन ही नही रिसीव किया।

### जर्जर विद्युत खंभा गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, परिवार के लोग बाल-बाल बचे

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर के कजियाना मोहल्ले में मंगलवार को अचानक बिजली का खंभा एक मकान पर गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में जनहानि होने से बच गयी। इस घटना को लेकर मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है क्योंकि वह उक्त खंभे को विद्युत विभाग से बदलवाने की मांग करते आ रहे हैं। नगर में विद्युत आपूर्ति पुराने व जर्जर बिजली के खंभों के सहारे हो रही है जिसके चलते नगर के कजियाना मोहल्ले में मंगलवार को दोपहर बाद एक बिजली का खंभा अचानक खलील अहमद सेवा निवृत लेखपाल के घर पर गिर पड़ा। जिससे मकान का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन छत में मौजूद लोग बाल-बाल बच गये। खलील अहमद ने बताया कि वह विद्युत विभाग से जर्जर खंभे को बदलवाने की गुहार लगा चुका था। मोहल्ले के लोगों ने इस घटना के बाद विद्युत विभाग को तत्काल फोन कर इसकी जानकारी दें विद्युत आपूर्ति बंद कराई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच नया बिजली का खंभा लगाने का काम शुरू कर दिया है।

### तमंचे की नोक पर शादी रचाने की शिकायत पुलिस से

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपनी गांव के ही एक युवक पर अपनी नाबालिक पुत्री के साथ तमंचे की नोक पर छेड़खानी कर बलात्कार करने का आरोप लगाने के साथ-साथ आरोपी व उसके परिजनों पर पुत्री के साथ जबरन शादी करने की धमकी देने की शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी से की है। थाना बिंवार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने क्षेत्राधिकारी मौदहा को बताया कि एक सप्ताह पूर्व उसकी नाबालिग पुत्री गांव के हैंडपंप में पानी भरने गई हुई थी तभी गांव के एक दबंग युवक उसकी पुत्री को तमंचे की नोक पर पकड़ एक घर में ले गया जहां उसने असलहा के दम पर उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी कर बलात्कार करने का प्रयास किया। उसकी पुत्री के द्वारा शोर मचाने पर महिला व उसके परिजन मौके पर पहुंच गये। जिन्हें आता देखकर आरोपी मौके से भाग निकला।

### बीएसए दफ्तर का लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार



**उरई ( जालौन )।** मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर में उस दौरान हड़कंप मच गया जब अपरान्ह में झांसी से आयी एंटी करप्शन टीम ने कार्यालय के एक लिपिक को एक शिक्षक से दस हजार रुपए की रिश्वत लेते धर दबोचा और फिर उसे पकड़कर कोतवाली ले आयी। इसके बाद टीम ने लगभग तीन घंटे दफ्तर में कागजातों की छानबीन कर अपने साथ ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद विकासखंड के ग्राम भदेख के परिषदीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ओमजी राना का दो माह का बकाया वेतन लंबित था। इसी मामले को सुलटाने के लिये बीएसए दफ्तर में वित्त एवं लेखाधिकारी अनुभाग के लिपिक विनय कुमार द्वारा शिक्षक से दस हजार रुपए की घूस मांगी थी। जिसकी शिकायत शिक्षक ओमजी राना द्वारा यूटा संगठन (1739) की लीगल सैल से की।

### ग्रामीण कोल आदिवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी अन्तर्गत ग्राम अकबरपुर मजरा खजांची की डफई के ग्रामीण कोल आदिवासियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कोल आदिवासियों की भूमि को कोलों के नाम दर्ज करने की मांग की है। सौंपे ज्ञापन में आदिवासी कोल ग्रामीणों ने बताया कि वह लोग विगत 100 वर्षों से कच्चे मकान बनाकर निवास कर रहें हैं। यह आबादी कोलबस्ती के नाम से जानी जाती है । यह आबादी गाटा संख्या 374,376, 377, 378, 380 मौजा अकबरपुर व तहसील कर्वी में स्थित है । प्रार्थीगणों का प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत है जिनकी संख्या 83 है । भू-अभिलेखों में आबादी दर्ज न होने से कुछ दबंग व्यक्ति प्रार्थीगणों का आवास निर्माण करने में व्यवधान किया जा रहा है। आबादी का सर्वेक्षण कराकर घरौनी बनाया जाना आवश्यक है।

### मासूमों के हत्यारों को फांसी दी जाये : अजीत सिंह

**चित्रकूट।** तेल व्यापारी के जुड़वां बच्चों के अपहरण और हत्या मामले में सुनाई गई सजा को नाकाफी बताते हुए बुन्देली सेना ने सभी आरोपियों के लिए फांसी की मांग की है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मामला जघन्य था लिहाजा सजा भी मौत से कम नहीं होनी चाहिए थी घटना ने परिजनों को नहीं बल्कि पूरे जिले को दहला दिया था, हर जुबां से आह निकली थी और हर कोई घटना से द्रवित हो उठा था परिवार ने लंबी लड़ाई लड़ी लेकिन आरोपियों को मौत की सजा मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।
स घटना जघन्यतम थी लिहाजा सजा भी नजीर बननी चाहिए ।

### गायब युवक की लाश बरामद, हत्या की आशंका

**राठ (हमीरपुर)।** राठ क्षेत्र में आज शाम पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है,गले में बने निशानों से जाहिर होता है कि युवक की हत्या की गयी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के इटायल गांव निवासी संदीप(17)पिता के साथ जानवर चराता था, वह कल शाम से अचानक गायब हो गया परिवारीजनों ने उसे कल व आज खोजबीन की नही मिला आज देर रात संदीप की लाश प्रायवेट विद्यालय के पीछे पड़ी पायी गयी है। पिता गनेशी प्रजापति का कहना है कि उसके पुत्र की हत्या की गयी है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### माता-पिता समेत पुत्र को मारपीट कर घायल किया

**राठ (हमीरपुर)।** अन्ना गौवंश को खेत में घुसाने का आरोप लगाकर तीन लोगों ने माता-पिता सहित पुत्र को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। सैदपुर गांव निवासी सुम्मेरा ने पुलिस को बताया कि बीती शाम उसने अपने खेत में घुसे अन्ना गौवंशों को खेत से भगा दिया था। जो पास के खेत में घुस गये। जिस पर आज सुबह उसके पड़ोस का एक व्यक्ति उसके ऊपर खेत में गौवंशों को घुसाने का आरोप लगाकर अपने पुत्र व भतीजे के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया गांव का ही युवक

**माधौगढ़ (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसा दो गढ़ी के प्रमोद सिंह पुत्र बृजभान सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गाँव के ही युवक चन्दन पुत्र गजेन्द्र हमारी 17 वर्षीय नाबालिग युवती क्षमा देवी को सुबह 3 या 4 बजे के करीबन बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया पिता द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली में युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया।

### बाइकों की भिड़ंत में घायल

**कुठौंद (जालौन)।** थाना क्षेत्र कुठौंद के अंतर्गत जालौन देवी से लौट रहे रामहित पुत्र परशुराम निवासी ग्राम जालौन खुर्द की मोटर साइकिल नंबर यूपी 52 वी 2040 सीटी 100 जालौन देवी से अपने घर लौट रहे थे तभी रास्ते में विपरीत दिशा में चले आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिसकी सूचना घायल व्यक्ति के भाई रामप्रकाश पुत्र परशुराम निवासी ग्राम जालौन खुर्द के द्वारा थाना को कुठौंद में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।

### चोर नलकूप से सामान चोरी कर ले गए

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां में चोरों ट्यूबवेल का सामान चुरा ले गये हैं। किसान ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। भदवां निवासी दशरथ सिंह पटेल पुत्र राजबहादुर ने बताया कि उनका खेत गांव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस खेत में बोरिंग है जिससे वह सिंचाई करते हैं। अज्ञात चोर उनकी बोरिंग से साफ्ट, पुली व पंखा निकाल ले गये हैं।

### उधार लिए रुपए न देने पर युवक ने मां-बेटे को पीटा

**जालौन (उरई)।** उधार लिये पैसा वापस न करने पर युवक ने मां बेटे के साथ मारपीट कर दी। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली क्षेत्र चौधरयाना निवासी निर्मला पत्नी रामजी ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय खंडेराव निवासी अरविंद कुमार वहां आ गये उधारी 4 हजार मांगने जब पैसा न होने की बात की तो उन्होंने गाली-गलौज करने शुरू कर दी। जब पुत्र आकाश ने इसका विरोध किया तो युवक ने मां बेटे के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी।

## साहब! रुपए देने के बाद नहीं दिया प्लाट, रुपए हड़पे

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर में** प्लाट बिक्री करने वाली कंपनी से महिला ने 2.5 लाख रुपए देकर प्लाट खरीदा था। जब उसे पैसा देने के बाद भी प्लाट नहीं मिला तो उसने अपना पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया है। अपना पैसा वापस लेने के लिए परेशान हो रही है। कोतवाली क्षेत्र के अकोढ़ी दुबे निवासी मुन्नी देवी पत्नी कृष्ण कुमार जालौन में मकान बनाना चाहती है। इसके लिए उन्होंने नगर में प्लाट बेचने का काम कर रही फ्रीडम कम्पनी को 2.5 लाख रुपए 14 सितम्बर 20 में 1250 वर्गफीट का प्लाट बुक किया था। पूरा पैसा देने बाद भी जब उन्हें प्लाट नहीं मिला तो महिला ने अपना पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि कम्पनी के मालिक ने उन्हें 1 लाख रुपए तो वापस कर दिये किन्तु अब 1.5 लाख रुपए वापस नहीं कर रहे हैं। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवेचक रामचंद्र ने बताया कि कम्पनी के मालिक को बुलाया गया है।

### डा. मंजू कुशवाहा कांग्रेस की बनी प्रदेश सचिव

**मौदहा ( हमीरपुर )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव ने नगर की डॉ मंजू कुशवाहा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय कांग्रेसियों में हर्ष की लहर है। बताते चलें कि डॉ मंजू लता ने महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हमीरपुर के पद पर रहकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भर पार्टी का जनाधार बढ़ाने का अच्छा प्रयास किया है।

## नोटों में बैटरी, डिवाइस लगाकर रोजाना जीत रहा था जुआ से लाखों रुपये, पुलिस ने छह को धरा

● हाईटेक तरीके से जिले में जुआ खेलने का पहला मामला

संवाददाता। हमीरपुर



**हमीरपुर** शहर में आज कोतवाली पुलिस ने हाईटेक तरीके से नोटों में बैटरी व डिवाइस लगाकर बेइमानी से जुआ जीतने को लेकर छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।
पुलिस अधीक्षक के.के दीक्षित ने बताया कि दोपहर हमीरपुर कोतवाली पुलिस ने शहर के गोपाल निवासी विवेक नगर के घर में छापा मारकर जुआ खेलते छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया,जिसमे 21 हजार रुपये बरामद किया गया है। फड़ में गोपाल निवासी ग्राम भैसापाली थाना कुरारा,शीबू निवासी खालेपुरा मोहाल हमीरपुर,प्रदीप अहिरवार निवासी मोहाल नौवस्ता हमीरपुर,अर्पित निवासी कुरारा,विकास निवासी खालेपुरा हमीरपुर,रोहित गुप्ता निवासी बस स्टैड के पास हमीरपुर आदि छह लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है।
एसपी ने बताया कि मौके पर पाया गया जुआ के फड़ को संचालनकर्ता रोहित ने पांच सौ के नोटो को काटकर उसके बीच मे बैटरी लगायी थी,उसी में डिवाइस व एक छोटा सा कैमरा लगा हुआ था,रोहित ने बताया कि बैटरी के मध्य यह डिवाइस उसके मोवाइल से कनेक्ट है, उसी के माध्यम से उसे जानकारी हो जाती थी अब ताश का पत्ता किस ओर आ रहा है उसी पर दाव लगाकर जुआ जीत लेता था,पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के धोखाधड़ी के जुआ झांसी व अन्य जिलो में खेले जाते थे मगर हमीरपुर जिले का यह पहला मामला है। मौके पर 21 हजार रुपये नगदी,बैटरी, मोवाइल, कैमरा, डिवाइस, ब्लूटूथ बरामद किया है पुलिस अधीक्षक ने टीम को पांच हजार रुपये का नगद इनाम दिया है।

### पुलिस ने बाइक व मोबाइल के साथ चोरों को दबोचा

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी सीतापुर ने चोरों को मोटरसाइकिल व पांच मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। रामवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर, आरक्षी प्रकाश, अनूप, सोनू पटेल ने मुखविर से सूचना मिली कि चार चोर मोबाईल एवं मोटरसाइकिल के साथ रानीपुर भट्ट के पास हैं। प्रवीण उर्फ पारस पुत्र प्रेमशंकर निवासी मुलायम नगर कर्वी, राजेश यादव उर्फ थोपू, पंकज पुत्र शिवकुमार, संदीप पुत्र नारायण प्रसाद निवासी पुरानी बाजार को चोरी के पांच मल्टीमीडिया मोबाईल फोन व एक पल्सर के साथ गिरफ्तार किया।

### जुआरी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर ने पांच जुआरियों को जुंआं खेलते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम खुटहा से जुआ खेलते हुये आरोपी रमेश पुत्र पन्नालाल, बुद्धविलास पुत्र शिवनरेश, अभय सिंह पुत्र रामचन्द्र पटेल, संदीप पटेल पुत्र दिनेश, बलराम पुत्र जमुना प्रसाद निवासी खुटहा को गिरफ्तार किया।

## मारपीट में फायरिंग करने वाले वांछितों को पकड़ा



संवाददाता। चित्रकूट

**थाना राजापुर** पुलिस ने मारपीट के दौरान लाइसेंसी बंदूकों से फायरिंग करने वाले 6 अभियुक्तों को डीबीबीएल गनों के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर अवधेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 25 जुलाई को ग्राम तीरधुमाई गंगू में नागेश मिश्रा पुत्र ब्रहम्दत्त मिश्रा तथा धीरेन्द्र कुमार पुत्र आनन्द नारायण के मध्य घास हटाने के लेकर विवाद हुआ था जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुयी तथा दोनों पक्षों ने जान से मारने की नियत से एक दूसरे के ऊपर फायरिंग कर दी।
घटना की सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी राजापुर एवं प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचकर घटनास्थल निरीक्षण किया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना राजापुर में तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपी धीरेन्द्र शुक्ला, शिवाकान्त शुक्ला, धर्मेन्द्र शुक्ला पुत्र आनन्द नारायण शुक्ला निवासी तीरधुमाई गंगू के नामजद आरोपी नागेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा पुत्र ब्रहम्दत्त मिश्रा, इन्द्रदत्त मिश्रा पुत्र शिवगणेश निवासी तीरधुमाई गंगू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लाईसेंसी दो डीबीबीएल गन बरामद की गयी। लाईसेंसी गनों के दोनों मुकदमों में आर्म्स एक्ट भी दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवधेश कुमार शुक्ला, आरक्षी शकीक, वेदप्रकाश, बब्बू राजा शामिल रहे।

### पुलिस ने गौरी गैंग की तलाश में की काम्बिंग

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में गौरी गैंग की धरपकड़ के लिये पुलिस ने जंगलों में लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। बीते दिन प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा दुर्गेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा कोबरा, पेशड़ापुरवा, तालापुरवा, प्यासीपुरवा के जंगल, प्रभारी निरीक्षक थाना बहिलपुरवा दीनदयाल सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं पीएसी बल की संयुक्त टीम ने ददरी माफी जंगल, प्रभारी निरीक्षक थाना मारकुण्डी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी ददरीमाफी के साथ पुलिस टीम ने बालचुवा, रूझौटा व छेरिया टंकी के जंगलों में गौरी यादव गैंग की धरपकड़ के लिये कॉम्बिंग की गयी।

### बाइक में साड़ी फंसने से घायल वृद्धा की मृत्यु

**राठ ( हमीरपुर )।** राठ-उरई मार्ग स्थित अमगांव मोड़ के पास एक वृद्धा की चलती बाइक में साड़ी उलझने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।
उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक आज क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्धा सुशीला पत्नी दिल्लीपत अपने दामाद राकेश के साथ राठ से ग्राम करियारी अपनी पुत्री अनीता के यहां जा रही थी।

### हत्यारोपी गिरफ्तार

**राठ ( हमीरपुर )।** जरिया थाना क्षेत्र के बरगवां गांव में बीते तीन दिन पहले एक युवक ने अधेड़ की मां द्वारा लाई गई धारदार कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ने युवक सहित उसकी मां और एक युवक के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आज जरिया पुलिस ने घटना के मुख्य हत्यारोपी को कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जरिया थानाध्यक्ष राजेश वर्मा ने आज पूरी जानकारी दी।

## मड़फा शिवमंदिर में भोलेनाथ के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब


संवाददाता। भरतकूप (चित्रकूट)

**भरतकूप** रेलवे स्टेशन से 12 किमी0 दूरी पर मानपुर खोह पहाड़ पर स्थित मांडव्य ऋषि तपोभूमि में अति प्राचीन किला मड़फा स्थित है जो प्राकृतिक सुंदरता एवम् जलाशयों के साथ पंचमुखी शंकर जी सिद्ध पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। सावन के प्रथम सोमवार के शुभ पावन अवसर दूर दूर से हजारों श्रद्धालु पंचमुखी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन करने पहुंचे और ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर के इस ऐतिहासिक विग्रह स्वरूप का दूसरा उदाहरण भारत वर्ष में ही नहीं बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप में कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। यह किला कालिंजर किले के समय का निर्मित है यहां पंचमुखी भोलेनाथ की स्थापना आदि काल से है। यहां प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ कई मठ एवम् मंदिर हैं । मंदिरों एवं मठों में चंदेलकालीन मूर्तियां विराजमान हैं जो पुरातत्व विभाग की उदासीनता के चलते खंडहर होती जा रही हैं किले के ऊपर ही सीता रसोइं बनी हुई है जिसे भव्य रूप दिया जा सकता है लेकिन सुविधाओं और विकास के नाम पर यह स्थान आज भी अत्यंत उपेछित एवं वंचित है। पुरातत्व विभाग के अधीन होने के बावजूद आज तक कोई भी विकास कार्य नही कराया गया। जिससे आस्थावानों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस किले के ऊपर न तो बिजली की व्यवस्था है और न ही पानी की न तो कोई धर्मशाला है । मुख्यमंत्री संवर्धन योजना के अंतर्गत किले के विकास के लिए 49 लाख की स्वीकृति हुई है जिसका शिलान्यास 5 माह पहले पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय व बांदा - चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल द्वारा किया गया था।



## भारतीय किसान संघ की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

संवाददाता। चित्रकूट



**भारतीय** किसान संघ की जिला बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिवकांत दीक्षित प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश उत्तराखंड ने कहा कि कृषक वर्ग की वर्तमान दीन हीन स्थिति के लिए दो मुख्य कारण है प्रथम सरकारों में किसान किसानी की अति घोर लापरवाही की भावना तथा कृषि एवं ग्रामीणों के विकास हेतु दिशाहीन भ्रमपूर्ण एवं किसान विरोधी गलत नीतियों के फलस्वरूप आज किसानी अलाभकारी व्यवसाय बन गई है। दूसरा प्रमुख कारण यह है कि किसानों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव एवं संगठन भावना की कमी के फल स्वरुप देशव्यापी जागरूक एवं सशक्त किसान संगठन आज तक खड़ा नहीं हो सका भारतीय किसान संघ की स्पष्ट मान्यता है कि किसानों की वर्तमान दयनीय स्थिति के लिए सरकारों की नीतियों से कहीं अधिक हम किसान भाई बहन जिम्मेदार हैं। किसान संघ जिलाध्यक्ष दीनदयाल मिश्र ने कहा कि अन्ना प्रथा तथा अन्य गोवंश के रखरखाव को सरकार सुनिश्चित करें। महामंत्री जगदीश प्रसाद पांडे ने कहा कि किसानों की उपेक्षा इस कदर हो रही है धान तथा गेहूं खरीद केंद्र में बिचोलियों के कारण किसान परेशान है तथा किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही है।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का है प्रयास : डीएम




- डीएम ने ट्रामा सेंटर में स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का किया स्थलीय निरीक्षण
- जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में ऑक्सीजन युक्त 25 बेड तैयार

संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी

**जन सामान्य** को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का किया जा रहा प्रयास उक्त बातें डीएम अमेठी अरुण कुमार ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट व आक्सीजन युक्त तैयार बेडों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही ।

जगदीशपुर स्थित ट्रामा सेंटर में बोइंग संस्था द्वारा स्थापित कराए गए ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का जिलाधिकारी अरुण कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि ट्रामा सेंटर में बोइंग संस्था द्वारा स्थापित कराए गए प्लांट का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है साथ ही ट्रामा सेंटर में 25 ऑक्सीजन युक्त बेड बनकर तैयार हो गए हैं जिसका जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस प्लांट से प्रतिदिन 200 एल0पी0एम0 ऑक्सीजन का उत्पादन हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डाक्टर अंकुर लाठर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष दुबे सीएचसी अधीक्षक जगदीशपुर डॉक्टर महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉक्टर आरएल यादव सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी समस्याएं

- शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें संबंधित अधिकारी:डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी व्यक्ति अपना कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयत, भूमि की पैमाइश शौचालय राशन आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एसपी सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में महिला की हुई हत्या, तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात रामपुर मजरे शेखपुर समोधा गांव में एक महिला की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। हत्यारे उसकी लाश को खेत में फेंक कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंचल उम्र 22 वर्ष पत्नी अशोक का विवाह चार वर्ष पूर्व उन्नाव जनपद के हिलौली गांव में हुआ था। इस दौरान आंचल को एक पुत्र हुआ। आंचल अपने ससुराल में न रहकर ज्यादातर मायके में ही रहती थी। आंचल का गांव के ही एक लड़के से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों की मानी जाए तो उनका कहना है कि रात में खाना खाकर आंचल सो गई। चर्चा यह भी है कि वह रात में अपने प्रेमी से मिलने गई और फिर इसी दरमियान उसकी निर्मम हत्या कर उसके शव को घर के पीछे फेंक दिया गया। यह वारदात लगभग दो बजे रात की बताई जा रही है।

## क्विक न्यूज

### एंबुलेंस हड़ताल के चलते समय से इलाज नहीं मिलने पर मरीज ने तोड़ा दम, मुख्यमंत्री का आदेश भी बेअसर

**श्रावस्ती।** इकौना थाना इकौना अंतर्गत ग्राम बैदौरा टंड़वा महंत निवासी मातादीन की एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल के चलते समय से इलाज नही मिल पाने पर वह जिंदगी की जंग हार गया। सोमवार देर रात जिला चिकित्सालय बहराइच मे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। ग्राम टंड़वा महंत के मजरा बैदौरा निवासी मातादीन पुत्र गंगा राम को सोमवार की सुबह गम्भीर हालत में सीएचसी इकौना लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर होने के चलते उसे जिला चिकित्सालय बहराइच रेफर किया लेकिन एंबुलेंस चालकों की हड़ताल के चलते एंबुलेंस नही मिल सकी इस कारण परिजन मरीज को समय से जिला अस्पताल बहराइच नही पहुंचा सके जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गयी किसी तरह परिजन पैसे का इंतजाम करके सोमवार शाम को मरीज को जिला चिकित्सालय लाये जहां देर रात इलाज के दौरान मातादीन की मौत हो गयी। अगर मरीज को सोमवार सुबह एंबुलेंस मिल जाती और उसे समय से जिला चिकित्सालय बहराइच पहुंचा दिया जाता तो समय से इलाज मिलने से शायद उसकी जान बच जाती। अन्य मरीजों को भी एंबुलेंस हड़ताल के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिवक्ता संघ ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**श्रावस्ती।** इकौना अधिवक्ता एवम उनके स्टाफव परिजनों की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संघ ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने इस संबंध मे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम इकौना कौ सौंपा। अधिवक्ताओ को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र ने बताया कि अधिवक्ता जरूरतमंदों को न्याय दिलाने की राज्य की अवधारणा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता आ रहा है। लेकिन सरकार द्वारा अधिवक्ता व उनके परिजनों की सुरक्षा संरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं जिससे आएदिन अधिवक्ता हमलों के शिकार होते रहते हैं लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती। पूर्व अध्यक्ष एण् केण् सिंह ने वकील उनके परिजनों व उनके स्टाफको सुरक्षा देने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग की दिलीप शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता लंबे अरसे से इस संबंध मे आवाज उठा रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज की सुरक्षा के लिए कानून न बना तो हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अधिवक्ताओं ने इस बावत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम आरपी चौधरी को सौंपा इस मौके पर महामंत्री श्रीधर द्विवेदी राम कुमार शुक्ला आशुतोष पाठक शब्बीर आलम न ईमी गौरव शर्मा प्रभाकर त्रिपाठी हशमत खान आदि मौजूद रहे।

### वित्तविहीन विद्यालय प्रबन्धक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए श्रावस्ती से की मुलाकात

**श्रावस्ती** भिनगा। उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबन्धक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए श्रावस्ती से की मुलाकात। प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष पुनीत कुमार मिश्र के नेतृत्व में मंगलवार को बीएसए प्रभुराम चौहान से मुलाकात की।इस दौरान निर्बल वर्ग के अंतर्गत होने वाले प्रवेश में अनियमिता की शिकायत की गई।प्रदेश अध्यक्ष मिश्र ने जिले के ग्रामीण अंचलो में चल रहे फर्जी स्कूलों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की।इस दौरान उक्त जिलाध्यक्ष तिरुपति नाथ ओझा जिला संरक्षक योगेंद्र कुमार मिश्र जिला उपाध्यक्ष धरणीधर विश्वकर्मा वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल यादव ब्लाक अध्यक्ष इकौना यादवेंद्र नाथ शुक्ल मौजूद रहे।

### जिला उद्योग बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आज

**अमेठी ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्रएअमेठी ने बताया कि जिला उद्योग बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 जुलाई को शाम 5.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में आहूत की गई है प् जनपद के सभी उद्यमियों को उद्योग स्थापना में किसी विभाग से कोई समस्या आ रही हो तो बैठक में उपस्थित होकर अपने समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

### गैंगस्टर के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**तिलोई अमेठी।** शिवरतनगंज पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को गैंगस्टर के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी के मुताबिक वांछितध्वारण्टी व देखभाल क्षेत्र के दौरान उ0नि0 उपेन्द्र प्रताप सिंह शिवरतनगंज मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना परमो0 कसीम पुत्र मो0 अनीस निवासी ग्राम चौधराना मजरे इन्हौना थाना शिवरतनगंज व सरफुद्दीन पुत्र समसुद्दीन निवासी मोहल्ला दक्खिन मजरे इन्हौना थाना शिवरतनगंज को इन्हौना चौराहे से मंगलवार सुबह उस समय गिरफ्तार किया गया जब दोनो कहीं भागने की फिराक में थे।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज धीरेंद्र सिंह ने बताया कि गैंगस्टर के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### आईटी एक्ट के तहत पुलिस ने किया मामला दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज बैंक आफबडौदा के एटीएम से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दूसरे के खाते से दस हजार रूपये धोखाधडी के जरिये निकाल लेने के बाबत पुलिस ने धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज किया है। मामले मे साकेत नगर लालगंज निवासी शाश्वत दीक्षित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दफा 60 के तहत हुयी कार्यवाही

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज पुलिस ने अवैध दारू बेचने वालों के खिलाफकार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार के निर्देश पर दरोगा मनोज कुमार ने गंगापुर बरस निवासी सोहन लोधी पुत्र बाल्हेश्वर के खिलाफदफा 60 की कार्यवाही की है।उसके पास से 20 लीटर अवैध दारू बरामद हुयी है।

### दुर्घटना में मौत के बाबत मुकदमा पंजीकृत

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज गेगासो मार्ग पर चालक सिपाही दुर्घटना में मौत के मामले में मृतक की नजदीकी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। दुर्घटना दो दिन पूर्व हुई थी। जानकारी के अनुसार फतेहपुर पीएसी में तैनात धर्मेन्द्र सिंह लखनऊ से फतेहपुर बुलेरो जीप से जा रहा था। सेमरपहा के पास सामने से आ रही फार्चुनर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। मृतक के नजदीकी रिश्तेदार सुजेश सिंह की तहरीर पर फार्चुनर नम्बर डीएल 10 सीएल 7148 के खिलाफ मामला पंजीकृत कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अपहरण का मामला दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे सोमवंसी मजरे अम्बारा पश्चिम गांव से गायब नाबालिग बालिका के मामले मे पुलिस ने हरिहरपुर थाना बिहार के नीरज पुत्र मुन्नू के खिलाफधारा 363,366 के तहत मामला दर्ज किया है।मामले मे गायब बालिका की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

## आजादी का अमृत महोत्सव-कारगिल विजय दिवस के रूप में हुआ सम्पन्न

संवाददाता। रायबरेली



**आजादी का** अमृत महोत्सव-कारगिल विजय दिवस मुंशीगंज शहीद स्मारक सहित जनपद के 8 शहीद स्थल सेहगों एवं राजामऊ, करहिया बाजार, दौलतपुर, सरेनी, गंगागंज, मन्हेरू, कोन्सा, शंकरपुर पर में शहीदों को नमन करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप प्रज्ज्वलन व दीपदान आदि अन्य कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहीद स्तम्भ पर दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ ही पुलिस बैंड द्वारा सारे जहाँ से अच्छा...........आदि राष्ट्र धुनों की आकर्षक प्रस्तुति कर शहीदों को शत-शत नमन किया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष, जिला विकास अधिकारी शोभनाथ चौरसिया, एसडीएम सदर अंशिका दीक्षित, डीडी सूचना प्रमोद कुमार आदि सम्बन्धित शहीद स्थलों के अधिकारियों द्वारा अमर शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर श्रद्धासुमन अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया।

जिला विकास अधिकारी शोभनाथ चौरसिया ने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्ष के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तत्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से कारगिल विजय दिवस कोरोना जागरूकता व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का आमजन द्वारा बढ़चढ़ कर देखा गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड पीएससी द्वारा सारे जहाँ से अच्छा सहित कई देश भक्ति दोनों को आकर्षक प्रस्तुति की गई। इस मौके पर सचिव विकास प्राधिकरण मौर्य, स्वतंत्रता संग्राम आश्रितों के परिजन अनिल मिश्रा, जेएस सेंगर, अमर बहादुर, शिव बाबू शुक्ला, बीके सिंह, समाजसेवी अनीता श्रीवास्तव, रीना सिंह, छाया सिंह आदि उपस्थित रहे। डीआईओएस व बीएसए आदि की उपस्थित में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रस्तुति की गई।जिला विकास अधिकारी एस0एन0 चौरसिया द्वारा बताया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ज्ञानरथ-प्रकाशन विभाग, भारत सरकार सूचना एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा विभिन्न चयनित स्थलों पर पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन आजादी की 75वीं वर्षगाठ पर गौरवगाथा-शहीदों के योगदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक जनपद व ग्रामणी स्तर पर आयोजित किये जायेगे। भारत सरकार के सूचना एवं संस्कृति विभाग प्रकाशन विभाग से ज्ञानरथ के लिए सम्पर्क किया जा रहा है। जिसे कारगिल विजय दिवस की भांति स्वतंत्रता दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाने के दौरान शहीद को नमन किया जायेगा।

## ब्लाक सभागार में हुआ परिषदीय शिक्षकों का सम्मान समारोह

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

**प्राथमिक शिक्षक** संघ शाखा शाहगढ के तत्वावधान में रिटायर्ड परिषदीय शिक्षकों का सम्मान समारोह और शिक्षोन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लाक सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार मिश्र प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद अमेठी और विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रूपा झा अनुपमा राव एवं अंशू बाजपेई द्वारा संयुक्त सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारसनाथ पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष व संचालन शाहगढ प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व जिला कोषाध्यक्ष शशांक शुक्ल ने किया। इस अवसर पर अब तक बी ई ओ रहे ओमप्रकाश मिश्र को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त बी ई ओ सुमन मिश्रा सहित शिवशंकर द्विवेदी प्रेमचन्द तिवारी राममिलन मौर्य हसरत उल्ला आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करने वाले व अन्य प्रमुख उपस्थित शिक्षकों में अरुण कुमार सिंह जिला मंत्री वीरेंद्र कुमार यादव जिला संयुक्त मंत्री ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादवए खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्राए विनोद कुमार यादव ब्लाक मंत्री रामबरन कनौजिया रामकृष्ण पांडेय रामहेत विवेक सिंहराजबहादुर शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश तिवारी राजेश गुप्ता आलोक तिवारी वैष्णवी शुक्ल धर्मेंद्र सिंह आदि रहे। नवनियुक्त बी ई ओ सुमन मिश्रा ने जहां शिक्षकों के कर्तव्य बोध दायित्व निर्वहन व्यक्ति की गरिमा पद की गरिमा को ध्यान रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं पूर्व बीईओ अपने अनुभवों को साझा किया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार मिश्र ने शिक्षकों से अपनी गरिमा को हमेशा ध्यान रखते हुए ब्लाक प्रमुख व नई बीईओ से क्षेत्रीय विद्यालयों की उचित देखभाल की अपेक्षा की।

## पेड़ लाते हैं धरा पर खुशहाली व देते हैं जीवजन्तुओं को संरक्षण

- पंचवटी विकास समिति के तत्वावधान में पर्यावरण एवं नैतिकता विषयक संगोष्ठी सम्पन्न

संवाददाता। लालगंज-रायबरेली

**पर्यावरण** के क्षेत्र में सक्रिय पंचवटी संस्था के बैनर तले पर्यावरण एवं नैतिकता विषयक संगोष्ठी आयोजित की गयी। विचारकों ने 'पर्यावरण एवं नैतिकता' विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त कर धरा पर जीवन की खुशहाली के लिए, पेड़ पौधों, जीव जंतुओं के संरक्षण व संवर्धन को आध्यात्मिक जीवन मूल्यों से जोड़ते हुए, प्रकृति की रक्षा को मानव जाति की स्वकीय रक्षा बताया। स्वामी अच्युत कृष्ण गोस्वामी (वृंदावन) ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि परमात्मा का साकार स्वरूप लता पुष्प, वन- कुन्ज आदि में सन्निहित है। इनकी सेवा साक्षात नारायण की ही सेवा है। प्रखर वक्ता यशवर्धन ने स्वास्थ्य हेतु स्वच्छ पर्यावरण को अपरिहार्य बताते हुए योग-आयुर्वेद तथा अध्यात्म की प्रासंगिकता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा मानव का अभय होना आवश्यक है। शैलेन्द्र मोहन ने भृष्टाचार मुक्त ,हरित परिवेश बनाने को भविष्य के भारत का सपना बताते हुए उस ओर बढ़ने का संदेश दिया। डॉ विनय भदौरिया ने कविता के माध्यम से आधुनिक विकास द्वारा हरीतिमा के विनाश का मार्मिक चित्र खींचते हुए, आगाह किया कि विनाश की कीमत पर हमें विकास नहीं चाहिए। आलोक मिश्र ने व पंचवटी विकास समिति के सचिव डॉ महादेव सिंह अभ्यागतों का स्वागत व कोषाध्यक्ष रामगुलाम सविता ने अभ्यागतों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चेकिंग के दौरान 400 ग्राम गांजा बरामद

ऊंचाहार,रायबरेली। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान अभियुक्त तेज बहादुर सविता पुत्र श्री नारायण निवासी खड़कपुर कुर्मियान थाना डलमऊ जिला रायबरेली के पास से पुलिस ने 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## स्वनिधि योजना के तहत नगर पंचायत कार्यालय में लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र



**बछरावां रायबरेली।** कोविड-19 से प्रभावित पटरी दुकानदारों को पुनः व्यापार शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना चलाई गई। जिसके तहत पटरी दुकानदारों को दस हजार रुपए का ब्याज रहित ऋण प्रदान किया जा रहा है। इसी योजना के तहत आज नगर पंचायत कार्यालय बछरावां में बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों के द्वारा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए व इस योजना के माध्यम से नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले पटरी दुकानदारों को जागरूक कर उन्हें पुनः व्यापार शुरू करने के लिए ऋण दिलाये जाने हेतु निवेदन भी किया। इस मौके पर मीडिया से मुखातिब होते हुए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह ने बताया कि पटरी दुकानदारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही इस कल्याणकारी स्वनिधि योजना के अंतर्गत वैश्विक महामारी कोविड-19 में प्रभावित पटरी दुकानदारों को दस हजार रूपए का ऋण पुनः व्यापार शुरू करने के लिए दिया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि ऋण देने के पश्चात जिन पटरी दुकानदारों के द्वारा निश्चित समय के अंदर ऋण जमा कर दिया जाएगा, उन्हें पुनः योजना के नियमों के अंतर्गत दुगुना ऋण मुहैया कराया जाएगा। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी पटरी दुकानदारों से निवेदन किया है कि आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आपके हित के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभ प्राप्त कर अपने व्यापार को बढ़ाने का काम करें। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, रोहित मौर्य, सौरभ कुमार, मंशू धानुक सभासद प्रतिनिधि कुवर वीरभान सिंह, कतेंद्र कुमार, बंशी लाल, भिखारी सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## कच्ची दीवार ढहने से मासूम समेत दंपती हुए घायल

- तहसील क्षेत्र के पूरे तुला मजरे सुदामापुर गांव का मामला, पति-पत्नी की हालत नाजुक

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**तहसील क्षेत्र** के पूरे तुला मजरे सुदामापुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक घर की कच्ची दीवाल अचानक जमींदोज हो गई। जिसमें खाना बना रही महिला समेत पति व उसके दो मासूम बच्चे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।जहां से हालत गंभीर होने पर घायल दम्पत्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मंगलवार की दोपहर गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे तुला मजरे सुदामापुर गांव निवासी गंगाराम अपनी पत्नी सुखरानी के साथ मंगलवार को खेतों में धान की रोपाई का कार्य कर रहे थे। दोपहर में काम बंद होने की वजह से परिवार समेत घर वापस आये। और पत्नी कच्ची दीवार पर रखे छप्पर के नीचे खाना बनाने लगी।और सुखराम भी बच्चों के साथ वहीं बैठ कर आराम करने लगा। इसी बीच कोठरी की कच्ची दीवार अचानक भरभरा कर ढह गई। जिसकी चपेट में आकर गंगाराम 40 वर्ष, उनकी पत्नी सुखरानी 38 वर्ष, बेटी दिव्या 4 वर्ष, तथा छोटा बेटा कार्तिकेय 2 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और मिट्टी के मलबे में दबे सभी घायलों को बाहर निकाला। जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया । जहां से गंगाराम व उनकी पत्नी सुखरानी की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं घटना की सूचना पाकर तहसीलदार अभिनव पाठक घायलों का हाल जानने सीएचसी पहुंचे और उन्हें मदद का आश्वासन दिया।सीएचसी अधीक्षक डॉ एम के शर्मा ने बताया कि दीवार गिरने की वजह से घायल चार लोग सीएचसी आए थे। जिनमें पति पत्नी की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## अंधेरे में डूबी रही ऊंचाहार की बीस हजार आबादी

**ऊंचाहार,रायबरेली।** मानसून की नाराज़गी के बीच बिजली की आपूर्ति बहुत बदतर हो गई है । बिजली को लेकर सरकार द्वारा तय किया गया शिड्युल धड़ाम हो चुका है । सोमवार की रात क्षेत्र के करीब बीस हजार की आबादी को बिजली नहीं मिल पाई है । ऊंचाहार क्षेत्र इस समय भारी बिजली संकट से जूझ रहा है । कहने को क्षेत्र में कुल पांच बिजली उपकेंद्र है । किन्तु बिजली की दशा बद से बदतर है । सोमवार की शाम को क्षेत्र के जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति अचानक ठप हो गई थी । उसके बाद क्षेत्र के अधिकांश गांव अंधेरे में डूब गए । जिसने गांव सावापुर , किरवा हार , नजनपुर , सवैयाधनी , गुलरिहा , दौलतपुर , बाहर पुर , रामसंडा , ईश्वरदास पुर , गनापी , पुरनशाह पुर , कमोली , किसुन दास पुर , रामपुर , रामदीन का पुरवा , रामचंद्र पुर समेत करीब चार दर्जन से अधिक गांवों भीषण गर्मी में बिना बिजली के परेशान हो गए । रात करीब दो बजे यहां की आपूर्ति चालू की गई , किन्तु दो घंटे बाद करीब प्रातः चार बजे फिर बिजली गुल हो गई । यह केवल एक दिन की बात नहीं है । यहां अक्सर यही हालत बने रहते है । इनके अलावा अन्य उपकेंद्रों की भी यही दशा है । तहसील उपकेंद्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति का शिड्युल है किन्तु यहां कभी भी आधे घंटे से ज्यादा निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल पा रही है । आधे घंटे बाद बिजली काट दी जाती है ।

### फसलों को बचाने की समस्या

**इस समय** खेतों में धान की फसल लगी हुई है । जिसको पानी की जरूरत है । बरसात न होने के कारण किसान सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर आश्रित है । बिजली मिल नहीं रही है । जिससे फसलों को जिंदा रखना किसानों के सामने बड़ी चुनौती है ।

## कोविड-19 :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सौंपी स्वास्थ्य सामग्री



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**वैश्विक महामारी** कोविड-19 व आगामी तीसरी लहर से बछरावां नगर व क्षेत्र वासियों के बचाव के लिए आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर हरबंस मिश्रा व उनकी टीम द्वारा उप जिलाधिकारी महाराजगंज सविता यादव व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ ए.के. जैसल की मौजूदगी में महामारी से बचाव में प्रयुक्त में आने वाली स्वास्थ्य सामग्री दो कंसंट्रेटर, दो बॉक्स सैनिटाइजर, 15 पैकेट फेस मास्क, दस ऑक्सीमीटर, दस थर्मल स्कैनर, 15 पैकेट सर्जिकल ग्लब्स व आम जनमानस को महामारी से जागरूक करने के लिए महामारी से बचाव के तरीकों से विज्ञापित आठ बैनर सौंपा। वहीं इसके साथ ही साथ महामारी से बचाव के लिए फैक्ट्री द्वारा क्षेत्रवासियों को सतत जागरूक किया जा रहा है व स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। वह इसी के साथ ही साथ क्षेत्र के लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मेडिकल फैसिलिटी सेंटर का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसकी शुरुआत फैक्ट्री के पास शीघ्र की जाएगी। जिससे आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सकेगी। वही इस मौके पर एन.बी. ओझा, देवीदास दिनकर, सौरभ शर्मा, जितेंद्र वर्मा, डॉक्टर हुमा कौशर, डॉक्टर आरके सैनी, एच ई ओ नंदलाल, फार्मासिस्ट वीके सैनी, विकास कुमार, दीपा मनराल, दीपा रावत, मिथिलेश पांडे व धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का डीएम-एसपी ने नाव में बैठकर लिया जायजा

- ग्रामीणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व लेखपालों को दी गई
- जनहित में राजस्व कर्मी अपने दायित्व का निर्वहन करें, लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी पायनियर

**घाघरा** नदी की बाढ़ से प्रभावित लोगो की जानकारी के लिए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह, तहसीलदार रत्नेश चतुर्वेदी व राजस्व टीम के साथ मंगलवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर प्रभावित लोगो से सीधे वार्ता की गई। वर्तमान में तहसील धनघटा में 12 राजस्व ग्राम बाढ़ से प्रभावित है इनमें से सियाराम अधीन सिंह, कंचनपुर, कठहाखैरगाड़ व गायघाट का निरीक्षण गांव में नाव से पहुँचकर किया गया। वर्तमान में इन गांवो के आवासित लोगो के मजरे तक पानी का प्रवाह नही है किन्तु इन मजरों तक पहुचने वाले रास्तों पर पानी का प्रवाह है। लोगों के आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए स्थानीय तहसील प्रशासन ने कुल 17 नावों को इस कार्य हेतु लगाया है। उपस्थित ग्रामवासियों ने यह अवगत कराया कि वर्तमान समय में उन्हें किसी आधारभूत संसाधन की कोई समस्या नही है। अपने निरीक्षण में जिलाधिकारी ने गायघाट के किशोरी का मजरा, श्यामदेव का मजरा का निरीक्षण किया और जोखन के उस मजरे तक पहुची जहॉं घाघरा की मुख्य धारा करीब होने के कारण कटान की स्थिति है। जिलाधिकारी ने इस मजरे के सभी लोगों से अपील की कि वे भविष्य के खतरे के दृष्टिगत तत्काल इस स्थान को सपरिवार छोड़ दे और स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा बनाये गये राहत शिविर में रहें जिससे कि कटान की परिस्थिति में जनहानि की संभावना न हो। उपस्थित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को यह निर्दिष्ट किया गया कि ग्राम प्रधान व लेखपाल के माध्यम से कटान प्रभावित परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुचाया जाय। इस निरीक्षण में जिलाधिकारी ने आगनबाड़ी व आशा बहुओं को आदेशित किया कि अवयस्क बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए अवगत कराये। वृद्व एवं रोग पीड़ित लोगो की सुरक्षा के बावत मेडिकल टीम को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## प्रभारी मंत्री आज करेंगे ब्लाक का निरीक्षण, कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाददाता। बस्ती

**ग्राम्य** विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ''मोती सिंह'' 28 जुलाई को पूर्वान्ह 11.30 बजे सर्किट हाउस आएंगे। होटल बाला जी प्रकाश में अपरान्ह 12.05 बजे कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी विशिष्टजन ने दी है।

बताया कि प्रभारी मंत्री अपरान्ह 1.45 बजे विकास खण्ड कार्यालय सदर, जिला चिकित्सालय का निरीक्षण, 3 बजे विकास खण्ड कार्यालय कप्तानगंज, सीएचसी एवं थाना कप्तानगंज का निरीक्षण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। 4.20 बजे हर्रैया विकास खण्ड कार्यालय, सीएचसी एवं थाना का निरीक्षण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। सायं 5.40 बजे विकास खण्ड कार्यालय विक्रमजोत, सीएचसी विक्रमजोत, थाना छावनी का निरीक्षण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के उपरांत 6.40 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गबन के आरोपी पालिका के दो बाबुओं को मिला अभयदान

- ईओ की सस्तुति के बाद भी 'चेयरपर्सन' ने नहीं किया निलंबित
- मात्र पटल से हटाकर कर दी गई खानापूर्ति

संवाददाता। बस्ती

**नगर** पालिका परिषद में भ्रष्टाचारियों के खिलाफकार्रवाई करना आसान नहीं होता। सरकारी धन का गबन जैसे अन्य हेराफेरी के आरोपी के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की जाती, बल्कि उन्हें अभयदान दे दिया जाता है। अभयदान मिल जाने के बाद फिर वहीं कर्मचारी गलत कार्यो में यह सोचकर लिप्त हो जाता है, कि उसका कुछ नहीं होगा। यहां तक कि अधिषाषी अधिकारी की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है, जिसके चलते अधिकारियों में निराशा है, और वह सोचकर अन्य भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं, कि जब दंडित ही नहीं होना है, तो क्यों वह अपने कर्मचारियों के दुष्मन बने। अधिकारी खुलकर इसलिए विरोध नहीं करना चाहते, क्यों कि इसका प्रभाव पालिका के कामकाज पर पड़ेगा, बदनामी अलग से होगी। यही कारण है कि पालिका में भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही ले रहा है। बात हो रही है, नकल की फीस में गबन और दाखिल खारिज जैसे मामलों में मनमानी करने वाले बाबू अश्वनी श्रीवास्तव और बिपुल शुक्ल की। इन दोनों को निलंबित करने की पत्रावली ईओ के जरिए जब चेयरपरसन के पास पहुंची तो काफी दिनों तक कार्रवाई करने में हीलाहवाली की गई, जब कार्रवाई का दबाव बना तो निलंबित करने के बजाए दोनों को पटल से हटाकर उन्हें कार्यालय में अटैच कर दिया गया, और उनके स्थान पर षुभम यादव और अमित षुक्ल की तैनाती कर दी गई, हांलाकि गबन किए धनराषि को जमा भी करवा दिया गया। इस मामले में जब ईओ अखिलेष त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि दोनों को पटल से हटा दिया गया है, और गलत इरादे से दाखिल खारिज की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई। निलंबन के सवाल पर चुप्पी साध ली। चेयरपरसन रुपम मिश्रा का पक्ष जानने के लिए उनके कार्यालय गया मुलाकात नहीं हुई, उनके मोबाइल नंबर 884064491 पर सम्पर्क का प्रयास किया गया, मगर कोई रिस्पांस नहीं मिला। रिस्पांस मिलने पर प्रकाषित कर दिया जाएगा। नगर पालिका में वर्षो से एक काकस काम कर रहा है, जो अपने लाभ के लिए चैयरमैन या चेयपरसन के आगे पीछे घूमते है। पालिका के कार्यो में इनकी दखलंदाजी किसी चेयरमैन से कम नहीं होती। किसको ठेका देना है, किसका भुगतान होना और किसे दंडित करना या नहीं करना हैं, हर मामले में इनकी दखलदांजी रहती है। हालांकि इनकी दखलंदाजी को लेकर ठेकेदार और सभासद विरोध जता चुके है। चेयरपरसन के पति स्व. पुष्कर मिश्र के जाने के बाद यह लगने लगा था, कि काकस का अंत हो जाएगा। मगर लोगों की माने तो काकस कमजोर होने के बजाए और अधिक मजबूत हो गया। भले ही ऐसे लोगों को चेयरपरसन सलाहकार बताए, मगर यह सच किसी से छिपा नहीं है।

# जीजा ने धारदार हथियार से प्रहार कर साली को मार डाला

- सम्पत्ति विवाद में हुए हमले में साली का बेटा, छोटी साली घायल

संवाददाता। बस्ती

**कलवारी** थाना क्षेत्र के गोसैसीपुर में सम्पत्ति विवाद को लेकर एक जीजा ने अपनी साली की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। बचाव में आई छोटी साली और मृतका का पुत्र भी हमले में घायल हो गया। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कलवारी थाना क्षेत्र के गौसेसीपुर निवासी सीताराम की तीन पुत्रियां हैं। उन्होंने अपनी सम्पत्ति तीन पुत्रियों कुसमा देवी, कुषलावती देवी, इषलावती देवी के नाम बराबर-बराबर बैनामा कर दिया। लेकिन घर के बगल स्थित जमीन के कुछ हिस्से को लेकर कुसमा देवी के पति रामफेर और कुषलावती देवी के पति राम सरन के बीच कब्जेदारी को लेकर विवाद की स्थिति बनी रही। इसी जमीन पर कब्जेदारी के विवाद को लेकर रामफेर ने कुछ लोगों के साथ सोमवार की देर रात कुषलावती के घर पर हमला बोल दिया। बहन इसलावती बीच बचाव करने आई तो उन पर भी प्रहार कर दिया। कुसलावती पर धारदार हथियार से हमला करता देख उसका बेटा अंगद और छोटी बहन इसलावती हमले में घायल हो गई।

## कुआनो पुल की रेलिंग से फंदे से झूल गया युवक,मौत

**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के बानपुर निवासी 45 वर्षीय एक युवक ने आर्थिक तंगी के चलते कुआनों नदी के बानपुर बड़ेपुल से रेलिंग पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुल से रेलिंग के सहारे फंदे से लाष लटकती देख सनसनी फैल गई। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ लालगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि बानपुर निवासी 45 वर्षीय राजेन्द्र चौहान काफी समय से आर्थिक तंगी का षिकार था। उसकी पत्नी फूलमती ने जानकारी दी है कि उसकी बीमारी, बच्चों के बड़े होने और आर्थिक तंगी के चलते उसका पति कफी परेषान रहता था। इसी के चलते उसने कुआनों नदी के बानपुर बड़े पुल से फंदे से लटककर जान दे दी।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार,पैर में लगी गोली

संवाददाता। बस्ती



**एसओजी** एवं पैकोलिया थाना पुलिस ने एक संयुक्त मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी बदमाष घनष्याम को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की भोर में कठवतिया सांवडीह तिराहे के पास टीम ने घेराबन्दी कर उसे पकड़ना चाहा तो उसने फायर कर दिया। उसके द्वारा असलहे से की गई फायरिंग में एसओजी के हेड कांस्टेबल दिलीप को गोली लग गई। जवाबी कारवाई में 25 हजार के इनामी परसरामपुर थाना क्षेत्र के बेनीपुर निवासी घनष्याम को पैर में गोली लगने के बाद पकड़ा गया। घायल सिपाही और बदमाष को उपचार के लिए निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल के एि रेफर कर दिया। पकड़े गए बदमाष के पास से बिना नम्बर की एक मोटर साईकिल, 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है।

एसपी आषीष श्रीवास्तव ने बताया कि कार से कच्ची शराब लेकर जाते 23 जून को उसके दो साथियों को इमिलियाधीष गांव नहर पुलिया के पास से पकड़ा गया था, लेकिन घनष्याम पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बताया कि घनष्याम का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास है। उसके विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपराध से अर्जित सम्पत्तियों को कुर्क कराने की भी कार्रवाई होगी।

## क्विक न्यूज

### मंच पर छा गए कलाकार, जीवन्त हुए पारम्परिक गीत

**बस्ती।** गनेशपुर के डा0 एपीजे अब्दुल कलम साइंस एकेडमी परिसर में तीन दिवसीय अवधी, भोजपुरी कार्यषाला एवं लोकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश यादव ने कहा कि भोजपुरी, अवधी भाषा की मिठास, कला, लोक संस्कृति भारत सहित विश्व के अनेक देशों में लोगों की जुबान पर है। हमें अपनी कला, संस्कृति को समृद्ध करना होगा जिससे आने वाली पीढी अपने अतीत के स्वर्णिम अध्याय से जुड़ सके। लक्ष्मी ग्रामीण विकास सेवा संस्थान द्वारा भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय अवधी, भोजपुरी कार्यशाला में विद्वानों के विचार और लोक कलाकारों के प्रस्तुतियों की धूम रही। माटी में रचे बसे कलाकारों ने पारम्परिक गीतों की छटा बिखेरी। लोक गायक रामभवन यादव, नरेन्द्र, अनीषा वर्मा, प्रिया, वीरेन्द्र, रिमझिम, प्रियंका, प्रमिला, नेहा यादव, संदीप कुमार और साथियों ने भोजपरी एवं अवधी में सोहर, विवाह गीत, खेती किसानी से जुड़े गीत, कजरी के साथ ही विदेशिया गीतों की प्रस्तुतियां दी। संस्थान की प्रबंधक सुमन श्रीवास्तव ने अतिथियों, कलाकारों, श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार यादव, पूर्व प्रधान हीरालाल, विश्वनाथ, प्रदीप यादव, सुप्रिया श्रीवास्तव, पप्पू चौधरी, सन्तोष कुमार सोनी, सार्जन यादव, अलाउद्दीन, सत्य प्रकाश, नरेन्द्र गुप्ता, शम्भू गुप्ता, राजकरन व अन्य मौजूद रहे।

### किसानों की सुविधा के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**संतकबीरनगर।** जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने जनपद के समस्त किसान भाईयों के उर्वरक से सम्बंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान हेतु विकास भवन स्थिति जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रात: 08 बजे से सायं 08 बजे तक सक्रिय कन्ट्रोल रूम का नम्बर 9555532682 हैं इस पर किसान भाई उर्वरक की उपलब्धता एवं इससे सम्बंधित अन्य किसी भी समस्या होने पर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है।

### पांच लोगों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पति सहित पांच लोगों ने विवाहिता के मायके आकर मारपीट करते हुए गला दबाकर हत्या करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी दुर्गा चौरसिया पुत्री सुरेश चंद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 18 जुलाई की शाम नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित अपने मायके में थी। उसी समय उसके पति गौरव चौरसिया पुत्र आनंद चौरसिया निवासी मोहल्ला बजरिया थाना तालग्राम अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उसके मायके में आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से उसके गले में पड़ा दुपट्टा दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दबंगों ने पुत्रों व पुत्रियों सहित पिता को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जमीनी विवाद को लेकर एक किसान व उसके पुत्रों सहित पुत्रियों को गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गदनापुर चौधरी निवासी बादाम सिंह पुत्र दुलारे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार को वह अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय गांव के ही किशनपाल, नीरज, छोटा, जीतू आए और जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए पुत्रों अखिलेश व निखिल एवं पुत्रियों रुचि व रूबी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चकोर गली को आखिर कब मिलेगी जलभराव से निजात

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के तिराहा पर कई दशकों पुराने बने जीटी रोड क्रास पुलिया एवं मुख्य नाले पर स्थाई अतिक्रमण होने के कारण व मुख्य नाले की सफाई न होने पर हल्की बारिश में ही चकोर गली सहित तिर्वा रोड वासियों को बरसात के मौसम में जलभराव का दंश झेलना पड़ रहा है। जबकि पालिकाध्यक्ष का आवास भी इससे अछूता नहीं रहता है। ज्ञात हो कि नगर के तिर्वा रोड के अधिकांश भाग सहित चकोर रोड हल्की बारिश में ही जलमग्न हो जाता है। जिससे नागरिकों के घरों में कीचड़ युक्त जल भर जाता है। जिससे नागरिकों के समक्ष आवागमन सहित कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। इसका प्रमुख कारण है तिराहा पर बनी तीन टर्नल वाली पुलिया। जिसका एक टर्नल पूर्ण रूप से बंद हो चुका है। जबकि दूसरा बंद होने की कगार पर है एवं मुख्य नाले पर स्थाई अतिक्रमण होने के कारण पालिका सफाई कर्मी मुख्य नाले की ठीक ढंग से सफाई कार्य नहीं कर पाते हैं। जबकि नगर के प्रथम व्यक्ति पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य का निवास स्थान भी चकोर रोड पर है।

### जलभराव से नागरिक हुये परेशान, लगाई चेयरमैन से गुहार

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर पंचायत समधन के वार्ड लोहिया नगर के रिहुआ में तालाब के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे तालाब के आसपास बने मकानों के लोगों को गंदगी के चलते संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बना हुआ है। दरअसल रिहुआ में दो वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रुबीना बेगम के निर्देश पर ठेकेदारों द्वारा शौचालय का निर्माण कराया गया था। लाखों रुपए की कीमत से तैयार हुआ सुलभ शौचालय सफेद हाथी साबित होता जा रहा है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि जब से शौचालय बनाया गया है। अभी तक इसका शुभारंभ भी नहीं हुआ है और इसके अंदर घास व गंदगी का राज है।

## आज होगा पुलिसकर्मियों का सम्मान समारोह

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत दिनों पूर्व खाद व्यवसाई एवं उसके कर्मचारी के अपहरण के मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे में घटना का अनावरण करने सहित 10 दिन में सभी आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने के सराहनीय कार्य के चलते समाजसेवी, भाजपा नेताओं व व्यापारी नेताओं द्वारा पुलिस उच्चाधिकारियों सहित कोतवाल एवं पुलिस कर्मियों के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता एवं अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं शिवम राज वर्मा ने देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन के सराहनीय कार्य के लिए एसपी, एएसपी, सीओ, कोतवाली प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से बुधवार को चार बजे कोतवाली परिसर पहुंचने की अपील की है।

# सपा कार्यकर्ता एकजुटता के साथ घर-घर बतायें अखिलेश के कार्यः सिद्धार्थ

- पार्टी कार्यालय मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह का हुआ स्वागत

संवाददाता। संतकबीरनगर


सिद्धार्थ सिंह का स्वागत करते सपाई पायनियर

**समाजवादी** पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह संगठन की कमेटी विस्तार एवं समीक्षा के लिए मंगलवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आए। जिनका कार्यकर्ताओं तथा नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से जीत कर सरकार बनाने जा रही है और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खाँ, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, सपा वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष के. डी. यादव, प्रदीप सिंह सिसोदिया, श्याम जी विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य मुहम्मद अहमद, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र यादव, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष अजीम खान, महेश गुप्ता, शकुंतला यादव, नित्यानंद यादव, ग्राम प्रधान आटाकला एखलाक अहमद, कौशल चौधरी, मनोहर सिंह सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला अस्पताल में आशाओं का कब्जा, अस्पताल प्रशासन लाचार

**बस्ती।** पीएचसी और सीएचसी पर तैनात 'आशा' सरकारी काम को छोड़कर हर वह काम करती है, जिसमें उनका आर्थिक लाभ होता है। आर्थिक लाभ के लिए किसी गरीब गर्भवती महिला के जीवन के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं हिचकती। इनके अनियमित कार्यो पर लगाम लगाने का काफी प्रयास हुआ, मगर सफल नहीं हुआ, यहां तक कि प्रषासन भी इनसे हार गया है। एक तरह से आषाओं का एक गिरोह कार्य कर रहा हैं, जो महिला अस्पताल आकर गरीब गर्भवती महिलाओं को बेहतर इलाज का झांसा देकर उन्हें बहला फुसलाकर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाती है। जिन गरीब महिलाओं का नि:षुल्क डिलीवरी होना चाहिए, उसके लिए उसे 10 से 20 हजार खर्च करना पड़ता है। इस तरह की अधिकतर महिलाओं को बच्चे की जान का हवाला देकर जबरिया आपरेषन के जरिए डिलीवरी करवाई जाती हैं, अधिक कमाई के लिए ऐसी महिलाओं का आपरेषन किया जाता, जिनकी डिलीवरी आसानी से सामान्य तरीके से हो सकती है। कई बार तो इसके चक्कर में कई गरीब महिलाओं और उनके बच्चे की जान भी जा चुकी है। यह गिरोह इतना षक्तिषाली है कि इस पर हाथ डालने से पुलिस भी घबड़ाती है। सीएमएस डा. सुषमा सिन्हा कहती है कि वह इस काकस को समाप्त करने के लिए सारे उपाय कर चुकी हैं, पुलिस का सहारा भी ले चुकी हैं, मगर इसे समाप्त नहीं किया जा सका। कहती है कि संबधित पीएचसी और सीएचसी के एमओआईसी को कई बार लिखा गया कि इन्हें यूनिफार्म में अस्पताल भेजा जाए, मगर कोई भी आषा यूनिफार्म में नहीं आती, इस लिए उनकी पहचान नहीं हो पाती। कहती है कि अगर एमओआईसी चाह जाएं तो गरीब महिलाओं का शोषण बंद हो सकता है।

## साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए: डीएम

**कन्नौज।** साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। अस्पताल में भर्ती कैदियों को कामजोरी की हालत में भुना चना एवं गुड़ दिया जाए। भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कैदियों द्वारा बताई जाने वाली परेशानियों को सुनकर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के साथ जिला कारागार अनौगी का औचक निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियो को दिए। उन्होंने जेल में कैदियों के संबंध में जानकारी की जिसमें बताया गया कि कुल 918 कैदी कैद हैं ,जिसमें से 18 मरीजों को चिकित्सालय बैरक में रखते हुए चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें 14 सामान्य मरीज 02 टी0बी0 के मरीज एवं 02 तन्हाई वार्ड के मरीजों को चिकित्सीय सुविधा मुहैया की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नियमित चिकित्सीय जांच एवं नियमित रूप से मास्क का प्रयोग किया जाए एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने चिकित्सीय बैरक में कैदियों से उनकी तकलीफव बीमारी पूछी एवं मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी की जिसमें बताया गया की चिकित्सक नियमित रूप से स्वयं देखते हैं एवं मर्ज के अनुसार समय से औषधि भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने शारिरिक रूप से कमजोर कैदियों को गुड़ एवं भुना चना दिए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कारागार में उपस्थित रसोई घर का भी निरीक्षण किया, उन्होंने अन्य बैरेक में रखे गए कैदियों से भी दिए जाने वाले भोजन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी की जिसमें सभी कैदियों द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। उन्होंने जेल अधीक्षक को नियमित सैनिटाइजेशन एवं साफ सफाई किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व कारागार के अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

# धनघटा थाने में तैनात दरोगा रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

- गोरखपुर एंटी करप्शन टीम ने शिकायत पर की कार्रवाई

संवाददाता। संतकबीरनगर


एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आरोपी दरोगा पायनियर

**गोरखपुर** एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति के बाद गोपनीय तरीके से धनघटा थाने में तैनात उपनिरीक्षक को 10 हजार रूपये रिश्वत लेते उसके आवास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान हाथापाई की भी नौबत आ गई। जिसमें आरोपी अभियुक्त व एंटी करप्शन टीम के बीच जमकर हाथापाई हुई। एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को पकड़कर खलीलाबाद कोतवाली में लाकर विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्त दरोगा राममिलन यादव के विरूद्व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गोरखपुर न्यायालय के लिए टीम लेकर चली गई। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एण्टी करप्शन टीम गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक रामधारी मिश्र ने बताया कि धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमा खान निवासी अब्दुल्ला खान पुत्र इस्मत हुसैन ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा उच्चाधिकारियों के आदेश पर दर्ज हुआ था। उक्त मुकदमे में चार्जशीट लगाने के लिए धनघटा थाने में तैनात उपनिरीक्षक राम मिलन यादव लगातार घूस की मांग कर रहे हैं और मुकदमे में चार्जशीट नहीं लगा रहे हैं। शिकायत की प्रारंभिक जांच की गई तो मामला पुष्ट हुआ। एण्टी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक रामधारी मिश्र ने बताया कि दोपहर में शिकायतकर्ता अब्दुल्ला खान दो-दो हजार के पांच नोट के साथ आरोपी दरोगा को मांगी गई घूस की रकम देने के लिए भेजा गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी से मिलकर दो स्वतंत्र गवाह देने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी और खाद्य सुरक्षा विभाग के एक कर्मचारी को स्वतंत्र गवाह के रूप दिया। गवाहों की उपस्थिति में दरोगा राम मिलन यादव को उसके आवास पर घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन आरोपी दरोगा गाड़ी पर बैठने को तैयार नहीं हो रहा था जिसे बलपूर्वक गाड़ी में बैठाया गया। पूछने पर उन्होंने बताया कि दरोगा को खलीलाबाद थाने पर लाने से रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने मुखलिसपुर चौकी तथा नाथनगर में बैरियर लगाकर टीम को रोकने का प्रयास किया लेकिन एण्टी करप्शन टीम की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस वाले उन्हें रोकने में सफल नहीं हो सके।

# मुक्केबाज लवलीना क्वार्टरफाइनल में

## बैडमिंटन में भारतीय जोड़ी जीत के बावजूद बाहर

- शरत कमल, सौरभ चौधरी, मनु भाकर हारे

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के लिए निशानेबाजी में सबसे बड़ी पदक उम्मीद मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी के नाकाम रहने से पदक का इंतजार मंगलवार को भी जारी रहा, जबकि महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की पहली मुक्केबाज बनी। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दुर्भाग्यशाली रही और पुरुष युगल के तीसरे मैच में दूसरी जीत दर्ज करने के बावजूद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।



जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज से मुकाबला करतीं भारत की लवलीना



सौरभ चौधरी

टेबल टेनिस के पुरुष एकल के तीसरे दौर में अनुभवी शरत कमल ने गत विश्व और ओलंपिक चैंपियन चीन के मा लोंग के खिलाफ शिकस्त के बावजूद अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। भारत के लिए दिन का पहला नतीजा असाका रेंज से आया। सौरभ चौधरी और मनु भाकर की जोड़ी को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन क्वालीफिकेशन के पहले चरण में शीर्ष पर रहने के बाद दूसरे चरण में यह जोड़ी लय में नहीं दिखी और आखिर में उन्हें 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

इस भारतीय जोड़ी ने पहले चरण में 582 अंक बनाए थे। सौरभ और मनु ने शुरू में कुछ उम्मीदें जगाई थी लेकिन सौरभ को मनु से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला जिससे टीम की पदक की उम्मीदें समाप्त हो गई। सौरभ ने दूसरे चरण में 194 (96 और 98) अंक बनाए लेकिन मनु 186 (92 और 94) अंक ही बना सकी। इस तरह से यह भारतीय जोड़ी 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल की एक अन्य भारतीय जोड़ी इस स्पर्धा के पहले चरण में 564 अंक के साथ 17वें स्थान पर रहने के कारण शुरू में ही बाहर हो गई। चोटी की आठ टीमें ही दूसरे चरण के क्वालीफिकेशन में प्रवेश करती हैं। भारत की दो जोड़ियों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी हिस्सा लिया था लेकिन वे क्वालीफिकेशन के पहले चरण से भी आगे नहीं बढ़ पाई।

इलावेनिल वालारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार की जोड़ी 626.5 अंक बनाकर 12वें तथा अंजुम मोदगिल और दीपक कुमार की जोड़ी 623.8 अंक बनाकर 29 जोड़ियों के बीच 18वें स्थान पर रही। ओलंपिक में पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। मुक्केबाजी रिंग में उतरने वाली लवलीना मंगलवार को एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहीं और उन्होंने प्रशंसकों को निराश नहीं किया।

पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही लवलीना प्रीक्ववर्टर फाइनल में जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर भारत की नौ सदस्यीय टीम से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनी। बैडमिंटन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने मुसाशिनो फॉरेस्ट स्पोर्ट्स प्लाजा में ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 44 मिनट चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की। चीनी ताइपे की यैंग ली और ची लिन वैंग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने हालांकि मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को 21-18, 15-21, 21-17 से हरा दिया जिससे सात्विक और चिराग टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

भारत, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे तीनों जोड़ियों ने दो-दो जीत दर्ज की थी लेकिन चीनी ताइपे और इंडोनेशिया की जोड़ियां ग्रुप चरण में गेम जीतने और हारने के बीच बेहतर अंतर के कारण शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में पहुंचने में सफल रही। इंडोनेशिया की जोड़ी का गेम अंतर प्लस तीन, चीनी ताइपे का प्लस दो और भारत का प्लस एक रहा।



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जापान | 10 | 3 | 5 | 18 |
| 2. | अमेरिका | 9 | 8 | 8 | 25 |
| 3. | चीन | 9 | 5 | 7 | 21 |
| 4. | रूस | 7 | 7 | 4 | 18 |
| 5. | ब्रिटेन | 4 | 5 | 4 | 13 |
| 6. | द. कोरिया | 3 | 2 | 5 | 10 |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 8. | कनाडा | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 9. | फ्रांस | 2 | 2 | 3 | 7 |
| 10. | जर्मनी | 2 | 0 | 3 | 5 |
| 39. | भारत | 0 | 1 | 0 | 1 |

# रूपिंदर ने दागे दो गोल भारत ने स्पेन को हराया

- भारत का अगला मुकाबला गत चैंपियन अर्जेंटीना से

**भाषा** । टोक्यो

**ड्रैगफ्लिकर** रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में करारी शिकस्त से उबरकर जोरदार वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक की पुरुष हाकी स्पर्धा के पूल ए में मंगलवार को यहां अपने तीसरे मैच में स्पेन को 3-0 गोल से हराया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ भारत की ओर से रूपिंदर (15वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि सिमरनजीत सिंह (14वें मिनट) ने एक गोल दागा।



दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर विजयी शुरुआत की थी, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में उसे 1-7 की करारी हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन की टीम अब तक टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। टीम ने अपने पहले मैच में अर्जेन्टीना से 1-1 से ड्रा खेला था जब दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-4 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत अपने अगले मैच में गुरुवार को गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना से भिड़ेगा।

मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया और शुरुआती 10 मिनट में गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखने में सफल रही। टीम हालांकि गोल करने का कोई वास्तविक मौका नहीं बना पाई। नौवें मिनट में भारत को बढ़त बनाने का मौका मिला लेकिन मनप्रीत के पास को सिमरनजीत गोल के अंदर डालने में विफल रहे। स्पेन की टीम धीरे-धीरे लय में लौटी और टीम ने 12वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जो बर्बाद गया। पहले क्वार्टर के अंतिम लम्हों में भारत ने हमले तेज किए। टीम को इसका फायदा भी मिला जबकि स्पेन के रक्षण की कमजोरी का फायदा उठाकर अमित रोहिदास के पास पर सिमरनजीत ने गोलकीपर क्विको कोर्टेस को छकाकर गोल दाग दिया। भारत को अंतिम मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले। तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के शॉट पर गेंद स्पेन के डिफेंडर से टकराई और भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे रूपिंदर ने गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

दो गोल से पिछड़ने के बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया और अधिकांश समय खेल भारतीय हाफ में खेला गया। स्पेन को दबाव की रणनीति का फायदा तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने विरोधी टीम के सभी हमलों को नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से नाकाम रहे अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश स्पेन के खिलाफ गजब की लय में दिखे और उन्होंने विरोधी टीम के कई हमलों को विफल किया। दो गोल की बढ़त के बाद भारतीय टीम चौथे और अंतिम क्वार्टर में रक्षात्मक खेल दिखाकर संतुष्ट थी। स्पेन ने इस बीच दबाव डालना जारी रखा।

भारत को 51वें मिनट में मैच का चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे रूपिंदर ने गोल में बदलकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। स्पेन ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को 53वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन ड्रैगफ्लिकर पाउ क्युमादा श्रीजेश की अगुआई वाली भारतीय रक्षा पंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। स्पेन को अंतिम मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार भी श्रीजेश ने क्युमादा के प्रयास को नाकाम कर दिया।

### ब्रिटेन के खिलाफ मौके बनाने होंगे महिला टीम को

**टोक्यो**। अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को यदि टोक्यो ओलंपिक के अगले मैच में बुधवार को यहां मौजूदा चैंपियन ब्रिटेन को हराना है तो उसे मौके बनाने होंगे और उन्हें अच्छी तरह से भुनाना होगा। विश्व में नंबर एक नीदरलैंड से 1-5 की करारी हार झेलने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पूल ए के अपने अगले मैच में तीसरे नंबर के जर्मनी के खिलाफ अपने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन फिर भी उन्हें 0-2 से हार झेलनी पड़ी। भारत ने जर्मनी के खिलाफ गोल करने के मौके बनाए लेकिन अग्रिम पंक्ति में पैनापन नहीं दिखा। एक अवसर पर वंदना कटारिया का शॉट गोलपोस्ट से भी टकराया था। टीम को सबसे अधिक नुकसान पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर पाने से हुआ था। पहले दोनों मैच गंवाने से भारतीय महिला छह टीमों के पूल एक में सबसे निचले स्थान पर है। नीदरलैंड शीर्ष पर है। उसके बाद जर्मनी, ब्रिटेन, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है। आयरलैंड ने दो मैचों में एक जीत दर्ज की है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच गंवाए हैं लेकिन अफ्रीकी टीम गोल अंतर में आगे है।



टोक्यो ओलंपिक में चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्रोसोवा से हार के बाद निराश जापान की नाओमी ओसाका

## रूस ने जिम्नास्टिक में अमेरिका का दबदबा तोड़ा

**भाषा** । टोक्यो

**अमेरिका** को अपनी धुरंधर जिम्नास्ट सिमोन बिलेस के बाहर होने का खामियाजा भुगतना पड़ा और रूस ने टोक्यो ओलंपिक की महिला जिम्नास्टिक टीम स्पर्धा में अमेरिकी दबदबे को तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। रूस ने अजेय मानी जा रही अमेरिकी टीम को 3-5 के अंतर से हराया जो काफी बड़ा अंतर है। इससे एक दिन पहले ही रूस की पुरुष टीम ने भी इस स्पर्धा का फाइनल जीता था। डोपिंग प्रकरण के कारण रूस ओलंपिक में अपने देश के नाम , ध्वज या राष्ट्रगीत का प्रयोग नहीं कर सकता। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूसी टीम ने पहली बार ओलंपिक जिम्नास्टिक का स्वर्ण जीता है। इससे पहले ओलंपिक चैम्पियन जिम्नास्ट बिलेस बीच में ही फाइनल्स से बाहर हो गई थी और अमेरिका जिम्नास्टिक्स ने इसके पीछे मेडिकल कारणों का हवाला दिया है।

# दूसरा टी-20 मैच स्थगित, कोरोना पाजिटिव कृणाल सीरीज से बाहर

- अब 18 को खेला जाएगा मुकाबला

**भाषा** । कोलंबो

**हरफनमौला** कृणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को होने वाला दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया जबकि कृणाल सात दिन के पृथकवास के साथ श्रृंखला से बाहर हो गए। श्रीलंका के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कृणाल 30 जुलाई को भारतीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ स्वदेश लौट नहीं सकेंगे। उन्हें अनिवार्य पृथकवास पूरा करके नेगेटिव आरटी पीसीआर का इंतजार करना होगा। तीसरा और आखिरी टी-20 मैच गुरुवार को होगा। तीन मैचों की यह श्रृंखला होगी क्योंकि कुछ और मामले भी आने पर भारतीय टीम के पास नेगेटिव आरटी पीसीआर के साथ इतने खिलाड़ी हैं कि टीम उतारी जा सकती है। कृणाल मंगलवार को पॉजिटिव पाए गए और पृथकवास पर हैं। पूरी टीम के आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मैच 27 जुलाई को होना था जो अब एक दिन के लिए आगे बढा दिया गया है। अब यह 28 जुलाई को होगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार की सुबह मैच से पहले रैपिड एंटीजेन टेस्ट कराया गया जिसमें कृणाल पंड्या की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेडिकल टीमों ने आठ सदस्यों की पहचान की है जो करीबी संपर्क में थे। सूत्र ने कहा कि सब कुछ ठीक रहने पर बुधवार को मैच होगा। करीबी संपर्क में रहे आठ व्यक्तियों में अधिकांश खिलाड़ी हैं और पृथकवास में हैं। भारतीय टीम के एक सदस्य ने कहा कि हम सभी टेस्ट की रिपोर्ट आने तक अपने अपने कमरे में पृथकवास में हैं। भारत 20 सदस्यीय टीम और चार स्टैंडबाय नेट गेंदबाज लेकर आया है। मैच यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर होना है।



## मनिका बत्रा के खिलाफ कार्रवाई करेगा टीटीएफआई

**नई दिल्ली**। टोक्यो ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय से मदद लेने के मनिका बत्रा के इनकार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने अनुशासनहीनता करार देते हुए कहा कि अगले महीने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रमंडल खेल 2006 की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रॉय टोक्यो में चार सदस्यीय टीम के साथ अकेले कोच है। मनिका अपने निजी कोच सन्मय परांजपे को लेकर गई है लेकिन उन्हें प्रतियोगिता स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं है। टीटीएफआई महासचिव अरुण कुमार बनर्जी ने कहा कि यह अनुशासनहीनता है।

उसे अपने मैचों के दौरान राष्ट्रीय कोच को कोर्ट के पास बैठने की अनुमति देना चाहिए थी जैसा बाकी खिलाड़ियों ने किया। रॉय भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है और अब जाने माने कोच हैं।

# असफलताएं आपको मजबूत बनाती हैः लोकेश राहुल

**भाषा** । डरहम

**प्रतिभाशाली** बल्लेबाज लोकेश राहुल का मानना है कि उन्होंने कभी भी असफलताओं को खुद पर हावी नहीं होने दिया, बल्कि वह उनसे और मजबूत होकर उभरे और अब धैर्यपूर्वक भारत के लिए फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल ने अपना आखिरी टेस्ट 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। राहुल ने कहा कि उन्होंने इस समय का इस्तेमाल अपने खेल पर ध्यान देने के लिए किया है।



अभ्यास मैच में यहां शतकीय पारी खेलने वाले राहुल ने कहा कि जब मुझे टीम से बाहर किया गया तो मैं कोचों के पास वापस गया और उन से चर्चा करके बहुत सारे वीडियो देखें। मेरे प्रदर्शन में जहां कमी थी, मैंने उसे ठीक करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने कहा कि असफलताएं आपको मजबूत बनाती हैं। इससे आपको ध्यान देने का मौका मिलता है। यह मेरे लिए अलग नहीं है, इसलिए मैं वास्तव में मौकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं और शांत तथा अनुशासित रहने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैंने गलतियां की हैं और मैंने उनसे सीखा है। मैं उससे मजबूत हुआ और फिर मुझे अच्छा मौका मिला। उम्मीद है कि मैं मैदान पर उतर कर टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा राहुल ने काउंटी एकादश के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच में न केवल शतक बनाया, बल्कि विकेटकीपर की भूमिका भी निभाई। उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी (टेस्ट मैच) में रन बनाना हमेशा अच्छा रहता है। मैंने काफी समय से टेस्ट मैच नहीं खेला था। ऐसे में यहां कुछ रन बनाना अच्छा रहा।

## मोरक्को के मुक्केबाज ने प्रतिद्वंद्वी का कान काटने की कोशिश की

**भाषा** । टोक्यो

**मोरक्को** के एक हैवीवेट मुक्केबाज (91 किग्रा) ने तोक्यो ओलंपिक में अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के प्रतिद्वंद्वी के कान को काटने की कोशिश की। यूनुस बल्ला ने तीसरे दौर के मुकाबले में माइक टायसन की तरह रिंग डेविड न्याका के कान के पास काटने की कोशिश की। युनुस को जजों के सर्वसम्मत निर्णय से हार का सामना करना पड़ा और न्याका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यूनुस ने हालांकि माउथ गार्ड (दांतों को चोट से बचाने वाला कवच) पहना था, जिस कारण न्याका के कान के पास उनके दांतों का निशान नहीं बना। न्याका ने कहा कि वह पूरी तरह से काटने में सफल नहीं हुआ। मेरी किस्मत अच्छी थी कि उसने माउथगार्ड पहना था और यह उतना गंभीर नहीं था। मुझे लगता है वह मेरी गाल पर काटना चाहता था। रेफरी हालांकि इस घटना को नहीं देख सकें जिससे यूनुस को बाउट के दौरान दंडित नहीं किया गया था। यह टेलीविजन कैमरे की पकड़ में आ गया।

## भारतः आज के कार्यक्रम



**हाकी**: भारत बनाम ब्रिटेन, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से

**बैडमिंटन**: पीवी सिंधू , महिला एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट से, बी साई प्रणीत, पुरुष एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर

**तीरंदाजी**: (व्यक्तिगत स्पर्धा): तरुणदीप राय, पुरुष अंतिम 32 वर्ग , भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 31 मिनट से, प्रवीण जाधव, पुरुष अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से, दीपिका कुमारी, महिला अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 14 मिनट से

**रोइंग**: अर्जुन लाल जट और अरविंद सिंह, पुरुष डबल स्कल्स सेमीफाइनल ए-बी 2, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजे से

**सेलिंग**: केसी गणपति और वरूण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से

**मुक्केबाजी**: पूजा रानी, महिला 75 किग्रा वर्ग, अंतिम 16 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 33 मिनट से

## अब ओलंपिक पर तूफान और बारिश की मार

**टोक्यो**। महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिए गए ओलंपिक खेलों को कड़ी धूप में शुरू तो किया गया लेकिन अब उसे प्रकृति की एक और मार झेलनी पड़ सकती है। यहां तूफान आने वाला है और भविष्यवाणी की गई है कि वह खेलों में व्यवधान डाल सकता है। न्यूजीलैंड के रग्बी सेवन्स के खिलाड़ी एंड्रयू न्यूस्टब ने कहा कि ऐसा लगता है कि हम हर बुरी चीज की तैयारी कर रहे हैं। मेजबान जापान अपने मेहमानों को दिलासा दे रहा है कि चिंता न करें क्योंकि यह मध्यम श्रेणी का उष्णकटिबंधीय तूफान है। उधर सुरिगासाकी समुद्र तट पर सर्फर का कहना है कि नेपार्तक नाम का यह तूफान जब तक समुद्र तट से सीधे नहीं टकराता, इससे वास्तव में प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। लेकिन तीरंदाजी, नौकायन और पाल नौकायन ने पहले ही अपना कार्यक्रम बदल दिया है।

# ईयू वीजा खत्म होने से उड़ान लेने से चूकीं विनेश फोगाट

**भाषा** । नई दिल्ली

**ओलंपिक** में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में से एक पहलवान विनेश फोगाट मंगलवार को फ्रैंकफर्ट से टोक्यो के लिए अपनी उड़ान नहीं ले पाई क्योंकि उनके यूरोपीय संघ (ईयू) के वीजा की अवधि एक दिन पहले ही खत्म हो गई थी।

खेलों से पहले हंगरी में अपने कोच वॉलर अकोस के साथ प्रशिक्षण ले रही विनेश को मंगलवार रात टोक्यो पहुंचना था, लेकिन जापान की राजधानी के लिए कनेक्टिंग विमान में चढ़ने से पहले उन्हें फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सूत्रों ने हालांकि बताया कि इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है और वह बुधवार को तोक्यो पहुंच जाएंगी। सूत्र ने बताया कि यह एक भूल थी और जानबूझकर ऐसा नहीं किया गया था। उनका वीजा 90 दिनों के लिए मान्य था लेकिन बुडापेस्ट से फ्रैंकफर्ट पहुंचने पर पता चला कि वह 91 दिनों के लिए यूरोपीय संघ (के क्षेत्र) में थी। सूत्र ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने इस मामले को तेजी से उठाया। जिसके बाद फ्रैंकफर्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले को सुलझाने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंच गया।

विनेश कल टोक्यो में होंगी। विनेश ने इन खेलों के लिए फिजियो के एक्रीडिटेशन की मांग की थी। वह आज रात फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के एक होटल में रुकेंगी और स्थानीय (जर्मन) समयानुसार दोपहर 12.15 बजे टोक्यो के लिए रवाना होगी।

# यात्रा प्रतिरक्षण जांच



**लॉकडाऊन प्रतिबंधों में ढील होने से, यात्रा और पर्यटन में तेजी आ रही है। हालांकि, यदि अत्यावश्यक न हो, तब तक यात्रा की योजना बनाना उचित नहीं है। यहां उन चीजों की एक सूची पेश है, जिन्हें उस अपरिहार्य यात्रा के लिए बाहर निकलने से पहले ध्यान में रखना चाहिए**

प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना अधिकांश लोगों की सर्वोच्च प्राथमिकता कभी नहीं रहा है, लेकिन अब यह प्राथमिकता बन गया है! इन दिनों यात्रा करते समय, कोई सोच रहा होगा कि कैसे सुरक्षित, स्वस्थ और संक्रमण का शिकार होने के जोखिम से दूर रहें। निश्चित रूप से, आप यात्रा में बीमार नहीं पड़ना चाहेंगे, विशेष रूप से काम संबंधी यात्रा पर।

रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों या उन जगहों पर समय बिताने से जहां लोग इकट्ठा होते हैं, फ्लू या सर्दी होने का खतरा बढ़ जाता है। यात्रा के दौरान एक स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना कठिन है और व्यस्त कार्यक्रम, अस्वास्थ्यकर भोजन, साथ ही असामान्य नींद पैटर्न, समस्या को बढ़ा देते हैं। पीठ दर्द से लेकर कम रोग प्रतिरोधक क्षमता व तनाव के कारण होने वाले सिरदर्द तक, ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका सामना नियमित यात्रियों को करना पड़ता है। सौभाग्य से, यात्रा प्रतिरक्षण जांच के कई तरीके हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि कुछ भी आपकी यात्रा में बाधा नहीं डालता है और आप अपनी यात्रा का पूरा आनंद लेते हैं।

**स्वस्थ आहार**

दिनचर्या में स्वस्थ आहार का पालन करना हमेशा एक अच्छा विचार होता है क्योंकि जब आप एक पूर्व निर्धारित यात्रा की योजना बना सकते हैं, तो ऐसा कुछ भी नहीं है जो आप काम या व्यक्तिगत कारणों से होने वाली तत्काल यात्रा योजनाओं के लिए नहीं कर सकते हैं। जब आप यात्रा पर होते हैं तो आप आमतौर पर डिब्बाबंद भोजन, खाने के लिए तैयार सामान या फास्ट फूड पर भरोसा करते हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप करता है। इसके अलावा, यदि आप नियमित रूप से भी अस्वास्थ्यकर आहार का सेवन करते हैं और आप अपने शरीर को वह पोषण प्रदान नहीं करते हैं जो एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। यह आपको यात्रा के दौरान बीमारी का शिकार बना देगा।

आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कुशलतापूर्वक अपना काम कर सके इसलिए नियमित पोषण और अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, इसलिए सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, जब आप यात्रा कर रहे हों, तो कुछ स्वस्थ नाश्ते जैसे प्रोटीन बार, सूखे मेवे, आहार मिश्रण आदि पैक करके ले जाना सुनिश्चित करें।

**भरपूर पानी पीते रहें**

एक हाइड्रेटेड शरीर आपको पेट के संक्रमण, निर्जलीकरण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकता है। सुनिश्चित करें कि आप प्रतिदिन, विशेष रूप से गर्मियों में, विशेष मात्रा में पानी का सेवन करें। आप अपने आहार में पानी आधारित फल और सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं जैसे खीरा, तरबूज, संतरा, कस्तूरी तरबूज आदि। यात्रा के दौरान भी, हाइड्रेटेड रहने की कोशिश करें, नल के पानी से बचें और शराब और कैफीन आधारित पेय से परहेज करें।

**पर्याप्त नींद लें**

मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है क्योंकि नींद की कमी से बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। यात्रा से कुछ दिन पहले रात को अच्छी नींद लेने की कोशिश करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप स्वस्थ, सक्रिय, व्यस्त और अपनी यात्रा में सुरक्षित हैं। अच्छी नींद लेने के लिए रात में स्मार्टफोन या गैजेट्स के इस्तेमाल से बचें और शराब और कैफीन का सेवन कम से कम करें।

**व्यायाम**

व्यायाम दिनचर्या और स्वस्थ आहार का सीधा संबंध अच्छी प्रतिरक्षा से है। दिनचर्या में थोड़ा योग या स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने से आपकी इम्युनिटी बढ़ सकती है। आप खुद को प्रेरित रखने के लिए फिटनेस या मेडिटेशन ऐप डाऊनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, मल्टीविटामिन की खुराक के अतिरिक्त, जामुन, केला, नींबू, कीवी आदि जैसे अनेक खाद्य पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ाने में मदद करते हैं।

**चीजों को स्पर्श करते समय रहें सजग**

सुनिश्चित करें कि आप किसी भी दूषित सतह को नहीं छूते हैं और यहां तक कि अगर आपको करना भी है तो अपने हाथों को बार-बार धोएं या उन्हें साफ करें। इसके अलावा, अपने हाथों को साफ करने या धोने से पहले अपने चेहरे को छूने से बचें। आप नियमित रूप से और साथ ही यात्रा करते समय संपर्क में आने वाली जगहों, टेबल टॉप या किसी अन्य सतह को साफ करने के लिए असंक्रामक पोंछे या स्प्रे का उपयोग भी कर सकते हैं। अंत में, फिट, स्वस्थ और मजबूत प्रतिरक्षा सुनिश्चित करना एक जीवनशैली विकल्प होना चाहिए और यह ऐसा कुछ नहीं जिसे आप यात्रा से ठीक पहले या यात्रा के दौरान करते हैं। आप जितना ज्यादा स्वस्थ जीवन-शैली का पालन करेंगे, आपको उतनी ही कम छुट्टी या कार्यालय यात्रा हेतु बाहर निकलने से पहले प्रतिरक्षा जांच के बारे में चिंता करनी पड़ेगी।

# घबराएं नहीं : करन कुंद्रा

**अभिनेता करण कुंद्रा** का मानना है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर और नए डेल्टा प्लस संस्करण के डर से लोगों का ध्यान जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर जोर दिया।



''आतंक से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। ज्यादा सावधानी बरतने से ही फायदा होगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह खतरनाक स्थिति नहीं है। यह एक खतरनाक स्थिति है लेकिन, घबराहट से कुछ नहीं होगा। चाहे कोई भी रूप हो, अगर आप हमेशा मास्क पहनते हैं और अगर आप हमेशा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं, तो यह दूर रहने वाला है। इसलिए, आपको पहले अपना, अपने परिवार का ख्याल रखना होगा और आखिरकार सभी सुरक्षित रहेंगे'', करण कहते हैं।

वह कहते हैं, ''आप प्रोटोकॉल का पालन करते हैं और आप घर के अंदर रहने की कोशिश करते हैं। यदि आपके लिए बाहर जाना वास्तव में महत्वपूर्ण है, दूरी बनाए रखें, और आपको ठीक होना चाहिए। घबराने की जरूरत नहीं है। घबराने से कोई फायदा नहीं है।''अभिनेता ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने ये रिश्ता क्या कहलाता है की टीम के साथ सुरक्षित रूप से शूटिंग करने के उपाय किए।

''शुरुआत में, जब दूसरी लहर आई, तो हम लोग बायो-बबल में चले गए। तो, शो के लिए हमने जो किया वह यह है कि हम सिलवासा के एक रिसॉर्ट में गए। हमारी पूरी यूनिट का परीक्षण हुआ और हम रिसॉर्ट में प्रवेश कर गए। कोई अंदर नहीं आ सकता था और कोई बाहर नहीं जा सकता था। आपूर्ति आएगी और उन सभी का परीक्षण किया गया। चूंकि सिलवासा थोड़ी दूर है, इसलिए फिल्मसिटी में शूटिंग करना उतना जोखिम भरा नहीं था। ऐसे में सभी सुरक्षित थे। हमने वहां दो महीने तक शूटिंग की और फिर वापस आ गए।''

वह उन प्रोटोकॉल का खुलासा करते हैं जिनका मुंबई में पालन किया जा रहा है।

करण बताते हैं, ''हमें एक समय सीमा के भीतर शूटिंग करनी है। यूनिट को उसके आकार के एक तिहाई तक कम कर दिया गया है, बहुत सारे लोग नहीं आ सकते हैं, बहुत से यूनिट को फिल्मसिटी में सेट पर रहना पड़ता है, और उन्हें स्थानीय परिवहन लेने या अपने घर वापस जाने की अनुमति नहीं है। केवल अभिनेता और निर्देशन टीम ही वापस जा सकती है और हमें बाहर के लोगों से मिलने की अनुमति नहीं है। तो, यह केवल बायो बबल की तरह है। अगर आप बुलबुला तोड़ते हैं तो परीक्षण करवाना होगा। अब टीकाकरण अभियान भी चल रहा है। इसलिए, हम सभी को टीका लगवाना पड़ा और हमें तीन दिन का आराम दिया गया और उसके बाद ही हमें सेट पर जाने की अनुमति दी गई।''

# अपने हाथों का रखें ख्याल



'अपर्णा संथानम' पांच कारणों को सूचीबद्ध कर बताती हैं कि क्यों हैंड क्रीम आपकी त्वचा की देखभाल के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद है।

अधिकांश त्वचा देखभाल के अंतर्गत दिनचर्या आज चेहरे पर ध्यान केंद्रित रहती है, जबकि हाथों को माध्यमिक उपचार के अधीन किया जाता है या बाद में विचार किया जाता है। हमारे हाथों की त्वचा संवेदनशील होती है और ऐसे समय में अत्यधिक हाथ धोने, अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र के निरंतर उपयोग और पर्यावरण और वायु प्रदूषकों के बढ़ते जोखिम के साथ, विशेष हाथ की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि एक अच्छी हैंड क्रीम में निवेश करना समय की परम आवश्यकता है।

**नमी बढ़ाना**

हमारे हाथों के पिछले हिस्से की त्वचा पतली होती है और इसमें तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे इसके सूखने की संभावना अधिक हो जाती है। इसकी तुलना में, हमारी हथेलियों की त्वचा बहुत अधिक मोटी होती है, इसलिए नमी के इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए, एक ऐसी हैंड क्रीम का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, जो विटामिन सी और हाइलूरोनिक एसिड की अच्छाई से युक्त प्रभावशाली योगों का उपयोग करती है और एंटी-हाइड्रेशन का वादा करती है।

**सफाई**

हाथ यकीनन सबसे कीमती संपत्ति हैं जिनका उपयोग दुनिया तक पहुंचने और संवाद करने के लिए किया जाता है। अधिक बार नहीं, वे अदृश्य बैक्टीरिया और कीटाणुओं के अधीन होते हैं। हाथ धोने या सैनिटाइज़र का अत्यधिक उपयोग आपके हाथों की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इस प्रकार, उच्च गुणवत्ता वाली एंटी-बैक्टीरियल हैंड क्रीम चुनने की सिफारिश की जाती है जो जलयोजन के दोहरे उद्देश्य और कीटाणुओं से सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

**बढ़ती उम्र से मुकाबला**

जब उम्र बढ़ने की बात आती है, तो चेहरा क्या छुपाता है, हाथ दे देते हैं। हमारे हाथ बाहरी तत्वों के संपर्क में उतना ही समय बिताते हैं जितना कि हमारा चेहरा और जब हम उनकी उपेक्षा करते हैं, तो हम उन्हें उम्र बढ़ने के प्रभावों के प्रति रक्षाहीन छोड़ देते हैं। त्वचा विशेषज्ञ द्वारा सुझाई गई हैंड क्रीम रंजकता, निर्जलीकरण और समय से पहले झुर्रियों का मुकाबला करते हुए नमी के स्तर और त्वचा की लोच को बढ़ाने में मदद करेगी।

**एक ट्यूब में थेरेपी**

एक हाथ क्रीम लगाने की रस्म एक शांतिपूर्ण अनुभव और एक व्यस्त दिन से एक त्वरित पलायन साबित हो सकता है। हाथों की मालिश करने के कोमल कार्य के रूप में वे कुछ आवश्यक जलयोजन में भिगोते हैं, नसों को शांत करने, चिंता को कम करने और मानसिक छिद्रों को खोलने के लिए जाना जाता है। यह छोटा मी-टाइम ब्रेक हमें आत्म-प्रतिबिंब का क्षण देता है जो न केवल हमारे हाथों के लिए बल्कि हमारे दिमाग के लिए भी चमत्कार कर सकता है।

**हैप्पी क्यूटिकल्स**

नाखूनों के आसपास का क्षेत्र हमारे नाखूनों को बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाने के लिए बनाया गया है। अत्यधिक हाथ धोने की प्रक्रिया क्यूटिकल्स को शुष्क और परतदार बना सकती है, जिससे वे जीवाणु संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। एक अच्छी गुणवत्ता वाली हैंड क्रीम लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि क्यूटिकल्स और नाखूनों को पोषण और अच्छी तरह से देखभाल की जाती है, जिससे वे स्वस्थ, चमकदार और चमकदार दिखाई देते हैं। हैंड क्रीम का उपयोग करना एक सरल, स्वस्थ जीवन शैली अभ्यास है, जो यह सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा कि हमारे हाथ सुरक्षित और अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहें।

(लेखिका आईटीसी के स्किन केयर ब्रांड चार्मिस में त्वचा विशेषज्ञ हैं)

# आपका यूएसपी क्या है?



**बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता संप्रेषण पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है, कहना है तान्या खन्ना का।**

रोजमर्रा के काम, मीटिंग, डेडलाइन, जूम कॉल और किसी भी सेवा या उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करने के चक्कर में, हम अक्सर ब्रांड-बिल्डिंग की कभी न खत्म होने वाली, चल रही लड़ाई में फंस जाते हैं, खासकर महामारी के बाद, अत्यधिक डिजिटल दुनिया में। काम पाने और वितरित करने के दुष्चक्र में, हम आमतौर पर अपनी व्यावसायिक शक्तियों को विकास और सफलता के पथ पर अनुकूलित करने के लिए पीछे हटने या उनका दोहन करने में असमर्थ होते हैं। ब्रांड निर्माण, आउटरीच और संचार ऐसी गतिविधियां हैं जिन पर हम केवल तभी विचार करते हैं जब हम विकास के लिए खुद को गति देने में असमर्थ होते हैं या नए व्यवसाय को आकर्षित करने में ठोस मील के पत्थर नहीं देखते हैं।

सामाजिक रूप से दूर की दुनिया में, जहां सूचनाओं का एक डिजिटल अधिभार है, एक व्यक्ति, एक ब्रांड, या एक डिजाइनर कैसे बाहर खड़ा होता है या जाना जाता है कि वे कौन हैं और वे क्या करते हैं? सोशल मीडिया एल्गोरिदम और सामान्य सामग्री के बीच कोई खुद को कैसे अलग करता है, जो विज्ञापनों और इंटरनेट सामग्री से आगे बढ़ते हैं? अक्सर, हम यह नहीं मानते हैं कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता केवल संचार पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री और सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है। तो, कोई सामग्री को संचार की कुंजी के रूप में कैसे उपयोग करता है? यहां कुछ प्रमुख विचार प्रस्तुत किए गए हैं :

❖ **ब्रांड का संक्षिप्त विवरण स्वयं बनाएं, या क्लाइंट के साथ मिलकर**

क्लाइंट के उद्देश्यों को समझना, सीखना और कभी-कभी अनलर्न करना महत्वपूर्ण है। ऐसी रणनीति अपनाएं जो सही प्लेटफॉर्म पर सेवाएं दे और बाजार से प्रासंगिक परिणाम प्राप्त करने के लिए सही पैमाने पर हो। सीमित संसाधनों और बजट के बावजूद प्रतिस्पर्धी अनुसंधान और विशिष्ट लक्षित लक्ष्य एक प्रभावशाली रणनीति की ओर ले जा सकते हैं। आज की मार्केटिंग-संचालित दुनिया में, किसी के पास एक विशिष्ट कारक, एक यूएसपी होना चाहिए, जिसके माध्यम से लोग ब्रांड को पहचान सकें।

❖ **अपने ब्रांड की आवाज़ बनें**

कोई मैनुअल या निर्धारित दिशा-निर्देश नहीं है जो एक प्रभावी संचार योजना को सक्षम कर सके। प्रत्येक व्यक्ति, ब्रांड या फर्म एक विशिष्ट लोकाचार और एक अद्वितीय शैली और दृष्टिकोण के साथ अद्वितीय है। सामग्री को लोकाचार के साथ प्रतिध्वनित होना चाहिए और निश्चित रूप से, आप कौन हैं इसका सार कैप्चर करना चाहिए। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि वह विशिष्टता क्या है, और इसे संचार योजना के साधन और अंत दोनों के रूप में उपयोग करें।

❖ **थोड़ा और करें**

आज संचार के उपकरण प्रोफाइल, ब्रोशर और प्रकाशनों के स्थिर प्रिंट मीडिया से सोशल मीडिया, आभासी और दृश्य उपकरणों तक विकसित हो रहे हैं। तेजी से बदलती प्रथाओं के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए मूल्यों के अनुरूप होने के लिए, नवाचार करना महत्वपूर्ण है। पूरी तरह से खत्म होने के बजाय, और सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित और समुदाय बनाने की कोशिश करने के बजाय, कुछ पर ध्यान केंद्रित करें जो उपयुक्त और प्रासंगिक हों। सभी अव्यवस्थाओं को हटा दें - फिर से संरेखित करें, फिर से प्राथमिकता दें और फिर से स्थिति दें। एक योजना बनाना कोई बुरा विचार नहीं है, आखिरकार, यह आपको अपनी पहुंच को उस तरह के व्यवसाय पर केंद्रित करने में मदद करता है जिसे आप लंबे समय में आकर्षित करना चाहते हैं।

❖ **मीडिया से आगे बढ़ें**

मूल सामग्री और नवाचार अधिक महत्वपूर्ण हैं। अपने खुद के डोमेन के विशेषज्ञ बनें। इनके समन्वय के बिना, कोई भी आउटरीच या जुड़ाव सार्थक नहीं हो सकता है।

❖ **पहुंच बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में पीआर तैयार करें**

सभी संचार गतिविधियों के आधार के रूप में पीआर को फिर से परिभाषित करें। आज की डिजिटल रूप से जुड़ी दुनिया में, केवल पीआर ही काफी नहीं है। इसे प्रवचन, संवाद और विचारों के आदान-प्रदान की नींव के रूप में उपयोग करें। पीआर और संचार के बीच के बिंदुओं को अलग करके, कहानियों को आसानी से बनाया जा सकता है।

❖ **मूल्य बनाकर अपनी विश्वसनीयता को आगे बढ़ाएं**

विविध मीडिया में दृश्यता स्वचालित रूप से केवल विश्वसनीयता स्थापित करके, संचार और आउटरीच गतिविधियों द्वारा सहायता प्राप्त करके नए व्यवसाय की ओर ले जाती है। महिमा, सौंदर्य से परे हटो और इरादे और कथा को संदेश देकर मूल्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, जो कि केवल एक उत्पाद या सेवा बेचने के लिए प्रामाणिक नहीं है। नया व्यवसाय सेवाओं की बेहतर समझ और मूल्य धारणा से आता है।



❖ **डिजिटल होने के लिए अपनी सामग्री डिज़ाइन करें**

ऑनलाइन उपलब्ध विभिन्न प्लेटफार्मों के अनुरूप इसे अनुकूलित करें। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर सूचनाओं का आदान-प्रदान इतनी गति से हो रहा है कि थाह पाना मुश्किल है। डिजिटल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करके कुछ बहुत अच्छी जानकारी दी जा रही है। इस युग में सीखने और ज्ञान साझा करने दोनों के लिए इस खिड़की का लाभ न लेना लगभग व्यर्थ है। हम सभी को इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहिए।

❖ **लीड जनरेशन से परे आरओआई को देखें**

जबकि वर्ड ऑफ माउथ काम को आकर्षित करने का पारंपरिक तरीका है, विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए निरंतर दृश्यता आवश्यक है क्योंकि यह बेहतर प्रवचन / जुड़ाव को सक्षम बनाता है, जबकि संभावनाओं में काफी सुधार करता है। संचार गतिविधियों के रूप में, घंटे और भर्ती पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करें और डिजिटल दुनिया में ब्रांड माइंड स्पेस पर कब्जा करने वाली हर चीज को शामिल करें। सभी पहलुओं पर ध्यान दें क्योंकि भर्ती भी सीधे तौर पर प्रतिष्ठा से संबंधित है।

❖ **अनुभव और जुड़ाव**

अक्सर, कहानी सुनाने को बहुत कम आंका जाता है और कम बेचा जाता है। एड-हॉक पीआर में निवेश करने के बजाय - जो एक व्यर्थ अभ्यास है - या 10 द्म अनुयायियों के साथ एक सोशल मीडिया प्रोफाइल, संचार गतिविधियों के माध्यम से अनुभव बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। अच्छी सामग्री के साथ, जुड़ाव होना तय है।

❖ **बुद्धिमानी से अपनी लड़ाई, या बल्कि उपकरण चुनें**

ऑनलाइन होने में ऐसे गुण हैं जो बड़े दर्शकों से जुड़ने से परे हैं। सही उपकरण चुनना और निवेश करना ही सभी अंतरों को बनाता है। कभी-कभी, एक ऑनलाइन मेलर आंतरिक और बाहरी संचार के बीच सेतु स्थापित करते हुए सूचना प्रवाह, ज्ञान-साझाकरण, ब्रांड रिकॉल और दृश्यता को बढ़ावा देने में मदद करता है। दूसरी स्थिति में, यह केवल इंस्टाग्राम या केवल लिंक्डइन हो सकता है जो ब्रांड के लिए विचार नेतृत्व बनाने और बिक्री को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा। ऐसे टूल चुनें जो किफ़ायती हों और संसाधन-गहन न हों जैसे न्यूज़लेटर्स और उन्हें अपनी बिक्री प्रक्रियाओं के साथ संरेखित करें।

❖ **सामग्री राजा है**

उत्पाद या सेवाओं को कड़ी बिक्री के बजाय, संवाद बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने पर ध्यान केंद्रित करें, समुदाय-निर्माण को प्रोत्साहित करें और अनुसंधान को प्रदर्शित करें जो सामग्री के एकल, एकीकृत माध्यमों के माध्यम से उद्यम की सुविधा प्रदान करता है। मौलिक कुंजी, निश्चित रूप से, ज्ञात होने के लिए रचनात्मक होना और सामग्री में समृद्ध होना है।

(लेखिका एपिस्टल कम्युनिकेशंस की संस्थापक और निदेशक हैं।)